# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 146 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, मंगलवार 26 जुलाई 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश रोडवेज में 815 आश्रितों की नौकरी का रास्ता साफ, जल्द जारी होंगे नियुक्तिपत्र

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन के मृतक आश्रितों की नौकरी का रास्ता साफ हो गया है.




इन्हें जल्द ही नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे. इस ओर तेजी से काम हो रहा है. शासन ने परिवहन निगम से मृतक आश्रितों का ब्यौरा एक बार फिर मांगा है. रोडवेज ने 30 जून 2022 तक के आश्रितों का ब्यौरा शासन को भेज दिया है।

परिवहन निगम द्वारा भेजी गई सूची के मुताबिक 795 नियमित परिचालकों और 20 चालकों की सूची भेजी गई है. इस प्रकार कुल 815 मृतक आश्रितों की नौकरी का रास्ता साफ हो गया है. इनकी भर्ती प्रक्रिया में एक बार फिर तेजी आयी है।

परिवहन निगम द्वारा आश्रितों की सूची भेजे जाने और भर्ती प्रक्रिया में आयी तेजी को देखते हुए ये कहा जा सकता है कि इन 815 आश्रितों को जल्द ही नियुक्ति पत्र सौंपे जा सकते हैं. बता दें कि यूपीएसआरटीसी में पांच साल पहले यानी साल 2018 में मृतक आश्रितों की भर्ती हुई थी।

पिछली बार जब भर्ती हुई ती तो चालक, परिचालक मिलाकर करीब 588 मृतक आश्रितों की भर्ती की गई थी जबकि इस बार ये सूची पिछली बार की तुलना में ज्यादा बड़ी है. इस बार 800 से ऊपर नाम इस सूची में शामिल हैं. हालांकि परिवहन मंत्री ने मृतक आश्रितों से मिलकर उन्हें जल्द ही भर्ती कराने का भरोसा दिलाया है।

### गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर वान्या शर्मा को कल्कि गौरव सम्मान से किया गया सम्मानित

पीतमपुरा।वान्या शर्मा को मिला उनके योग के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए कल्कि गौरव सम्मान। वान्या सबसे छोटी योगिनी हैं जो दिव्यांग बच्चों को योग सिखाती हैं। अब तक 7 रिकॉर्ड बना चुकी हैं। वान्या शर्मा जो एस डी पब्लिक स्कूल पीतमपुरा में नर्सरी क्लास की छात्रा हैं उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है। 75 करोड़ सूर्य नमस्कार वर्ल्ड रिकॉर्ड मिनिस्ट्री ऑफ आयुष,खेलो इंडिया द्वारा करवाया गया था जिसमें वान्या शर्मा के



योगासनों को भी शामिल किया गया और दाजी (ग्लोबल गाइड, हार्टफुलनेस) स्वामी रामदेव जी (फाउंडर पतंजलि योगपीठ) और स्वामी गोविंद देव गिरी जी(अध्यक्ष गीता परिवार) के हस्ताक्षर किया प्रशस्ती पत्र वान्या को प्रदान किया गया। इससे पहले भी वान्या को स्वामी रामदेव जी और आचार्य बालकृष्ण जी सम्मान दे चुके हैं। वान्या, दिव्यांग बच्चों को योग सिखाती है। एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, जीनियस बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड और योग बुक ऑफ रिकॉर्ड में पहले से ही उनका नाम दर्ज है। इसके अलावा उन्हें आयुष मिनिट्री की ओर से भी योग वोलेंटियर का प्रशस्ती पत्र मिल चुका है।

### आखिर नितिन गडकरी ने क्यों कहा, कभी -कभी मन करता है कि राजनीति छोड़ दूं

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की पहचान स्पष्ट बोलने वाले नेता की है। कई बार नितिन गडकरी योजनाओं का ऐलान करते हुए पत्रकारों को भी चौलेंज दे देते हैं कि इसमें कोई कमी हो तो हमें जरूर बताओ। हालांकि एक कार्यक्रम के दौरान नितिन गडकरी ने एक कुछ ऐसा बयान दिया है



जिसपर खूब चर्चा हो रही है। दरअसल, नितिन गडकरी नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कहा कि कभी–कभी वह राजनीति से दूर होने के बारे में सोचते हैं। अपने बयान में नितिन गडकरी ने कहा कि कई बार मुझे ऐसा लगता है कि राजनीति कब छोड़ दूं और कब नहीं। उन्होंने कहा कि राजनीति के अलावा भी जीवन में ऐसी कई चीजें हैं जो करने के लायक है।

# चौधरी हरमोहन सिंह यादव के काम को पीढ़ियां याद रखेंगी, पुण्यतिथि कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ





कानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज समाजवादी नेता स्व. चौधरी हरमोहन सिंह यादव की 10वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित कर रहे हैं. कानपुर के मेहरबान सिंह का पुरवा स्थित एसएस कालेज के मैदान में ये सभा आयोजित की जा रही है. पीएम मोदी यहां खुद आने वाले थे लेकिन राष्ट्रपति पद के शपथ ग्रहण समारोह के चलते यह कार्यक्रम टल गया था. इस वजह से पीएम मोदी यहां वर्चुअल कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं. इस कार्यक्रम में यूपी के पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा, विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना, डस्ब अरुण पाठक और विधायक सुरेंद्र मैथानी मौजूद हैं।

पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हरमोहन सिंह यादव जी ने अपना जीवन देख को समर्पित किया. पीएम ने कहा कि मेरी कानपुर आने की इच्छा थी लेकिन ऐसे संभव नहीं हो सका. पीएम मोदी ने कहा, पहली बार कोई आदिवासी समाज से राष्ट्रपति बन रहा है। आज, हमारे देश के लिए एक बहुत बड़ा लोकतान्त्रिक दिन भी है. आज हमारी नई राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण हुआ है. आजादी के बाद पहली बार आदिवासी समाज से एक महिला राष्ट्रपति देश का नेतृत्व करने जा रही हैं. हरमोहन सिंह यादव ने प्रदेश और देश की राजनीतिक में योगदान दिया है. लोहिया जी के विचारों को उत्तर प्रदेश और कानपुर की धरती से हरमोहन सिंह यादव जी ने अपने लंबे राजनैतिक जीवन में आगे बढ़ाया. उन्होंने प्रदेश और देश की राजनीति में जो योगदान किया, समाज के लिए जो कार्य किया, उनसे आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन मिल रहा है।

पीएम मोदी ने कहा, श्चौधरी हरमोहन सिंह यादव जी ने अपना राजनीतिक जीवन ग्राम पंचायत से शुरु किया था. उन्होंने ग्राम पंचायत से राज्य सभा तक का सफर तय किया. वो प्रधान बने, विधान परिषद सदस्य बने, सांसद बने. राजनीति के शिखर तक पहुंचकर भी हरमोहन सिंह जी की प्राथमिकता समाज ही रहा. चौधरी हरमोहन सिंह यादव जी ने अपना राजनीतिक जीवन ग्राम पंचायत से शुरु किया था. उन्होंने ग्राम पंचायत से राज्य सभा तक का सफर तय किया. वो प्रधान बने, विधान परिषद सदस्य बने, सांसद बने. राजनीति के शिखर तक पहुंचकर भी हरमोहन सिंह जी की प्राथमिकता समाज ही रहा।

पीएम ने कहा, श्हरमोहन जी शिक्षा को सबसे जरूरी मानते थे, उनके कामों को सुखराम जी और मोहित जी आगे बढ़ा रहे हैं. हर वर्ग, गरीब बच्चों के लिए शिक्षा, मकाम, बिजली, किसान सम्मान निधि सभी के सपनों को साकार कर रहे हैं।

# संसद में विपक्ष के 4 सांसदों पर गिरी गाज, जीएसटी को लेकर हुआ हंगामा

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। संसद के दोनों सदनों में सोमवार को भी जमकर हंगामा हुआ। ऐसे में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस सदस्यों के जोरदार हंगामे के कारण कार्यवाही को एक बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दिया। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सांसदों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि मैं सदस्यों से सदन में पोस्टर नहीं लाने का आग्रह करता हूं। सरकार चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मेरी दरियादिली को मेरी कमजोरी नहीं समझें।

लोकसभा में तख्तियां दिखाकर प्रदर्शन करने और आसन की अवमानना करने के मामले में कांग्रेस के चार सदस्यों मणिकम टैगोर, टी एन प्रतापन, जोतिमणि और राम्या हरिदास को चालू सत्र की शेष अवधि के लिए सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया। एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे बैठक पुनरू शुरू हुई तो पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने आवश्यक कागजात प्रस्तुत कराए। इस दौरान कांग्रेस के सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। उनके हाथों में तख्तियां भी थीं। शोर–शराबे के बीच ही कुछ सदस्यों ने नियम 377 के तहत अपने विषय रखे। इसके बाद पीठासीन सभापति अग्रवाल ने कहा कि कुछ सदस्य निरंतर तख्तियां आसन के सामने दिखा रहे हैं जो सदन की मर्यादा के अनुकूल नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने भी इस संबंध में सदस्यों को चेतावनी दी थी।

लोकसभा में भाजपा के एक सदस्य ने सरकार से अनुरोध किया कि स्वेच्छा से रक्तदान





करने वाले लोगों के लिए पूरे देश में मान्य कार्ड जारी किया जाए। निचले सदन में नियम 377 के तहत उक्त विषय को उठाते हुए भाजपा सांसद तीरथ सिंह रावत ने कहा कि देश में ऐसे अनेक लोग हैं जो स्वेच्छा से रक्तदान करते हैं लेकिन आवश्यकता पड़ने पर जब वह अपने रक्तदान कार्ड का उपयोग करना चाहते हैं तो अनेक अस्पताल उन्हें स्वीकार नहीं करते। रावत ने कहा ऐसे लोगों को यूनीवर्सल रक्त दान कार्ड जारी किया जाना चाहिए जो देश के हर कोने में और प्रत्येक अस्पताल में मान्य हो। साथ ही कार्ड को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए सख्त नियम बनाए जाएं।

राज्यसभा में विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण बैठक कई बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। आपको बता दें कि महंगाई एवं जीएसटी का मुद्दा विपक्ष ने जोरशोर से उठाया और जमकर हंगामा किया। इतना ही नहीं कई विपक्षी सदस्यों ने आसन के समीप आकर नारेबाजी की।

सदन के नेता पीयूष गोयल ने कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के इस दावे का खंडन किया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को ऐसी सीट पर बैठाया गया जो उनके पद की गरिमा के अनुरूप नहीं थी। पीयूष गोयल ने कहा कि कांग्रेस के एक नेता और इस सदन के सदस्य ने बेबुनियाद ट्वीट कर जनता को गुमराह करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सदस्य ने आरोप लगाया है कि आज सुबह राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में नेता प्रतिपक्ष को सही स्थान नहीं दिया गया। शपथ ग्रहण समारोह में लोगों के बैठने की व्यवस्था गृह मंत्रालय के प्रोटोकॉल के तहत की गई थी। उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल के तहत नेता प्रतिपक्ष सातवीं कड़ी में आते हैं और उसके हिसाब से उनकी सीट तीसरी पंक्ति में होती। लेकिन उन्हें अगली पंक्ति में सीट मिली थी जिसे देखकर उन्हें खुशी हुई।

राज्यसभा में विपक्षी हंगामे को लेकर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संसद परिषद में मीडियाकर्मियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि मैंने नेता प्रतिपक्ष से फोन पर बात की है और उनको स्पष्ट किया है कि वित्त मंत्री की तबीयत खराब है और उनके ठीक होने के बाद सदन में मंहगाई पर चर्चा की जाएगी। हमने उनसे सदन को सुचारू रूप से चलने देने के लिए भी उनसे सहयोग मांगा है। उन्होंने कहा कि यह मामला वित्त मंत्रालय से जुड़ा है क्योंकि इसमें मंहगाई, जीएसटी आदि चीजें हैं और वही (वित्त मंत्री) इसका सही जवाब दे सकती हैं। मेरी वित्त मंत्री से बात हुई है और वे चर्चा के लिए सहमत हैं। वे स्वस्थ होकर इस पर चर्चा करेंगी। विपक्ष खासकर कांग्रेस इस पर चर्चा नहीं चाहती है।

# राष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल समाप्त होने पर रामनाथ कोविंद नए घर-12 जनपथ पहुचे, सोनिया गांधी के बने पड़ोसी

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल समाप्त होने के बाद रामनाथ कोविंद सोमवार को जनपथ रोड स्थित अपने नए आवास पहुंचे जहां केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने उनका स्वागत किया। द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद कोविंद राष्ट्रपति भवन छोड़कर अपने नए आवास 12 जनपथ पहुंचे। परंपरा के तौर पर इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू भी उनके साथ थीं।

इससे पहले, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान करीब तीन दशक तक 12 जनपथ स्थित इस बंगले में रहे थे। पासवान का 2020 में निधन हो गया था और उनके बेटे चिराग पासवान ने नोटिस मिलने के बाद अप्रैल में बंगला खाली कर दिया था। बंगले को, राष्ट्रपति के तौर पर कोविंद का कार्यकाल पूरा होने के बाद उनके आवास के रूप में तैयार किया गया है।

नड्डा ने ट्वीट किया, ''आज पूर्व राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद जी से मुलाकात कर उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति के रूप में, उन्होंने विनम्रता, अनुग्रह और ईमानदारी के साथ राष्ट्र की सेवा की। वंचित वर्गों तक उनकी पहुंच और उनके सम्मानजनक व्यवहार को हमेशा याद किया जाएगा'' कानून मंत्री किरेन रीजीजु ने ट्वीट किया, ''परंपरा के तौर पर माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के साथ पूर्व राष्ट्रपति आदरणीय रामनाथ कोविंद जी का नयी दिल्ली में 12–जनपथ पर उनके नए आवास में स्वागत किया।'' केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी और वी के सिंह भी कोविंद का स्वागत करने वालों में शामिल थे।

# चीन और पाकिस्तान की उड़ी नींद ! भारत समर्थक हैकर्स ने उड़ाई 15,000 फाइल्स


नयी दिल्ली। दूसरे देशों पर बुरी नजर रखने वाले चीन और उसके मित्र देश पाकिस्तान में हड़कंप मचा हुआ है। दावा किया जा रहा है कि चीन और पाकिस्तान की साइबर सिक्योरिटी को बड़ी चोट पहुंचाकर हैकर्स ने करीब 15,000 फाइल्स को उड़ा लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ये मामला दो महीने पुराना है। इसी साल मई में चीन और पाकिस्तान में हैकिंग की घटना हुई लेकिन इसी महीन पाकिस्तान में करीबी मिलिट्री ऑफिशियल्स के बीच मामला लीक होने से हड़कंप मच गया। चीन और पाकिस्तान दोनों ही एकसाथ साइबर सिक्योरिटी की दिशा में काम कर रहे हैं।

इनका दावा है कि भारत के हैकर्स दोस्तों ने साइबर स्पेस की जासूसी की है। दोनों देशों के अधिकारियों का कहना है कि हैकर्स करीब 15,000 फाइल्स को लेकर रसूचक्कर हो गए। वहीं रिपोर्ट्स में कुछ अपुष्ट दावों के हवाले से बताया गया कि हैकर्स ने कुछ ऐसे संकेत छोड़े थे जिससे यह पता लगा कि सिस्टम में सेंधमारी हुई है।

### सीएम योगी ने हेलीकाप्टर से की कांवड़ यात्रा की समीक्षा, कांवड़ियों पर बरसाए गए फूल

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ





लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज हेलीकॉप्टर के जरिए कांवड़ यात्रा का हवाई सर्वेक्षण किया. इस दौरान वो बेहद गंभीरता से कांवड़ यात्रा के लिए बनाए गए रास्तों को देखते हुए नजर आए और उन्होंने हेलीकॉप्टर से ही हाथ हिलाकर कांवड़ियों का अभिवादन किया. सीएम योगी ने कांवड़ियों के लिए बनाए गए विश्राम स्थल और खाने पीने के इंतजाम भी देखे. इस दौरान कांवड़ियों के ऊपर हेलीकॉप्टर से गुलाब के फूलों की पुष्पवर्षा भी की गई।

सीएम योगी ने आज सावन के दूसरे सोमवार के दिन हेलीकॉप्टर के जरिए कांवड़ियों के लिए प्रशासन द्वारा किए गए इंतजामों को देखा. इस दौरान उनका हेलीकॉप्टर मेरठ, मुजफ्फरनगर, बागपत और गाजियाबाद जिले के ऊपर से होता हुआ गुजरा. सीएम योगी लगातार ऊपर से कांवड़ियों को देख रहे थे. इसके साथ ही उन्होंने इन तमाम इंतजामों को लेकर अधिकारियों से भी बात की है। वहीं दूसरी तरफ मेरठ के आईजी रेंज प्रवीण कुमार और डीएम दीपक मीणा ने कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की. उनका हेलीकॉप्टर मेरठ में कांवड़ियों के बनाए गए रास्ते के ऊपर से होकर गुजरा. इस दौरान अधिकारियों ने कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाए।

### बिजनौर में माहौल खराब करने की बड़ी साजिश नाकाम, भगवा गमछा लपेटे दोनों युवक गिरफ्तार, मजारों में की थी तोड़फोड़




लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बिजनौर में भगवा गमछा पहनकर दो युवकों ने माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया। ऐसे में पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए दोनों युवाओं को तत्काल प्रभाव से गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, युवाओं ने 3 मजारों में तोड़फोड़ की और चादर को क्षति पहुंचाई। इन युवकों पर प्रदेश का माहौल बिगाड़ने का आरोप है। हालांकि पुलिस ने बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है।

इस मामले को लेकर एडीजी (कानून–व्यवस्था) प्रशांत कुमार का बयान सामने आया। जिसमें उन्होंने दोनों युवकों को गिरफ्तार किए जाने की जानकारी दी। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, एडीजी (कानून–व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया कि अगर पुलिस और प्रशासन सतर्क नहीं होता तो बड़ी घटना हो सकती थी। हमने संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। उनको न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए दोनों युवकों से एसटीएफ पूछताछ कर सकती है। इन युवकों पर प्रदेश का माहौल बिगाड़ने का आरोप है। मजार में तोड़फोड़ करने वाले दोनों युवक एक–दूसरे के भाई बताए जा रहे हैं। जिनके नाम मोहम्मद कामिल और मोहम्मद आबिद है।

### अखिलेश यादव ने बुलाई सपा विधायकों की बैठक क्रॉस वोटिंग करने वालों पर भी एक्शन की तैयारी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी गठबंधन से अब दो और दल अलग हो चुके हैं. बीते दिनों सपा ने लेटर जारी कर ओम



प्रकाश राजभर और शिवपाल सिंह यादव को तलाक दे दिया. इन दो दलों के गठबंधन छोड़ने के बाद अखिलेश यादव ने अपने पार्टी के सभी विधायकों की बैठक बुलाई है. सपा विधायकों की ये बैठक 26 जुलाई को लखनऊ स्थित पार्टी दफ्तर में होगी।

अखिलेश यादव ने 26 जुलाई को पार्टी विधायकों की बैठक बुलाई है. लखनऊ में होने वाली इस बैठक में पार्टी के सभी विधायक हिस्सा लेगें. इस बैठक में पार्टी को एकजुट करने की रणनीति बनाए जाने की संभावना पर चर्चा होगी. चुनाव में हार के बाद बिखरा गठबंधन अब अखिलेश यादव के लिए चुनौत बन गया है. वहीं सपा का अभी सदस्यता अभियान भी चल रहा है. माना जा रहा है कि पार्टी को मजबूत करने के अलावा आगे की रणनीति पर भी चर्चा होगी.

इससे पहले राष्ट्रपति चुनाव में सपा विधायकों द्वारा की गई क्रॉस वोटिंग भी काफी चर्चा में रही. बताया जा रहा है कि पार्टी इन विधायकों का पता कर रही है. अब बताया जा रहा है कि अखिलेश समाजवादी पार्टी में बड़े एक्शन की तैयारी में हैं।

बता दें कि राष्ट्रपति चुनाव के दिन दो विधायकों के क्रॉस वोटिंग की खबर आई थी. तब शिवपाल सिंह यादव समेत पांच सपा विधायकों के क्रॉस वोटिंग की बात कही जा रही है. अब इन सभी के खिलाफ एक्शन लिया जा सकता है. हालांकि अब तक ये साफ नहीं हो पाया है कि क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायक कौन हैं, लेकिन पार्टी को कुछ नाम पता चले हैं, जिन पर शक है।

# संक्षिप्त समाचार

## 27 अगस्त दिन शनिवार एवं 26 नवंबर, 2022 दिन शनिवार की तिथियां कार्य दिवस के रूप में घोषित

कानपुर नगर। मा0 जनपद न्यायाधीश श्री मंयक कुमार जैन ने बताया है कि मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा जारी वर्ष–2022 के अधीनस्थ न्यायालयों के प्रयोग हेतु कैलेंडर में यह निर्देशित किया गया है कि वर्ष–2022 में दो चतुर्थ शनिवार को न्यायिक कार्य हेतु न्यायालय खोलने के संबंध में संबंधित जनपद न्यायाधीश घोषणा करेंगे। उपरोक्त निर्देश के अनुपालन में दिनांक 27 अगस्त, 2022 दिन शनिवार एवं 26 नवंबर, 2022 दिन शनिवार की तिथियॉ कार्य दिवस के रूप में घोषित की जाती हैं। इन तिथियों पर जनपद न्यायालय कानपुर नगर के समस्त न्यायालय एवं कार्यालय विधिवत रूप से खुलेंगे एवं क्रियाशील रहेंगे।

## सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड में दर्ज वक्फ सम्पत्तियों के जी.आई.एस. मैपिंग कार्य के लिये उपरोक्तवर्णित संस्थानों को सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करें

कानपुर नगर। सहायक सर्वे, आयुक्त वक्फ/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया है कि सर्वे कमिश्नर वक्फ उ0प्र0, निर्देशानुसार कौमी वक्फ बोर्ड तरक्कियाती योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राज्य सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड में दर्ज वक्फ सम्पत्तियों के जी०आई०एस० मैपिंग कार्य हेतु भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान, कानपुर, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जे०एम०यू०), नई दिल्ली तथा पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय, मेघालय को कार्य आवंटित किया गया है। जनपद के समस्त मुतवल्ली (सुन्नी वक्फ सम्पत्ति) को निर्देशित किया गया है कि सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड में दर्ज वक्फ सम्पत्तियों के जी०आई०एस० मैपिंग कार्य के लिये उपरोक्त वर्णित संस्थानों को सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करें।

## राकेश सचान जी नें उमरहट पम्प नहर परियोजना द्वितीय चरण का किया निरीक्षण

कानपुर देहात। मा० मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग, उ०प्र० शासन, राकेश सचान जी, द्वारा ग्राम व थाना– अमराहट, विकास क्षेत्र राजेपुर तहसील सिकन्दरा, जनपद कानपुर देहात में स्थित उमरहट पम्प नहर परियोजना द्वितीय चरण का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि 100 वर्ष पुरानी निचली गंगा नहर प्रणाली का शीर्ष डिस्चार्ज 8500 क्यूसेक लम्बाई 99.90 किमी० तथा सी०सी०ए० 699 लाख हेक्टेयर है। निचली गंगा नहर जिसके किमी0 99.80 से भोगनीपुर ब्राँच निकलती है, जिसका शीर्ष डिस्चार्ज 1800 क्यूसेक लम्बाई 171.60 किमी0 है भोगनीपुर बाँच के किमी0 171.600 पर 550 क्यूसेक पानी के सापेक्ष मात्र 250 क्यूसेक पानी सिंचाई हेतु उपलब्ध हो पाता है अवशेष 300 क्यूसेक पानी की पूर्ति हेतु उमरहट पम्प नहर परियोजना द्वितीय चरण निर्माणाधीन है। परियोजना केन्द्रीय जल आयोग, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा दिनांक 09.02.2010 को धनराशि रू0 7368.62 लाख की स्वीकृत की गयी है, जिसका पुनरीक्षण व्यय वित्त समिति द्वारा दिनांक 21–07–2016 को धनराशि रू0 14960.11 लाख हेतु की गयी है। निरीक्षण के दौरान परियोजना के मुख्य अव्यवों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी कि प्रस्तावित भूमि 29.00 हेक्ट0 के सापेक्ष नहर के एलाइनमेंट में भूमि का क्रय, पम्प हाउस




नं०–01 एवं 02 का कार्य ,6.410 किमी0 लम्बाई में नहर निर्माण, नहर के किमी0 0.00 से किमी0 4.900 तक खण्डजे का कार्य नहर के किमी0 4.900 से किमी0 6.410 तक सड़क निर्माण, पम्प हाउस नं0–01 व 02 का पाईप सपोर्ट स्ट्रक्चर का कार्य, नहर के किमी0 0.000 से किमी0 6.400 तक लाईनिंग का कार्य, स्केप एवं नाले के प्रोटेक्शन का कार्य, इण्टरलिंकिंग स्ट्रक्चर का कार्य के संबंध में जानकारी दी गयी। यह भी बताया गया कि उपरोक्त कार्यों में वर्तमान समय में पम्प हाउस न0–1 के पाईप सपोर्ट स्ट्रक्चर के प्रोटेक्शन का कार्य एवं नहर में लाईनिंग का कार्य प्रगति पर है। शेष कार्य पूर्ण कराये जा चुके है। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता, बैराज निर्माण खण्ड–2 को आवश्यक निर्देश दिए गए। मा० मंत्री जी द्वारा पम्प हाउस न0–1 के समस्त पम्पों के संचालन न होने का कारण पूछा जिस पर अधिशासी अभियन्ता बैराज निर्माण खण्ड–2 कानपुर द्वारा बताया गया कि भोगनापुर बाथ में वर्तमान में पानी की डिमाण्ड कम होने के कारण दो ही पम्पा का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान स्थानीय कृषकों द्वारा उमरहट पम्प नहर फेज–1 में लगे कुलाबों में पानी न आने की समस्या के बारे में अवगत कराया गया, जिसके क्रम में लघु डाल नहर खण्ड, कानपुर के सहायक अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उमरहट पम्प नहर फेज–2 से उमरहट पम्प नहर फेज–1 के मध्य इण्टरलिंकिंग स्ट्रक्चर बन जाने से कृषकों के खरीफ फसल में पानी की समस्या का निराकरण कर लिया गया है। निरीक्षण के समय उपस्थित भोगनीपुर नहर प्रखण्ड के सहायक अभियन्ता से भोगनीपुर शाखा के कृषकों हेतु पानी की उपलब्धता के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने अवगत कराया कि भोगनीपुर शाखा प्रणाली में 08 नहरें पूर्णतया विस्मारित एवं 06 नहरें आशिक विस्मारित है। इन 14 नहरों तक पानी पहुंचाने हेतु प्रोजेक्ट बना लिया गया है, जिसकी स्वीकृति उपरान्त कार्य आरम्भ कर दिया जायेगा।

मा0 मंत्री जी द्वारा लोकार्पण के बारे में पूछा गया तो अधिशासी अभियन्ता, बैराज निर्माण खण्ड–2 कानपुर द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में पम्प हाउस नं0–01 के पाईप सपोर्ट स्ट्रक्चर के प्रोटेक्शन का कार्य प्रगति पर है एवं 2.640 किमी0 लाईनिंग का कार्य अवशेष है। इससे नहर के संचालन पर कोई भी विपरीत प्रभाव नहीं पड़ रहा है एवं नहर का संचालन मांग के अनुसार किया जा रहा है। इस दौरान इ० पंकज गौतम, अधिशासी अभियन्ता, बैराज निर्माण खण्ड–2 कानपुर, ई० अनुराग सिंह, सहायक अभियन्ता द्वितीय बैराज निर्माण खण्ड–2 कानपुर, इं० पंकज कुमार आर्य, सहायक अभियन्ता पंचम, बैराज निर्माण खण्ड–2, कानपुर, इं0 राघवेन्द्र सिंह यादव, सहायक अभियन्ता प्रथम बैराज निर्माण खण्ड–2 कानपुर, इ0 रामवीर सिंह, सहायक अभियन्ता, लघु डाल नहर खण्ड, कानपुर, ई0 जनार्दन सिंह, सहायक अभियन्ता, भोगनीपुर प्र. निचली गंगा नहर, इटावा।

## गार्ड का मामला पहुंचा थाना पुलिस की चौखट गार्ड ने लगाई पुलिस से आश

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता आशीष राजपूत बिल्हौर। सौरभ सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी औरंगपुर साभी ने बिल्हौर थाना पुलिस में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि मै 1 वर्ष पहले उत्तरीपुरा डुडवा जमौली स्थित एनटीपीसी विक्रम सोलर पावर प्लांट में कार्य करने वाली संस्था इलाइट सिक्योरिटी गार्ड का कार्य करती है जिसमें मुझको 1 वर्ष पहले सिक्योरिटी गार्ड के पद पर रखा गया था बिना किसी शर्त के लेकिन बाद में मुझसे 2200 सौ रुपए प्रति महीने के हिसाब से सैलेरी आने या सैलरी से पहले वसूली कर ली जाती है ।



नितिन वर्मा सिक्योरिटी एरिया मैनेजर के ऊपर जिसकी हम ने लिखित शिकायत एनटीपीसी के प्रोजेक्ट हेड शिव कुमार भदौरिया व वेंडम के अधिकारी अतुल व रंजीत सिंह से की थी लिखित में लेकिन अभी तक एनटीपीसी पावर प्लांट में कार्यरत संस्था इलाइट सिक्योरिटी कंपनी पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई मुझको बगैर नोटिस व कारण के कंपनी से निकाल दिया गया है वह मुझको फोन पर एलाइट सिक्योरिटी फील्ड ऑफिसर नितिन वर्मा के द्वारा धमकी दी गई जहां तुमको प्रधानमंत्री तक शिकायत करनी है कर लो बेटा तुम्हें कोई दूवरा लगवा नहीं पाएगा वही बिल्हौर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## प्रत्येक भारतीय अपने घर एवं प्रतिष्ठानों पर फहराए तिरंगा झण्डा

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। सर्वे कमिश्नर वक्फ, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ के निर्देशानुसार अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग के अन्तर्गत आने वाली समस्त संस्थानों और कर्मचारियों को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/सहायक सर्वे कमिश्नर वक्फ डा0 प्रियंका अवस्थी ने सूचित किया है कि स्वतंत्रता की 75वी वर्षगांठ के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम देश भर में गरिमामय रूप से दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 के मध्य "हर घार तिरंगा कार्यक्रम" अनुमोदित किया गया है। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जाग्रत करते हुये स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने के साथ ही प्रत्येक भारतीय को अपने घर एवं प्रतिष्ठानों पर झण्डा फहराने के लिये प्रेरित करना है। उक्त के क्रम में सरकार की मंशानुरूप दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 के मध्य झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुये अपने घर एवं प्रतिष्ठानों में झण्डा फहराने के साथ–साथ लोगो को भी "हर घर तिरंगा कार्यक्रम" के सफल क्रियान्वयन हेतु अपने–अपने घर पर तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित करें।

## जिलाधिकारी ने नवनिर्मित पंचायत रिसोर्स सेंटर का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन ने माती में नवनिर्मित पंचायत रिसोर्स सेंटर का भ्रमण किया, इस मौके पर उपस्थित जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पंचायत अपर मुख्य अधिकारी ने बताया कि इस बिल्डिंग का निर्माण पूर्ण हो चुका है इसका संचालन किया जाना है, इसके लिए जिलाधिकारी ने उपस्थित कारदायी संस्था को निर्देशित किया कि इस बिल्डिंग में जो कमियां हैं उसे दुरुस्त कर लें जिससे कि इसको संबंधित विभाग को हैंड ओवर कर संचालन किया जा सके, इसमें रंगाई, पुताई, पेंटिंग और अच्छे से की जाए। उन्होंने कहा कि इस बिल्डिंग में जिला पंचायत राज विभाग द्वारा प्रशिक्षण का कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे, इसमें फर्नीचर आदि की संपूर्ण व्यवस्थाएं दुरस्त कर ली जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला पंचायत अपर मुख्य अधिकारी, करदाई संस्था के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## निर्माण श्रमिकों के बनेंगे गोल्डन कार्ड चलेगा अभियान

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय जिला कार्यान्वयन समिति की बैठक में सम्पन्न हुयी। जिसमें जनपद में दिनांक 25.07.2022 से दिनांक 14.08.2022 तक विशेष अभियान चलाये जाने के सम्बन्ध में समिति के सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा हुयी।

उक्त बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवारों का गोल्डन कार्ड बनाये जाने के सम्बन्ध में माइक्रोप्लान बनाते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी, जिलापूर्ति अधिकारी, ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, खाण्ड विकास अधिकारी एवं अन्य सदस्यों तथा जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेते हुए गोल्डन कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिए गए। अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में सभी निर्माण श्रमिकों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त अवधि में श्रमिक पंजीयन कार्ड, आधार कार्ड एवं राशन कार्ड सहित अपने निकटस्थ सी0एस0सी0 सेण्टर अथवा कोटेदार, आशाकार्यकत्री, आंगनबाडी, पंचायत मित्र, ग्राम प्रधान तथा आरोग्य मित्र से सम्पर्क करते हुए अपने गोल्डन कार्ड बनवाकर जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार लाने की दिशा में सरकार के प्रयासों का लाभ उठायें। उक्त योजना में प्रत्येक श्रमिक के परिवारों को रू0 5 लाख वार्षिक की निशुल्क चिकित्सा सरकारी अथवा निजी अस्पतालों के माध्यम से किया जाना है। इसके साथ ही समस्त जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध समाजिक कार्यकर्ताओं एवं श्रम प्रतिनिधियों से अपील की जाती है कि वह उपरोक्त अभियान में अधिक से अधिक प्रचार कर श्रमिकों को लाभान्वित कराने में अपना योगदान दें। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी एवं श्रम विभाग के अधिकारी आदि लोग उपस्थित रहें।

## दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजन को उपलब्ध करायी जायेगी नि:शुल्क मोटराइज्ड ट्रायसाकिल

कानपुर नगर। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी श्रीमती कोमिल द्विवेदी ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा पात्र दिव्यांगजन को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्रायसाकिल उपलब्ध कराये जाने हेतु आनलाइन फार्म वेब–पोर्टल पर प्रदर्शित प्रारूप–पत्र पर आमंत्रित किये जा रहे है। इस हेतु नियमावली भी प्रख्यापित हो गयी है। कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को नियमावली मे उल्लिखित पात्रता के अनुसार उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष '"प्रथम आवत प्रथम पावत"' सिद्वान्त के आधार पर नियमानुसार लाभान्वित कराया जायेगा।

उन्होंने बताया कि मोटराइज्ड ट्रायसाकिल प्राप्त करने की पात्रता के लिये मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा न्यूनतम 80 प्रतिशत या उससे अधिक का दिव्यांगता प्रमाण पत्र, मोटराइज्ड ट्रायसाकिल पर बैठकर अपने हाथों से गाडी का संचालन करने में सक्षम हो, 16 वर्ष या उससे अधिक दिव्यांगजन की आयु हो, दिव्यांगजन या उसके परिवार की समस्त स्त्रोंतो से वार्षिक आय रू0 1,80,000.00 से अधिक न हो तहसील द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र मान्य होगा, दिव्यांगजन जिसके द्वारा आवेदन किया जायेगा उसे पूर्व मे भारत सरकार/स्थानीय निकाय/मा० सांसद निधि/मा0 विधायक निधि या अन्य सरकारी या सरकार द्वारा अनुदानित स्त्रोतो से उसे मोटराइज्ड ट्रायसाकिल प्राप्त न हुयी हो, दिव्यांगजन के पास यूनिक डिसएबिलिटी आईडैन्टिटी कार्ड (यू0डी0आई0डी0) या आधार कार्ड होना चाहिए, दिव्यांगजन का निवास एवं जाति प्रमाण पत्र होना चाहिए, मोटराइज्ड ट्रायसाकिल के चयन मे हाईस्कूल या उच्चतर कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।

उन्होंने सभी पात्र दिव्यांगजन से अपेक्षा की है कि अपना आवेदन पत्र समस्त अभिलेखों सहित आनलाइन वेबसाईट hwd.uphq.in पर प्रदर्शित हो रहे प्रारूप–पत्र पर भरकर अभिलेखों सहित तत्काल आवेदन करें, ताकि उन्हें नियमानुसार इस योजना से लाभान्वित कराया जा सके।

## सांस्कृतिक दलों द्वारा दिया गया अपनी प्रतिभा का परिचय

- निर्णायक मंडल द्वारा कलाकारों को प्रतिभा अनुसार श्रेणी में किया विभाजित




संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायकार राधा ठाकुर कनपुर देहात। प्रदेश सरकार की योजना है कि हर जनपद के लोक कलाकार जो नेपथ्य की जिंदगी जी रहे हैं जिनको कोई मंच नहीं मिला है जिस पर वह अपनी कला का प्रदर्शन कर सकें ऐसे प्रतिभावान कलाकारों को प्रतिभा की खोज हेतु सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन हर जिले में किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी नेहा जैन के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में भी सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता द्वारा निर्णायक मंडल के अध्यक्ष के रूप में की गई।

आज ईको पार्क, माती, सामुदायिक भवन में सांस्कृतिक प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में विभिन्न कलाकारों द्वारा अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया गया। निर्णायक मंडल द्वारा उनकी प्रतिमा का मूल्यांकन किया गया जिसमें अध्यक्ष के रूप में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता, सदस्य सचिव, जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र मोहन सहित सदस्य के रूप में सांस्कृतिक विशेषज्ञ सुनील कुमार दीक्षित, विशेषज्ञ/क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी डॉ0 अर्जिता ओझा, संगीत विशारद तारालखानी जी, विविध कलाविद रामानन्द पाठक, अनूप सचान जी द्वारा कलाकारों को उनके द्वारा किए गए प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में विभाजित किया गया जिसको अंतिम रूप देने के उपरांत शासन को भेजा जाएगा जिससे इस कार्यक्रम के माध्यम से कलाकारों को नई पहचान मिल सके। जहां इस कार्यक्रम द्वारा कलाकारों को नई पहचान मिली वही कलाकारों के चेहरे पर एक आत्म संतुष्टि का भाव भी दिखा क्योंकि प्रथम बार उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा को इतना बड़ा मंच प्रदान किया गया है। इस दौरान सृष्टि श्रीवास्तव (गायन), कृष्णा श्रीवास्तव (तबला वादन), अखिलेश कुमार (गायनध ऑर्गन), राजेंद्र सिंह (आल्हा गायन), सत्येंद्र प्रताप सिंह (तबला वादन), राहुल यादव (शास्त्रीय गायन), पूजा (भजन पार्टी), अनमोल कुमारी, मुस्कान व सुबोध सागर (लोक गायन) आदि जैसे प्रतिभावान कलाकारों द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन मंच पर किया गया।

## मंत्री आशीष पटेल ने प्राविधिक शिक्षा में मुख्यमंत्री घोषणा, डिप्लोमा सेक्टर, डिग्री सेक्टर से सम्बन्धित समस्त निर्माण कार्यो की समीक्षा

- डिग्री/डिप्लोमा सेक्टर के निर्माण कार्यों के लिए शासन स्तर पर मानीटरिंग सेल की स्थापना कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए
- इंजीनियरिंग कालेजों के निदेशक निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखे और नियमित रूप से निरीक्षण करें
- इंजीनियरिंग कालेजों के निदेशक डिग्री सेक्टर के निर्माण कार्यों की प्रत्येक माह के अन्तिम दिवस को निर्माण कार्यों के कार्यदायी संस्थाओं के स्थानीय अधिकारियों के साथ मीटिंग कर निर्माण कार्यों की करें समीक्षा
- प्रत्येक पॉलीटेक्निक प्रधानाचार्य डिप्लोमा सेक्टर के निर्माण कार्यों की हर महीने की 1 से 7 तारीख के बीच निर्माण कार्यों के कार्यदायी संस्थाओं के स्थानीय कार्मिकों के साथ समीक्षा बैठक एवं स्थलीय निरीक्षण करें
- निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी
- मानकों के अनुरूप कार्य न होने पर सम्बंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए
- शासन द्वारा निर्गत धनराशि का गबन करने वाली कार्यदायी संस्था के तत्कालीन प्रोजेक्ट मैनेजर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया जाए



लखनऊ। प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप विभाग मंत्री आशीष पटेल ने आज विधान सभा स्थित सभागार कक्ष में प्राविधिक शिक्षा विभाग में मुख्यमंत्री घोषणा, डिप्लोमा सेक्टर, डिग्री सेक्टर से सम्बन्धित समस्त निर्माण कार्यो की कार्य प्रारम्भ होने की तिथि, कार्यपूर्ण होने की तिथि, परियोजना किस तिथि तक विभाग को हस्तान्तरित कर दी जायेगी तथा परियोजना की अद्यतन वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की। प्राविधिक शिक्षा विभाग के डिप्लोमा सेक्टर व डिग्री सेक्टर के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को निर्धारित समय में ही पूरा किया जाय। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग कालेजों के निदेशक अपने यहां चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी रखे और नियमित रूप से निरीक्षण करे। उन्होंने इंजीनियरिंग कालेजों के निदेशक और पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि यदि किसी कार्यदायी संस्था द्वारा प्राप्त धनराशि का गबन किया गया है, तो ऐसे कार्यदायी संस्था के तत्कालीन प्रोजेक्ट मैनेजर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया जाए।

प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्राविधिक शिक्षा विभाग के डिग्री सेक्टर के निर्माण कार्यों के लिए शासन स्तर पर मानीटरिंग सेल की स्थापना की जाय। मानीटरिंग सेल निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करें, जिससे कि निर्माण कार्य ससमय पूर्ण हो सके और युवाओं को उनके ही जनपद में सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ तकनीकी शिक्षा उपलब्ध हो सके। मंत्री जी ने कार्यदायी संस्थाओं द्वारा विभिन्न जनपदों के इंजीनियरिंग कालेजों में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्य पूर्ण करने की तिथि निर्धारित की है।

मंत्री जी ने कहा कि कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि में कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिया कि प्राविधिक शिक्षा विभाग के डिग्री सेक्टर के निर्माण कार्यों की निरंतर समीक्षा हो इसके लिए प्रत्येक माह के अन्तिम दिवस को प्रत्येक निदेशक निर्माण कार्यों के कार्यदायी संस्थाओं के स्थानीय अधिकारियों के साथ मीटिंग कर निर्माण कार्यों की जानकारी ले और इसकी सूचना प्रत्येक महीने की 1 तारीख को प्रमुख सचिव को उपल्ब्ध कराया जाए। इसी तरह डिप्लोमा सेक्टर के निर्माण कार्यों की निरंतर समीक्षा हो इसके लिए हर महीने की 1 से 7 तारीख के बीच प्रत्येक प्रधानाचार्य निर्माण कार्यों के कार्यदायी संस्थाओं के स्थानीय कार्मिकों के साथ समीक्षा बैठक करें एवं गुणवत्ता का निरीक्षण करें। मंत्री आशीष पटेल ने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग, आवास एवं विकास परिषद, उ0 प्र0 राजकीय निर्माण नि0लि0 यू0पी0 पी0सी0एल0सी0 एण्ड डी0एस0, यू0पी0 सिडको, यू0पी0 आर0एन0एस0एस0 उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि जहां पर कार्य मानकों के अनुरूप सही नही पाया गया है वहां पर ठेकेदार की फर्म को ब्लैक लिस्ट किया जाए अन्यथा कार्य मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर सम्बंधित कार्यदायी संस्था के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। बैठक में प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा, विशेष सचिव, अन्नावि दिनेश कुमार एवं कृपा शंकर सिंह, निदेशक प्राविधिक शिक्षा मनोज कुमार सहित इंजीनियरिंग कालेजों के सभी निदेशक और पॉलीटेक्निकों के प्रधानाचार्य तथा विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## कानपुर में पिछले 10 दिनों से घूम रहा था लकड़बग्घा, ग्रामीणों ने पकड़कर वन विभाग को सौंपा

कानपुर। कानपुर के बाहरी इलाके महाराजपुर क्षेत्र के रेहनस गांव में एक लकड़बग्घा देखा गया, जिसे लोगों की मदद से वन अधिकारियों ने दबोच लिया. रविवार को झील के किनारे लकड़बग्घा देखकर खेतों में काम कर रहे लोगों ने शोर मचा दिया. शोर सुनकर और भी ग्रामीण लाठी–डंडों के साथ मौके पर पहुंचे. लकड़बग्घे ने भागने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों ने कुछ देर पीछा करने के बाद जाल की मदद से उसे पकड़ लिया. सूचना मिलने पर सुनेला थाना चौकी प्रभारी मनोज कुमार मौके पर पहुंचे और वन विभाग के अधिकारियों को जंगली जानवर के पकड़े जाने की सूचना दी. बाद में वन विभाग की एक टीम आई और जानवर की पहचान लकड़बग्घा के रूप में की और जानवर को अपने साथ ले गया. लकड़बग्घे को सबसे पहले इस इलाके में करीब 10 दिन पहले देखा गया था. तब से स्थानीय लोग जानवर की तलाश में थे और उन्होंने अपने मवेशियों और बच्चों को अपने घरों के अंदर रखना शुरू कर दिया था. सूचना पर सुनेला चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंच गए, इसी के साथ वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि लकड़बग्घा इतना खतरनाक होता है कि कभी भी किसी पर भी हमला बोल सकता है. इसी



के चलते हम सब लोगों ने इसे पकड़ने की योजना बनाई. लकड़बग्घा ने भागने की कोशिश की लेकिन कुछ देर पीछा करने के बाद जाल की मदद से उसे पकड़ लिया।

## जिलाधिकारी की लाख कोशिशो के बाद भी नहीं सुधर रहे प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। गुगरापुर विकास गुगरापुर के गांव मल्हानपुरवा स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय पर सुबह 7:50 बजे ताला लटकता हुआ मिला। स्कूल के बाहर शिक्षक के आने का इंतजार में लगभग दो दर्जन भर बच्चे खड़े दिखे। लेकिन जिन शिक्षकों पर बच्चों को शिक्षित करने का जिम्मा है, वहीं नदारत थे। कुछ ऐसा ही नजारा नजर आया सोमवार को कुछ स्कूलों की पड़ताल की गई तो आदर्श प्राथमिक विद्यालय मल्हनपुरवा स्कूल सुबह 7:50बजे के बाद भी बंद मिले। पांच मिनट तक इंतजार करने के बाद भी जब शिक्षक नहीं आए तो टीम ने दूसरे स्कूल का रुख किया। विद्यालय के बाहर बच्चे खड़े हुए स्कूल का गेट खुलने का इंतजार कर रहे थे। बच्चों से बातचीत में पता चला कि सुबह स्कूल आए कुछ बच्चे तो छुट्टी समझकर अपने घर वापस लौट गए हैं। हालांकि यहां कुछ देर बाद शिक्षक आ गए। ये हाल केवल इस



विद्यालय का नहीं है। बल्कि अधिकांश विद्यालयों में शिक्षण कार्य पर शिक्षकों की लेटलतीफी हावी है।

हाल ये है कि देरी से स्कूल खुलते हैं और समय से पहले बंद कर दिए जाते हैं। लेकिन इनकी जानकारी विभाग को नहीं हो पाती है। कई बार औचक निरीक्षण के दौरान अगर किसी अधिकारी को स्कूल बंद मिलते हैं तो शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगकर पल्ला झाड़ लिया जाता है। इसी के चलते शिक्षकों में भी कार्रवाई का कोई खौफ नहीं है।

## मंकीपॉक्स बीमारी से रहे सावधान : डॉ महेंद्र भान

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज जलालाबाद। मंकीपॉक्स वायरस उन देशों में तेजी से फैल है, जहां इसे पहले कभी नहीं देखा गया। यही नहीं, इसके मामले सबसे ज्यादा पुरुषों में देखे जा रहे हैं। दुनियाभर में मंकीपॉक्स का प्रसार तेजी से हो रहा है। इस वायरस के बढ़ते मामलों की वजह से शनिवार को



विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने 'मंकीपॉक्स' को ग्लोबल इमरजेंसी घोषित कर दिया। यह वायरस उन देशों में तेजी से फैल रहा है, जहां इसे पहले कभी नहीं देखा गया । यही नहीं, इसके मामले सबसे ज्यादा उन पुरुषों में देखे जा रहे हैं, जो पुरुषों के साथ यौन संबंध बनाते हैं । इसकी जानकारी सोमवार को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी गुगरापुर डॉ महेंद्र भान सिंह ने मरीजों को जागरूक करते हुए दी। उन्होंने बताया कि इसके लिए उपाय संवेदनशील या भेदभाव से रहित होने चाहिए। डॉ महेंद्र भान व डॉक्टर अंकित सचान, ने'विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा दी गई। जानकारी को आज ग्रामीण क्षेत्र मैं बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुगरापुर में मंकीपॉक्स के लिए निगरानी और सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों को मजबूत करने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया मंकीपॉक्स बीमारी को पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी भी घोषित किया गया है।

## दस दिवसीय अगरबत्ती धूप बत्ती इत्र उत्पादन प्रशिक्षण का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। युवाओं के हाथ मे कलम साथ रोजगार हो, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। युवाओं को अगरबत्ती धूपबत्ती एवं इत्र निर्माण के क्षेत्र में कुशलता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाते हुए स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा उद्योगों को कुशल कारीगर प्रदान कराना है। जिससे वह अपना व अपने समाज का जीवन स्तर सुधारते हुए देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ बना सके।

जिलाधिकारी शुभांत कुमार शुक्ल ने एफ.एफ. डी. सी. सभागार में दस दिवसीय अगरबत्ती धूपबत्ती एवं इत्र उत्पाद पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुभारम्भ के दौरान कही। शुभांत कुमार शुक्ल ने कहा है कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से अगरबत्ती धूपबत्ती एवं इत्र उद्योग से सम्बन्धित तकनीकी व्यावहारिक एवं प्रायोगिक ज्ञान प्रदान कराना है जिसका आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही एक जनपद एक उत्पाद योजनान्तर्गत किया जा रहा है। बहीं जिलाधिकारी ने प्रशिक्षार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपने उत्पाद को गुणवत्ता युक्त नये उत्पाद जो कि अन्तर्राष्ट्रीय मापदण्डों के अनुरूप तैयार करने हेतु प्रयत्नशील होना चाहिए। ऐसे उत्पादों की मांग बाजार में अधिक होती है तथा इस प्रकार के उत्पाद काफी तेजी के साथ उपभोगतानों को पसन्द आते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा परिवेश में अपने उत्पाद को कम लागत में गुणवत्तायुक्त बनाकर ही अपने उत्पाद को एक अच्छा बाजार प्रदान कराया जा सकता है। कहा कि लागत एवं सेलिंग और कैसे अपना प्रोडक्ट चलाना है, यह सब सीखने की आवश्यकता है। साथ ही यह भी कहा कि किस तरीके से अपने प्रोडक्ट को मार्केट में प्रस्तुत करना है यह भी सीखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस बात पर फोकस करें कि आप नया क्या कर सकते है। आपके प्रोडक्ट में हमेशा कुछ न कुछ नया



दिखता रहना चाहिए। आपको मार्केट लीडर बनना है। उन्होंने राय दी कि अलमारी आदि में रखने वाले खुशबूदार इत्र के प्रोडक्ट तैयार करे। उन्होंने एफएफडीसी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस केन्द्र द्वारा आप अगरबत्ती धूपबत्ती एव इत्र के क्षेत्र में सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर उत्कृष्ट उत्पाद बनाने में सक्षम है तथा अपने उत्पाद को एक अच्छा बाजार प्रदान करा सकते है। इस अवसर पर शक्ति विनय शुक्ल, निदेशक, सुगन्ध एवं सुरस विकास केन्द्र एवं गेडाम विलास सहायक निदेशक, वाम विलास सहायक निदेशक आदि उपस्थित रहे।

## किसानों की समस्याओं का समय निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता : डीएम

- जनपदीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का हुआ भव्य आयोजन, विधायक ने किया शुभारंभ
- शासन सरकारी सुविधाओं को कृषकों के द्वार तक पहुँचाने के लिए दृढ़ संकल्पित

लखीमपुर,खीरी। सोमवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर में जनपदीय खरीद उत्पादकता गोष्ठी का भव्य आयोजन हुआ। गोष्ठी का शुभारंभ विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी व सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने दीप जलाकर किया। इसके बाद उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि सरकार किसानों के चेहरे पर मुस्कान लाने, उनके हितों को संरक्षित करने के लिए नित नए कदम उठा रही।किसानों की समस्याओं का निराकरण कराने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार पूरी तत्परता के साथ काम कर रही। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि किसानों की समस्याओं का ससमय निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। शासन कृषकों के कल्याणार्थ बहुत से कार्यक्रम संचालित कर रहा है। शासन सरकारी सुविधाओं को कृषकों के द्वार तक पहुँचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। माह के तीसरे बुधवार को आयोजित किसान दिवस किसानों के लिए बेहतर मंच प्रदान करता है। केले की खेती, उसके सहउत्पाद (रेशे) के उपयोग ने खीरी के किसानों को वैश्विक मंच पर ख्याति दिलाई। अन्य किसानों को भी इस ओर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने मौजूद किसानों को शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों ने बड़ी ही सरल भाषा में कृषि की तकनीकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि हमारी मिट्टी का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। अतः डायवर्सीफिकेशन खेती करें। जल संरक्षण के उपाय करें। मृदा परीक्षण अत्यंत आवश्यक उसी के अनुसार उर्वरकों का प्रयोग करें। इससे लागत में कमी आयेगी तथा कृषकों की आय में वृद्धि होगी। कार्यक्रम में महिला कृषकों की उपस्थिति सराहनीय है। डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन



योजना, क्रय पर अनुदान, पीएम कुसुम योजना, पीएम फसल बीमा योजना पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ पीके विसेन में खरीफ 2022 की कार्ययोजना बताई। जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी ने कृषि निवेश की उपलब्धता, विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। डीएचओ मृत्युंजय ने उद्यान विभाग में संचालित योजनाओं, डीसीओ वेद प्रकाश ने गन्ना विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी दी।पीपीओ सत्येंद्र सिंह ने फसल सुरक्षा की समसामयिक जानकारी देकर जागरूक किया।

- डीएम ने किया कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ कृषि प्रदर्शनी में लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। डीएम ने स्टालों पर मौजूद प्रतिनिधियों से जरूरी जानकारी लेकर उनका उत्साहवर्धन किया। मंडी परिसर में कृषि, उससे जुड़े अन्य विभागों द्वारा कृषि प्रदर्शनी में कुल 22 स्टाल लगाए, जिनमें कृषि, कृषि रक्षा, पशुपालन, उद्यान, रेशम, गन्ना, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला, कृषक उत्पादक संगठन, एनआरएलएम, इफको, कृभको, यारा समेत प्राइवेट उर्वरक एवं कृषि रक्षा रसायन विक्रेताओं द्वारा स्टाल लगाकर नवीनतम कृषि तकनीकी का प्रदर्शन किया।

## जिला पुरुष चिकित्सालय में जल्द शुरू होगी 24 घंटे सामान्य इमरजेंसी सेवा




लखीमपुर,खीरी। आम जनमानस की समस्याओं के दृष्टिगत और जनप्रतिनिधियों के निर्देशों के क्रम में जल्द ही जिला पुरुष चिकित्सालय लखीमपुर के प्राचीन भवन में 24 घंटे इमरजेंसी सेवा (सामान्य चिकित्सा) शुरू होने जा रही है। इसके लिए डॉक्टर, फार्मासिस्ट और अन्य स्टाफ की तैनाती के आदेश जारी किए गए हैं। सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुरुष चिकित्सालय के उच्चीकरण के चलते जिला पुरुष चिकित्सालय को 200 शैय्या चिकित्सालय ओयल में शिफ्ट किया गया है। वहीं जनहित में गंभीर मरीजों के दृष्टिगत इमरजेंसी को भी बाद में शिफ्ट कर दिया गया है। जिसके बाद शहर की आबादी द्वारा सामान्य चिकित्सा के लिए जनप्रतिनिधियों व प्रशासन से अनुरोध किया गया था। इसी क्रम में जनप्रतिनिधियों के निर्देशों के अनुपालन में जिला पुरुष चिकित्सालय के प्राचीन भवन में डॉक्टर, फार्मासिस्ट व अन्य स्टाफ की रोस्टर वाइफ तैनाती के आदेश दिए गए हैं। यहां 24 घंटे एमरजैंसी सेवा दी जाएगी। इस दौरान सामान्य चिकित्सा ही जनमानस को मिल सकेगी। मेडिकोलीगल व गंभीर चिकित्सा उपचार हेतु मरीजों को 200 शैय्या चिकित्सालय ओयल में जाना होगा।

## इलाज के दौरान किशोरी की मौत

परिजनों ने शव रखकर काटा हंगामा

लखीमपुर,खीरी। कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय बीमार किशोरी की झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से हालत बिगड़ गई। परिजन आनन–फानन में लेकर मोहम्मदी जा रहे थे, तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। घर वाले सड़क किनारे शव रखकर डॉक्टर पर गलत इलाज का आरोप लगाते हुए हंगामा काटने लगे। इस मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, गांव छतिया सरैया निवासी इबरार ने पुलिस को सूचना देकर बताया उसकी बहन रूबिया 15 जुखाम बुखार से पीड़ित थी। जिसकी दवा लेने सोमवार को 5:00 बजे करीब पड़ोसी गांव फरेंदा में डॉक्टर के पास गए, जहां उन्होंने बीमार बहन के इंजेक्शन लगा दिया। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी। जिसे आनन–फानन में बाइक से लेकर मोहम्मदी इलाज के लिए जा रहे थे। तभी स्टेट हाईवे पर राइस मिल के पास उसने दम तोड़ दिया। मृतका के परिजन सड़क किनारे शव रखकर हंगामा काटने लगे। सूचना मिलते ही निरीक्षक अंबर सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

परिजनों को आरोपी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देकर रास्ता खुलवाया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी डॉक्टर को हिरासत में ले लिया है। निरीक्षक ने बताया कि तहरीर नहीं मिली पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## विदाई समारोह में भावुक हुए बच्चे

लखीमपुर,खीरी। मोहम्मदी नगर के स्कूल में बारहवीं कक्षा के उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को सम्मानित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। बच्चे अपने गुरुजनों और जूनियर साथियों के साथ बिताए पलों को याद कर भावुक हो गए। सोमवार को दून पब्लिक स्कूल दिलावरपुर में उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं द्वारा अच्छा प्रदर्शन करने पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. गुरु मेजर सिंह, चेयरमैन गुरप्रीत सिंह, डायरेक्टर वीई थॉमस, आवास निर्देशिका सुरिंदर कौर, प्रधानाचार्य सतनाम सिंह ने आयोजित समारोह में छात्र–छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर आयुषी गुप्ता, आयुष सिंह, स्वाति सिंह, रिया सिंह, आद्रिका गुप्ता, आयरन सिंह, सारा इशरत खान, अनुष्का राठौर, मनरूप कौर, आदित सिंह, श्रेया सिंह, धीरज सिंह, प्रभजोत कौर, यशकीरत कौर, दिव्यांशी गुप्ता, समेत तमाम छात्र–छात्राओं ने अपने गुरुजनों और साथियों के साथ बिताए पलों को याद कर भावुक हो गए।

उन्होंने अपने साथियों को लक्ष्य पर ध्यान लगाते हुए शिक्षा की मशाल जलाते रहने का मंत्र दिया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य शिवम दीक्षित, अध्यापक मनोज मौर्य, अंकित दीक्षित और कपिल समेत पूरे प्रशासन ने छात्रों की मेहनत पर गर्व महसूस करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विदा किया।

## पहले दिन एएनएम ट्रेनिंग के लिए 13 अभ्यार्थियों की हुई काउंसलिंग

लखीमपुर,खीरी। एएनएम भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चल रहे तीन दिवसीय प्रमाण–पत्र सत्यापन प्रक्रिया के पहले दिन 13 अभ्यर्थियों ने अपने प्रमाण पत्रों का सत्यापन करवाया है। करीब 33 अभ्यर्थियों के प्रमाण–पत्रों का सत्यापन अगले दो दिवसों में होना है। इसके लिए बचे हुए अभ्यर्थियों से दो दिनों के भीतर ही अपने प्रमाण पत्रों के सत्यापन कराने की अपील की गई है।

डिप्टी सीएमओ डॉ. लाल जी पासी ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी के आदेश पर 25 जुलाई से 27 जुलाई तक एएनएम ट्रेनिंग को लेकर तीन दिवसीय प्रमाण पत्र सत्यापन प्रक्रिया शुरू हुई है। जिसमें 25 जुलाई को 4 सदस्य टीम द्वारा 13 अभ्यर्थियों ने अपने प्रमाण पत्रों का सत्यापन कराया है। वहीं करीब 20 अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन अभी बाकी है। इन सभी से 2 दिनों के भीतर अपने प्रमाणपत्रों को सत्यापित कराने की अपील की गई है। उन्होंने यह भी बताया 10 अगस्त से सभी की ट्रेनिंग एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में शुरू होनी है, इसके लिए समस्त व्यवस्थाओं को पूरा कर लिया गया है। साथ ही उन्होंने यह



भी बताया कि लखीमपुर खीरी में करीब 50 एएनएम को ट्रेनिंग कराई जाएगी। शासन द्वारा पहेली 33 अभ्यर्थियों की लिस्ट मिली है, जिनके प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया जा रहा है। वहीं अन्य की लिस्ट मिलते ही उन अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों का भी सत्यापन कराकर उनकी ट्रेनिंग कराई जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## अप्रेन्टिसशिप व रोजगार मेले का आयोजन 30 जुलाई को

लखीमपुर,खीरी। राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य वाईडी सिंह ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिण संस्थान राजापुर में 30 जुलाई को अप्रेन्टिसशिप व रोजगार मेले का आयोजन होगा। जिसमें आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी अप्रेन्टिसशिप, रोजगार प्राप्त करने हेतु अपने समस्त शैक्षिक, तकनीकी योग्यता के अभिलेखो के साथ संस्थान में प्रातः 10:30 बजे उपस्थित होकर अप्रेन्टिस, रोजगार मेले का लाभ उठा सकते है। इस मेले में विभिन्न कम्पनियां प्रतिभाग कर रही है।

## कांवर लेकर जा रहे चार बाइक सवार जख्मी

लखीमपुर,खीरी। कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में अलग–अलग जगहों पर कावड़ लेकर जा रहे भक्तों की बाइकों में अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सरकारी स्थान में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने एक की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया रविवार की रात एक बजे करीब बाइक से कांवड लेकर जा रहे जिला शाहजहांपुर के गांव तिलहर निवासी मुकेश मलिकापुर निवासी पंकज शर्मा और जिला हरदोई निवासी सूरज और परचम बाइकों से कावड़ लेकर गोला जा रहे थे। उनकी बाइकों में स्टेट हाईवे पर सिविल कोर्ट के सामने कुछ दूरी पर अलग–अलग स्थानों पर अज्ञात वाहन से टक्कर हो जाने गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर एंबुलेंस से शिवम राठौर और निरीक्षक अंबर सिंह ने इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टरों ने परचम की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया। निरीक्षक ने बताया कि तीनों घायलों को उपचार के बाद छुट्टी कर उनके परिजन लेकर चले गए।

## जनसंघ विकास संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने सहयोग के लिए बढ़ाया हाथ

लखीमपुर,खीरी। मोहम्मदी क्षेत्र के ग्राम मगरेना में एक मजदूरी करने के लिए रोहतक गया हुआ था। अचानक स्वास्थ्य खराब हो जाने से उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही जनसंघ विकास संगठन प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी द्वारा इक्कीस सौ की धनराशि भेज कर सहयोग दिया। परिजनों द्वारा सोशल मीडिया पर सूचना वायरल की गई, जिसमें बताया गया रोहतक में एक गरीब व्यक्ति का मजदूरी करते समय अचानक स्वास्थ्य खराब हो गया, जिसकी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अंत्येष्टि करने के लिए रोहतक से मोहम्मदी एंबुलेंस का खर्च 15 हजार बताया गया जो कि परिवार वाले देने में असमर्थ थे। जनसंघ विकास संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी ने नगर अध्यक्ष पुनीत पांडे को परिजनों तक 2100 रुपये की धनराशि भेजवा कर सहयोग किया। यह सूचना वायरल होते ही ग्राम प्रधान ग्राम विकास अधिकारी कपिल गुर्जर सहित क्षेत्र के तमाम लोगों द्वारा आर्थिक सहयोग मृतक के परिजनों के पास पहुंचा, देर शाम मृतक की अंत्येष्टि की गई।

## अवैध खनन में जेसीबी सहित दो ट्रैक्टर किए गए सीज

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। गुरसहायगंज कन्नौज स प्रदेश में योगी सरकार में अवैध खनन को लेकर इतने सख्त कानून बनाए गए हैं उसके बावजूद आज भी खनन माफिया खनन करने से बाज नहीं आते हैं ऐसे ही खनन माफियाओं पर कार्रवाई करते हुए गुरसहायगंज पुलिस द्वारा जेसीबी के साथ दो ट्रैक्टर पकड़कर कानूनी प्रक्रिया के तहत सीज किया गया। बताते चलें जहां एक और प्रदेश सरकार के द्वारा अवैध खनन को अपराध की श्रेणी में रखते हुए विभिन्न कार्यक्रम बनाकर उस पर लगाम कसने का पूरा रोडमैप तैयार है बावजूद इसके आज भी खनन माफिया खनन करने से बाज नहीं आते हैं ऐसे ही खनन माफियाओं पर थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज मे थाना प्रभारी राजकुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस द्वारा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरायप्रयाग में अवैध खनन की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 01 जे0सी0बी0 व 02 ट्रैक्टर मौके से खनन करते हुए पकड़े गये ,उक्त जे0सी0बी0 व ट्रैक्टरों को अंतर्गत धारा 207 एम वी एक्ट के तहत सीज किया गया,खनन के संबंध मे रिपोर्ट खनन अधिकारी को प्रेषित की जा रही है।

## महिलाओं में सशक्तिकरण व विश्वास बनाने के लिए किया जागरूक

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं को सशक्त बनाने और बनाए गए कानूनों की जानकारी देते हुए मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं में विश्वास जगाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक कन्नौज के दिशा निर्देश में महिलाओं को जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक, कन्नौज कुंवर अनुपम सिंह महोदय के निर्देशन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में "मिशन शक्ति" अभियान के तहत नारी सुरक्षा नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन, महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से कन्नौज पुलिस द्वारा बालिकाओं छात्राओं को 1090–वीमेन पॉवर लाइन, 181–महिला हेल्प लाइन, 108–एम्बुलेंस सेवा, 1076



दृमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112–पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098–चाइल्ड लाइन, 102–स्वास्थ्य सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया तथा एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलो शोहदो द्वारा छेडछाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

# सम्पादकीय....

## गंगा जल

अमेरिका में एक लीटर गंगाजल 250 डालर में क्यों मिलता है? सर्दी के मौसम में कई बार खांसी हो जाती है। जब डॉक्टर से खांसी ठीक नही हुई तो किसी ने बताया कि डाक्टर से खांसी ठीक नहीं होती तब गंगाजल पिलाना चाहिए।

गंगाजल तो मरते हुए व्यक्ति के मुंह में डाला जाता है, हमने तो ऐसा सुना है य तो डॉक्टर साहिब बोले– नहीं ! कई रोगों का इलाज भी है। दिन में तीन बार दो–दो चम्मच गंगाजल पिया और तीन दिन में खांसी ठीक हो गई। यह अनुभव है, हम इसे गंगाजल का चमत्कार नहीं मानते, उसके औषधीय गुणों का प्रमाण मानते हैं। कई इतिहासकार बताते हैं कि सम्राट अकबर स्वयं तो गंगा जल का सेवन करता ही था, मेहमानों को भी गंगा जल पिलाता था। इतिहासकार लिखते हैं कि अंग्रेज जब कलकत्ता से वापस इंग्लैंड जाते थे, तो पीने के लिए जहाज में गंगा का पानी ले जाते थे, क्योंकि वह सड़ता नहीं था। इसके विपरीत अंग्रेज जो पानी अपने देश से लाते थे वह रास्ते में ही सड़ जाता था।

करीब सवा सौ साल पहले आगरा में तैनात ब्रिटिश डाक्टर एमई हॉकिन ने वैज्ञानिक परीक्षण से सिद्ध किया था कि हैजे का बैक्टीरिया गंगा के पानी में डालने पर कुछ ही देर में मर गया। दिलचस्प ये है कि इस समय वैज्ञानिक भी पाते हैं कि गंगा में बैक्टीरिया को मारने की गजब की क्षमता है। लखनऊ के नेशनल



बोटैनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट एनबीआरआई के निदेशक डॉक्टर चंद्र शेखर नौटियाल ने एक अनुसंधान में प्रमाणित किया है कि गंगा के पानी में बीमारी पैदा करने वाले ई–कोलाई बैक्टीरिया को मारने की क्षमता बरकरार है। डॉ नौटियाल का इस विषय में कहना है कि गंगा जल में यह शक्ति गंगोत्री और हिमालय से आती है। गंगा जब हिमालय से आती है तो कई तरह की मिट्टी, कई तरह के खनिज, कई तरह की जड़ी बूटियों से मिलती मिलाती है। कुल मिलाकर कुछ ऐसा मिश्रण बनता है– जिसे हम अभी तक नहीं समझ पाए हैं। डॉक्टर नौटियाल ने परीक्षण के लिए तीन तरह का गंगा जल लिया था। उन्होंने तीनों तरह के गंगा जल में ई–कोलाई बैक्टीरिया डाला। नौटियाल ने पाया कि ताजे गंगा पानी में बैक्टीरिया तीन दिन जीवित रहा, आठ दिन पुराने पानी में एक हफ्ते और सोलह साल पुराने पानी में 15 दिन। यानी तीनों तरह के गंगा जल में ई–कोलाई बैक्टीरिया जीवित नहीं रह पाया।

वैज्ञानिक कहते हैं कि गंगा के पानी में बैक्टीरिया को खाने वाले बैक्टीरियोफाज वायरस होते हैं। ये वायरस बैक्टीरिया की तादाद बढ़ते ही सक्रिय होते हैं और बैक्टीरिया को मारने के बाद फिर छिप जाते हैं। मगर सबसे महत्वपूर्ण सवाल इस बात की पहचान करना है कि गंगा के पानी में रोगाणुओं को मारने की यह अद्भुत क्षमता कहाँ से आती है? दूसरी ओर एक लंबे अरसे से गंगा पर शोध करने वाले आईआईटी रुड़की में पर्यावरण विज्ञान के रिटायर्ड प्रोफेसर देवेंद्र स्वरुप भार्गव का कहना है कि गंगा को साफ रखने वाला यह तत्व गंगा की तलहटी में ही सब जगह मौजूद है। डाक्टर भार्गव कहते हैं कि गंगा के पानी में वातावरण से आक्सीजन सोखने की अद्भुत क्षमता है। भार्गव का कहना है कि दूसरी नदियों के मुकाबले गंगा में सड़ने वाली गंदगी को हजम करने की क्षमता 15 से 20 गुना ज्यादा है। गंगा 'माता' इसलिए है कि गंगाजल अमृत है, जब तक अंग्रेज किसी बात को प्रमाणित नहीं करते तब तक भारतीय लोग सत्य नहीं मानते। भारतीय लोग हमारे सनातन ग्रन्थों में लिखी किसी भी बात को तब तक सत्य नहीं मानेंगे जब तक कि कोई विदेशी वैज्ञानिक या विदेशी संस्था उस बात की सत्यता की पुष्टि नहीं कर दे।

## क्षत्रिय राजपूत राजा चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य का व्यक्तित्व

विक्रमादित्य का नाम उनके जन्म से पहले ही भगवान शिव ने रख दिया था। विक्रमादित्य परमार वंश के 8 वें राजा थे। विक्रमादित्य ने मात्र 20 वर्ष की उम्र मे ही शकों को पूरे एशिया से खदेड़ दिया था। विक्रमादित्य ने भारत और एशिया को स्वतंत्र करवाने के बाद वे खुद राजगद्दी पर नही बैठे बल्कि अपनें बड़े भाई भृर्तहरी को राजा बनाया पर पत्नी से मिले धोखे ने भृर्तहरी को सन्यासी बना दिया और उसके जब भृर्तहरी के पुत्रों ने भी राजसिंहासन पर बैठने से मना कर दिया तब विक्रमादित्य को ही राजसिंहासन पर बैठना पड़ा। विक्रमादित्य का राज्याभिषेक दिपावली के दिन हुआ था।

विक्रमादित्य ने शकों पर विजय हासिल कर विश्व के प्रथम कैलेडर विक्रम संवत की स्थापना की थी। विक्रमादित्य ने अश्वमेध यज्ञ कर चक्रवर्ती सम्राट बनें थे।विक्रमादित्य के शासन मेँ वर्तमान भारत, चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश, जापान, अफगानिस्तान, म्यांमार. श्री लंका, इराक, ईरान, कुवैत, टर्की, मिस्त्र, अरब, नेपाल, दक्षिणी कोरिया, उत्तरी कोरिया, इंडोनेशिया, अफ्रिका और रोम शामिल थे। इसके अलावा अन्य देश संधिकृत थे। विक्रमादित्य पहले राजा थे जिन्होंने अरब पर विजय प्राप्त की थी। विक्रमादित्य का युग स्वर्ण युग कहलाया। विक्रमादित्य के समय इस पूरी पृथ्वी पर एक भी ऐसा व्यक्ति नही था जिसके ऊपर एक रुपये का भी कर्जा हो। विक्रमादित्य एकलौते ऐसे राजा थे जिन्हौंने अपनी प्रजा का कर्ज खुद उतारा था। विक्रमादित्य जैसा न्याय कोई दूसरा नहीं कर पाता था उनके दरबार से कोई निराश होकर नहीं जाता था। सम्राट विक्रमादित्य ईसा मसीह के समकालीन थे। विक्रमादित्य ने ईसा मसीह के जन्म के समय अपने दरबार में से दो ज्योतिषी ईसा मसीह का भाग्य जानने के लिये भेजे थे। विक्रमादित्य ने रोम के राजा जुलियस सीजर को युद्ध में हराकर बंदी बनाकर उज्जैन की गलियों में घुमाया था। विक्रमादित्य के न्याय से प्रभावित होकर देवराज इन्द्र ने उन्हे 32 पारियों वाला सिंहासन भेंट में दिया था। जो ग्यारह सौ वर्ष बाद इन्हीं के वंशज राजा भोज को मिला था। विक्रमादित्य के आगे सिकंदर तो बौना ही था। विक्रमादित्य ने उज्जैन में महाकाल अयोध्या में राम जन्म भूमि और मथूरा में कृष्ण जन्म भूमि का निर्माण कराया था।




विक्रमादित्य तब तक भोजन नही करते थे जब तक उनकी प्रजा भोजन न कर लें।विक्रमादित्य ने ही नवरत्नों की शुरुआत की थी। कालीदास और वराह मिहिर विक्रमादित्य के ही दरबारी थे।

भगवान राम और भगवान कृष्ण के बाद अगर किसी का नाम आता है तो वो चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य का है।

# बच्चों को सिखाएँ शिव आराधना का मूल मंत्र

आज के समय में हम सभी जीवन में प्राप्त और पर्याप्त के बीच संघर्ष करते दिखाई दे रहे है जिसमें हमारे जीवन में शांति और संतोष का अभाव है। उपलब्ध संसाधनों के बीच भी हमें धन्यवाद प्रेषित करना नहीं आता है। आगे जाकर यहीं चीज हमारे मन में उत्कंठा, निराशा और संत्रास को जन्म देने लगती है। हमारे बच्चे अंदर से बहुत कमजोर दिखाई दे रहे है क्योंकि वे बाहरी दुनिया में अपनी शांति की खोज कर रहे है जोकि केवल भ्रम मात्र है। जब आप बच्चों को भगवान से जोड़ना सीखा देते है तो उनमें जीवन को लेकर अलग ही आत्मविश्वास परिलक्षित होता है। वे अपनी हर अच्छाई–बुराई में ईश्वर को साक्ष्य रखते है और कुछ निर्णय वे स्वतंत्र रूप से लेना स्वयं सीख जाते है।

यदि आप अपने बच्चों को शिव की विशेषताओं से परिचित कराएंगे तो वे जीवन की सत्यता और सार्थकता को भली–भाँति समझ सकेंगे। शिव ईश्वर का सत्यम–शिवम–सुंदरम रूप है। शिव वो है जो सहजता एवं सरलता से सुशोभित होते है। वे ऐसे ध्यानमग्न योगीश्वर है जो नीलकंठ बनकर अपने भीतर विष को ग्रहण किए हुए है और भुजंगधारी बनकर विष को बाहर सजाए हुए है। इसके विपरीत भी उमापति की एकाग्रता, शांतचित्त रूप और ध्यान में कहीं भी न्यूनता परिलक्षित नहीं होती। वैभव देने वाले भोलेनाथ स्वयं वैरागी रूप में विराजते है। ध्यान की उत्कृष्ट पराकाष्ठा शिव अपने आराध्य श्रीराम के स्वरूप को अपने भावों की माला से ध्याते है। सृष्टि के कल्याण के लिए शांत भाव और सहजता से विषपान को स्वीकार करते है।

'शिव की शिक्षाओं को अपनाना नहीं है आसान।'

'पर स्वीकार कर लेने से जीवन बन जाएगा वरदान।।'

शिव की आराधना अत्यधिक सहज और सरल है जबकि उनके स्वरूप में अत्यधिक विचित्रता दिखाई देती है। शिव हमें विषमताओं में रहना सिखाते है। शिव बाहर झाँकने की बजाए भीतर ध्यान केन्द्रित करने पर बल देते है। शिव हमें आडंबर से मुक्ति दिलाते है। शिवतत्व ही सृष्टि के संहारक है। विषपान के पश्चात भी सहर्ष ध्यान साधना में लगे रहना ही शिव की उत्कृष्टता है। जीवन का भी यहीं सत्य है। जीवन तो सुख–दुरूख का विधान ही है। देवाधिदेव महादेव हमें ध्यान में मग्न होकर एकाग्र होने की प्रेरणा देते है। यदि आपका बच्चा भगवान के अस्तित्व में विश्वास करेगा तो वह चीजों के सिद्ध होने एवं प्रत्यक्ष होने में भी विश्वास करेगा। जब आप उसको शिव के चरित्र का वर्णन सिखाएँगे तो उसे ज्ञान होगा कि जब व्यक्ति कल्याण की ओर अग्रसर होता है तो वह महादेव की उपाधि से सुशोभित होता है। शिव की वेशभूषा आपके बच्चे को जीवन का सार सीखने में मदद करेगी और वह शिव की कृपा से जीवन को आनंद स्वरूप में स्वीकार करेगा। यदि हम उसके जीवन में आध्यात्म का रस घोलेंगे तो उसकी जीवन सरिता में आनंद का प्रवाह अभिभूत होगा।

'असाध्य को साध्य बना सकती शिव की आराधना।'

'मनुष्ययोनि के द्वारा ही संभव है ध्यान, योग और साधना।।

बच्चों में यदि एक बार अच्छी आदते विकसित की जाए तो वह उन्हें जीवनपर्यंत लाभान्वित करेंगी। तो क्यों न मनुष्ययोनि के ध्येय को सार्थक



स्वरूप प्रदान करें और बच्चों को भगवत भक्ति का मार्ग प्रशस्त करें जिसके कारण वे असाध्य बाधाओं का भी पूर्ण आत्मविश्वास से सामना कर सकेंगे। शिव की सत्ता की व्यापकता हो अनंत है।

वह अविनाशी, ओढरधानी, नीलकंठ और अर्धनारीश्वर स्वरूप है जो जीवन में त्याग और सच्चे प्रेम की सार्थकता को भी उजागर करते है।

'मनोकामना पूर्ति का शिव पूजन तो है सरल उपाय।'

'डॉ. रीना कहती, भावों की माला से भजो ऊँ नमः शिवाय।।

'डॉ. रीना रवि मालपानी (कवयित्री एवं लेखिका)'

# बालगंगाधर तिलक: स्वतंत्रता संग्राम के कुशल हिमायती

भारतीय इतिहास में बाल गंगाधर तिलक आज किसी परिचय का मोहताज नहीं है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में इनका नाम प्रमुखता से लिया जाता है। वे कुशल शिक्षक, पत्रकार तथा स्वतंत्रता सेनानी थे। ब्रिटिश औपनिवेशिक अधिकारियों ने उन्हें श्भारतीय अशांति का जनकश कहा। उन्हें लोकमान्य की उपाधि से सम्मानित किया गया जिसका अर्थ है – लोगों द्वारा स्वीकृत यानि लोगों के द्वारा नेता के रूप में स्वीकार किया गया।



जीवन परिचयः इनका जन्म २३ जुलाई,१८५६ को रत्नगिरि जिले के चिक्कल गाँव में ब्राह्मण कुल में हुआ था। इनके पिता का नाम गंगाधर रामचंद्र पंत तथा माता का नाम पार्वती बाई गंगाधर था। ऐसी जनश्रुति है कि इनकी माता पार्वती बाई ने पुत्र प्राप्ति की इच्छा से पूरे आश्विन महीने में एक निर्जला व्रत रखकर सूर्य की उपासना की थी, इसके बाद तिलक का जन्म हुआ। इनके बचपन का नाम केशव था और यही नाम इनके दादा जी के पिता का भी था। इसलिए परिवार में सब इन्हें बलबंत या बाल कहते थे। यही कारण है कि इनका नाम बालगंगाधर पड़ा। बाल्यकाल में इन्हें कहानी सुनने में गहरी रुचि थी। अतः इन्हें जब भी समय मिलता अपने दादा जी के पास चले आते और उनसे कहानी सुनते। दादा जी इन्हें लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे तथा विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों की कहानी सुनाया करते थे। बचपन से ही तिलक को गणित विषय में बहुत रुचि थी। वे जब दशवीं कक्षा में थे तो उसी समय उनका विवाह एक १० वर्षीय कन्या सत्यभामा से करा दिया गया। मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् उन्होंने डेक्कन कालेज में दाखिला लिया। सन् १८७७ में इन्होंने स्नातक की परीक्षा गणित विषय में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया। आगे जाकर उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए एल. एल. बी. डिग्री भी प्राप्त किया। स्नातक के बाद तिलक ने पुणे के एक प्राइवेट स्कूल में गणित पढ़ाया और कुछ समय पश्चात् पत्रकार बन गए। वह पाश्चात्य शिक्षा व्यवस्था के पुरजोर विरोधी थे। उनके अनुसार इससे न केवल छात्रों बल्कि सम्पूर्ण भारतीय संस्कृति और धरोहर का अपमान होता है। उनका ये मानना था कि अच्छी शिक्षा व्यवस्था ही अच्छे नागरिकों को जन्म दे सकती है। अपने सहयोगी आगरकर और महान समाज सुधारक विष्णु शास्त्री चिपुलंकर के साथ मिलकर उन्होंने डेक्कन एडुकेशन सोसाइटी की स्थापना की जिसका उद्देश्य देश के युवाओं को उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करना था। इसके बाद तिलक ने २ साप्ताहिक पत्रिकाओं श्केसरीश और श्मराठाश का प्रकाशन किया। देखते– ही– देखते इन पत्रिकाओं के माध्यम से इनकी लोकप्रियता बढ़ गई। इसके माध्यम से इन्होंने देशवासियों के संघर्ष और परेशानियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने हर एक भारतीय से अपने हक के लिए लड़ने का आह्वान किया। इनके लेख को पढ़कर पाठक जोश और देशभक्ति की भावना से ओत–प्रोत हो जाते थे। १८९० ई. में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़े। वे कुशल शिक्षक के साथ–साथ एक महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने बाल विवाह जैसी कुरीतियों का खुलकर विरोध किया और उसे प्रतिबंधित करने की माँग भी की। गणेशोत्सव और शिवजी के जन्मोत्सव जैसे सामाजिक उत्सवों को प्रतिष्ठित कर उन्होंने लोगों को एक साथ जोड़ने का कार्य किया। इससे पता चलता है कि वे अपने सत्कर्म से लोगों के हृदय में बस जाते थे। सन् १९०६ में अंग्रेज सरकार ने तिलक को विद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया और इन्हें छह वर्ष की सजा सुनाई गई। इन्हें मांडले (म्यांमार) कारावास लाया गया। इसी कारावास में रहकर इन्होंने श्गीता रहस्यश नामक पुस्तक की रचना की। सन् १९१६ में तिलक ने होमरूल लीग की स्थापना की जिसका मुख्य उद्देश्य स्वराज प्राप्त करना था। इस महान उद्देश्य की प्राप्ति में अवज्ञा का सिद्धांत सहायक सिद्ध हुआ। उनका कहना था कि यदि स्वराज्य संवैधानिक साधनों से प्राप्त नहीं होता है तो हिंसात्मक साधनों को अपनाने में कोई बुराई नहीं है। वह मानते थे कि साध्य की पवित्रता साधन को भी पवित्र बना देती है। इसलिए वे राजनीतिक भिक्षावृत्ति की नीति को बदलने को कहते थे। इनका कहना था कि विदेशी शासन चाहे कितना ही श्रेष्ठ क्यों न हो पर वह स्वशासन से श्रेष्ठ नहीं हो सकता। वे प्रथम भारतीय थे जिन्होंने घोषणा की थी स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा। सच में, वे स्वशासन के कुशल हिमायती थे। उन्होंने देशवासियों के कल्याण के लिए स्वराज्य ही उपयुक्त बताया साथ ही वे इसे नैतिक आवश्यकता मानते थे। यदि हम भारतवासी उनके नक्शे कदम पर चलते हुए उनके महत्वपूर्ण विचारों को अपनाएँ तो हमारा कल्याण हो जाएगा। अतः हम आएँ और उनके विचारों को अमली जामा पहनाकर उनकी राह की ओर बढ़ें और मिलकर देश को आगे बढ़ाएँ।

देव कांत मिश्र दिव्य शिक्षक, मध्य वि. धवलपुरा, सुलतानगंज, भागलपुर, बिहार

# पशुओं की घटती जनसंख्या से धरती हो रहा हलकान गोबरी खाद की कमी से मौत के मुंह में समा रहा इंसान

आज के परिवेश में खेत में उर्वरक रसायनिक खाद देने से उसकी उपज उपजा रहे हैं, और वही उपाय बाजार में जा रही है और हम उसी उपज को खरीद कर अपना दैनिक भोजन में इस्तेमाल कर रहे हैं। रासायनिक खाद से उपजे अन को खाने से इंसान के अंदर जो वाजिब शक्ति होनी चाहिए वह लुप्त होती जा रही है, जो मनुष्य पहले की दौड़ में 100 वर्षों से ऊपर जिंदगी जी रहे थे आज वही इंसान रसायनिक खाद का शिकार होकर 60 वर्ष से लेकर 80 वर्ष की अवधि में मौत के गाल में समा रहे हैं। इस सब का कारण देखा जाए तो क्षेत्र में पशुओं की घटती जनसंख्या दिखाई दे रही है।

आइए हम थोड़ी पहले की पशुओं की स्थिति के बारे में जाने। आज से 10 15 वर्ष पहले हर किसान के दरवाजे पर गाय बैल भैंस बकरी 2–4–5 दिखाई निश्चित रूप से देती थी। साथ ही हर किसान के दरवाजे पर पशु का गोबर का मान दिखाई पड़ता था। वही पशु का गोबर खेत में लोग डाला करते थे और उस गोबर से जमी को जो ऊर्जा मिलती थी उस उर्जा से खेत में लगे पौधा लहलहा उठती थी और उसका उपज में विटामिन रहता था। ओसियन को खाकर उस समय का इंसान कोई 100 वर्ष कोई सवा सौ बरस तक जिंदा रह कर जीवन का आनंद उठाया है। आज के परिवेश में किसानों के लिए आए मशीनरी वस्तुओ को किसानों द्वारा अपनाए जाने लगा और धीरे–धीरे अपने दरवाजे से पशुओं को लोग हटाने लगे, जिसका कारण है पशु का गोबर लुप्त होने लगे और आज के समय में बमुश्किल कहीं ही बैल देखने को मिल रही है। जो किसान बैल रखे हैं दुधारू पशु रखे हैं उनके दरवाजे पर गोबर मिल रही है और वह अपने खेत में समय–समय पर गोबर का खाद देकर अपनी खेत में उपज को लहलहा रहे हैं।

हमें पशुओं की घटती जनसंख्या पर गंभीर चिंतन है। मानव की घटती उम्र को लेकर गंभीर चिंतन है। हमें मानव जीवन को पूर्व की भांति वर्षों तक ले चलने की ख्वाहिश रखनी चाहिए,और उसके लिए हमें अपने दरवाजे पर निश्चित रूप से बैल, गाय, भैंस, बकरी की संख्या को बढ़ाने की दिशा में अपनी सोच को बदलने के लिए हम अनुरोध भी करते हैं। ठीक है, मशीनरी सामग्री किसानों के सहूलियत के लिए आई है, हमें उससे विरोध नहीं है, हमें उस सामग्री से विरोध भी नहीं करनी चाहिए,



क्योंकि मशीनरी सामग्री हमारी समय को बचत करने और कम समय में उस कार्य को पूरा करने के लिए हमारे वैज्ञानिकों द्वारा बनाया गया है। हम उस निर्माण की सम्मान भी करते हैं। परंतु अपने किसान भाइयों से पशु के गोबर खाद की मात्रा को बढ़ाने के लिए अपने दरवाजे पर पशु पालने का सोच बनाने का अनुरोध भी करती है।

आप भली–भांति जानते हैं या अपने बुजुर्गों को देखे होंगे या देखते हैं पहले की दौड़ में अलुवा, सुथनी, मरुआ, जव,कोदो, आदि खा गए लोग हटा कट्ठा जवान नजर आते थे। आज भी इंसान वही है,जमीन वही है,जमीन से ऊपर जाने वाली अन वही है, फिर आज का इंसान इतना कमजोर क्यों जिन का पाचन क्रिया बराबर कमजोर रहने से कभी अपने को हटा कटा महसूस नहीं कर रहे हैं, बराबर बीमार रह रहे हैं, ऐसा क्यों? इसलिए कि हम रासायनिक उर्वरकों की मात्रा अपने उपज की मात्रा को बढ़ाने की लालच में जरूरत से ज्यादा देने में लग गए हैं। यही कारण है कि हम बहुत कमजोर होते जा रहे हैं और बहुत कम अल्प अवधि जीवन बिता पा रहे हैं। तो आइए हम सभी इस गंभीर समस्या पर चिंतन करें और अपनी इरादा बदल कर पशुओं की जनसंख्या को बढ़ाने का संकल्प लें, इस संकल्प से आने वाले समय में हम पुनः अपनी आयु भर जीने का फल प्राप्त कर सकते हैं।

रवि कुमार भार्गव
राज्य को–आर्डिनेटर
अयोध्या टाइम्स बिहार की कलम से......

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

**: प्रसारित :**

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# संक्षिप्त समाचार

## एक वर्ष पूर्व नहर पर बनाई गई पुलिया के दोनों तरफ डामर ना होने से ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किलें

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती दैनिक अयोध्या टाइम्स। जनपद श्रावस्ती के तहसील क्षेत्र सिरसिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत जानकी नगर के लछमनपुर मुख्य मार्ग नहर पर एक वर्ष पूर्व पुलिया का निर्माण किया गया था। आवागमन अवरुद्ध न हो



जिसके लिए विभाग द्वारा आनन फानन पुलिया के दिनों तरफ मिट्टी पटाई करके बिना डामर किए छोड़ दिया गया जिससे लोगों के सामने भारी मुसीबतें बनी हुई है। ऐसे में गांव के अखिलेश कुमार,शुकुल, सुभाष कुमार, अवधेश कुमार, सतीश कुमार, दद्दन सहित तमाम ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि बरसात होने के दौरान पुलिया के दोनों तरफ डाली गई मिट्टी से फिसलन बढ़ जाती है। इमरजेंसी के दौरान गांव तक पुलिया से होकर एंबुलेंस का आना–जाना बंद हो जाता है। समस्या को लेकर भारी संख्या में ग्रामीणों ने पुलिया के पास पहुंचकर प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन से पुलिया के ऊपर इंटरलॉकिंग या पक्की सड़क बनाए जाने की मांग की।

## भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रावण मास के दूसरे सोमवार को मंदिरों में शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। श्रावण मास द्वितीय सोमवार के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा थाना सिरसिया क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले पाण्डव कालीन विभूति नाथ मंदिर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थानाध्यक्ष सिरसिया उपनिरीक्षक पंकज कुमार को श्रावण मास के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में लगाई गई पुलिस डियूटी के बारे में आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात प्रबंधन को भी चेक किया गया। सावन मास के दूसरे सोमवार को जिले में स्थित सभी शिव मंदिरों,शिवालयों में भारी संख्या में शिव के भक्तों ने राप्ती नदी सहित जलाशयों से जल भरकर बोल बम के नारे लगाते हुए मंदिरों पर लाइनों में लग कर भगवान भोले नाथ सदा शिव को जलाभिषेक किया। वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिले के पुलिस प्रशासनिक अधिकारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी, क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे, थानाध्यक्ष सिरसिया उपनिरीक्षक पंकज कुमार, पी आरओ पुलिस अधीक्षक उपनिरीक्षक अर्जुन पटेल सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण अपनी–अपनी ड्यूटी में मुस्तैद रहे।



## सीमा चौकी सूइया में आयोजित काउन्टर पार्ट समन्वय बैठक हुई सम्पन्न

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के सीमा चौकी सूइया में, आर के राजेश्वरी कमांडेंट, 62वीं वाहिनी की अध्यक्षता में एक बहु–हितधारक समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत दोनो पक्षों द्वारा पौधरोपण से की गई। तदोपरांत उक्त बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा की गई। सीमा पर अतिक्रमण न होने देने के संदर्भ मे, मौजूदा मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप सीमा की सुरक्षा के संबंध में, सीमा से संबंधित अन्य विषयों मानव तस्करी, ड्रग तस्करी, अवैध शिकार आदि के संबंध में, इस्लामी कट्टरवाद के संदर्भ में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर जनक राज वस्नेट, पुलिस अधीक्षक, 30 वी वाहिनी APF, बांके, नेपाल तथा धीरेन्द्र बडूवाल, निरीक्षक, 30 वी वाहिनी APF, कटकुईया पोस्ट के जवान मौजूद रहे।



## कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर कारगिल स्तंभ कारगिल पार्क मोती झील में कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को पुष्पांजलि दीप प्रज्वलन एवं नमन कर याद किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांद कानपुर। ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुर्बानी, भारत माता की जय, हमारे शहीद अमर रहे, भारतीय सेना जिंदाबाद जैसे गगनभेदी नारों के साथ कारगिल पार्क मोती झील स्थित कारगिल शहीद स्तंभ पर जन जागृति मंच के अध्यक्ष विनोद मिश्र के नेतृत्व में कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए भारतीय सेना के अमर जवानों को याद कर शहीद स्थल पर पुष्प अर्पित किए गए एवं कैंडल जलाकर उन्हें नमन करते हुए उनके साहस त्याग और बलिदान को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संबोधित करते हुए संस्था अध्यक्ष विनोद मिश्र ने कहा कि वर्ष 1999 में 26 जुलाई को भारतीय सेना ने कारगिल पर विजय प्राप्त की थी हमारे तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी ने भारतीय सेना को दुश्मन पाकिस्तानी सेना को सबक सिखाने का आदेश दिया था और उसका नाम ऑपरेशन विजय रखा गया था 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने कायर एवं धूर्त पाकिस्तान की सेना को कारगिल से खदेड़ दिया था उसी उपलक्ष्य में कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है हमारे तत्कालीन माननीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी ने सूझबूझ का परिचय देते हुए भारतीय सेना के परचम को विश्व में लहराया था और संपूर्ण विश्व को संदेश दे दिया था कि हम और हमारी भारतीय सेना दुश्मन से मुकाबला करने में और उन्हें पराजित करने में पूरी तरह सक्षम है लगभग 2 माह चले युद्ध में भारतीय सेना ने विजय प्राप्त की थी प्रत्येक भारतवासी को अपनी भारतीय सेना एवं भारत सरकार पर गर्व है हमारी वर्तमान भारत सरकार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में चीन हो या पाकिस्तान सबको उसकी हैसियत और औकात में रखती है दुश्मन देशों को मालूम है कि अब भारत समय रहते ही दुश्मन के छक्के छुड़ा देगा इसके पूर्व भी हमारी बहादुर तीनों भारतीय सेनाओं ने हमेशा दुश्मनों के छक्के छुड़ाए हैं वर्ष 1999 में भी भारत सरकार ने पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाई थी। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग के सदस्य श्री अरुण पाल ने कहा आज हम अपनी भारतीय सेना के उन जवानों को स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने कारगिल युद्ध में अपने साहस एवं वीरता से पाकिस्तान को धूल चटा कर भारत माता की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी।



## हुनरमंद लोग कभी बेरोजगार नहीं रहते : एडीएम



दैनिक अयोध्या टाइम्स
हमीरपुर। बेतवा नगर स्थित जिला प्रेस क्लब भवन में संचालित होने जा रहे ,कौशल विकास प्रशिक्षण का उद्घाटन करते हुए एडीएम न्यायिक नागेंद्र नाथ यादव ने किया उन्होंने कहा कि हर एक बच्चे को सीखना चाहिए हुनरमंद लोग कभी भी बेरोजगार नहीं रह सकते हैं। अपर जिलाधिकारी यादव ने प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण किया और प्रोजेक्ट की प्रशंसा की उन्होंने बच्चों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि सभी बच्चे मन से प्रशिक्षण प्राप्त करें इस मौके पर जिला संयोजक आयोजन अधिकारी अमित कुमार ने कहा कि यह परीक्षण ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए वरदान साबित होगा जिला प्रेस क्लब के संरक्षक लक्ष्मी नारायण द्विवेदी ने मुख्य अतिथि को जिला प्रेस क्लब भवन में संचालित होने जा रहे, प्रशिक्षण के बारे में बताया इसमें समस्त छात्र–छात्राओं को इंग्लिश स्पीकिंग सिलाई कढ़ाई एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण निशुल्क कराया जाएगा।
जिससे ग्रामीण स्तर के युवा छात्र छात्राओं को आज के आधुनिक कल्चर में डालने का प्रयास हो सके के इस मौके पर विनोद शुक्ला लवलेश यादव नरेंद्र कुमार समाज याग्निक राशिद खान फ्रंटलाइन कंपनी के स्टेट कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र प्रताप सिंह डॉ विभोर वर्मा एवं प्रचीर पथिक आदि लोग उपस्थित रहे।

## आपदाओं से बचने हेतु जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण द्वारा अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज भिनगा में छात्र-छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जनपद में आपदाओं की प्रवृत्ति व प्रकृति को देखते हुए जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण एन0डी0आर0 एफ0 के माध्यम से विद्यालयों में आपदा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। अब तक इस अभियान के माध्यम से जिले के कई विद्यालयों में छात्रों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। आज इसी क्रम में अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज भिनगा के छात्र–छात्राओं को विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया गया। विद्यालय में कमाण्डेंट मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में पहुंची टीम की अगुवाई टीम कमाण्डर धीरेन्द्र उपाध्याय ने की। उन्होने बताया कि किसी भी आपदा से निपटने के लिए धैर्य बहुत आवश्यक है। धैर्य के साथ उचित जानकारी होने के साथ हम बड़ी से बड़ी आपदाओं से सफलतापूर्वक निपट सकते है। टीम ने बच्चों के सामने आग से बचाव, स्ट्रेचर बनाना, प्राथमिक उपचार, हीट स्ट्रोक से बचाव, सड़क सुरक्षा, कोविड–19 से बचाव, बाढ़ से बचाव, गले में फंसी वस्तु को बाहर निकालना आदि समस्याओं के समाधान बताये व बच्चों को भी प्रैक्टिकल कर बचाव की तकनीक सीखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपनिरीक्षक शिवपूजन सिंह, विद्यालय के प्राचार्य ज्योति प्रकाश पाण्डेय सहित विद्यालय के शिक्षक व भारी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।





## छाता ताने खड़े है इनको शीत न घाम,वृक्ष दूत भगवान के दादा इन्हे प्रणाम के तहत हुई गोष्ठी



नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती( दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के विकास खण्ड जमुनहा के अंतर्गत इमलिया में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में जन शिक्षण संस्थान श्रावस्ती द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज ग्राम पंचायत महादेवा के इमलिया गांव में वृक्षा रोपड़ गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वृक्ष लगाने के महत्व को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। संस्थान के सहायक कार्यक्रम अधिकारी लल्लू सिंह ने वृक्ष के महत्व को निम्नलिखित पंक्तियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कहा कि शुद्ध हवा छाया सुखद, शुद्ध काठ फल फूल, औढर दानी वृक्ष हैं, सभी सुखों की मूल ष्एक लगावत वृक्ष को, कोटि जीव फल खात, पुण्य राशि दिन दिन बढ़े, सात पुष्ट तरिजातष ष्वृक्ष हमारे सखा हैं, वृक्ष हमारे मित्र, वृक्ष जहां बसता वही, जीवन का संगीत काटे इन्हें कपूत हैं, राखे इन्हें सपूत, जग में एक समान है, एक वृक्ष दस पुत्र गोष्टी के उपरांत फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान साबिर हुसैन खान ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामीण मौजूद है।

## राजकीय नलकूप का महीनों से खराब ट्रांसफार्मर,सिंचाई कार्य बाधित

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरनिया के मजरा बरगदही गांव के पास स्थापित राजकीय नलकूप में विद्युत सप्लाई के लिए लगाया गया ट्रांसफार्मर महीनों से खराब पड़ा हुआ है। ऐसे में सिंचाई ना होने से किसानों द्वारा कड़ी मेहनत के बाद खेतों में रोपाई की गई धान की फसल पानी के बिना सूख कर बरबाद होती जा रही है। गांव के बड़े किसानों में शोभाराम त्रिपाठी, रक्षा राम त्रिपाठी, संदीप कुमार त्रिपाठी, हाशिम खान, इसराइल खान, बाउर खान ने कहा कि एक तरफ जहां बारिश कम हो रही है ।
किसी प्रकार पंपिंग सेट के सहारे खेतों में धान की रोपाई तो कर ली गई हैं परंतु समय के भीतर यदि राजकीय नलकूप को संचालित करने वाला ट्रांसफार्मर यदि नहीं ठीक हुआ तो धान की फसलें सूखकर नष्ट हो जाएंगी। साथ ही ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को मोटर खराब होने की जानकारी दी गई है परंतु विभागीय अधिकारियों की मनमानी के चलते महीनों से खराब पड़ा ट्रांसफार्मर अबतक ठीक नही हो पाया।



## आदिवासी समाज की महामहिम बनने पर विधायक व चेयरमैन ने उनके समाज को किया सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स
हमीरपुर राठ। देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनने पर स्थानीय विधायक व चेयरमैन सहित भाजपाइयों ने उनके समाज के इलाके में जाकर उनको सम्मानित किया।इस दौरान उन्होंने उक्त आदिवासी बस्ती में भ्रमण कर उन्हें भाजपा सरकार की नीतियों से अवगत कराया।
आदिवासी समाज के सम्मान समारोह कार्यक्रम की मुख्य अतिथि व क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने बताया कि उनकी केंद्र व प्रदेश की सरकार सर्वजन हिताय,सर्व जन सुखाय,, को ध्यान में रखकर कार्य करती है।जिसपर उनकी पार्टी ने देश के पंद्रहवें राष्ट्रपति के रूप में आदिवासी समाज से आने वाली महामहिम पद पर द्रोपदी मुर्मू जी को बैठाया।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया ने कहा कि आदिवासी समाज के उत्थान व उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़ने की पहल करते हुये उनकी पार्टी ने उनकी समाज की महिला को महामहिम बनाया है।इसके साथ ही महिलाओं को भी विशेष सम्मान दिया है। जिसके अंतर्गत आज पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर जनप्रतिनिधियों व भाजपाइयों ने नगर के चरखारी रोड स्थित आदिवासी इलाके में जाकर उनको मालाये पहना व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी, स्वर्णकार धर्मशाला के अध्यक्ष ब्रजभूषण दाऊ, लालू शर्मा,महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष ममता रवि गुप्ता व कपूरी गुप्ता,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमरचंद्र अनुरागी, भाजपा नगर महामंत्री मुकेश गुप्ता व दीपू मुंशी,शिवरतन विश्वकर्मा, संतोष अनुरागी, अंजू साहू,कंधी लाल भारती, सहकार भारती के प्रदेश मंत्री महेंद्र सोनी, सुरेश गिरी,नीरज द्विवेदी, महेंद्र गांधी,उदित नारायण त्रिपाठी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।




## प्लास्टिक है दुनिया के लिए श्राप की मुहिम को लेकर एक युवक चला देश भ्रमण पर

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर अशोक वर्मा (लम्भुआ सुल्तानपुर)। एक नवयुवक जो केरल से 9 माह पहले पैदल चलकर आम जनता को जाग्रत करने के वास्ते अपनी पीठ पर जरूरत का सामान सहित पूरे देश का भृमण करते हुए यह बताने निकला कि प्लास्टिक बहुत ही खतरनाक है जिससे मेरे गाँव केरल में बिना किसी धूम्रपान वा मद्यपान के ही कैंसर हुआ और परिवार के लोग अतिशय गरीब हो गए और क्रियाकर्म के लिए कुछ भी नहीं बचा था।इसकारण परिजनों से वहाँ के डॉक्टरों ने यह कहा कि यह मृतक शरीर यदि आप दान कर दें तो यह कैंसर का कारण भी पता लगाया जा सके कि वह कौनसा कारण है जिसके कारण यह कैंसर हुआ परिवार की सहमति के बाद यह जाँच करने पर पता चला कि उनका नियमित रूप से प्लास्टिक के गिलास में गर्म चाय वा अन्य खाद्य सामग्री का ही इस्तेमाल किया गया था, नौकरी के कारण वा अत्यधिक समय न होने के कारण गलतियां जानकारी के अभाव में होती रही यह बात परिजनों ने बात चीत के दौरान खुद ही बताया इस बात को जब मुझे पता चला तो मैने सोचा समझा कि हो सकता है मेरे भारत भृमण से शायद किसी की जिंदगी बच सकती है।
राममणि तिवारी जो कि स्पेशल युवा एन्टी करप्शन टीम की जब नजर पड़ी तो वह इसकी जानकारी हमारी पत्रकार टीम को अवगत कराया कि एक व्यक्ति जिसने अपनी पीठ पर एक बैग लाद कर रखा है जिसमें यह जिक्र है नो प्लास्टिक यूज का जिक्र है।जब यह हम पत्रकारों ने जानना चाहा तो अपना नाम शिवा कलरिकल सुत नायरायन कलरिकल जिला मल्लपुरम केरला बताया अभी तक केरल आंध्र प्रदेश, तेलंगाना,मध्यप्रदेश, झारखण्ड,बिहार, उड़ीसा में सन्देश देता निरन्तर आगे बढ़ रहा हूँ।और आगे बढ़ता ही रहूँगा बाकी आप सभी की दुआएं मेरे साथ हैं।



## संविधान निर्माता बाबा अंबेडकर पर कथित टिप्पणी के मामले में राज्यपाल संबंधीत एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता आशीष राजपूत बिल्हौर। तहसील परिसर में संविधान के निर्माता डॉ बाबा भीमराव अंबेडकर पर की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ कथा वाचक मनोज कुमार ब्लास्टर पर कार्यवाही हेतु राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन बिल्हौर उपजिलाधि कारी आकांक्षा गौतम को सौपा जिसमें मनोज कुमार प्लास्टर पुत्र खुशीराम ग्राम नगला डालू थाना जैथरा जनपद एटा पर कानूनी प्रक्रिया हेतु मांग की ज्ञापन भंते बुद्ध प्रिय एल.पी.गौतम राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम उत्थान सेवा संस्थान की ओर से सौपा गया जिसमे कई बौद्ध भिक्षु अधिवक्ता बीना गौतम सील सागर डॉ रामशरण गौतम चंद्र शरण आदि लोग शामिलत हुए सपा नेत्री रचना सिंह गौतम ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर बताया कि प्रशासनिक अधिकारी क्या देखते हैं जो इस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है कठोर से कठोर कार्रवाई इस व्यक्ति पर होनी चाहिए इसके कई वीडियो भी प्रचलित है जो अंबेडकर साहब की सम्मान में और उनके अनुयायियों को ठेस पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।



## अनुसूचित जाति के गरीबी रेखा के नीचे निवास करने वाले परिवारों को गरीबी रेखा के उपर उठने के लिए सुनहरा मौका

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) श्रद्धा पाण्डेय ने बताया है कि उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0, द्वारा स्पेशल कपोनेन्ट प्लान के तहत प्रदेश में अनुसूचित जाति के गरीबी रेखा के नीचे निवास करने वाले परिवारों को गरीबी की रेखा के ऊपर उठाने हेतु नगरीय क्षेत्र दुकान निर्माण योजना, लॉण्ड्री एवं ड्राईक्लीनिंग योजना, स्वतः रोजगार योजना तथा टेलरिंग शाप योजना संचालित है। इच्छुक एवं पात्र आवेदक नगरीय क्षेत्र दुकान निर्माण योजना, लॉण्ड्री एवं ड्राईक्लीनिंग योजना ,स्वतः रोजगार योजना तथा टेलरिंग शाप योजना में (विशेषतः नगरीय क्षेत्र के लिए) आवेदन पत्र कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी अथवा कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) में जमा कर सकते हैं। प्राप्त पूर्ण एवं अर्ह आवेदन पत्रों में से लाभार्थियों का चयन जिला स्तरीय समिति द्वारा आहूत बैठक में आवेदको के साक्षात्कार द्वारा किया जायेगा। उन्होने बताया कि नगरीय/ व्यवसायिक क्षेत्रों में अनुसूचित जाति के गरीबी की रेखा के नीचे निवास करने वाले व्यक्तियों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए दुकान निर्माण योजना संचालित की जा रही है। दुकान निर्माण की लागत मैदानी क्षेत्र मे रू0 78,000/– निर्धारित है, जिसमे रू0 10,000/– अनुदान तथा शेष धनराशि ब्याज मुक्त ऋण के रूप मे उपलब्ध करायी जाती है, जिसे 10 वर्षो मे समान किश्तों मे वसूल की जाती है। योजनान्तर्गत लाभार्थी की निजी भूमि 13.32 वर्गमीटर व्यवसायिक क्षेत्र मे होनी चाहिए। इसके साथ ही निर्मित दुकान के समुचित उपयोग हेतु स्वतः रोजगार योजनान्तर्गत आवश्यक धनराशि हेतु अनुदान व ऋण उपलब्ध कराया जा सकता है। पात्रता–अनुसूचित जाति, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन, लाभार्थी की निजी भुमि 13.32 वर्गमीटर व्यवसायिक क्षेत्र मे, पूर्व मे निगम की किसी योजना का लाभार्थी नही होना चाहिए। इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति तहसील से निर्गत जाति प्रमाण पत्र, गरीबी की रेखा के नीचे निवास करने का (शहरी क्षेत्र मे रू0 56460़–व ग्रामीण क्षेत्र मे रू0 46080़– तक वार्षिक आय) तहसील से निर्गत आय प्रमाण पत्र, कोई पहचान पत्र, व्यवसायिक क्षेत्र मे 13.32 वर्गमीटर निजी भूमि होने का प्रमाण पत्र संलग्न कर जमा करें।
अनुसूचित जाति के धोबी उपजाति के व्यक्तियों को लाण्ड्री एवं ड्राईक्लीनिंग की दुकान खुलवाने के लिए परियोजना की कुल लागत रू0 2.16 लाख दिया जाता है, जिसमे रू0 10,000/– अनुदान तथा शेष ब्याज मुक्त ऋण के रूप मे है, जिसकी अदायगी पॉच वर्षो मे समान मासिक किश्तो मे की जाती है। पात्रता– गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन, अनुसूचित जाति के धोबी उपजाति, दो जमानतदारों की व्यवस्था, पूर्व मे निगम की किसी योजना का लाभार्थी नही।इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति तहसील से निर्गत जाति प्रमाण पत्र, गरीबी की रेखा के नीचे निवास करने का (शहरी क्षेत्र मे रू0 56460/–व ग्रामीण क्षेत्र मे रू0 46080/– तक वार्षिक आय) तहसील से निर्गत आय प्रमाण पत्र, कोई पहचान पत्र, दो परिवार के सदस्यों अथवा अन्य जमानतदारों का सरकारी सेवा में नियोजन अथवा ऋण की धनराशि के दोगुने के बराबर अथवा अधिक मूल्य की भूमि़भवन अथवा चल़अचल सम्पत्ति होने का प्रमाण एवं स्वेच्छा से जमानत दिए जाने का सहमती पत्र संलग्न कर जमा करें।
अनुसूचित जाति के गरीबी की रेखा के नीचे निवास करने वाले व्यक्तियों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए व्यवसाय करने हेतु रू0 7.00 लाख लागत तक की कृषि एवं अकृषि क्षेत्र की परियोजनायें वित्तपोषित की जाती है, जिनमें उद्योग, सेवा, व्यवसाय, पशुपालन, ट्रान्सपोर्ट तथा सभी आर्थिक विकास की योजनायें आच्छादित है। इस योजना के अन्तर्गत अधिकतम रू0 10,000/– अनुदान तथा योजना लागत का 25 प्रतिशत मार्जिन मनी ऋण 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जाता है, शेष धनराशि बैक ऋण़संस्थागत ऋण के रूप मे दी जाती है। पात्रता–पूर्व मे इस योजना में ऋण नही लिया गया हो,, अनुसूचित जाति, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन, ।शहरी क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति तहसील से निर्गत जाति प्रमाण पत्र व बी0पी0एल0 श्रेणी का आय प्रमाण पत्र, कोई पहचान पत्र व परियोजना का विवरण व उपलब्ध होने पर कोई अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न कर जमा करें। ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति ग्राम सभा की खुली बैठक मे अपना चयन करावें।
अनुसूचित जाति के गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले बेरोजगार युवा़युवतियों के लिए शासन द्वारा नई योजना टेलरिंग शॉप योजना संचालित की गयी है जिसकी योजना लागत रू0 20,000/–निर्धारित किया गया है। उक्त योजना में रू0 10,000/–अनुदान तथा शेष ब्याजमुक्त ऋण के रूप में उपलब्ध करायी जायेगी। पारिवारिक लाभ योजना के अर्न्तगत लाभ प्राप्त करने वाली महिलाओं, कौशल विकास मिशन द्वारा सिलाई–कढाई ट्रेड में प्रशिक्षित महिला़पुरूष, तथा उ0प्र0 राज्य आजीविका मिशन के माध्यम से संचालित स्वयं सहायता समूह में से पात्र अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जायेगी। विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में पूर्व में लाभ पा चुके व्यक्ति पात्र नही होगें। उक्त योजना में लाभ प्राप्त करने के इच्छुक महिला़पुरूष अपने विकास खण्ड में नियुक्त ग्राम विकास अधिकारी (स0क0) तथा नगरीय क्षेत्र के निवासी कक्ष संख्या 08, भूतल विकास भवन भिनगा श्रावस्ती में सर्मपक कर आवेदन पत्र प्राप्त कर समस्त अभिलेख जैसेः–जाति प्रमाण पत्र,वार्षिक आय प्रमाण पत्र (ग्रामीण क्षेत्र 46,080 शहरी क्षेत्र 56,460),निवास प्रमाण पत्र,आधार कार्ड राशन कार्ड आदि संलग्न कर विकास खण्ड़ कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) में जमा कर सकते हैं। लाभार्थियों का चयन जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा किया जायेगा जो अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

# संक्षिप्त समाचार

## नाजायज तमंचे के साथ अलग-अलग थानों से अभियुक्त गिरफ्तार



औरैया। पुलिस अधीक्षक औरैया श्रीमती चारू निगम व अपर पुलिस अधीक्षक औरैया श्री शिष्यपाल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व क्षेत्राधिकारी अजीतमल श्री प्रदीप कुमार के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी अजीतमल श्री सत्यप्रकाश के नेतृत्व में थाना अजीतमल पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मुबारक हुसैन उर्फ राजा पुत्र सादिक इस्लाम निवासी इस्लामनगर थाना अजीतमल जनपद औरैया को मय एक अदद देसी तमंचा 315 बोर 02 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध मुकदमा अपराध संख्या 304/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## लोकेशन माफियो के स्थानों को चिन्हित कर की जाएगी बड़ी कार्रवाई जिलाधिकारी चांदनी सिंह



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। जिले में लोकेशन माफिया के खेल को खत्म करने के लिए प्रशासन उनकी लोकेशन कराएगा।अभी हाल ही में माधौगढ़ में मध्य प्रदेश से आ रही मौरंग के पीछे कई माफिया काम कर रहे थे। जिसमे एक भाजपा नेता भी शामिल था जिनका सहयोग वहां का प्रशासन ब पुलिस कर रही थी।डीएम चांदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने जब लोकेशन बालो की लोकेशन की तो उनका नेटवर्क ध्वस्त हो गया और सरकारी अधिकारियों पर कार्रवाई कर उनको वहां से हटाया गया। डीएम चांदनी सिंह ने बताया कि जिले में लोकेशन के खेल को लोकेशन कराकर उसको ध्वस्त करेंगे।उन्होंने कहा कि इस खेल में समाज के कई लोगो की भागीदारी है। जिसमे कुछ सत्ताधारी भी उसमे हमेशा की तरह शामिल होते दिखाई दे रहे है। कहा कि प्रशासन कतई नहीं चाहता की सरकार को किसी प्रकार की राजस्व चोरी हो। लेकिन लोकेशन माफिया को समाप्त करने के लिए समाज के अन्य लोगो को भी प्रशासन का सहयोग करना होगा।कहा कि लोकेशन बालो के स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है। उरई से संचालित मौरंग खंडों से 5 से 6 स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है।कालपी से संचालित मौरंग खंडों से 4 स्थान ऐसे चिन्हित किए गए है।जिनमें लोकेशन कर ओवरलोडिंग ट्रको को निकाला जाता है।कहा कि अब लोकेशन माफिया को लोकेशन नही करनी दी जाएगी।

## अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार




नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट तम्बौर सीतापुर। थाना तम्बौर के अंतर्गत ग्राम सैनापुर से मुनीजर पुत्र रामखेलावन दिलीप पुत्र रामखेलावन भगौती पुत्र परसादी 20 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया वही शिवलाल पुत्र अशर्फी पासी ग्राम सैनापुर से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है आप को बताते चले की पुलिस अधीक्षक सीतापुर द्वारा वांछित अभियुक्त वारंटी व नशामुक्त के तहत चलाए जा रहे अभियान के सम्बन्ध मे दिए गए दिशा–निर्देशो के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन मे क्षेत्राधिकारी बिसवा के नेतृत्व मे थाना तम्बौर पुलिस टीम उ० नि० दिवाकर प्रसाद मिश्रा का० राहुल कुमार का० शिवम तोमर म० का० छमा वर्मा हे० का० जयराम पाण्डेय हे० का० रामनिवास वर्मा द्वारा सैनापुर से अलग अलग घर से 30 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ चार अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध मु०अ०सं०255/2022, 256/2022 धारा 60(2)एक्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## विशाल क्षत्रिय महासम्मेलन करणी सेना का हुआ विस्तार गठन

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट सीतापुर। विशाल क्षत्रिय महासम्मेलन करणी सेना का संगठन का आयोजन कर संगठन का विस्तार किया गया इस आयोजन मे राष्ट्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर वीर प्रताप सिंह जी जिला अध्यक्ष मनोज सिंह चौहान जी की अध्यक्षया मे की गई और बताया गया की क्षत्रिय समाज पर हो रहे अत्याचार जुल्म को कतई बर्दाश्त नही किया जायेगा जो हमारे क्षत्रिय समाज को परेशान करेगा जुल्म करेगा तो हमारा संगठन हमारी करणी सेना उसके हर जुल्म अत्याचार का जवाब देने के लिए तैयार रहेगी और हमारा संगठन कंधे से कंधा मिलाकर रह समय तैयार रहेगी इस महासम्मेलन मे हमारे करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर वीर प्रताप सिंह जी जिला अध्यक्ष मनोज सिंह चौहान जी ब्लाक अध्यक्ष तहसील अध्यक्ष उप जिला अध्यक्ष और बहुत से करणी सेना के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भारी संख्या मे लोग मौजूद रहे।



## श्रावण मास के पावन महिने मे कट रहा है मीट मुर्गा



नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट तम्बौर सीतापुर। थाना तम्बौर के अंतर्गत चकपुरवा चौरहा पर रविवार के दिन शाम को बाजार लगती है इस बाजार मे मुर्गा मछली बकरे का मीट धडल्ले से काट कर बिक्री की जाती है जब की शासन प्रशासन का सख्त आदेश है कि इस सावन के पावन महीने मे मीट मछली पर की दुकाने नही लगेगी फिर भी अपनी दबंगई पर अतीक पुत्र रहमत ग्राम मुडिला सकील तम्बौर बाजार मे एक आम के बाग मे बेच रहे थे जिसकी सूचना बजरंग दल को मिली मौके पर पहुँचकर कर देखा तो मीट बेच रहे थे मना करने झगडा करने पर उतारू हो गए और जान लेवा हमला भी कर दिया जिसमे बजरंग दल के सह संयोजक सत्यम अवस्थी को काफी चोटे भी आई वही आप को बताते चले की बजरंग दल के जिला संयोजक शीनू मिश्रा ने थाना तम्बौर मे सूचना दे दी मौके पर पुलिस पहुंच कर मौके का जायजा लिया वही थाने मे तहरीर दे दी गई है आश्वासन दिया है कि बिपछी के खिलाफ कडी से कडी कार्यवाई कर जेल भेजा जायेगा।

# दूसरी सोमवार को मंदिरों में सुनाई दी ओम नमः शिवाय की गूंज



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। सावन के दूसरे सोमवार को प्रातः से ही ॐ नमो शिवाय की गूंज सुनाई दी। सुबह होते की शिवालयों पर भारी भीड़ नजर आयी। हालत यह थी कि मन्दिर परिसर में पाव रखने की भी जगह नजर नहीं आ रही थी। सभी भक्तो ने भोलेनाथ का जल, दूध, दही, गंगाजल से अभिषेक किया तथा धतूरा, बेलपत्र, समीपत्र चढ़ाकर पूजन अर्चन किया। बम बम भोले के जयकारों से मन्दिर गुंजायमान रहे।

सावन माह के दूसरे सोमवार को सुबह से ही नगर के प्राचीन मन्दिरों में शिव भक्तों की भारी भीड़ नजर आयी।चारों ओर ॐ नमो शिवाय, हर–हर महादेव व बम बम भोले का उद्घोष सुनाई दे रहा था।सुबह से ही मन्दिरों में भारी भीड़ नजर आयी। हालत यह थी कि पांव रखने की भी जगह मन्दिरों में दिखाई नहीं दे रही थी।भीड़ को लेकर मन्दिर कमेटियों द्वारा सभी भोले भक्तों को लाइन से भेजा गया।जहां पर भक्तों ने भगवान भोले नाथ का जल, गंगाजल, दूध दही से अभिषेक कर भांग– धतूरा, विलपत्र तथा समीपत्र चढ़ाकर भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना की। नगर के प्रसिद्ध प्राचीन मन्दिर ठाद्देश्वरी मन्दिर, पातालेश्वर मन्दिर, भूतेश्वर भन्दिर, संकट माता मन्दिर, हुल्की माला मन्दिर के अलावा अन्य शिव मन्दिर पर भक्तो ने विधि विधान से भगवान शिव की पूजा अर्चना की।सुबह से लेकर देर रात तक पूजा पाठ का क्रम चलता रह।घरों पर भी भक्तो ने मिट्टी का शिव लिंग बनाकर पूजा– अर्चना कर मनवांछित फल पाने की अभिलाषा की।

## ऑल इंडिया चिटफंड कंपनी के निवेशको ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। ऑल इंडिया चिटफंड अभिकर्ता निवेशक संघ के बैनर तले अभिकर्ता और निवेशकों ने सोमवार को कलक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। इसमें चिटफंड कंपनियों की चल अचल संपत्ति जब्त करने और निवेशकों का पैसा लौटाने की मांग की गई। उन्होंने अभिकर्ताओं का उत्पीड़न रोकने जाने की मांग की।उन्होंने ज्ञापन मे मांग की है कि जिला स्तर पर एक कमेटी बनाकर पुलिस एजेंटों पर किए गए मुकदमे की जांच कराकर मुकदमे वापस करवाने की मांग की।

इस दौरान केके वर्मा, रामबाबू, सुरेश सिंह कुशवाहा, दर्शन सिंह, रामकेश, दुर्गाप्रसाद, शिवप्रताप, मानसिंह, विनोद सिंह, कंवद सिंह राना, मातादीन राठौर,पूरनलाल, राजेश कुमार, पहलाद प्रजापति, पंकज कुमार, नवाब सिंह,शकील अहमद आदि मौजूद रहे।

## बेला थानाध्यक्ष जीवाराम की कार्यशैली को क्षेत्र की जनता ने सराहा



अनुराग ठाकुर दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। बेला –थानाध्यक्ष जीवाराम अपने कार्यकाल को लेकर सुर्खियों में छाए हुए है। बेला क्षेत्र की जनता में कार्यशैली को लेकर उत्साह है! जनता ने बताया कि पहले से ज्यादा क्षेत्र में शांति का माहौल बना हुआ है! जिस प्रकार आय दिन चोरी ,डकैती जैसी घटनाएं हुआ करती थी! उन पर आज के समय को देखते हुए काफी अंकुश लगा हुआ है! ,जनता ने उन्हें बेहद मिलनसार एवं कुशल व्यवहारिक बताते हुए उनके दस माह के कार्यकाल की सराहना की !और कहा कि उन्होंने इतने से समय में अधिकांश मामले अपने व्यवहार से ही सुलझाए हैं। वहीं दूसरी तरफ तेज तर्रार महिला उपनिरीक्षक पूजा सोलंकी भी अपने कार्यकाल को ज्यादा समय ना होते हुए भी क्षेत्र की जनता से खूब सुर्खियां बटोर रही है! ,जनता ने कार्यशैली को लेकर खूब सराहना की जिससे जनता के दिलों पर राज कर रही है !वहीं पर पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार लगातार क्षेत्र में भ्रमण व रात्रि गश्त भी करते हुए नजर आते है।

## मुख्यमंत्री आरोग्य स्वस्थय मेला जिले के 30 ग्रामीण व छह शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया सीएमओ डॉ एन डी शर्मा



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला जिले के 30 ग्रामीण व छह शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित किया गया। इसमें 659 पुरुषों, 688 महिलाओं समेत 1603 रोगियों की जांच की गई थी। इसमें 256 बच्चे भी शामिल थे। सीएमओ डॉ एनडी शर्मा ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बघौरा में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का सवा दो बजे निरीक्षण किया। इसमें डॉ विशाल सचान, स्टाफ नर्स किरन राठौर, फार्मासिस्ट हिमांशु, एलटी सौरभ मिश्रा मौजूद मिले। जबकि वार्ड आया प्रीति अनुपस्थिति मिली। इसके अलावा मांडवी,मालती, शाशिबाला, माया देवी समेत चार एएनएम गैरहाजिर मिली। अनुपस्थिति कर्मचारियों का वेतन रोककर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया।

स्वास्थ्य मेले में 195 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। 35 लोगों की कोराना, 34 की मलेरिया जांच की गई। 25 रोगियों की हिपेटाइटिस, 12 की आखों का परीक्षण किया गया। 58 गर्भवती का परीक्षण किया गया। इनमें पांच को उच्च केंद्रों पर रेफर कर दिया गया। मेले में 94 बुखार, 198 लीवर संबंधी, 100 श्वसन संबंधी, 64 डायबिटीज, 336 त्वचा संबंधी, 19 खून की कमी, 53 उच्च रक्तचाप के रोगी देखे तथा उनको उपचार प्रदान किया गया।

# ऑनलाइन आवेदन करने वाले छात्र छात्राओं को पूरी जानकारी दी जाए जिलाधिकारी चांदनी सिंह





दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने छात्रवृत्ति के सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रधानाचार्यों के साथ राजकीय इंटर कॉलेज उरई के सभागार में बैठक की। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन करने से पहले छात्रो को इसके बारे में पूरी जानकारी दी जाए। जिससे उनके आवेदन पत्र गलत न हों और उन्हें छात्रवृत्ति मिलने में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि छात्रों द्वारा अपरिहार्य कारणों से छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन करते समय कुछ त्रुटि कर देते हैं जिसके कारण छात्रवृत्ति पाने से वंचित रह जाते हैं इसलिए जनपद के सभी विद्यालय प्रबंधतंत्र अपने अपने छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति संबंधी ऑनलाइन का विधिवत निरीक्षण करलें कि उनके द्वारा भरे गए फॉर्म में कोई त्रुटि न रहे और संबंधित प्रपत्र सलंग्न कराएं। ऑनलाइन आवेदन करने से पहले संबंधित को दिशा निर्देशों से अवगत कराएं जो बच्चे किसी पाठ्यक्रम में द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम वर्ष में अध्ययनरत हो और गत वर्ष में छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन किया गया हो उन्हें नवीनीकृत रिन्यूअल श्रेणी में ऑनलाइन आवेदन कराएं। छात्रों द्वारा ऑनलाइन ऑफलाइन आवेदन संबिट के बाद वंचित अभिलेखों सहित आवेदन पत्र को शिक्षण संस्था में जमा करने के बाद फॉरवर्ड किए जाने की कार्यवाही तत्काल की जाए विद्यालय में अभी तक जो फार्म पोर्टल पर उपलब्ध हो चुके हैं उसे तत्काल अग्रसारित कर दिए जाएं अपने स्तर पर न रोकें। उन्होंने छात्रवृत्ति ऑनलाइन फीडिंग में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई साथ ही संबंधित को निर्देशित किया कि छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन पत्र तेजी कराएं इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रामदत्त प्रजापति, प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी शिवम त्रिपाठी, राजकीय इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य रमेश चंद्र शर्मा सहित जनपद के समस्त प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# आदिवासी बेटी को सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंचा कर पीएम ने दिया दुनिया को संदेश : डॉ आरए. वर्मा



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा सुलतानपुर।भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित जिले की सभी तहसीलों एवं ब्लॉक कार्यालयों पर नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की तस्वीर लगवाई।आपको बता दें सोमवार को द्रौपदी मुर्मू ने देश की 15 वीं राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली है। नगर में मंडल अध्यक्ष आकाश जायसवाल के संयोजन में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सुपरमार्केट स्थिति नगर कार्यालय पर द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने पर खुशी मनाई।इस मौके पर जिलाध्यक्ष डा.आरए.वर्मा ने कहा आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सामाजिक न्याय दिख रहा है। प्रधानमंत्री ने इससे पहले रामनाथ कोविंद और अब दूर – सुदूर आदिवासी क्षेत्र की गरीब घर में पैदा हुई बेटी को भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंचा कर पूरी दुनिया को समरसता भरा यह संदेश दिया है कि भारत का लोकतंत्र इतना मजबूत है कि गरीब यहां सपने देख भी सकता है और उन्हें पूरा भी कर सकता है। उन्होंने कहा आज आदिवासी क्षेत्र से आने वाली सम्मानित शख्सियत द्रौपदी मुर्मू को भारत के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने पर देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है।इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपाई जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर जिलाधिकारी रवीश कुमार को एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर पहुंचकर क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र चतुर्वेदी को डीएम एवं एसपी ऑफिस में महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की तस्वीर लगवाने के लिए सौपी।इस मौके पर सहकारी बैंक अध्यक्ष विजय मिश्रा,नगर पालिका अध्यक्ष बबीता जायसवाल ,विजय त्रिपाठी,विजय सिंह रघुवंशी,धर्मेंद्र बबलू, आशीष सिंह रानू,चंदन नारायण सिंह ,अरूण द्विवेदी, अखिलेश जायसवाल, अजय सिंह लीडर,संतोष दुबे, प्रवीण मिश्रा, डा.रामचरित पांडे,सुनील मिश्रा, रवि श्रीवास्तव, राजकुमार सोनी, मोहित साहू, राजीव सिंह आदि मौजूद रहे।पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सदर विधानसभा में विधायक राज प्रसाद उपाध्याय के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष शेष कुमार सिंह,हरि शंकर वर्मा, शोभनाथ यादव, सभाजीत पांडे, प्रदीप दुबे, जगदंबा पांडे, रतनेश तिवारी, प्रदीप सिंह, हालापुर, रजनीश त्रिपाठी, प्रदीप दुबे आदि की मौजूदगी में उप जिलाधिकारी जयसिंहपुर को महामहिम राष्ट्रपति की फोटो कार्यालय में लगाने के लिए दी गई।वही मंडल अध्यक्ष दूबेपुर मनोज श्रीवास्तव एवं लोहरामऊ अध्यक्ष राम अभिलाख सिंह ने दुबेपुर विकासखंड में ब्लाक प्रमुख डिंपल सिंह व खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह को महामहिम राष्ट्रपति की फोटो कार्यालय में लगवाने के लिए सौपी। इस मौके पर संतोष सिंह, जंग बहादुर सिंह, गोविंद पांडे, जयप्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे। इसी तरह जिले की अन्य तहसीलों व विकासखंड मुख्यालयों पर भाजपाइयों ने महामहिम राष्ट्रपति की फोटो जिम्मेदार अधिकारियों को कार्यालयों में लगवाई।

## भारतीय किसान यूनियन के नेता व जिला उपाध्यक्ष सहित नेताओं ने सौंपा ज्ञापन



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट बाबा संदीप श्रीवास्तव। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रवादी के जिला उपाध्यक्ष बाबा संदीप श्रीवास्तव के नेतृत्व में दियरा पावर हाउस केंद्र पर प्रदर्शन कर जेई अनिल यादव को ज्ञापन सौंपकर रजपालगंज मैधन 25 केवी ट्रांसफार्मर जो 1 माह से जला पड़ा हुआ है उसे अविलंब ठीक करा या जाए तथा विद्युत सप्लाई में सुधार करने की बात की गई जिस पर जेई अनिल यादव ने जल्द विद्युत समस्या को ठीक कराने का आश्वासन किसान नेता को दी जिस पर प्रदर्शन समाप्त किया गया प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष बाबा संदीप श्रीवास्तव ने जिला प्रशासन पर किसानों की बात ना सुनने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन किसानों के जनसमस्याओं के प्रति उदासीन रवैया अपना रहा है जिसका जीता जागता उदाहरण रजपाल गंज मे लगा 25 केवी ट्रांसफार्मर जो विगत 1 माह से जला पड़ा हुआ है जबकि इस जले ट्रांसफार्मर से कई गांव जैसे नेवरा रजपाल गंज मैधन सहित अन्य गांव में भी विद्युत सप्लाई होती है वही गांव की 2000 जनता रात के अंधेरों में रहने को मजबूर है जबकि इसकी शिकायत संगठन व ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से बार–बार की परंतु विभागीय उदासीनता के चलते जले ट्रांसफार्मर को अभी तक ठीक नहीं कराया गया जिससे मजबूर होकर आज विद्युत उप केंद्र दियरा पर प्रदर्शन करना पड़ा इस मौके पर ओम प्रकाश अग्रहरि संतोष अग्रहरी दिलीप अग्रहरी मनोज कुमार राजन विनय सचिन अग्रहरी बाबूलाल अखिलेश अग्रहरि नीरज अग्रहरि सूरज अनिल राजेश विकास महावीर घनश्याम शिवम सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# परिषदीय शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निदान के संदर्भ में संघ का प्रतिनिधि मंडल बी एस ए से मिला



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा सुल्तानपुर। परिषदीय शिक्षको के विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के संदर्भ में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा जनपद सुल्तानपुर का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष ध्मांडलिक मंत्री अयोध्या दिलीप पांडेय के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती दीपिका चतुर्वेदी से मिला ।प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों के ऊपर लादे जा रहे गैर–शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

जनपदीय प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि संघ ने शिक्षको की विभिन्न प्रकार की लंबित समस्याओं जैसे – नवनियुक्त शिक्षको के प्रमाणपत्रों का सत्यापन, अवशिष्ट वेतन आदेश, सत्यापन के उपरांत जमा मूल अभिलेखों को वापस किया जाना, प्रोन्नत वेतनमान, पदोन्नति हेतु शिक्षको की वरीयता सूची का प्रकाशन किए जाने। डी0 बी0 टी0 में शिक्षको का यथोचित सहयोग करने के बाद भी अनावश्यक दबाव न बनाया जाने, खण्ड शिक्षाधिकारियो द्वारा कतिपय शिक्षको को साथ में लेकर विद्यालयों का भ्रमण न किए जाने तथा कुछ शिक्षको का खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय पर अनावश्यक व सतत उपस्थिति इत्यादि की तरफ आकर्षित कराते हुए इसपर प्रभावी कार्यवाही करते हुए पारदर्शी, त्वरित व समयबद्ध निस्तारण किया जाने का अनुरोध किया। जिससे शिक्षक शासन की मंशानुरूप और भी समर्पण तथा मनोयोग से कार्य सम्पादन करते हुए शासन और विभाग द्वारा निर्धारित दायित्वों को संपादित कर सकें। बीएसए महोदय ने सभी मांगों पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए कार्यालय व्यवस्थित होने के बाद निस्तारण का भरोसा दिलाया तथा शिक्षकों से विभागीय दायित्वों के निष्पादन हेतु तन मन से जुड़ जाने का आवाहन किया प्रतिनिधिमंडल में जिला मंत्री डॉ एच बी सिंह, संयुक्त मंत्री प्रशांत पांडेय ,प्रवक्ता निजाम खान, जिला उपाध्यक्ष विनोद यादव, और राम बहादुर मिश्रा डॉ रीतेश सिंह समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सीमा बल ने साइकिल रैली और दौड़ का किया आयोजन, छात्र समेत ग्रामीणों में भारी उत्साह चल रहा हर घर तिरंगा अभियान

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। कोरैया सशस्त्र सीमा बल के 71वीं वाहिनी के सहायक सेनानायक अंसल श्रीवास्तव के नेतृत्व में आजादी के 75 वर्ष में अमृत महोत्सव के उपलक्ष में "हर घर तिरंगा" अभियान को सफल बनाने के लिए साइकिल रैली और दौड़ इसके संरक्षण की जिम्मेदारी सशस्त्र सीमा बल के 71वीं वाहिनी के जवानों ने ली है। जिससे पौधों का संरक्षण किया जा सके तथा पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में सशस्त्र सीमा बल के 71वीं वाहिनी के जवानों का विशेष योगदान हो सके। सहायक सेनानायक अंसल श्रीवास्तव ने बताया कि





का आयोजन किया गया है। बता दें कि ये आयोजन सीमावर्ती क्षेत्र मैं सशस्त्र सीमा बल के 71 वी वाहिनी के कोरैया कैंप के जवानों द्वारा किया गया है। जिसमें बड़े पैमाने पर नवर्ती गांव के छात्रों तथा आम नागरिकों में काफी उत्साह देखा गया और वह काफी बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे। इसके साथ ही "चंपा से चंपारण तक " तथा विलुप्त हो रहे लोकप्रिय गौरैया प्रजाति के संरक्षण के लिए भी विशेष रुप से ग्राम वासियों को जानकारी दी गई। सहायक सेनानायक अंसल श्रीवास्तव ने बताया कि चंपा पौधों को कोरैया कैंप के पास ही लगवाया गया है। तथा पर्यावरण को स्वच्छ बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसके लिए सशस्त्र सीमा बल के 71 वीं वाहिनी के जवान हमेशा तैयार रहते हैं। इसके साथ ही ग्राम वासियों को समय–समय पर सहायक सेनानायक अंसल श्रीवास्तव के द्वारा जल जीवन हरियाली के बारे में तथा स्वच्छता के बारे में समझाया जाता है। आजादी के महत्व को छात्रों को समझाया गया तथा देश को आजाद कराने में शहीद हुए वीर शहीदों के बारे में जानकारी दी गई। वहीं मौके पर सहायक सेनानायक अंसल श्रीवास्तव, कोरैया पंचायत के मुखिया के साथ ग्रामवासी मौजूद थे।

## आईएमए कोसी प्रमंडल का वार्षिक सम्मेलन : आयोजन

(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल) सुपौल। सदर अस्पताल के ऑडिटोरियम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कोसी डिवीजन के द्वारा साइंटिफिक व्याख्यान एवं एसोसिएशन से संबंधित कार्य को लेकर रविवार को प्रथम वार्षिक सम्मेलन आयोजन किया गया । आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में आई एम ए के पूर्व उपाध्यक्ष डाक्टर कैप्टन विजय शंकर सिंह , वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सहजानंद सिंह , आईएमए बिहार के अध्यक्ष डॉ डीएस सिंह , सेक्रेटरी डॉ अशोक कुमार ,आईएमए कोशी डिवीजन के अध्यक्ष डॉक्टर एसएन यादव, कांफ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग कमिटी के चेयरमैन डॉ राजाराम गुप्ता ,डॉक्टर ओपी अमन , रिसेप्शन कमिटी के चेयरमैन डॉक्टर बीआर दास सहित कोसी क्षेत्र के गणमान्य चिकित्सक कॉन्फ्रेंस में भाग लिए कोस डिवीजन के सेक्रेटरी सह कार्यक्रम के आयोजक डॉक्टर जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस कांफ्रेंस का मुख्य उद्देश्य चिकित्सकों के बीच में वैज्ञानिक चिकित्सा विधि जिसमें चिकित्सा से संबंधित नए–नए आयामों के बारे में जानकारी को साझा करना है चिकित्सा विज्ञान में होने वाले नए–नए आविष्कार एवं इलाज के नए तरीकों पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही कोसी क्षेत्र चिकित्सीय योगदान को और बढ़ाने , क्षेत्र में कार्यरत सभी चिकित्सक के बीच आपसी सामंजस्य स्थापित करने एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के कोसी डिवीजन को और मजबूत करने पर भी चर्चा की गई।

## थाने में घुसकर महिला दरोगा की चप्पल से पिटाई पिटाई करने वाली दोनों बहने हुई गिरफ्तार

☒ (रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पटना। पटना के रामकृष्णा नगर थाने में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब दो बहनों ने महिला दारोगा की थप्पड़ और फिर चप्पल से पिटाईकर दी. यही नहीं दोनों युवतियों की मां जब पुलिस स्टेशन पहुंची तो वो भी पुलिस वालों की वर्दी उतरवाने की घमकी देने लगी. इस तरह की हरकत को देखकर थाने की



पुलिस दंग रह गई। जानकारी के मुताबिक, दोनों बहनें अदिति कुमारी और सोनाली कुमारी कंकड़बाग थाना क्षेत्र के पीसी कालोनी की रहने वाली हैं. दोनों आटो से बाईपास से अपने घर जा रही थी। ☒ तभी बाइक सवार दो बदमाश मोबाइल छीनकर फरार हो गए. दोनों बहनों ने कुछ दूरी तक बदमाशों का पीछा किया, लेकिन वो उसे पकड़ने में कामयाब नहीं हो सकी. इसके बाद दोनों रामकृष्णा नगर थाने में चोरी की शिकायत लेकर पहुंची। आरोप है कि शिकायत सुनने के बाद महिला दारोगा उन्हें कंकड़बाग थाने में जाने को कहा. इस बात से नाराज बहनों ने एसआइ अंकिता की पिटाई कर दी. पुलिस ने थाने में घुसकर दरोगा के साथ मारपीट करने का आरोप में दोनों बहनों को थाने में ही बैठा लिया. घटना की सूचना मिलने पर दोनों की मां भी थाने में पहुंचकर पुलिस को धमकी देने लगी। जिसके बाद पुलिस ने दोनों बहनों को गिरफ्तार कर लिया।

## अंसल श्रीवास्तव के नेतृत्व में हर घर झंडा तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण । आजादी के 75 वर्ष के मौके पर सीमा बल के 71 वी वाहिनी के सहायक सेनानायक अंसल श्रीवास्तव के नेतृत्व में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।सशस्त्र सीमा बल के 71 वी वाहिनी के सहायक सेनानायक अंसल श्रीवास्तव के नेतृत्व में आजादी के 75 वर्ष मे अमृत महोत्सव के उपलक्ष में ष्हर घर तिरंगा ष अभियान को सफल बनाने के लिए आज सीमावर्ती क्षेत्र मैं सशस्त्र सीमा बल के 71 वी वाहिनी के कोरैया कैंप के जवानों के द्वारा साइकिल रैली, मोटर साइकिल रैली तथा दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़े पैमाने पर नवर्ती गांव के छात्रों तथा आम नागरिकों में काफी उत्साह देखा गया और वह काफी बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके साथ साथ चंपा से चंपारण तक तथा विलुप्त हो रहे लोकप्रिय गौरैया प्रजाति के संरक्षण के लिए भी विशेष रुप से ग्राम वासियों को जानकारी दी गई द्य सहायक सेनानायक अंसल श्रीवास्तव ने बताया कि चंपा पौधों को कोरैया कैंप के पास ही लगवाया गया है तथा इसके संरक्षण की जिम्मेदारी सशस्त्र सीमा बल के 71 वी वाहिनी के जवानों ने ली है जिससे पौधों का संरक्षण किया जा सके तथा पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में सशस्त्र सीमा बल के 71 वी वाहिनी के जवानों का विशेष योगदान हो सके। सहायक सेनानायक अंसल श्रीवास्तव ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है




इसके लिए सशस्त्र सीमा बल के 71 वी वाहिनी के जवान हमेशा तैयार रहते हैं साथ ही ग्राम वासियों को समय–समय पर सहायक सेनानायक अंसल श्रीवास्तव के द्वारा जल जीवन हरियाली के बारे में तथा स्वच्छता के बारे में समझाया जाता है। इसके साथ ही आजादी के महत्व को छात्रों को समझाया गया तथा देश को आजाद कराने में शहीद हुए वीर शहीदों के बारे में जानकारी दी गइ। मौके पर सहायक सेनानायक अंसल श्रीवास्तव, कोरैया पंचायत के मुखिया के साथ ग्रामवासी मौजूद थे ।

## विकासशील इंसान पार्टी के जिला कार्यालय अगरवा मोतिहारी में वीरांगना फूलन देवी की 22 वी शहादत दिवस मनाया गया



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। विकासशील इंसान पार्टी के जिला कार्यालय अगरवा मोतिहारी में वीरांगना फूलन देवी की 22 वी शहादत दिवस मनाया गया, जहां पर सैकड़ों वीआईपी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे। वीआईपी पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारी गण के द्वारा फूलन देवी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका शहादत दिवस मनाया गया , इस मौके पर दर्जनों पदाधिकारी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री अशोक कुमार सहनी तथा मंच संचालन जिला युवा अध्यक्ष श्री अजय कुमार चौधरी ने किया। मंच को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री अशोक कुमार सहनी ने बताया कि वीरांगना फूलन देवी गरीब परिवार में जन्मी एक ताकतवर महिला थी। जुल्म अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वाली क्रांतिकारी महिला थी।

स्वयं पर हुए अत्याचार का बदला स्वयं लिया, हमें आज सीख लेना चाहिए। वही जिला युवा अध्यक्ष अजय कुमार चौधरी ने बताया कि वीरांगना फूलन देवी निषाद परिवार में जन्मी एक बहादुर महिला थी,सड़क से संसद तक सफर कर एक मिसाइल काम किया। और जंगल में भी रहकर अपनी जमीर की लड़ाई लड़ती रही,वहीं कुछ लोगों को आंख की कांटा लगने लगी साजिश रच कर उनकी हत्या कर दी गई। लेकिन आज भी जिंदा है फूलन हमारे माता बहनों के संघर्षों में। वही महिला नेत्री श्रीमती निर्मला सहनी ने बताई की वीरांगना फूलन देवी महिलाओं की लड़ाई लड़ने के लिए संकल्पित नारी थी। परंतु कुछ लोगों को देखा नहीं गया अंत में उनकी हत्या धोखा से कर दिया गया।मैं सरकार से मांग करती हूं कि फूलन के हत्यारों को फांसी की सजा दिया जाए। मौके पर जिला उपाध्यक्ष मनोज सहनी,जिला सचिव सुमन सहनी, जिला सचिव जय श्री सहनी, जिला मीडिया प्रभारी संजय सहनी, जिला सचिव कृष्णा सहनी, जिला उपाध्यक्ष रुदल सहनी, जिला उपाध्यक्ष संतोष सहनी,जिला पार्षद मनोज सहनी, श्याम सहनी,साहेब सहनी,चंदन सहनी,प्रदीप सहनी,जिला सचिव कामेश्वर मुखिया,दीपक सहनी सहनी,सरवन कुमार, धर्मेंद्र कुमार,राजेश,राजेंद्र कुमार, बृजेश सहनी,रामाकांत सहनी, सिकंदर सहनी,विकास कुमार, मन्नू कुमार, बुलेट कुमार गुड्डू सहनी,सुभाष सहनी,मुन्ना कुमार,धनंजय कुमार निषाद, रामू कुमार निषाद,रविंद्र कुमार, पकड़ी दयाल प्रखंड अध्यक्ष चंदेश्वर कुमार, मधुबन प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार, पताही प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सहनी,तेतरिया प्रखंड अध्यक्ष श्री उमेश यादव,कोटवा प्रखंड अध्यक्ष अनिल सहनी, कल्याण पुर प्रखंड अध्यक्ष नरेश सहनी, अर्जुन सहनी,आदि मौके पर उपस्थित थे।

## देश की 15 वीं राष्ट्रपति बनी द्रौपदी मुर्मू चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने दिलाई शपथ

(प्रदीप कुमार सिंह दैनिक अयोध्या टाइम्स तुरकौलिया। इस शुभ अवसर पर उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई वरिष्ठ नेता एवं मंत्री रहे मौजूद ! नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू आज देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की शपथ ली! संसद के केंद्रीय कक्ष में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया मौके पर उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई वरिष्ठ नेता एवं हस्तियां मौजूद रहे! प्रधान न्यायाधीश एनवी रामना द्रौपदी मुरमू को राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने शपथ लेने के बाद संबोधन की शुरुआत जोहार नमस्कार से की उन्होंने कहा मैं भारत के समस्त नागरिकों की आशा आकांक्षा और अधिकारों की प्रतिष्ठित पवित्र संसद से सभी देशवासियों का पूरी विनम्रता से अभिनंदन करती हूं आप की आत्मीयता विश्वास और आपका सहयोग मेरे लिए इस नए दायित्व को निभाने में मेरी बहुत बड़ी ताकत होंगे मुझे राष्ट्रपति के रूप में देश ने एक ऐसे महत्वपूर्ण कालखंड में चुना है जब हम अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं आज से कुछ दिन बाद ही देश अपने स्वाधीनता के 75 वर्ष पूरे करेगा उन्होंने कहा भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर निर्वाचित करने के लिए मैं सभी सांसद और सभी विधानसभा सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त करती हूं आपका मत देश के करोड़ों नागरिकों के विश्वास की अभिव्यक्ति है शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सुबह करें 10:15 बजे संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित हुआ मुर्मू का राष्ट्रपति बनना कई लिहाज से ऐतिहासिक अवसर है।



वह देश की 15वीं और पहली आदिवासी राष्ट्रपति बनी वही आजादी के 75 में साल में द्रौपदी मुर्मू देश के दूसरी महिला राष्ट्रपति बन गई द्रौपदी मुर्मू शपथ ग्रहण करने से पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की यहां रामनाथ कोविंद और उनकी पत्नी सविता कोविंद ने निर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी वही सुबह करीब 8:20 बजे निर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू शपथ ग्रहण से पहले अपने आवास से राजघाट पर पहुंची और यहां बापू को नमन की! मोतिहारी पूर्वी चंपारण के तुरकौलिया प्रखंड के श्री प्रदीप कुमार सिंह प्रखंड संवाददाता राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स तुरकौलिया पूर्वी चंपारण एवं तुरकौलिया प्रखंड के तमाम जनता की तरफ से राष्ट्रपति को हार्दिक अभिनंदन एवं शुभकामनाएं।

## मशरक में विद्युत उर्जा चोरी के विरुद्ध विद्युत अभियंता ने प्राथमिकी कराया दर्ज

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक (सारण)। मशरक प्रखंड अंतर्गत बहुआरा गांव में विद्युत चोरी कर बिधूत की लाभ लेने की शिकायत कुछ ग्रामीणों के द्वारा विद्युत विभाग में किया गया था। विद्युत विभाग के अभियंता अपने टीम के साथ छानबीन करने पहुंचे तो यह बात सही पाया गया। बहुआरा ग्राम के मछली पालक ललन महतो पित्ता अच्छे लाल महतो अपने लिए गए किराए के पोखरे में विद्युत पोल से खराब गुणवत्ता की तार के माध्यम से जमीन से संपर्क करते हुए पोखरे के पास विद्युत ले जाया गया था, पोखरी के चारों तरफ घेरे गए तार में विद्युत संपर्क दिया गया था, जिसके कारण तार से संपर्क होने पर एक बकरी की मृत्यु हो गई थी। ग्रामीणों का शिकायत सही पाया गया, विद्युत चोरी के करने के कारण विद्युत विभाग को 16 हजार 41 रुपया का नुकसान हुआ है। विद्युत विभाग के अभियंता विक्रम कुमार ने मशरक थाना में एक लिखित आवेदन देकर बहुआरा गांव निवासी मछली पालन ललन महतो पिता अच्छेलाल महतो पर विद्युत चोरी के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है।

## सावन के दूसरे सोमवारी को भी समस्तीपुर जिले के हर एक मंदिरो में अधिक संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल समस्तीपुर जिले के थानेश्वर स्थान, विद्यापतिधाम, बाबा, खुदनेश्वर स्थान, सर्वेश्वर धाम सहित विभिन्न शिव मंदिरों में सावन की दूसरी सोमवारी पर श्रद्धालुओं की भारी–भीड़ जलाभिषेक के लिए उमड़ी। सुबह से ही मंदिर के अंदर से लेकर बाहर तक श्रद्धांलुओं की लंबी–लंबी कतार देखी गई। लगभग डेढ़ लाख से ऊपर श्रद्धांलुओं ने बाबा भोलेनाथ को गंगा जल चढ़ाया। सभी मंदिरो पर सुरक्षा–व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम सोमवारी को ले कर किया गया है। जगह– जगहों पर पुलिस व मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। वही जिला मुख्यालय सहित दलसिंहस राय, पटोरी, रोसड़ा अनुमंडल में एसडीओ, एसडीपीओ, सीओ, बीडीओ सुरक्षा का जायजा लेते दिखे। बताते चलें कि बीते दो साल से कोरोना काल में मंदिर बंद रहने से इस बार श्रद्धालु ज्यादा संख्या में जलार्पण के लिए पहुंच रहे हैं। पूरा मंदिर परिसर बोलबम के नारा से गूंज रहा है। चारों तरह केवल शिवभक्त ही दिखाई दे रहे है। वहीं कई मंदिर में छोटे–छोटे बच्चे भी अपने मस्तक पर शिव की उजली लकीर बनाए शिव भक्ति में लग्न थे।

# संक्षिप्त समाचार

### मधुबन विधानसभा फेनहारा मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष जनसंघी देवेंद्र बाबू का निधन हो गया,उनकी व्यक्तित्व प्रेरणादायक : राणा रंधीर सिंह

मधुबन। मधुबन भाजपा कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। मधुबन विधानसभा के फेनहारा मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष जनसंघी देवेंद्र बाबू का निधन हो गया,उनकी व्यक्तित्व काफी प्रेरणादायक रहा है। बिहार सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री सह मधुबन विधानसभा के माननीय विधायक



राणा रंधीर सिंह ने कहा कि देवेंद्र बाबू की मृत्यु से भारतीय जनता पार्टी को बहुत बड़ी भारी क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि देवेंद्र बाबू ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने बिना धनबल उपयोग किए चुनाव जीतने की विधि को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करते थे। उन्होंने बताया कि देवेंद्र बाबू को अगर कोई एक बार सहयोग कर देता तो वो उनकी प्रशंसा बार बार किया करते थे। सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक कैसे पहुंचाई जाए उस दिशा में उन्होंने बराबर कदम उठाने का कार्य किया करते थे। मधुबन भाजपा कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा विश्व हिंदू परिषद के पूर्वी चंपारण जिला उपाध्यक्ष अंशु कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति रही।

### 75 वां आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जिले में मनाया जाएगा बिजली महोत्सव

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में कल 26 जुलाई 2022 को शाम 3:00 बजे से 5:00 बजे तक एवं 29 जुलाई 2022 को पुनौरा धाम में शाम 3:00 बजे से 5:00 बजे तक 75 वां आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जिले में मनाया जाएगा बिजली महोत्सव कार्यक्रम जिसमें जिले में एवं देश में बिजली के सुदृढ़ स्थिति को नुक्कड़ नाटक, फिल्म प्रदर्शन एवं अन्य माध्यमो से प्रचार–प्रसार कर आमजनों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही इस कार्यक्रम में विद्युतीकरण और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए कार्यों से संबंधित बिंदुओं पर प्रकाश डाला जाएगा। एवं विद्युत के क्षेत्र में हासिल उपलब्धियों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। जिसमें जिले के सभी गणमान्य अतिथि, जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, अधीक्षण अभियंता विद्युत आपूर्ति अंचल मुजफ्फरपुर, जिला नोडल पदाधिकारी एनटीपीसी काटी एवं अन्य संबंधित विभाग के पदाधिकारी कर्मचारी उपस्थित होंगे।

### प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी किशोरी प्रसाद राय को 50000 घूस लेते निगरानी की टीम ने दबोचा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी किशोरी प्रसाद राय को 50000 घूस लेते निगरानी की टीम ने दबोचा। परिहार प्रखंड के बीईओ 50,000 घूस लेते गिरफ्तार बीईओ का नाम किशोरी प्रसाद राय है।बीईओ किशोरी प्रसाद राय की गिरफ्तारी से सरकारी महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। सरकार के द्वारा सरकारी अधिकारियों



एवं कर्मचारियों पर इतने तीव्र गति से कार्रवाई की जा रही है, किसी को कानों कान तक खबर नहीं मिल पाती है और भ्रष्ट अधिकारी गिरफ्तार किए जाते हैं। फिर भी ऐसे अधिकारी हैं जो अपने आप में कभी सुधार लाने की दिशा में कदम उठाने को अग्रसर नहीं होते, इनका मंसूबा पदाधिकारी का चादर ओढ़ कर धनार्जन करना होता है। जिसका खामियाजा ऐसे भ्रष्ट घूसखोर पदाधिकारी को मिलना स्वभाविक होता है।

### वज्रपात से मृतक श्री रामचंद्र पासवान की पत्नी सरस्वती देवी को 400000 का चेक सौंपा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वी चंपारण। अपर समाहर्ता आपदा, श्री अनिल कुमार के द्वारा संग्रामपुर अंचल में दिनांक 9 जुलाई 2022 को वज्रपात से मृतक श्री रामचंद्र पासवान, पिता, स्वर्गीय, ढोढाई पासवान, ग्राम नौतन , जिला पूर्वी चंपारण,मृतक के निकटतम परिजन सरस्वती देवी( पत्नी) को चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान राशि का चेक प्रदान किया गया।

### केसरिया केसरनाथ महादेव मंदिर में दुसरी सोमवारी को भक्तों ने किया जलाभिषेक

- हर हर महादेव के नाम से गूंजता रहा परिसर


दैनिक अयोध्या टाइम्स केसरिया अभिषेक कुमार। पूर्वी चम्पारण मोतिहारी समेत केसरिया केसरनाथ महादेव मंदिर में जलाभिषेक को लेकर हजारों–हजार की संख्या में आए श्रद्धालु भक्त श्रावण मास के दुसरे सोमवारी को भगवान भोलेनाथ पर जल चढ़ाए,और आशीर्वाद प्राप्त कर दर्शन



किए।तो वही सावन के पवित्र माह पर बोल बम के नारे भी जगह–जगह सुनाई देती रहती है,तो वही इसको लेकर जिले भर में भी पुलिस प्रशासन चुस्त–दुरुस्त है,ताकि किसी प्रकार का कोई घटना दुर्घटना नही हो।तो वही ज्योतिषाचार्य सह अध्यात्मगुरु डॉक्टर बाल्मीकि प्रसाद जी ने बताया की सावन माह के इस पावन पवित्र महिने पर भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करना शुभ व फलदायी माना गया है,जिससे हर भक्तों का मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

## सावन की दूसरी सोमवारी पर भोलेनाथ के मंदिर में श्रद्धालुओं का भिड़ देखा गया

साहिल कुमार सिंह (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार)। कटिहार जिला अंतर्गत बरारी प्रखंड के दूसरी सोमवारी को सोनाखाल शिव भक्तों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है यहां दूर–दूर से श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ को जलार्पण करने के लिए आते हैं सावन का महीना शिव आराधना के लिए खास माना जाता है धर्म शास्त्रों के अनुसार इस माह भगवान शिव की आराधना और जलाभिषेक के विशेष फल प्राप्त होता है तथा जीवन की समस्याएं समाप्त हो जाती है सावन में सोमवार का विशेष महत्व है इसी कारण शिवालय में सोमवार के दिन विशेष भीड़ भाड़ देखे जाते हैं सावन की दूसरी सोमवारी पर सोनाखाल में हजारों श्रद्धालुओं के आने की संभावना रहती है गौरतलब है कि पिछले दो वर्षों से कोरोना गाइडलाइन के जिला प्रशासन ने सभी मंदिरों को सावन महीनों में बंद रखने का आदेश दिया था जिस कारण श्रद्धालुओं को पूजा–अर्चना करने से वंचित रहना पड़ा था इसी कारण कयास लगाए जा रहे हैं की दूसरी सोमवारी पर मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमर सकती है सोमवारी के मधेनजर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है लोगों को पूजा अर्चना करने में परेशानी ना हो इसके लिए मंदिर प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्था की गई है समाजसेवियों एवं गैर सरकारी संगठन के द्वारा भी शीतल जल एवं नींबू पानी की व्यवस्था की गई है स्थानीय प्रशासन के द्वारा मंदिर परिसर में आने वाले लोगों के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं संपूर्ण मंदिर परिसर की सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखा गया है ताकि कोई अप्रिय घटना ना घटे इसके अलावा एवं मुख्य द्वार पर पुलिस तैनात है।



## ऊर्जा विभाग द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन 27 जुलाई को किशनगंज,29 जुलाई को बहादुरगंज में किया जाएगा

☒ उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य ऊर्जा 2047, कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। विद्युत क्षेत्र देश के विकास की धुरी है और आजादी के अमृत महोत्सव के इस अवसर पर देश और विशेषतः बिहार में विद्युत क्षेत्र में हुई उपलब्धियों को सांझा करने के लिए उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य ऊर्जा/2047, कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत उज्जवल भविष्य का आयोजन 25 से 30 जुलाई के बिहार के समस्त जिलो में जिला प्रशासन के नेतृत्व में किया जाएगा द्यदेश के 733 जिलो के लगभग 1546 स्थानों पर यह उत्सव मनाया जाएगा।जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में एवं एनटीपीसी कहालगांव के संचालन में 27 जुलाई को टाउन हॉल किशनगंज एवं 29 जुलाई को सदभाव मंडप, बहादुरगंज में उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य" के तहत बिजली महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है द्य कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार तथा राज्य सरकारों द्वारा आजादी से अब तक ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विकास एवं भविष्य में प्राप्त होने वाली विकास की सम्भावनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा तैयार की गयी लघु फिल्म एवं विडियो का भी प्रसारण किया जाएगा द्य जिसके माध्यम से पिछले 08 वर्षों में बिजली के क्षेत्र में देश एवं प्रदेश के बहुत सी महत्वपूर्ण उपलब्धियों को सबके समक्ष सांझा किया जाएगा। आयोजन में ऊर्जा विभाग से संबन्धित विषय जैसे ऊर्जा संरक्षण, विद्युतीकरण से मानव जीवन में परिवर्तन, नुक्कड़ नाटक आदि की प्रस्तुति दी जाएगी।

## मशरक के युवक को मुंबई में फिल्म क्षेत्र में बेहतर निर्देशक के लिए मिला दादा साहेब फाल्के पुरस्कार , गांव में खुशी

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स की रिपोर्ट सारण से मशरक (सारण)। भारतीय सिनेमा के क्षेत्र में दिए जाने वाला दादा साहब फाल्के पुरस्कार छपरा जिला के मशरक थाना क्षेत्र के बाबू के छपिया गांव निवासी ओम प्रकाश सिंह के पुत्र सुमित कुमार सिंह को तुम बिन–द पूनम झावर शो के लिए वर्ष के सर्वश्रेष्ठ ओटीटी वेब सीरीज निर्देशक के लिए दिया गया। पुरस्कार मिलते ही गांव समेत प्रखंड में खुशी की लहर दौड़ गई परिवार के लोगों ने सोमवार को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। पिता ओम प्रकाश सिंह जो ग्रामीण स्तर पर दवा व्यापारी हैं उन्होंने बताया कि सुमित दो भाईयों ने बड़ा है और ग्रामीण स्तर पर प्रारंभिक शिक्षा कर मुजफ्फरपुर लंगट सिंह महाविद्यालय से उच्च डिग्री प्राप्त कर फिल्म क्षेत्र में मुंबई चला गया जहां उसने दर्जनों फिल्में बनाई हैं वही उसकी मुंबई में एंड कंपनी भी हैं। भारतीय सिनेमा के पितामह को समर्पित, दादा साहब फाल्के उत्कृष्टता पुरस्कार हर साल मनोरंजन उद्योग को विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने के लिए दिए जाते हैं वेब श्रृंखला तुम बिन द पूनम झावर शो प्रभावी रूप से उस प्रेम की गतिशीलता पर ले जाती है जो एक महिला महसूस करती है जब वह अपने जीवन में अपने सपनों के चरित्र को याद करती है। यह अपने सपनों के प्रेमी के बारे में एक खूबसूरत लड़की की कल्पना की तरह है और अपने सपनों के प्यार को खोजने के लिए अपनी यात्रा में




चरित्र द्वारा सामना किए गए प्यार में कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। मुख्य किरदार खूबसूरत अभिनेत्री पूनम झावेर ने निभाया है और उन्होंने किरदार के साथ न्याय किया है। प्रसिद्ध भारतीय अंतरराष्ट्रीय अभिनेता, कबीर बेदी से पुरस्कार प्राप्त करने के बाद फोन पर निर्देशक सुमित कुमार सिंह ने कहा, ष्मैं इस वर्ष के सर्वश्रेष्ठ ओटीटी निदेशक के लिए दादा साहेब फाल्के उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए मुझ पर विचार करने के लिए सभी जूरी सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं।ष कबीर बेदी सर जैसे उद्योग जगत के दिग्गजों से पुरस्कार प्राप्त करने से मुझे और अधिक सार्थक काम करने की प्रेरणा मिलेगी। जल्द ही वे गांव आएंगे।

## 25 जुलाई से 30 जुलाई तक उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य पॉवर 2047 के रूप में समारोहपूर्वक मनाया जा रहा है

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पूरे देश में 25 जुलाई से 30 जुलाई तक ष्उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य पॉवर / 2047ष के रूप में समारोहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बिहार के पूर्वी चम्पारण जिले में षबिजली महोत्सवष समारोह का आयोजन जिला प्रशासन के समन्वय से एनटीपीसी एवं ऊर्जा विभाग बिहार सरकार द्वारा दिनांक 27 जुलाई को मुंशी सिंह महाविद्यालय मोतीहारी एवं 29 जुलाई को पंडित दिनदयाल उपाध्याय कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री, पीपराकोठी में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उपरोक्त कार्यक्रमों में माननीय श्री प्रमोद कुमार, मंत्री, गन्ना उद्योग एवं विधि विभाग बिहार सरकार, मुख्य अतिथि होंगे। एनटीपीसी के जिला नोडल अधिकारी श्री यु पी सुमन एवं विद्युत विभाग, मोतीहारी के कार्यपालक अभियंता श्री प्रेम राज ने बताया की कार्यक्रम के दौरान बैनर, पोस्टर ,ऑडियो वीडियो विजुअल फिल्म, नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ऊर्जा के क्षेत्र में विभिन्न उपलब्धियों एवं योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। समस्त जनप्रतिनिधियों, नागरिकों,विद्युत उपभोक्ताओं,प्रबुद्धजनों, समाज सेवी संस्थाओं, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से अपील है कि कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता देकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।



## जिलाधिकारी,श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में नगर निगम, मोतिहारी के कार्य प्रगति से संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिलाधिकारी,श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में नगर निगम, मोतिहारी के कार्य प्रगति से संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि शहर की साफ सफाई, अतिक्रमण हटाने, जलजमाव को रोकने एवं नाला उड़ाही कार्य में प्रगति लाएं। शहर भर में लाइटिंग की व्यवस्था, डंपिंग यार्ड की व्यवस्था, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन आदि विषय पर संबंधित पदाधिकारी के साथ विस्तृत चर्चा की गई एवं उन्होंने आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोतीझील में स्वच्छ पानी की अनवरत धारा प्रवाह बनाए रखने के लिए धनौती नदी के मुहाने से अतिक्रमण हटाया जाए । मोतीझील की सौन्दर्यता फाउन्टेन लाइट्स से बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि फ्लोटिंग रेस्टुरेंट , पार्क डेवलपमेंट ,जेड सी वोट की व्यवस्था कर मोतीझील को और सुंदर बनाया जाएगा। इस अवसर पर अपर समाहर्ता आपदा, नगर आयुक्त मोतिहारी, सिविल सर्जन , कार्यपालक अभियंता डूडा सिटी मैनेजर, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा आदि उपस्थित थे।

## शोक सभा का किया गया आयोजन

राकेश कुमार सिंह दैनिक अयोध्या टाइम्स मधुबन पूर्वी चंपारण। फेनहारा के भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह के निधन पर मधुबन स्थित भाजपा विधानसभा कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में उपस्थित गणमान्य ने 2 मिनट का मौन धारण कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सहकारिता मंत्री सह स्थानीय विधायक राणा रणधीर ने कहा कि फेनहारा प्रखंड के टेवसा ग्राम निवासी देवेंद्र सिंह के निधन पर मैं मर्माहत हूं। वे संगठन की गहरी समझ रखने वाले व्यक्ति थे। स्थापित मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जंग बहादुर कुशवाहा, प्रखंड प्रमुख महेश पासवान,उपप्रमुख गजेंद्र सिंह, चंद्रिका सिंह,अर्जुन सिंह,राम निहोरा सिंह, राम इकबाल कुशवाहा ,चंदा सिंह,रामस्वरूप राउत इत्यादि उपस्थित थे!



## धरना प्रदर्शन एवं आक्रोश मार्च की तैयारी को लेकर महागठबंधन की बैठक आयोजित



बोखड़ा। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी ,भ्रष्टाचार, अग्निपथ योजना, जिले में जारी सुखाड़,देश की अस्मिता एवं संबिधान की रक्षा सहित जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को लेकर आगामी 7 अगस्त को सीतामढी शहर स्थित गांधी मैदान में आक्रोश मार्च एवं धरना–प्रदर्शन की तैयारी को लेकर सोमवार को प्रखंड के बनौल गांव स्थित प्रमुख सुधीर कुमार साह के आवशीय परिसर में महागठबंधन के कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक प्रखंड राजद अध्यक्ष योगेन्द्र राम की अध्यक्षता में हुई।इस अवसर पर पूर्व सांसद डॉ अर्जुन राय एवं बाजपट्टी के बिधायक मुकेश कुमार यादव भी उपस्थित हुए।बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद डॉ अर्जुन राय ने कहा की देश की करोड़ों लोगों की रक्षा के लिए, देश की अस्मिता एवं संबिधान की रक्षा के लिए एवं बढ़ते महंगाई, बेरोजगारी व भ्रस्टाचार के खिलाफ आगामी सात अगस्त को सीतामढी शहर स्थित गांधी मैदान महागठबंधन के द्वारा आयोजित आक्रोश मार्च एवं धरना प्रदर्शन ऐतिहासिक होगी।उन्होंने कहा की केन्द्र की सरकार में महंगाई चरम पर पहुँच चुकी है।महंगाई से आम जनता त्रस्त है।उन्होंने आम लोगों से अधिक से अधिक संख्या में गांधी मैदान में पहुँच कर आक्रोश मार्च एवं प्रदर्शन को सफल बनाने का आह्वान किया।बाजपट्टी के बिधायक मुकेश कुमार यादव ने कहा की केन्द्र सरकार में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रस्टाचार से आम जनता त्रस्त हो चुकी है।उन्होंने जनसरोकार के मुद्दे को लेकर आयोजित आक्रोश मार्च एवं प्रदर्शन में भाग लेने की अपील लोगों से की।बैठक का संचालन जिला पार्षद नन्द कुमार यादव ने किया।बैठक में राजद जिलाध्यक्ष शफीक खान, किसान सेल के जिलाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा,पूर्व उप प्रमुख आफताब आलम मिंटू,प्रखंड कांग्रेश अध्यक्ष जिवेंद्र झा,कमालुद्दीन रजा,भाकपा माले नेता नेयाज अहमद सिद्दीकी, युवा राजद के जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख सुधीर कुमार साह,सुमित मिश्रा,हिटलर तिवारी, ललित कुमार चौधरी, मोहम्मद शहजादे,सुमन यादव,भूषण कुमार झा,कलाम खान, पप्पू झा,खालिद रजा,परवेज अहमद, अभय कुमार चौधरी, पंचायत समिति सदस्य पंकज कुमार,रामएकबाल सहनी, वशीर नदाफ, राकेश यादव, फकरे इमाम, रामप्रवेश राय,पप्पू कुमार यादव,पिन्टू सिंह, असलम अंसारी,बाबर अली व गोलू कुमार के अलावा कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विद्यापतिधाम दूसरी सोमवारी पर एक लाख भक्तों ने चढ़ाया जल

विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ) विद्यापतिनगर,दलसिंहसराय! विद्यापति धाम में सावन मास की दूसरी सोमवारी पर एक लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान शिव पर जल चढ़ाया ! रविवार की शाम से ही विद्यापतिधाम श्रद्धा और भक्ति के रस में सराबोर दिखा ! रात भर दूर – दूर से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी रहा, सुबह होते ही संपूर्ण मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया, चारों ओर बोल–बम के नारों की अनुगूंज सुनाई दे रही थी ! जैसे जैसे दिन चढ़ता गया, लोगों की भीड़ और अधिक बढ़ती चली गई! विद्यापतिधाम में आज दिनभर चहल पहल और रौनक देखने को मिला ! सभी मुख्य सड़कों पर लाल,पीले, और केसरिया रंग में रंगे भक्तों का तांता लगा रहा ! मोहिउद्दीननगर –रूविद्यापति धाम पथ पर आज दिन भर जाम की स्थिति बनी रही, वही राजा चौक–दलसिंहसराय मुख्य पथ पर भारी वाहनों का परिचालन बाधित रहा ! ऐसी संभावना जताई जा रही है कि आज एक लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ पर जल चढा कर अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए प्रार्थना किया ! गौरतलब है कि पिछले सोमवार को भी यहां काफी संख्या में शिव भक्त बाबा भोलेनाथ पर जल चढ़ाने के लिए पहुंचे थे लेकिन दूसरी सोमवारी होने के कारण इस बार श्रद्धालुओं की संख्या और अधिक बढ़ गई ! सोमवारी के मद्देनजर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, वही सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम देखने को मिले! सुरक्षा में महिला पुलिस कर्मियों के साथ – साथ सादी वर्दी में भी पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था ताकि असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके! हालांकि भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस कर्मियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा! प्रशासन के द्वारा विद्यापति मंदिर से होकर गुजरने वाली सड़क पर सोमवार की सुबह से ही वाहनों के परिचालन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया था! विद्यापति धाम मंदिर समिति के अध्यक्ष गणेश गिरी ने बताया कि श्रद्धालु रविवार से ही मंदिर पंहुचने लगे थे, श्रद्धालुओं के लिए मंदिर समिति की ओर से विशेष व्यवस्था की गई है, दूर से आने वाले भक्तों के ठहरने, शौचालय, पेयजल एवं उनकी सुरक्षा का विरोध ध्यान रखा जा रहा है, संपूर्ण मंदिर परिसर को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखा गया है जिससे असामाजिक प्रवृत्ति वाले लोगों पर नजर रखी जा सके ! पूजा अर्चना करने आए कई भक्तों ने बताया कि मंदिर में अधिक भीड़ होने के कारण कई घंटों तक लाइन में खड़ा होना पड़ा इससे काफी परेशानी हुई ! युवा नेता शिवम् कुमार झा ने बताया कि मंदिर में पूजा अर्चना करने में थोड़ी परेशानी तो हुई, परंतु भोलेनाथ की कृपा पाकर मैं काफी खुश हूं! अंकित कुमार, अवनीश कुमार,राजीव कुमार, एवं पंकज ने बताया कि भीड़ को देखते हुए हम सब ने सुबह 4:00 बजे ही मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया!

## उजियारपुर रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन से उतरने के दौरान एक व्यक्तिके गिर जाने से मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ निरंजन जायसवाल समस्तीपुर,उजियारपुर। समस्तीपुर जिले के उजियारपुर रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन से उतरने के दौरान एक व्यक्ति के गिर जाने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान बेगूसराय जिला के तेघड़ा थाना क्षेत्र के तेयाय नवादा गांव निवासी सौदागर महतो के 55 वर्षीय पुत्र जगदीश महतो के रूप में की गयी है। जगदीश महतो उजियारपुर के अकहा गांव स्थित अपने एक संबंधी के यहां आने के लिए घर निकला था। इसके लिए वह तेघरा में राउरकेला जयनगर एक्सप्रेस पर सवार हुआ था। लेकिन उजियारपुर स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव नहीं होते देख उसने चलती ट्रेन से उतरने का प्रयास किया जिस क्रम में गिर कर जख्मी हो गया। इसकी सूचना मिलने पर आरपीएफ सिपाही धनंजय झा व सरपंच उपेंद्र ठाकुर ने उसे उजियारपुर अस्पताल भेजवाया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि तेघरा स्टेशन पर उजियारपुर में उक्त ट्रेन के ठहराव होने की गलत जानकारी मिलने के कारण वह ट्रेन पर सवार हो गये थे। उजियारपुर स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव नहीं होते देख जोखिम उठा उतरने की कोशिश की जिससे उसकी मौत हो गयी। पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर परिजन शव गांव ले गए।




# संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी ने जिला टास्क फोर्स की संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वधान में एईएस (जिला टास्क फोर्स) की संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिले भर में एईएस के 14 मरीजों का इलाज चल रहा है । एईएस से किसी की मृत्यु की सूचना नहीं है। सदर अस्पताल ,मोतिहारी में एईएस से निपटने के लिए पीकू वार्ड पूर्णतः क्रियाशील है। जिलाधिकारी महोदय ने सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा कि (एस.एन.सी.यू) को डेवलप करने, फोटो थेरेपी मशीन का क्रय करने एवं आवश्यक दवाओं का भंडारण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर समाहर्ता आपदा, सिविल सर्जन, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी,डीपीओ आईसीडीएस,जिला पशुपालन पदाधिकारी , डब्ल्यूएचओ , यूनिसेफ , केयर आदि उपस्थित थे।



### विधान सभा के निवेदन समिति ने जिले में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) स्थानीय परिसदन में आज विधानसभा के निवेदन समिति की उप समिति–02, सभापति माननीय विधायक श्री छोटे लाल राय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विभागों की समीक्षा बैठक की गई। मुजगफ्फरपुर परिसदन में आज विधानसभा के निवेदन समिति की उप समिति 02,सभापति माननीय विधायक श्री छोटे लाल राय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विभागों की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में विभिन्न विभागों में चल रहे सरकार के योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गयी।माननीय विधायक श्री राय ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ



जन–जन तक पहुंचाना हमार लक्ष्य है। उन्होंने अधिकारियों को हर व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में योगदान देने की बात कही। उन्होंने समीक्षा के दौरान शिक्षा,स्वास्थ्य,ग्रामीण विकास, आपूर्ति, कृषि, पथ निर्माण से संबंधित मामलों का निष्पादन शीघ्र करने का निर्देश दिया। इस क्रम में सभापति ने संबंधित पदाधिकारियों को जांच कर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन निवेदन समिति को उपलब्ध कराने को कहा।

उन्होंने संबंधित सभी विभागों कि विगत 3 वर्षों की अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।समिति द्वारा जानकारी दी गई कि विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का स्थल निरीक्षण भी किया जाएगा। बैठक में सदस्य माननीय विधायक श्री शशि भूषण सिंह और बेलदौर(खगड़िया) के माननीय विधायक श्री पन्नालाल पटेल, उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, निदेशक डीआरडीए चंदन चौहान सहित जिले के सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### चलती ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत

उजियारपुर,दलसिंहसराय (विकास कुमार पाण्डेय)। उजियारपुर रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन से उतरने के दौरान एक व्यक्ति के गिर जाने से उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान बेगूसराय जिला के तेघड़ा थाना क्षेत्र के तियाय नवादा गांव निवासी सौदागर महतो के 55 वर्षीय पुत्र जगदीश महतो के रूप में हुई है। घटना रविवार सुबह लगभग 8 बजे की है! घटना के संबंध में पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जगदीश महतो उजियारपुर के अकहा गांव स्थित अपने एक संबंधी के यहां आने के लिए घर से निकला था। इसके लिए वह तेघरा में राउरकेला जयनगर एक्सप्रेस पर सवार हुआ, लेकिन उजियारपुर स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव नहीं होते देख उसने चलती ट्रेन से उतरने का प्रयास किया जिस क्रम में गिर कर जख्मी हो गया इसकी सूचना मिलने पर आरपीएफ सिपाही धनंजय झा व सरपंच उपेंद्र ठाकुर ने उसे उजियारपुर अस्पताल भेजवाया। लेकिन रास्ते ही में उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि तेघरा स्टेशन पर उजियारपुर में उक्त ट्रेन के ठहराव होने की गलत जानकारी मिलने के कारण वह ट्रेन पर सवार हो गया था।उजियारपुर स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव नहीं होते देख जोखिम उठा उतरने की कोशिश की जिससे उसकी मौत हो गयी!

### सर्वे शिविर में विरोध रैयतों ने दर्ज कराई आपत्ति

☒ हटवारिया मौजा में अमीन के हेराफेरी के बाद रैयतों ने किया था विरोध

(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल) सुपौल। पिपरा अंचल क्षेत्र के हटवाया मौजा में सर्वे कार्य में हुए हेराफेरी के बाद ग्रामीणों द्वारा काफी विरोध किया गया । यहां तक कि ग्रामीण ने एसडीएम से लेकर डीएम तक को भी आवेदन दिए और मामले से अवगत कराएं । शुरू में पर्चा वितरण के दौरान सर्वे कार्य में लगाया गया , अमीन को भी ग्रामीणों का विरोध सहना पड़ा हालांकि एसडीएम मनीष कुमार और बंदोबस्त पदाधिकारी वकील सिंह के निर्देश पर रविवार को मध्य विद्यालय में शिविर का आयोजन किया गया । जहां 230 रैयत ने खानापूरी पर्चा एवं एलपीएम के विरोध प्रपत्र 8 में दावा आपत्ति जमा किए। इस दौरान शिविर में उपस्थित कर्मियों ने आपत्ति दर्ज करने वाले रैयतों को प्रपत्र 9 में पावती रसीद देकर प्रपत्र 10 में संधारित किया । वही बंदोबस्त पदाधिकारी वकील सिंह भी शिविर का दौरा किया और उपस्थित प्रयासों से कहा कि किसी को कोई परेशानी नहीं होगी। कोई अगर पैसे की मांग करता है तो इसकी सूचना अविलंब हमें दें । मौके पर मौजूद शिविर प्रभारी सह बंदोबस्त पदाधिकारी प्रिय बंधु विवेकानंद ने कहा कि किसी भी रैयत को कोई परेशानी नहीं होगी ।सभी रैयत प्रपत्र 8 भरकर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं । जिनका कागजात सही है उनको कोई परेशानी नहीं है।

दैनिक अयोध्या टाइम्स RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## जनपद भदोही के नगर पंचायत घोसिया में त्योहारों को देखते हुए साफ सफाई कराई

भदोही। जनपद भदोही के नगर पंचायत घोसियां में त्योहारों को देखते हुए जगह जगह साफ सफाई कराई जा रही है आज्ञा से नगर पंचायत



घोसिया मे चेयरमैन अध्यक्ष रजिया अनुमान सभासद मेराज अली ने त्योहारों को देखते हुए वार्ड नंबर 12 पक्का चौक में साफ सफाई कर नगर पंचायत घोसिया में जगह–जगह साफ सफाई का कार्य करवाया जिसमें नगर पंचायत घोसिया कार्यालय के कर्मचारी इंजीनियर सिंह इम्तियाज अली उर्फ कल्लू आदि लोग मौजूद रहे ।

भदोही मोहम्मद मासूम

## एनसीबी हरियाणा प्रमुख श्रीकांत जाधव के दिशानिर्देशों से नशे के विरुद्ध किया जागरूक

### समस्त हरियाणा के लोग 9050891508 पर निर्भीक होकर दे सकते हैं गुप्त सूचनाएं- डा. अशोक

फरीदाबाद. हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख, अम्बाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं प्रयास हरियाणा के संस्थापक




भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी श्री श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों से समस्त हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा बागडोर सौंपी गई है. हरियाणा राज्य में वर्ष 2020 में हरियाणा पुलिस के अधिकारीयों और कर्मचारियों को लेकर हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए एनसीबी हरियाणा का गठन किया गया था जिसके सर्वप्रथम सर्वोच्च अधिकारी श्री श्रीकांत जाधव साहब को नियुक्त किया गया है. उनके मार्गदर्शन और दिशानिर्देशों से हरियाणा के सभी क्षेत्रों में एनसीबी के अधिकारी और कर्मचारी प्रतिदिन नशे का व्यापार करने वाले व्यक्तियों को सलाखों के पीछे भेज रहे हैं तो दूसरी और जागरूकता के माध्यम से लोगों को और विशेष रूप से युवाओं और छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है. आज हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा फरीदाबाद के रेलवे स्टेशन पर जागरूकता के लिए पहुंचे और रेलवे सुरक्षा बल की उप निरीक्षक अनीता सेजवार एवं राजकीय रेलवे पुलिस के सदस्यों के साथ लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया. डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने यात्रियों को एकत्रित करके उन्हें नशे के दुष्प्रभावों से परिचित कराते हुए कहा कि आज समय की आवश्यकता है कि नशे की बढ़ रही प्रवृति पर अंकुश लगाया जाए. सबसे भयंकर नशे अफीम, चरस, चिट्टा, स्मैक, गांजा, चुरा पोस्त, नशे के टीके और नशे की गोलियां आदि हैं जिनसे हमे दूर रहने की आवश्यकता है. उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 का वर्णन करते हुए कहा कि यह हेल्पलाइन समस्त हरियाणा के लिए है. कोई भी व्यक्ति ऐसे व्यक्ति की गुप्त सुचना इस पर निर्भीक होकर दे सकता है और नशा छोड़ने वाले भी इस पर सम्पर्क कर लाभ उठा सकते हैं. उन्होंने एकत्रित समूह से हाथ उठवाकर वचन लिया कि वे जीवन में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे और अन्य लोगों को भी नशा न करने के लिए जागरूक करेंगे. इस अवसर पर उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार सहित अनेक कर्मचारी और यात्रीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में इनामिया बदमाश हुआ गिरफ्तार

गाजीपुर । योगी सरकार में अपराध और अपराधियों पर नकेल की नीयत से और सावन के सोमवार को देखते हुए पुलिस चेकिंग के दौरान दुल्लहपुर थाना क्षेत्र में दो बदमाशों से मुठभेड़ हो गयी, जिसमें क्रॉस फायरिंग में एक शातिर बदमाश घायल होकर गिर पड़ा जिसे पुलिस ने हथियार समेत गिरफ्त में ले लिया जबकि दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है, जबकि अभी रात में घायल गिरफ्तार बदमाश को जिला अस्पताल लाया गया है,



जहां उसका प्राथमिक उपचार पुलिस देख रेख में हो रहा है।एसपी गाजीपुर रोहन पी बोत्रे भी मौके पर पहुँच गांई और क्राइम सीन का अवलोकन किया और मीडिया को जारी अपने बयान में एनकाउंटर की पुष्टि करते हुए बताया कि मेरे निर्देशन पर 24 जुलाई की रात में गाजीपुर जनपद में इनामिया, वाछिंत तथा संदिग्ध व्यक्तियों ध वाहनों के सघन चेकिंग का अभियान चलाये जाने का आदेश किया गया था।

जिसके अनुपालन में थाना दुल्लहपुर पुलिस व स्वाट टीम गाजीपुर द्वारा अमारी गेट पर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान दुल्लहपुर के जलालाबाद की तरफ से एक अपाचे मोटरसाइकिल पर आ रहे 2 व्यक्तियो को टार्च की रोशनी से रोकने का पुलिस ने प्रयास किया तो दोनो व्यक्ति अचानक पुलिस टीम पर फायर करते हुए हंसराजपुर की तरफ भागने लगे। जिस पर पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया तथा कंट्रोल रूम के माध्यम से उस रूट पर मदद मांगी, और सभी थानों को चेकिंग करने के लिए बताया गया। भाग रहे बदमाश आगे जाकर धामूपुर की तरफ मुड़ रहे थे कि अनियंत्रित होकर गिर गए तथा पुलिस टीम पर फिर फायर करते हुए भागने लगे, पुलिस टीम द्वारा बार बार चेतावनी देने के बावजूद फायर करने से पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई में फायर किया गया, जिससे एक बदमाश के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा तथा उसका साथी फायर करते हुए अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकला।

पुलिस ने जब घायल बदमाश से पूछताछ की तो वह 25 हजार का इनामियाँ रणजीत सिंह उर्फ गोलू पुत्र विंध्याचल सिंह निवासी नसीरपुर थाना जंगीपुर निकला, जो कई थानों में वांछित है। जबकि दूसरे भागे हुए साथी का नाम उसने अनुज पाठक उर्फ चीकू निवासी बीरपुर थाना भांवरकोल बताया है, इसके पास से एक बाइक और पिस्टल व जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं।

## विद्युत की चपेट में आने से महिला की मौत

गाजीपु र। कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटयां लहंग में एक 25 वर्षीय महिलाकी विद्युत स्पर्शघात से मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कटयां लहंग गांव में राजेश राजभर की पत्नी नंदिनी 25 वर्ष सुबह में चौका की साफ सफाई के बाद पंखे को एक स्थान से दूसरे स्थान पर रख रही थी की पंखा उसके शरीर से स्पर्श हो गया वही तुरंत गिर पड़ी और पंखा भी उसके शरीर पर चिपक गया जिससे मौके पर ही उसके प्राण पखेरू उड़ गए पता लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस आवश्यक कार्रवाई के बाद मृतका के शव को पीएम रिपोर्ट के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

## रौतापुर कला गांव में सावन के द्वितीय सोमवार को विशाल भंडारे का किया गया आयोजन

रौतापुर कलां के अति प्राचीन बोलेनाथ के मंदिर विशाल भंडारे का हर्ष के साथ इस भंडारे का आयोजन करते है



आयोजन किया गया गांव के समाज सेवक सौरभ शुक्ला ,(रामजी) ने बताया यह कार्यक्रम प्रति वर्ष इस माह में किया जाता है

जिसमे समस्त ग्राम वासियो का सहयोग रहता है सभी ग्राम वासी बढ़े भंडारे में मुख्य रूप से निर्मल वर्मा , मनीराम वर्मा (युवा भाजपा नेता) ,श्यामू वर्मा ,महेंद्र वर्मा चक्की वाले, अमित वर्मा व रौतापुर कला गाँव के वरिष्ठ समाज सेवक व पत्रकार सौरभ शुक्ला(रामजी) रहे।

## आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत जनपद में होगा बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस का आयोजन

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी।

श्रावस्ती,जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार अधिशाषी अभियंता विद्युत दिनेश पाल सिंह ने बताया है कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा आजादी से अब तक ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विकास एवं भविष्य में प्राप्त होने वाले विकास की संभावनाओं का प्रदर्शन करने के उद्देश्य से शासन द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 25 जुलाई से 31 जुलाई 2022 तक बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस का आयोजन कराया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद श्रावस्ती में भी शासन के निर्देशों के क्रम में अमृत महोत्सव के तहत बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस पर उज्जवल भारत, उज्जवल भविष्य ऊर्जा /2047 के रूप में आगामी 26 जुलाई को जनता इण्टर कालेज, पटना खरगौरा, भिनगा में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक तथा 29 जुलाई को प्राथमिक विद्यालय सीताद्वार टण्डवा महन्थ इकौना में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ऊर्जा क्षेत्र में भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा आजादी से अब तक ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विकास एवं भविष्य में प्राप्त होने वाली विकास की संभावनाओं का प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विभाग से संबंधित योजनाओं जैसे सौभाग्य योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना वन नेशन वन ग्रिड, उपभोक्ता अधिकार, सोलर रूफ टॉप आदि योजनाओं का प्रदर्शन एवं संक्षिप्त ऑडियो वीडियो चलचित्र तथा भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम द्वारा बनाए गए चलचित्र का भी प्रदर्शन किया जाएगा। प्रत्येक आयोजन स्थल पर 200 से 400 लोगों के सम्मिलित होने की व्यवस्था की जाएगी एवं स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम में विद्यार्थियों का प्रतिभाग कराया जाएगा तथा विद्यार्थियों को बिजली महोत्सव से संबंधित जानकारी भी आयोजित कार्यक्रम में उपलब्ध कराई जाएगा।

## जल है तो कल है का ग्रामीणों को दिया मूल मंत्र -मान बहादुर

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जिले के इंडो नेपाल बार्डर सीमा पर तैनात 62 वी वाहिनी भिनगा के जी कंपनी कमांडर मान बहादुर के नेतृत्व में एक रैली निकाली गई जो ककरदरी एसएसबी कैंप से होते हुए ककरदरी गांव में पहुंची ।जिसमें गांव के लोगो को जल है तो जीवन है के बारे में विस्तार पूर्वक जागरूक किया गया। रैली में उपस्थित उपनिरीक्षक शेष



वही उपस्थित उप निरीक्षक शेष राम ने बताया कि जल हमें सिर्फ पीने के लिए पानी ही नहीं परंतु कई सारे काम के लिए उपयोगी होता है जैसे कि कपड़े धोने के लिए, नहाने के लिए, भोजन बनाने के लिए,आदि ऐसे कई सारे चीजों के लिए जल का उपयोग होता है ।

वहीं पर उपस्थित महिला आरक्षी वैशाली ने बताया कि जल है तो कल है जल को हम बचायेंगे देश मे खुशहाली लाएंगे।

ऐसे ही नारों के साथ लोगों को जागरूक किया गया।

राम, उप निरीक्षक सत्यपाल, मुख्य आरक्षी जितेंद्र सिंह आरक्षी गुलशन कुमार,कृष्ण मोहन महिला आरक्षी साधना, वैशाली सहित गांव के ग्रामीण मौजूद रहे।

## करछना विधायक का कार्यकर्ताओ एवं समर्थको ने 49 वाँ जन्मदिवस बडे धूमधाम से शुभकामनाएं देकर मनाया

- जिला कार्यालय सिविल लाईंस एवं मौहारी नैनी मे हुए कार्यक्रम आयोजित
- बुके,अंगवस्त्र व स्मृति चिंह भेटकर कार्यकर्ताओ ने दी शुभकामनाएं

सचेतक विधानमंडल दल भारतीय जनता पार्टी व प्रयागराज करछना के विधायक पियूष रंजन निषाद का सोमवार को 49वें जन्मोत्सव पर समर्थको कार्यकर्ताओ और पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमो एवं शोशल मीडिया के साथ शुभकामनाएं व आशीर्वाद देकर खास दिवस बनाया।

जिला कार्यालय पर यमुनापार किसानमोर्चा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह व साईं गेस्ट हाउस मौहारी नैनी में भाजपा कार्यकर्ताओ और जनप्रति निधियों समर्थको ने धूमधाम से जन्मोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया। विधायक पियूस रंजन निषाद ने कहा आज मेरें जन्मदिवस को आप सभी ने पुनः दोबरा विशेष बना दिया। पहला विशेष दिन आपने करछना मे कमल खिलाते हुए मुझे विधायक बनाकर बनाया था। मै आप सभी कार्यकर्ताओ एवं जनता जनार्दन को अपना समय व जनता के सेवक बनकर निभाता रहूगां।

विधायक ने सभी का ह्रदय से सिर झुकाकर आभार जताया। शुभकामनाएं देने वालो में प्रमुख रूप से भाजपा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष शोभनारायण द्विवेदी, त्रिवेणी प्रसाद पांडेय,जिला महामंत्री राजेश शुक्ला,काशीक्षेत्र उपाध्यक्ष रमाकांत विश्वकर्मा,जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश दुबें,राजू सिंह,धरनीष प्रताप सिंह,प्रदीप मेहरा,विनोद प्रजापति, ओमप्रकाश निषाद, प्रकाश शुक्ल,सुरेश शुक्ला, सुधाकर पांडेय,मिथिलेश कुमार पांडेय,हिमाशू पांडेय,गुड्डू सिंह आदि के साथ भारी संख्या मे कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।



# कर्मचारियों ने अपनी मांग को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

गाजीपुर।सोमवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उप्र के प्रांतीय निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर कर्मचारियों ने धरना–प्रदर्शन किया। इस मौके पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष दुर्गेश श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा यह माना गया है कि स्वास्थ्य विभाग में स्थानांतरण गलत तरीके से किया गया है।



फिर भी स्थानांतरण को स्थानांतरण को निरस्त न किया जाना बहुत ही खेद का विषय है। इससे यह साबित होता है कि हाथी के दांत खाने के कुछ और होते हैं और दिखाने के कुछ और।परिषद के मंडल अध्यक्ष डीएस राय ने कहा स्वास्थ विभाग के सारे कर्मचारी लामबंद होकर परिषद के आंदोलन को सफल बनाएं, जिससे एकता का परिचय दिया जा सके। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष और राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंत्री ओंकार नाथ पांडेय कहा कि अगर सरकार द्वारा गलत तरीके से किए गए स्थानांतरण को निरस्त नहीं किया जाता है तो परिषद बाध्य होकर के स्वास्थ विभाग की सारी इमरजेंसी सेवाएं ठप कर आंदोलन करेगा। परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि अगर महानिदेशक द्वारा परिषद के मांग पत्र पर विचार नहीं किया जाता है तो परिषद के आह्वान पर रोडवेज परिसर में एक भी बस का चक्का नहीं हिलेगा। परिषद के कार्यकारी मंत्री आलोक राय ने कहा कि अगर सरकार परिषद की मांगों का निस्तारण नहीं करती है तो परिषद से सभी संबद्ध संगठन के सदस्य कार्यालय से लेकर रोड तक आंदोलन करेंगे। अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के प्रतिनिधि उमेश कुमार सिंह अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री स्वास्थ्य विभाग मुख्य सचिव को सम्बोधित पत्रक सौंपा गया। इस अवसर पर रमेश चंद्र, प्रवीण सिंह, चंदन कुमार, विजय कुमार श्रीवास्तव, राजीव कुमार श्रीवास्तव, शिवप्रसाद, बुद्धि लाल, वीरेंद्र सिंह, विपिन सिंह, विजय तिवारी, श्याम नारायण, अमरनाथ तिवारी, नवीन गुप्ता, चंद्रभान सिंह, जयप्रकाश, अखिलेश गौतम, संजय भारती, अमरनाथ मौर्या, रामविलास, रामाश्रय, दिलीप गुप्ता, संजय सिंह, विजय शंकर राम, अवतार यादव, इंद्रजीत, श्रीनारायण, संदीप आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव व संचालन ओंकार नाथ पांडेय ने किया।

## छात्रों के शुल्क को वापस नहीं किया तो होगा धरना- प्रदर्शन:दीपक

गाजीपुर। छात्र नेता दीपक उपाध्याय के नेतृत्व में छात्रों ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर द्वारा बीए, बीएससी, बीकॉम, बीपीई, प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा फार्म में लिए गए अतिरिक्त शुल्क 500 छात्रों को वापस कराने को लेकर 28 जुलाई से पीजी कॉलेज के प्रांगण में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन के सम्बन्ध में कुलपति के नाम संबोधित पत्रक सोमवार को प्राचार्य डॉ राघवेन्द्र पाण्डेय को सौंपा।

पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने बताया कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर द्वारा बी०ए०,बी०एस०सी०, बी०काम०बी०पी०ई० प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने हेतु छात्रों से गलत अतिरिक्त शुल्क 500 रूपयें लिया गया है। जो छात्र हित में उचित नहीं है। कहा कि हम लोगों ने इस सम्बन्ध में 30 जून को कुलपति को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया था फिर भी छात्रहित में निर्णय न आने से छात्रों की भावना आहत हैं। जिसको लेकर छात्र अपने मांग के समर्थन में पीजी कॉलेज के प्रांगण में 28 जुलाई से सुबह 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक अनिश्चितकालीन धरना पर बैठने को बाध्य हैं। इस दौरान सभी छात्रों ने एक स्वर में कहा कि जब तक मांग पूर्ण नहीं हो जाती है तब तक



धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। धरना प्रदर्शन का अल्टीमेटम प्रतिलिपि सम्बंधित सभी प्रशासनिक अधिकारियों को भी भेजा है। पत्रक सौंपने वालों में दुर्गेश यादव,धीरज सिंह, रविकांत यादव,शिवम पाल,धन्नजय सिंह कुशवाहा, अभिषेक यादव रिशु, प्रवीण पाण्डेय, अभिषेक वर्मा,रौहन यादव इत्यादि छात्र मौजूद थे।

## आम आदमी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष जाहिद अली के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को दिया ज्ञापन

मुन्ना अंसारी दैनिक अयोध्या टाइम्स महराजगंज

निचलौल –महराजगंज। उत्तर प्रदेश के जनपद महराजगंज के सिसवा विधानसभा के आम आदमी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष जाहिद अली ने आज दिनांक 25ध07ध2022 दिन सोमवार को तहसीलदार निचलौल को निचलौल क्षेत्र में नया आधार कार्ड बनवाने हेतु आधार सेंटर खुलवाने के संबंध में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ज्ञापन दिया। आपको बताते चलें कि आम आदमी पार्टी के सिसवा विधानसभा अध्यक्ष जाहिद अली ने ज्ञापन देते समय यह मांग किया है कि महराजगंज के बैंकों में पोस्ट आफिसों में और बीएसएनएल कार्यालयों में आधार कार्ड बन सकता है तो निचलौल के बैंकों, पोस्ट आफिसों तथा ब्लाक तथा तहसील में आधार कार्ड क्यों नहीं बन रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि निचलौल क्षेत्र की आबादी लगभग पांच लाख लोगों की आबादी है, उसके बाद भी निचलौल क्षेत्र में नया आधार कार्ड नहीं बन रहा है





जिसे आम जनता परेशान बेहाल है नया आधार कार्ड बनवाने के लिए महराजगंज के बैंकों में लंबी कतार होने के कारण कई दिनों तक आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है महराजगंज के बैंकों, पोस्ट ऑफिसों में और बीएसएनएल कार्यालय में आधार कार्ड बन सकता है तो निचलौल के बैंकों व पोस्ट ऑफिसों तथा ब्लॉक व तहसील में नया आधार कार्ड क्यों नहीं बन सकता है उन्होंने यह भी कहा कि हजारों हजारों लोगों का नया आधार कार्ड न होने से कई सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल पाता है जिससे वह लोग वंचित हो जाते हैं निचलौल में आधार कार्ड बनना जनहित में आवश्यक है तथा बहुत जरूरी भी है उन्होंने यह भी कहा कि आप से जनहित में निवेदन है कि उपरोक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जनता की समस्याओं को देखते हुए निचलौल के पोस्ट ऑफिस बैंक ब्लॉक तहसील व बीआरसी में आधार कार्ड बनवाने हेतु सेंटर खोलने के आदेश जारी करें ताकि लोगों को तरह–तरह की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े उन्होंने यह भी कहा कि अगर दस दिनों के अंदर नया आधार कार्ड बनवाने का सेंटर नहीं खुलवाया गया तो आम आदमी पार्टी धरना प्रदर्शन करने पर बाध्य होगी जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी ज्ञापन देते वक्त मोहम्मद हारून, खुर्शीद मलिक,सुरज,रामनारायन,लालजी, राजेश,राजू,शौकत अली, अख्तर अंसारी,बेचौन,आजम अंसारी, सुरेन्द्र, तबरेज,लालू गुप्ता, सिकन्दर अली, जावेद अंसारी सुलैमान अली, शैलेश गुप्ता आदि आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुख्य अतिथि नगर के प्रतिष्ठित डा0 अनिल वार्ष्णेय जी द्वारा क्षत्रियों को पुरुस्कार देकर किया सम्मानित

टूंडला। टूंडला नगर के प्रतिष्ठित , ओ टू कोचिंग सेंटर पर स्कूल टॉपर क्षात्रों को कोचिंग पर परीक्षा में टॉप क्षात्रों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया जिसके मुख्य अतिथि नगर के प्रतिष्ठित डॉ अनिल वार्ष्णेय जी रहे उनके द्वारा क्षत्रियों को पुरुशकर देकर सम्मानित किया ।

कोचिंग डायरेक्टर श्रीमती इ मोहिता वार्ष्णेय और डॉ अनुशील वार्ष्णेय ने गिफ्ट देकर सम्मानित किया किया डायरेक्टर मोहिता वार्ष्णेय ने बताया आज हमें क्षात्रों की सफलता पर खुशी हो रही है ,जिन्होंने अपने स्कूल के साथ साथ ओ टू कोचिंग का भी नाम रोशन किया है डॉ अनु शील वार्ष्णेय ने कहा इनकी सफलता ही देश की तरक्की है ऐसे ही क्षात्र अपने देश को शिखर तक लेजाते है। आज हमें गर्व है क्षात्रों पर अपने माता पिता के साथ स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है





क्षात्र रोनित सिंह ने टोनी टोट्स स्कूल को इंटर में कैमिस्ट्री में 95प्र. नंबर लेकर टॉप किया , आकांक्षा श्रीवास्व 12 में 95प्र. बायलॉजी में लाकर क्रइजदा किंग स्कूल टॉप किया , क्षात्रा यशिका ने बायलॉजी में 91प्र. लाकर केंद्रीय विद्यालय टॉप किया , शुभान ने 92प्र. बायलॉजी में नोएडा स्कूल टॉप किया , अनुष्का ने 91प्र. कैमिस्ट्री में एस एस पी पब्लिक स्कूल टॉप किया , प्रज्ज्वल यादव ने 97प्र. से साइंस में केन्द्रीय विद्यालय टॉप किया वहीं इक्षा ने 93 प्र. नंबर लेकर एस एस पी पब्लिक स्कूल टॉप किया।

कार्यक्रम डॉ अनिल वार्ष्णेय , मोहिता वार्ष्णेय , डॉ अनीशील वार्ष्णेय , समाजसेवी बी एस बेदी समाजसेवी दिलीप गॉड , कार्तिक , अमन ,श्वेता , आयुष , अमृता , दिया आदि मौजूद रहे।

## 100 करोड़ दो और राज्यपाल-राज्यसभा की सीट लो आफर देने वाले गैंग का भंडाफोड़, सीबीआई ने 4 को दबोचा

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने राज्यसभा सीट और राज्यपाल पद दिलाने के झूठे वादे को लेकर लोगों से कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये की ठगी करने की कोशिश करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है. अधिकारियों ने बताया कि जांच एजेंसी ने इस मामले में हाल में कई जगहों पर छापेमारी की और गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया।

अधिकारियों के मुताबिक, तलाशी अभियान के दौरान एक आरोपी सीबीआई अधिकारियों पर हमला कर फरार होने में कामयाब रहा. उन्होंने बताया कि फरार आरोपी के खिलाफ जांच एजेंसी के अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में स्थानीय पुलिस थाने में एक अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है।

अधिकारियों के अनुसार, प्राथमिकी में सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर जिले के रहने वाले कमलाकर प्रेमकुमार बंदगर, कर्नाटक के बेलगाम निवासी रवींद्र विट्ठल नाइक और




दिल्ली–एनसीआर के रहने वाले महेंद्र पाल अरोड़ा, अभिषेक बूरा व मोहम्मद एजाज खान को नामजद किया है।

प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि बंदगर खुद को एक वरिष्ठ सीबीआई अधिकारी के रूप में पेश करता था और उच्च पदस्थ अधिकारियों के साथ अपने 'संबंधों' का हवाला देते हुए बूरा, अरोड़ा, खान और नाइक से कोई भी ऐसा काम लाने को कहता था, जिसे वह भारी–भरकम रकम के एवज में पूरा करवा सकता है.

एफआईआर में क्या है?

प्राथमिकी के मुताबिक, आरोपियों ने "राज्यसभा की सीट दिलवाने, राज्यपाल के रूप में नियुक्ति करवाने और केंद्र सरकार के मंत्रालयों एवं विभागों के अधीन आने वाली विभिन्न सरकारी संस्थाओं का अध्यक्ष बनवाने का झूठा आश्वासन देकर आम लोगों से भारी–भरकम राशि ऐंठने के गलत इरादे से" साजिश रची।

प्राथमिकी के अनुसार, सीबीआई को अपने सूत्र से पता चला कि बूरा ने बंदगर से चर्चा की थी कि कैसे नियुक्तियों में 'महत्वपूर्ण भूमिका' निभाने वाले उच्च पदस्थ अधिकारियों के साथ बूरा के कथित संबंधों का इस्तेमाल काम निकलवाने के लिए किया जा सकता है।

इसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपी सौ करोड़ रुपये के एवज में राज्यसभा की उम्मीदवारी दिलवाने के झूठे वादे के साथ लोगों को ठगने की कोशिशों में जुटे थे. प्राथमिकी के मुताबिक, सीबीआई को सूचना मिली थी कि आरोपी वरिष्ठ नौकरशाहों और राजनीतिक पदाधिकारियों के नाम का इस्तेमाल करेंगे, ताकि किसी काम के लिए उनसे संपर्क करने वाले ग्राहकों को सीधे या फिर अभिषेक बूरा जैसे बिचौलिए के माध्यम से प्रभावित किया जा सके।

प्राथमिकी के अनुसार, यह भी पता चला है कि बंदगर ने खुद को सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी के रूप में पेश किया था और विभिन्न पुलिस थानों के अधिकारियों से अपने परिचित लोगों का काम कराने को कहा था और विभिन्न मामलों की जांच को प्रभावित करने की कोशिश भी की थी।

# संक्षिप्त समाचार

## विधवा ने लगाया पति कि भूमि हड़पने का आरोप

पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र के गांव जटपुरा निवासी मधु ने बताया कि वर्ष 2016 में उसके पति सुखबीर सिंह की मौत हो गई थी।उसकी भूमि जटपुरा व नारायणपुर में उसके ससुर के नाम अंकित है।महिला के कोई पुत्र नहीं है।केवल दो पुत्रियां हैं।वह अपने पति के मकान के हिस्से में रह रही है।आरोप है कि उसका ससुर उसके पति के हिस्से की जगह जमीन पर जबरन हडपना चाहता है। अपनी सारी जमीन अपने बड़े पुत्र को दे रहे हैं।कभी भी वह बैनामा करा सकते हैं।आरोप है कि उसके ससुराल पक्ष के लोग आए दिन उसको मारपीट कर प्रताड़ित कर घर से भगा रहे हैं।महिला ने बताया कि उसके छोटे–छोटे बच्चे हैं जिससे उसके भरण–पोषण के लिए समस्या खड़ी हो जाएगी।उसने बताया कि उसके ससुर ने मारपीट कर बच्चों सहित घर से निकाल दिया है।दोबारा वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है।महिला ने उप जिलाधिकारी के अलावा मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

## सड़क हादसे में घायल महिला ने दम तोडा

पूरनपुर।सड़क हादसे में घायल हुई महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई।घटनाक्रम की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।
कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला साहूकारा निवासी चंद्रपाल ने बताया कि आठ जुलाई को उसकी पत्नी का एक्सीडेंट हो गया था।जिसका उपचार जिला मुख्यालय में चल रहा था।सड़क हादसे में घायल हुई महिला की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई।घटनाक्रम को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया।रोते बिलखते परिजन अस्पताल पहुंचे।मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।एकाएक हुई घटना को लेकर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।कोतवाल अशोक पाल ने बताया सड़क हादसे में महिला घायल हो गई थी।जिसकी सोमवार को मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## दिनदहाड़े युवक को गिरा कर छीन लिया मोबाइल

पूरनपुर।फोन पर बात करके जा रहे युवक को जमीन पर गिरा कर उचक्के मोबाइल छीन कर फरार हो गए। पीड़ित स्थानीय चौकी पर गया तो पुलिस ने उसको वहां से टरका दिया।पीड़ित ने पूरनपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।
थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी बसी अहमद ने बताया कि वह पीलीभीत किसी काम से गया था।पुलिस चौकी आसाम चौराहे पर वह मोबाइल फोन पर बात करते हुए चल रहा था।इसी दौरान मौका पाकर पीछे से आए बाइक सवार उच्चकों ने उसको जमीन पर गिरा कर जबरन उसका मोबाइल छीन कर फरार हो गए।दिन दहाडे हुए घटनाक्रम को लेकर खलबली मच गई।लोगों ने उचक्के को पकड़ने का प्रयास भी किया।लेकिन वह दाएं बाएं से होकर फरार हो गया।घटना को लेकर लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई।पीड़ित ने बताया कि जब वह घटना की शिकायत करने आसाम चौकी पर गया तो उसको थाने पर जाने की बात कह कर चौकी से टरका दिया।उसका कहना है कि उस सिम से कोई भी दुरूपयोग कर सकता है।पीड़ित ने पूरनपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।कोतवाल अशोक पाल ने बताया युवक ने कोतवाली में तहरीर दी है।जिसकी जांच कराई जा रही है।

## आवास के नाम पर सुविधा शुल्क मांगने का आरोप

पूरनपुर।ब्लॉक क्षेत्र के गांव चांदपुर निवासी रामू ने बताया कि वह भूमहीन और दिव्यांग है।प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वे हुआ था।जिसमें उसके घर का सर्वे किया गया।उसने बताया कि जो इस समय आवास की सूची आई है उसमें उसका नाम भी अंकित है।आवास पाने के लिए वह पात्र भी है।उसका आरोप है कि ग्राम पंचायत अधिकारी ने पचास हजार का सुविधा शुल्क देने के बाद ही आवास देने की बात कहीं।भूमहीन होने के कारण उसने रुपए देने में असमर्थता जताई।इसके बावजूद सचिव ने सुविधा शुल्क देने के बाद ही आवास देने की बात कही।पीड़ित ने बताया कि गांव में कुछ लोग ऐसे हैं जिनके दो मंजिल घर बने हैं।उनको आवास रकम देकर दिया जा रहा है।पीड़ित ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर जांच कर सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## पंपिंग सेट चोरी के मामले में पुलिस ने तीन को उठाया

पूरनपुर।खेत पर लगे पंपिंग सेट चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।पुलिस ने अभी इस मामले में रिपोर्ट दर्ज न करते हुए जांच करने की बात कही है।
कोतवाली क्षेत्र के गांव घुंघचाई निवासी विमल कुमार सिंह के खेत में लगा पंपिंग सेट 18 मई की रात पंपिंग सेट व उसके पुर्जे चोरों ने चोरी कर लिए थे।इस मामले की सूचना लिखित रूप से पुलिस को दी गई थी।पुलिस ने सोमवार को शक के आधार पर पड़ोसी गांव सिमरिया ता. अजीतपुर बिल्हा के तीन लोगों को घर से दविश देकर दवोच लिया।पुलिस हिरासत में लिए गए लोगो से पूछताछ कर रही है।चौकी प्रभारी मंगल सिंह ने बताया पंपिग सेट चोरी करने के मामले में तीन लोगों को शक के आधार पर हिरासत में लिया गया है।उनसे पूछताछ की जा रही है।

## अधिवक्ता के घर लाखों की चोरी मैं पुलिस के हाथ खाली, अज्ञात चोर नगदी जेवर लेकर हुए थे फरार

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। मोहल्ला कानूनगोयान निवासी अधिवक्ता के मकान में 19 जुलाई की रात अज्ञात चोर घुस गए और घर के अंदर अलमारी में रखे आभूषण व नगदी चोरी कर फरार हो गए अधिवक्ता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था लेकिन सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरों के गिरेबान तक नहीं पहुंची जिससे नगर में चोरों बदमाशों का आतंक और नगर वासियों में दहशत व्याप्त है ।
बता दें 19 जुलाई की रात नगर के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी अधिवक्ता अश्विनी कुमार सक्सेना मंगलवार की रात्रि अपने मकान के अंदर परिजनों के साथ सोए हुए थे रात्रि में किसी समय अज्ञात चोर किसी प्रकार घर के अंदर घुस गए और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर जिसमें रखे आभूषण 2 तोले सोने की चौन, सोने के कुंडल, पांच चांदी के सिक्के, तथा 50 हजार रुपए नकद चोरी कर फरार हो गए परिजन जब सुबह 6रू00 बजे सो कर उठे तो देखा घर का सामान बिखरा पड़ा है और कमरे में रखी अलमारी का ताला भी टूटा हुआ है जब उसमें रखे आभूषण व नगदी को देखा तो नगदी जेवर गायब था।

## महा दंगल में नेपाल के थापा पहलवान ने कुश्ती में लहराया परचम

अयोध्या टाइम्सःसंवाददाता– हरिओम द्विवेदी। कानपुर श्री जागेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस साल भी महा दंगल का आयोजन किया गया। महा दंगल श्रावण मास की महा में श्री जागेश्वर महादेव प्रबंधन सभा द्वारा दंगल कुशल पहलवानों द्वारा मंदिर प्रांगण में महा दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से नेपाल के देवा थापा दंगल पहलवान आकर्षण का केंद्र रहे। महा दंगल में मुख्य रूप से अतिथि के रूप में अभिजीत सांगा विधायक बिठूर विधानसभा , आर्यनगर विधानसभा के



विधायक,अमिताभ बाजपेई कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटिहार, भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी उपस्थित रहे वही अमिताभ बाजपेई ने पहलवानों को हाथ मिला कर महा दंगल का शुभारंभ कराया गया जिसमें मुख्य रुप से श्री जागेश्वर महादेव प्रबंधक सभा एवं जागेश्वर मंदिर के प्रबंधक प्राण श्रीवास्तव ने दंगल स्थल पर समस्त पहलवानों का परिचय कराया एवं अतिथि का स्वागत किया वही राजा बाबू गुप्ता ने सभी अतिथियों को फूल माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया वहीं अन्य राज्यों से 100 से ज्यादा आए पहलवानों ने अपनी हुनर का दम दिखाया महिला पहलवानों ने भी अपनी सुस्ती की कलाबाजी दिखाते हुए दर्शकों का मन मोह लिया।

## पुलिस अधीक्षक श्रावण मास व काँवड़ यात्रा के दृष्टिगत पीलीभीत शहर क्षेत्र व गौरीशंकर मंदिर की सुरक्षा-शान्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया गया

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी० द्वारा श्रावण मास व काँवड़ यात्रा के दृष्टिगत पीलीभीत की सुरक्षा व व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। काँवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने हेतु प्रभारी



शहर क्षेत्र में भ्रमण कर मण्डी समिति, मुख्य चौराहों, काँवड़ियों के आने वाले मुख्य मर्गो पर लगी बैरीकेटिंग व पुलिस बल का निरीक्षण किया गया तथा थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत गौरीशंकर मंदिर परिसर निरीक्षक कोतवाली व सुनगढ़ी को रुट चार्ट, पार्किंग व्यवस्था व अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में विशेष दिशा–निर्देश दिए गए, साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये।

## व्यापारी लूट कांड में भी पुलिस के हाथ खाली टिसुआ अड्डे पर डंडा मारकर वारदात को दिया था अंजाम

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। फतेहगंज पूर्वी किराना और पेस्टिसाइड दुकान बंद कर घर जा रहे व्यापारी को हाईवे पर बदमाश ने सिर में डंडा मारकर नोटों से भरा थैला छीन लिया और फरार हो गया एसएसपी ने कोतवाल को मामले का जल्द पर्दाफाश करने का निर्देश दिया लेकिन कई दिन बीत जाने की बाद भी पुलिस के हाथ खाली है जिससे व्यापारियों में दहशत का माहौल है!



बता दें मंगलवार की देर शाम 7रू00 बजे के लगभग टिसुआ निवासी बशीर अहमद उर्फ बाबू पुत्र नसीर अहमद की टिसुआ मैं शिवपुरी रोड पर किराना और पेस्टिसाइड की दुकान है बह शाम को दुकान बंद करने के बाद अपने नौकर के साथ बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थे उनके हाथ में नोटों से भरा थैला था जिसमें चार लाख 90 हजार की रकम बताई गई थी इसी दौरान नकाबपोश बदमाश पैदल व्यापारी के पास आया और सिर में डंडा मारकर नोटों का भरा थैला छीनकर जंगल के रास्ते फरार हो गया व्यापारी के शोर शराबा मचाने पर लोग मौके पर पहुंचे और बदमाश का पीछा किया लेकिन वह फरार हो चुका था घटनास्थल के करीब 1 किलोमीटर दूर निकसुआ रोड पर बदमाशों ने पेस्टिसाइड एजेंट से तमंचे की नोक पर दिनदहाड़े लाखों की लूट कर ली थी यह मामला अभी खुला नहीं तब तक बदमाशों ने दूसरी वारदात को अंजाम दे दिया सूचना पर कोतवाल धर्मेंद्र सिंह भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और आला अधिकारियों को घटना की जानकारी दी आनन–फानन में क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह के अलावा एसएसपी बरेली सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज भी मौके पर पहुंच गए फोर्स ने इलाके में कमिंग की लेकिन बदमाश हाथ नहीं एसएसपी ने कोतवाल को मामले का पर्दाफाश करने का निर्देश दिया था लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली रहे आए मजे की बात है शायद बदमाशों को हाईवे पर टिसुआ का अड्डा मन को भा गया है इसीलिए पुलिस को चुनौती देकर बदमाश ताबड़तोड़ वारदातों को अंजाम देने में जुटे हैं!
फरीदपुर में भी हो चुकी है कई वारदातें लेकिन खुलासा नहींइ फरीदपुर का इलाका भी चोरों बदमाशों के हवाले हैं जिससे लोगों में दहशत का माहौल है!
1 जुलाईइ बीसलपुर रोड पर दिनदहाड़े बैंक से रुपए निकाल कर जा रहे अनिल कुमार सिंह से 30000 की लूट!
11 जुलाईइ बंधन बैंक के कलेक्शन एजेंट इन से दिनदहाड़े नहर की पटरी पर तमंचे की नोक पर एक लाख नगद लैपटॉप मोबाइल बाइक लूटी!
6 जून दूध कारोबारी बदन सिंह से 25000 की लूट!13 जून स्टेट बैंक की केबिन से व्यापारी डब्लू भारद्वाज का छह लाख की रकम से भरा बैग चोरी! विगत सप्ताह हाईवे पर बदमाशों ने ट्रक चालक से 2000 और मोबाइल लूटा! 19 जुलाई इ्रात अधिवक्ता के घर 50,000 नगदी सोने चांदी के जेवर चोरी!

## स्वर्गीय व्यापारी के नवनिर्मित मंदिर में बिराजा भोले का परिवार

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। नगर के प्रतिष्ठित स्वर्गीय व्यापारी के परिजनों के सौजन्य से बीसलपुर रोड स्थित नवनिर्मित मंदिर में सावन माह के दूसरे उनके छोटे भाई ननकू लाल कश्यप किराना व्यापारी थे जिनकी विगत वर्ष मौत हो गई थी उनकी यादगार में बीसलपुर रोड पर भाजपा के जिला महामंत्री अनिल राणा के



सोमवार को गाजे–बाजे से भोलेनाथ के परिवार का नगर भ्रमण कर पुरोहित के माध्यम मंत्रोचार के साथ भगवान भोलेनाथ को स्थापित किया गया है उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया लोगों ने जमकर प्रसाद ग्रहण कर भोलेनाथ के जयकारे लगाए!
नगर के मोहल्ला परा निवासी एवं प्रतिष्ठित व्यापारी स्वर्गीय धनीराम कश्यप के द्वारा कराया गया था लेकिन भोलेनाथ परिवार की स्थापना उनके परिजनों ने कराई बरात घर के सामने उनके बेटो रामसेवक कश्यप एडवोकेट, अरुण कश्यप, अतुल कश्यप ने सावन के पवित्र महा और दूसरे सोमवार को भगवान भोलेनाथ के परिवार का नगर भ्रमण के बाद नवनिर्मित मंदिर में पुरोहित के माध्यम मंत्रोचार के साथ प्राण प्रतिष्ठा कर स्वर्गीय ताऊ के सपनों को पूरा कियाप्राण प्रतिष्ठा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर भोलेनाथ के दर्शन कर स्वयं को धन्य बनाया!

## स्वर्गीय व्यापारी के नवनिर्मित मंदिर में विराजे भोलेनाथ, भतीजे ने ताऊ के सपनों को पूरा किया

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। नगर के प्रतिष्ठित स्वर्गीय व्यापारी के परिजनों के सौजन्य से बीसलपुर रोड स्थित नवनिर्मित मंदिर में सावन माह के दूसरे सोमवार को गाजे–बाजे से भोलेनाथ के परिवार का नगर भ्रमण कर पुरोहित के माध्यम मंत्रोचार के साथ भगवान भोलेनाथ को स्थापित किया गया है उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया लोगों ने जमकर प्रसाद ग्रहण कर भोलेनाथ के जयकारे लगाए! नगर के मोहल्ला परा निवासी एवं प्रतिष्ठित व्यापारी स्वर्गीय धनीराम कश्यप के द्वारा कराया गया था लेकिन भोलेनाथ परिवार की स्थापना उनके परिजनों ने कराई उनके छोटे भाई ननकू लाल कश्यप किराना व्यापारी थे जिनकी विगत वर्ष मौत हो गई थी उनकी यादगार में बीसलपुर रोड पर भाजपा के जिला महामंत्री अनिल राणा के बरात घर के सामने उनके बेटो रामसेवक कश्यप एडवोकेट, अरुण कश्यप, अतुल कश्यप ने सावन के पवित्र महा और दूसरे सोमवार को भगवान भोलेनाथ के परिवार का नगर भ्रमण के बाद नवनिर्मित मंदिर में पुरोहित के माध्यम मंत्रोचार के साथ प्राण प्रतिष्ठा कर स्वर्गीय ताऊ के सपनों को पूरा कियाप्राण प्रतिष्ठा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर भोलेनाथ के दर्शन कर स्वयं को धन्य बनाया! इस दौरान पालिका अध्यक्ष पति ब्रह्मा शंकर गुप्ता के अलावा तमाम नगरवासी मौजूद रहे!

## जन कल्याण सुरक्षा संघ के कैम्प में जांचकर फ्री बाँटी मरीजो को दवाइयाँ तम्बाकू छोड़ अभियान के तहत जागरूकता हेतू पुस्तको का वितरण किया गया

पीलीभीत पूरनपुर–तहसील कलीनगर विकास खण्ड पूरनपुर क्षेत्र के गांव जमुनियां खास में सोमवार को जन कल्याण सुरक्षा संघ सामाजिक संस्था के अध्यक्ष ब्रहमपाल सिंह ने कार्यकर्ताओ के सहयोग से गांव के पंचायत घर मे कैम्प का आयोजन किया जिसमें पहुचें सभी तरह के मरीजो को डॉ. शशी दुग्गल MBBS, DCH, MD डॉ. दिशा नरेश Dentist ने संस्था के सहयोग से निशुल्क जांच के बाद परामर्श दिया और मर्ज के हिसाब से उनको फ्री दवाइयों का वितरण किया गया एवं तम्बाकू छोड़ अभियान के तहत जागरूकता हेतू पुस्तको का वितरण किया गया जिसमें जमुनियां खासपुर आसपुर लक्ष्मीपुर दयालपुर भैरोकला सहित आसपास के गांवों के मरीजो ने कैम्प में पहुचकर लाभ लिया कैम्प में सुबह सात बजे से मरीजों का पहुचना शुरू हो गया।
उसके बाद कैम्प में मरीजों की संख्या बढ़ने पर दोपहर बाद लगभग एक बजे समापन किया कैम्प में सर्दी खांसी जुखाम बुखार सिरदर्द पेट दर्द स्वास कान आँख त्वजा दाँत व अन्य बीमारियों सहित व महिलाओं के रोगों से सम्बंधित दवाइयां बाटी गई इस दौरान जन कल्याण सुरक्षा संघ के अध्यक्ष



ब्रहमपाल सिंह, कोषाध्यक्ष राममूर्ति लाल युवा प्रकोष्ठ तहसील कलीनगर अध्यक्ष दीपक वर्मा न्याय पंचायत अभयपुर अध्यक्ष अशोक कुमार पासवान महासचिव शेखर यादव ग्राम अध्यक्ष लक्ष्मीपुर रामऔतार राजपूत ग्राम प्रधान रामचंद्र लाल पासवान ग्राम पंचायत सदस्य ऋषिपाल कमल राठौर बरेली के रामचंद्र लाल केहरी दीनदयाल पासवान छोटेलाल मोहम्मद सफी अंसारी बरेली के राजन भारद्वाज चंद्र किरन भारद्वाज सहित आदि लोग मैजूद रहे।

## कांवड़ यात्रा मे खरा उतरा पुलिस प्रशासन,सावन के दूसरे सोमवार को बम बम भोले के जयकारों से गूंज उठे शिवालय

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। बिहिप बजरंग दल के नेतृत्व में सावन के दूसरे सोमवार को निकाली गई कांवड़ यात्रा पर स्वागत में नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर जगह जगह विशाल भंडारे का आयोजन किया भली–भांति विशाल कावड़ यात्रा पालिका अध्यक्ष पति एवं स्वर्गीय पूर्व पालिका अध्यक्ष की पत्नी के अलावा समाजसेवियों ने भगवाधारी कांवरियों को दूध से बनी खीर और शीतल शरबत पिलाया काबड भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तहसील प्रशासन की कड़ी अग्नि परीक्षा थी जिसमें प्रशासन खरा उतर गया वही भगवाधारी डीजे पर नाचते गाते कांवड़ियों का जनसैलाब सड़कों पर बम बम भोले के जयकारों के साथ ग्राम पड़ेरा रामगंगा, कछला घाट रामगंगा से जल भरने को रविवार से ही टोलियों के साथ रवाना होना शुरू हो गया था तहसील व पुलिस प्रशासन ने कांवड़ियों की सुरक्षा







वहीं पुलिस प्रशासन ने दूरदराज से आए हुए कांवड़ियों के सैलाब की अगुवाई की वही सावन माह के दूसरे सोमवार को मोहल्ला परा साईं बाबा मंदिर से पावन गंगा नदी के तट कादरगंज से गंगाजल लेकर पहलऊं गांव स्थित शिव मंदिर शिवालय में जलाभिषेक किया जिससे समूचा वातावरण बम भोले के के जयकारों से गूंज उठा! सावन माह के दूसरे सोमवार को व्यवस्था को लेकर पहले से ही पृष्ठभूमि तैयार कर ली थी। तहसील व पुलिस प्रशासन के अधिकारी पुलिस फोर्स के साथ कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था मैं पूरे दिन मुस्तैद रहे। कांवड़ियों के गुजरने वाले संवेदनशील मार्गों पर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही चप्पे–चप्पे पर पुलिस और पीएसी के जवान तैनात थे। उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह तहसीलदार शेर बहादुर कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार,फतेहगंज पूर्वी कोतवाल प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सुबह से ही भारी फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे कांवड़ियों को गंतव्य तक रवाना करने में पुलिस प्रशासन ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और देर शाम चौन की सांस ली।
जलाभिषेक से पूर्व कांवड़ियों के जत्थो का हुआ जलपान और स्वागतइ नगर व देहात से रविवार को ही कावड़ियों के जत्थे राम गंगा कछला एवं हरिद्वार से गंगाजल लेने रवाना हो गए थे और सोमवार को जल लेकर लौटने का सिलसिला शुरू हुआ भोले के भक्त गंगा तटों से जल भर कर जब बुखारा मार्ग से निकले तो सबसे पहले गोपाला सिद्ध बाबा मंदिर पांडवों द्वारा स्थापित पहलऊ शिव मंदिर एवं पचौमी के पंचेश्वर नाथ मंदिर बम भोले के जयकारों के साथ जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर परिवार और देश में अमन चौन की कामना की लेकिन इससे पूर्व स्टेशन रोड पर पालिका अध्यक्ष पूनम गुप्ता पति ब्रह्मा शंकर गुप्ता ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय राम गुप्ता की पत्नी गिरिजा रानी गुप्ता ने दोनों बेटे रविंद्र धर्मेंद्र ने कांवरियों को श्रद्धा के साथ जलपान कराया वही कांवरियों के स्वागत के के लिए आतुर राजेश गुप्ता ने अपने समर्थकों के साथ टेंट लगाकर कांवरियों को मेवों की बनी खीर फल एवं शीतल शरबत वितरित कर पुण्य कमाया विहिप और बजरंग दल की नेतृत्व में निकाली गई कांवड़ यात्रा में जिला अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह राणा ,नगर अध्यक्ष सोमपाल राठौर, विभाग संयोजक बजरंग दल कपिल शर्मा, राजेंद्र राठौर ,हीरा ,धर्मेंद्र आदि लोग मौजूद रहे!

## बर्खास्त पालिका कर्मी 155 ग्राम स्मैक के साथ जेल गया तो तस्कर करने लगे भरत मिलाप, फरार साथी पकड़ के बाहर

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। बर्खास्त नगर पालिका कर्मी पहले हवाला व नाइजीरियाई गैंग का हिस्सा भी था जिसने 6 माह में झारखंड से 80 लाख के लेन–देन किया था। स्मैक तस्करी में लिप्त होने पर पुलिस ने स्मैक तस्करी के आरोप में भेजा जेल। जेल जाने के बाद इलाके के तस्करों की धमाचौकड़ी शुरू हो गई जो भरत मिलाप की कवायद करने में जुटे हैं लेकिन फरार साथी पुलिस की पकड़ से अभी बाहर है!
एसएसपी बरेली सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज एसपी देहात राजकुमार अग्रवाल के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी के अवैध धंधे में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध पुलिस चलाया जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी फरीदपुर गौरव सिंह के कुशल नेतृत्व कोतवाल राजेश कुमार की टीम ने गश्त के दौरान झारखंड के रांची से 6 माह में 80 लाख के लेनदेन के आरोपी को गिरफ्तार किया था जबकि साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। विगत सोमवार को स्थानीय पुलिस के कस्बा इंचार्ज नवीन कुमार, एसआई राजकुमार, कांस्टेबल शिवकुमार व इंतजार अहमद शांति एवं कानून व्यवस्था हेतु क्षेत्र में गश्त ड्यूटी पर थे। तो भुता रोड से दो व्यक्ति आते दिखाई दिए जो पुलिस को देख कर सकपका कर वापस पीछे लौटने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर एक को दबोच लिया जबकि दूसरा साथी इकरार पुत्र लाल मोहम्मद निवासी गोटिया भागने में कामयाब हो गया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम मो. इरफान अंसारी पुत्र अल्ताफ अंसारी निवासीभूरे खां गौंटिया बताया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से 155 ग्राम स्मैक और मोबाइल फोन ओप्पो का बरामद किया गया था। पुलिस ने तस्कर के विरुद्ध एनडीपीएस की कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया जो जिला जेल में कैद है नगर के तस्कर बर्खास्त पालिका गर्मी से भरत मिलाप की कब आज करने में जुटे हैं जिसकी पुलिस को भनक तक नहीं सूत्रों के मुताबिक उनका भरत मिलाप नहीं तस्करी का ठिकाना पूछने जाते हैं तस्कर क्योंकि बर्खास्त पालिका कर्मी ने कुछ अंतः कोणों के नाम ही पुलिस को बताए थे नगर के तस्कर अपने नाम को लेकर उठापटक करने में भी जुटे हैं। ज्ञातव्य है कि पकड़ा गया तस्कर इरफान नगर पालिका में आउटसोर्सिंग कर्मी के रूप में



कार्यरत था। पूर्व में दिल्ली निवासी रोमिका रॉबर्ट नाइजीरियन जब अपनी ठगी की गई रकम के लिए फरीदपुर पहुंच गया था जो पुलिस के हत्थे चढ़ गया तो उसने फरीदपुर में अपने संपर्क के लोगों के नाम बताए जिसने इरफान का नाम भी सोशल मीडिया पर वायरल तस्करों की लिस्ट में आठवां नंबर था ।पूर्व में नाइजीरियाई गैंग से जुड़े रूखसाद के संबंध इरफान से थे जिसे पुलिस ने 27 लाख की रकम के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा। जांच में पाया गया कि इरफान के एचडीएफसी बैंक के खाते से झारखंड से 6 माह में 80 लाख की रकम का का लेनदेन हुआ था सूत्रों के मुताबिक इसी रकम से बर्खास्त पालिका कर्मी ने बहुमंजिला कोठी बनाई और लग्जरी कार खरीदी आनन–फानन में लखपति बनने पर इरफान मोहल्ले वासियों की आंखों में खटकने लगा। घटना के बाद इरफान की सेवाएं अधिशासी अधिकारी नितिन गंगवार ने प्रदाता कंपनी को नोटिस भेजकर पालिका में सेवाएं समाप्त कर दी थीं। लेकिन पालिका के स्टाफ का दिली प्यार बरकरार रहा । सोमवार को भी जब इरफान को स्मैक तस्करी में पकड़ा गया तब भी नगर पालिका के कई कर्मचारी फरीदपुर कोतवाली में व मेडिकल परीक्षण के दौरान सीएचसी में उससे मिलने पहुंचे थे वह भी पुलिस की शक के दायरे में हैं।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में फरीदपुर की बेटियां सम्मानित, एमएलसी ने स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र दिए

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। कन्या इंटर कॉलेज के प्रतिभा सम्मान समारोह में फरीदपुर की बेटियां हुई सम्मानित जिन्होंने जिला एवं तहसील स्तरीय पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा टॉप कर विद्यालय एवं गुरुजनों का का नाम रोशन किया था उप शिक्षा निदेशक एवं बरेली रामपुर एमएलसी ने छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हौसला बढ़ाया!
नगर के मुख्य बाजार स्थित किशोर चंद कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने यूपी बोर्ड परीक्षाओं में बाजी मारी तो विद्यालय प्रबंधन ने प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर फरीदपुर की बेटियों का सम्मान बढ़ाया इसी के तहत सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती शशि देवी शर्मा उप शिक्षा निदेशक बरेली मंडल बरेली एवं बरेली रामपुर एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया प्रतिभा सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य यूपी बोर्ड परीक्षाओं में 80: से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं गुरुजनों का का गौरव बढ़ाकर जिला एवं तहसील स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करना था इसी के तहत कार्यक्रम में मेधावीओ को मुख्य अतिथियों ने प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं हौसला बढ़ाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की अतिथियों से सम्मानित होकर छात्राओं के चेहरे पर नूर आ गया और उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा वही मुख्य अतिथि शशि



देवी शर्मा एवं एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर बीनू सिंह द्वारा संचालित विद्यालय परिवेश मैं बेटियों की शिक्षा की अलख जगाने हेतु बारंबार प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी और बोले किशोर चंद कन्या इंटर कॉलेज की छात्राएं हीरो से कम नहीं है जो प्रतिवर्ष नई चमक लेकर आती हैं! इस दौरान कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, प्रबंधक हरि प्रकाश अग्रवाल ,सह प्रबंधक अनूप अग्रवाल समिति के अन्य सदस्यों के अलावा विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा!

# संक्षिप्त समाचार

## नगीना थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा ने कावड़ियों को फल वितरित किए

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी । नगीना। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा नगीना ने शासन आदेश अनुसार कांवड़ियों की सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे–चप्पे पर पुलिसकर्मी तैनात किए हुए हैं तथा कुछ पुलिसकर्मी सादी वर्दी में भी तैनात किए हुए हैं ताकि कांवड़ियों को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े तथा सामाजिक कर्तव्य को निभाते हुए । ईश्वर के प्रति आस्था व श्रद्धा भाव दिखाते हुए हरिद्वार से गंगाजल ला रहे कावड़ियों का नगीना बूंद की तिराहे पर स्वागत करते हुए कावड़ियों को फल वितरित किये ।



इस दौरान पीने के पानी की बोतलें भी कावड़ियों को वितरित की गई। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा प्रभारी निरीक्षक नगीना उपनिरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा , उप निरीक्षक अजय कुमार, उप निरीक्षक वसीम अख्तर उपनिरीक्षक मैन कुमार, उप निरीक्षक रवि कुमार सत्येंद्र कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों उपस्थित रहे।

## 5 दिन पूर्व कुमकुम नाम की महिला की हुई हत्या का पुलिस ने पर्दाफाश किया, 4 लोग गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी राधा रानी ।चांदपुर क्षेत्र में 5 दिन पूर्व कुमकुम नाम की महिला की हुई हत्या का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। घटना में शामिल पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है, जबरन शारीरिक संबंध बनाने को लेकर चारों अभियुक्तों ने कुमकुम की हत्या कर दी थी और फरार हो गए थे। फिलहाल पुलिस ने चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 19 जुलाई को चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव भगवंतपुर ककराला निवासी सुनील की 27 वर्षीय पत्नी कुमकुम जंगल चारा लेने गई थी जिसके बाद वो घर नहीं लौटी देर होने पर परिजनों को चिंता हुई तो परिजनों ने जंगल में उसकी तलाश की तभी जगदीश के खेत में कुमकुम का शव पड़ा मिला था कुमकुम का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी सूचना पर एसपी ग्रामीण राम अर्ज ने पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना कर दी थी। जिसमें आज पुलिस ने कामयाबी हासिल करते हुए घटना में शामिल चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारे विशाल ने बताया कि कुमकुम का उससे सालों से प्रेम संबंध था जिससे अब कुमकुम से उसके रिश्तो में दरार पड़ गई थी तभी विशाल के दोस्तों ने कुमकुम के साथ संबंध बनाने की विशाल से बात कही, जिसके बाद खेत में जाकर चारों ने कुमकुम को बुरी नीयत से पकड़ लिया घटना में शामिल विशाल छोटू अमित व कोशिंदर ने उसके साथ जबरन संबंध बनाने की कोशिश की। विरोध करने पर उन्होंने उसके साथ मारपीट की उसके बाद कुमकुम को चारों ने मिलकर मौत के घाट उतार दिया और शव पर पानी डालकर मिट्टी डाल कर फरार हो गए जिसका आज बिजनौर पुलिस ने पर्दाफाश कर सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## हीमपुर दीपा पुलिस ने आठ दिन से फरार चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी राधा रानी । हीमपुर दीपा पुलिस ने आठ दिन से फरार चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान किया। आरोपियों पर लाठी डंडो व सरियो से हमला व बलवा करने का आरोप है।

दरअसल यह मामला बिजनौर जिले के तहसील चांदपुर के हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र का है जहां थाना क्षेत्र के गांव पित्तन ओंधा में 17जोलाई को जमीन के कब्जेदारी को लेकर एक दूसरे को मारने काटने की नियत से हाथों में लाठी डन्डो व सरिया लेकर बलवा करने का मामला सामने आया था। मामले में पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने चारों को रावटी बस स्टैण्ड से मेहरबान पुत्र याकूब, नौमान पुत्र याकूब उर्फ गोला, शादाब पुत्र फारूख ,जहीर अहमद पुत्र सगीर अहमद निवासी ग्राम पित्तन औन्धा थाना हीमपुर दीपा जिला बिजनौर को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है ।

## दुसरे सावन सोमवार पर शिवालयों में लगा रहा शिव भक्तमहिला पुरुष व बच्चों का जमावड़ा,चप्पे चप्पे रही पुलिस की नजर

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

सावन मास के द्वितीय सोमवार को हर तरफ हर हर महादेव व बोल बम के शिव ध्वनि से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा द्यक्या राजा क्या रंक, सब पर चढ़ा महादेव का रंग,,, जी हां,,सुबह पौ फटते ही भगवान शिव के श्रद्धालु शिव के जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, पूजन, अर्चन हेतु, शिवालय चल पड़े द्य



महादेव के भक्त महराजगंज क्षेत्र के भैरव धाम और पातालेश्वर महादेव में पंक्ति बद्य जलाभिषेक किया द्यजहाँ कावड़ियों के जत्थे में युवा, पुरुष, महिला, बुजुर्ग व बच्चे जलाभिषेक यात्रा में शामिल हुए तो वहीँ डीजे धुन पर भक्ति से सराबोर हो थिरकते काँवड़िये हर हर महादेव और बोल बम आदि के उदघोष के साथ शिवालयों पर जलाभिषेक किया द्यसुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स जगह जगह तैनात रहीं और थानाध्यक्ष कमलकांत वर्मा शिवालयों और क्षेत्र में पुलिस बल के साथ भ्रमणशील रह कर सुरक्षा को सुनिश्चित कराते नजर आये जबकि एसपी ग्रामीण सिद्धार्थ और सीओ सगड़ी महेंद्र नाथ शुक्ल ने कई शिवालयों और मंदिरों पर पहुँच कर सुरक्षा का जायजा लिया एवं कावड़ियों के जलाभिषेक में कड़ी कोई परेशानी न हो इसको लेकर पुलिस बल को चौकन्ना रहने का निर्देश भी दिया।

## अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के जिलाध्यक्षों उपाध्यक्षों महासचिवों की बैठक लखनऊ में सकुशल सम्पन्न

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के जिलाध्यक्षों उपाध्यक्षों महासचिवों की बैठक लखनऊ में सकुशल सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि पूर्वमन्त्री राम आसरे विश्वकर्मा ने जिलाध्यक्षो को संगठन को मजबूत करने समाज को जोडने तथा महासभा की बडी ताकत तैयार करने के गुण बताये। महासभा की सदस्यता अभियान की शुरूआत राष्ट्रीय अध्यक्ष राम आसरे विश्वकर्मा के द्वारा प्रारम्भ किया गया।संगठन को जिला विधानसभा ब्लाक कमेटी स्तर तक बनाने का निर्देश।सितंबर मे विश्वकर्मा ब्रिगेड का प्रान्तीय सम्मेलन तथा अक्टूबर मे विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा का प्रान्तीय सम्मेलन करने का निर्णय। प्रत्येक जनपद मे अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा का माह के प्रथम दिवस को मासिक बैठक करने का निर्देश।समाज के ऊपर उत्पीडन अत्याचार के खिलाफ संघर्ष तेज करने का निर्णय। महासभा को सोशल मीडिया के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने का निर्णय। सभी जिलाध्यक्षों व पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष श्री अच्छेलाल विश्वकर्मा तथा संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष राम अवतार विश्वकर्मा ने किया।बैठक मे राष्ट्रीय महासचिव राजेश विश्वकर्मा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिव शंकर वर्मा विश्वकर्मा ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष विश्वकर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष गण सूरजबली विश्वकर्मा साहबदीन विश्वकर्मा शिव कुमार विश्वकर्मा विश्वकर्मा तथा जनपदों के जिलाध्यक्षों ने अपने विचार व्यक्त किया।



## वसीम कुरेशी फिल्म प्रोड्यूसर लगाए गए शिविर का शुभारंभ वसीम कुरेशी के बड़े भाई व भाजपा कार्यकर्ता हाजी यूनुस ने फीता काटकर किया

नजीबाबाद दैनिक आयोध्या टाइम्स संवाददाता नसीम उस्मानी

नजीबाबाद। नगर में शिवभक्तों की सेवा के लिए मुस्लिम समाज के लोग आगे आये है। मुस्लिम समाज के लोगो ने शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा कर उनकी सेवा की। मुस्लिम समाज के स्वागत से भोले काफी खुश नजर आए।





नगर के हरिद्वार रोड़ पर कुरैशी प्रोडक्शन के फिल्म प्रोड्यूजर व डायरेक्टर वसीम कुरैशी की ओर से लगाये हुए शिविर का शुभारंभ वसीम कुरैशी के बड़े भाई व भाजपा कार्यकर्ता हाजी यूनुस कुरैशी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर यूनुस कुरैशी ने कहा कि नगर की गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखते हुए शिवभक्तों की सेवार्थ हेतु जो शिविर लगाया गया है, इस कार्यक्रम से हिंदू मुस्लिम भाई चारे को बढ़ावा मिलता है। क्षेत्र में इस तरह के हिन्दू मुस्लिम एकता को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम होते रहने चाहिए। इस मौके पर कपिल सर्राफ, हर्षित सर्राफ, लवी अग्रवाल, बार संघ अध्यक्ष वसीम एड,इंजी0 मोअज्जम,पूर्व चेयर मैन खुर्शीद मंसूरी, राजीव गुप्ता, डॉक्टर राजीव अरोड़ा, इरफान अहमद, करेशी, इमरान अहमद, यूनुस चौधरी, अब्दुल सत्तार कुरैशी, अमित अग्रवाल टांडे वाले, बबलू पंडित, तरनजीत सिंह, सौरभ, इकराम कुरैशी,मंसूर कुरेशी, विकास कश्यप, मुकीम कुरैशी, यूसुफ कुरैशी आदि मौजूद रहे।

## बिजली के आउट सोर्स कर्मचारियों ने विभाग की नीतियों के खिलाफ विद्युत उपखंड किरतपुर पर किया धरना प्रदर्शन

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता किरतपुर (बिजनौर)। आज 25 जुलाई 2022 को विद्युत कार्यालय किरतपुर में बिजली के आउट सोर्स कर्मचारियों ने पूर्व घोषणा के अनुसार विभाग की गलत नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया संघ के पश्चिमांचल अध्यक्ष रणवीर सिंह ने अपने संबोधन में अधिशासी अभियंता की गलत नीतियों के खिलाफ आज जाएंगे इसी क्रम में जिला अध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा कि अधिशासी अभियंता जो द्वारा मनमाने तरीके से कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जा रहा है उसे संगठन कतई बर्दाश्त नहीं करेगा आज के धरने मैं जिले के कोने कोने से काफी संख्या में बिजली के आउट सोर्स कर्मचारी मौजूद रहे धरने की अध्यक्षता भूपेंद्र सिंह ने की व संचालन महिपाल सिंह



किरतपुर डिविजन व जिले के तमाम संविदा कर्मचारियों ने अपनी आवाज को बुलंद किया तथा यह भी का कि यदि आज अधिशासी अभियंता संघ से बात नहीं करते उन्हें आश्वासन नहीं देते तो कल 267 2022 से किरतपुर डिवीजन के समस्त कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर चले ने किया धरना स्थल पर जिले के कोने कोने से काफी संख्या में बिजली के आउटसोर्स कर्मचारी मौजूद रहे जिसमें जयपाल सिंह भूपेंद्र सिंह अनंत चौधरी राहुल कुमार अनंत चौधरी ओमवीर सिंह रोहित कुमार गौरव कुमार शिव कुमार आदि उपस्थित रहे।

## झारखंडी बाबा (शिव बाबा) पर लग रही कांवरियों की भीड़

बुढ़नपुर तहसील संवाददाता अमित यादव एडवोकेट!!

खबर है आजमगढ़ अतरौलिया क्षेत्र के तेजापुर (भीखमपुर) से जहां सावन के दूसरे सोमवार को लगभग चढ़ाएं और अपनी मन्नतें मांगे। दूर–दराज से जल लेकर आ रहे कांवरिया तो वहीं कुछ लोग अयोध्या से तो वहीं कुछ लोग अपने– अपने क्षेत्र के नदियों से जल लाकर



सभी प्रमुख मंदिरों में भीड़ देखने को मिली ऐतिहासिक रूप से प्रसिद्ध शिव मंदिर (झारखंडी बाबा) शिव भक्तों की भारी भीड़ देखी गई दूर–दूर तक शिव भक्तों की लाइन लगी रही लोग अपने अपने बारी की प्रतीक्षा करके भगवान शिव को जल झारखंडी बाबा को जलाभिषेक कर रहे हैं तो कुछ लोग डीजे की धुन पर डांस कर रहे हैं वही शिवभक्तो ने बताया कि हम लोग पिछले कई सालों से बाबा जी को लाकर जल अर्पित करते हैं और उनसे मन्नते मांगते हैं।

## गरीब परिवार को नहीं मिला आवास योजना का लाभ, झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं परिजन

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

आजमगढ़ जनपद के सगड़ी तहसील क्षेत्र के महाराजगंज विकासखंड अंतर्गत चांदपुर गांव निवासी इसरार अहमद पुत्र शकील अहमद काफी गरीब है, वह दिहाड़ी मजदूरी कर किसी तरह अपने परिवार का भरण पोषण करता है । कहना है कि कई बार आवास योजना को लेकर हमने कई जिम्मेदारों से गुहार लगाया परंतु आज तक कोई भी जिम्मेदार ने हमारा सुध नहीं लिया । शासन आवास योजना को लेकर तमाम दावे करता है परंतु कुछ ऐसे गरीब परिवार है जिनको आज तक आवास योजना का लाभ नही मिल पाया है



इसरार अहमद का कहना है कि आज तक हमें सरकार द्वारा चलाई जा रही आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका ।

जिससे हमारे परिवार को झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं बारिश होने के बाद हमें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है । इसरार का सरकार लाख कोशिश कर ले लेकिन अभी तक सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को सीधा लाभ गरीबों तक नहीं पहुंच पाता है जिसका जीता जागता सबूत महाराजगंज विकासखंड के अंतर्गत पड़ने वाला अखर चंदा गांव का इसरार अहमद है ।

# सड़कों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, बम-बम के नारों से गूंजा शहर

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। शिवरात्रि से एक दिन पहले धर्मनगरी से जल लेकर निकला डाक कांवड़ियों का सैलाब उमड़ पड़ा। आस्था का यह हुजूम जयकारों के नारों के साथ तय समय सीमा में अपने गणतव्य स्थान की ओर दौड़ रहा था। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पूरे कांवड़ मार्ग को छावनी में तब्दील किया गया था। आला अधिकारी यमुना ब्रिज पर डेरा डाले हुए थे। जगह–जगह पंडाल सजाकर शिवभक्तों के स्वागत के लिए शहरवासी सड़कों पर खड़े थे। कहीं पुष्पवर्षा तो कहीं शुद्ध जल की व्यवस्था की गई थी। सोमवार को नगर की सड़कों पर आस्था का सैलाब देखने को मिला। आलम यह था जिस मर्ग को आम आदमी के लिए आरक्षित किया गया था उस पर भी भोलों का कब्जा रहा।डाक कांवड़ियों ने अपना पूरा दम–खम दिखाया। बम–बम भोले और हर–हर महादेव के जयकारों से माहौल शिवमय हो गया। डीजे और भजनों पर शिवभक्ति में लीन भोले झूमते हुए नजर आए और कदम बढ़ते गए। डाक कांवड़ियों का न रुकने वाला सैलाब नजर आया। इस दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत गीत भी सुनाई दिए, जिन पर शिवभक्त जमकर थिरकते दिखे। भोलों के दर्शन करने के लिए मुख्य मार्ग पर दोनों ओर श्रद्धालुओं की





भीड़ लगी रही, जो कांवड़ियों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थी।पुलिस व प्रशासनिक अमला सकुशल कांवड़ यात्रा सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्ध नजर आ रहा था। उच्चाधिकारी मॉनिटरिंग कर रहे थे, कहीं कोई अप्रिय घटना न हो जाये इसके लिए लगागत दिशा–निर्देश दिए जा रहे थे। जोन व सेक्टर प्रभारियों को अलर्ट पर रखा गया था,व्रज वाहन को मार्ग पर लगाया गया था। आरआर एफ,पीएसी व स्थानीय पुलिस के कंधों पर कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने का जिम्मा था,जिसे वह बखूबी निभा रहे थे। पुलिस प्रशासन ने कांवड़ियों को तिरंगे फ्लैग वितरित किए। धर्मनगरी हरिद्वार से गंगाजल उठाकर आस्था के जज्बे के साथ शहर से गुजरने वाले हरियाणा व राजस्थान के डाक कांवड़ियों का सैलाब लगातार बढ़ रहा था। इस दौरान हरियाणा–यूपी सीमा पर स्थित यमुना ब्रिज पुलिस चौकपोस्ट पर एएसपी ओपी सिंह, सीओ कैराना बिजेंद्र सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल कपरवान ने शविभक्त भोलों को तिरंगे फ्लैग वितरित किए।

इस तरह की थीं तैयारियां

जिले के दोनों आला अधिकारियों डीएम जसजीत कौर व एसएसपी अभिषेक झा द्वारा कांवड़ यात्रा को लेकर अधीनस्थों के साथ लगातार संवाद व दिशा–निर्देशों के चलते अनुशासन बना रहा। घायलों को तुरन्त उपचार, ट्रैफिक का समय रहते डायवर्जन, अस्थाई पुलिस चौकियां, ड्यूटी प्वाइंट, जोनल सेक्टर प्रभारियों की नियुक्ति,कांवड़ मार्ग पर छह पिए सेट स्थापित,पालिका प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम, कांवड़ मार्ग को सीसीटीवी कवच,वाच टॉवर सहित अन्य तैयारियां की गई थीं,जिसके चलते कांवड़ यात्रा को कवर किया गया है।

मुस्लिमों की सेवभाव के कायल हुए भोले

जिस कैराना की धरती पर कभी विशेष समुदाय की गुंडागर्दी के कारण पलायन के मुद्दे ने जन्म लिया था और विश्वभर में कैराना के माथे पर ब्लेक स्पॉट लगा था उसी कैराना की धरती पर मुस्लिम समाज द्वारा कांवड़ियों की ऐसी सेवा की गई, जिसके कायल खुद भोले भी हो गए। साम्प्रदायिक सौहार्द व एकता की मिसाल रहा कैराना आज फिर उसी डगर पर है। पानीपत निवासी जगदेव,मोनू निवासी समालखा व शिवम निवासी सोनीपत का कहना है कि धर्मनगरी से कांवड़ उठाकर लम्बा सफर तय करके कैराना पहुँचे, जिसके बारे में काफी कुछ सुना था, लेकिन यहाँ मुस्लिमों द्वारा सेवाभव देखकर मन गद–गद हो गया। यहाँ हिन्दू–मुस्लिम में इतना प्यार होगा कभी सोचा नहीं था। उन्होंने कहा कि कैराना को एक साजिश के तहत बदनाम करने का षड्यंत्र रचा गया है। हमें जो प्यार व सम्मान मिला उसे भुलाया नहीं जा सकता।

# विद्यालय में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को जीयनपुर कोतवाल ने किया सम्मानित

सगड़ी– आजमगढ़– सगड़ी तहसील क्षेत्र के करैला चकलालचंद निकट मनिकाडीह में स्थित शंकर फ्यूचरिस्टिक स्कूल में सीबीएसई बोर्ड से 10वीं कक्षा के छात्र छात्राओं के प्रथम आने पर उनको विद्यालय की तरफ से सम्मानित किया गया। बच्चों के सम्मान समारोह में पहुंचे बतौर मुख्यातिथि जीयनपुर कोतवाली प्रभारी यादवेंद्र पांडेय का छात्राओ ने तिलक लगा कर स्वागत किया। उसके बाद कोतवाल ने केक काटकर बच्चों को खिलाया और उनका उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

वहीं विद्यालय प्रबंधक उमाशंकर यादव ने मुख्य अतिथि जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय और ज्ञानेंद्र मिश्रा सहित अन्य लोगों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक उमाशंकर यादव ने कहा कि इस क्षेत्र में विद्यालय खोलने का हमारा उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में बच्चों को बेहतर शिक्षा देना है। हमने शिक्षा की गुणवत्ता पर पूरा जोर देने का प्रयास किया है। मैं बच्चों की इस सफलता पर उन्हें शुभकामनाओं के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

वहीं विद्यालय निदेशक मंजू देवी ने कहा कि– हमारे लिए यह गर्व की बात होगी कि विद्यालय के छात्र और छात्राएं अच्छे शिक्षकों के दिशा निर्देशन में अपनी मेहनत के दम पर आज सफलता पाई है। आगे भी इसी तरह के सार्थक प्रयास से बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा।

कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय



प्रधानाचार्य अभिषेक यादव ने आये हुए अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सगड़ी तहसील क्षेत्र का एक उभरता हुआ संस्थान जो ग्रामीण क्षेत्र में होते हुये भी एक ऐतिहासिक मिशाल कायम किया है।

विद्यालय की छात्रा श्रेया मौर्या 10वीं कक्षा में 94.6प्र., आलोक यादव 84प्र. ने अंक प्राप्त कर यह दर्शा दिया है कि मार्गदर्शन सही हों, तो हमारी पढ़ाई केवल शहरों तक ही नहीं सीमित हो सकती। उचित मार्गदर्शन और अच्छे शिक्षकों के बीच रहकर अच्छे अंक प्राप्त किये जा सकते हैं। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं सहित विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# चकमार्ग पर दबंगों का कब्जा

बूढनपुर तहसील संवाददाता अमित यादव एडवोकेट!!

चकमार्ग पर अवैध अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणो ने किया प्रदर्शन,अतरौलिया थाना क्षेत्र के बढ़या गांव का मामला। बता दे कि क्षेत्र के बढ़या गांव में ग्रामीणों ने गांव के ही दो लोगों पर सरकारी चकमार्ग पर अवैध तरीके से अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है जिसे लेकर तनाव व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में भी इसके संबंध में कई बार शिकायत की गई लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्राम सभा के क्षेत्र पंचायत सदस्य रामहृदय यादव ने बताया कि कई वर्षों पूर्व यह चकमार्ग ग्रामीणों के सुविधा के लिए बनवाया गया था लेकिन गांव के ही रामचेत यादव पुत्र सूर्य बली व कलावती देवी पत्नी स्व0 राजेन्द्र पांडेय द्वारा चकमार्ग पर अवैध तरीके से कब्जा कर लिया गया है। लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द चकमार्ग को खाली करवाया जाए। बता दें कि कई वर्षों पूर्व बढ़या ग्राम सभा में ग्राम पंचायत द्वारा चक मार्ग का निर्माण करवाया गया था। लेकिन मौके पर चकमार्ग की चौड़ाई कम है और रास्ते में मिट्टी डाल कर मार्ग अवरुद्ध कर दिया गया है । ऐसे में ग्रामीणों को आवागमन में काफी समस्या हो रही है जिससे स्थानीय लोग पूरी तरह से परेशान हैं। स्थानीय



ग्राम वासियों ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपकर यह मांग किया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो ताकि भविष्य में कोई सरकारी चेकमार्ग पर अवैध कब्जा न कर सके। इस मौके पर विनीत यादव ,सुनील यादव, सुशील यादव, सोनू यादव, संत विजय यादव ,धुपचन्द्र, देवी प्रसाद, दीपचंद यादव ,शिवचन यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# कातिलाना हमले के 24 साल पुराने मुकदमें में सपा विधायक रमाकांत यादव ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़

- चक्का जाम करने के छह वर्ष पुराने मुकदमें भी रमाकांत यादव ने इसी अदालत में किया सरेंडर किया

आजमगढ़ । कातिलाना हमले के 24 साल पुराने मुकदमें में सपा विधायक रमाकांत यादव ने सोमवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। न्यायालय ने पूर्व सांसद वर्तमान विधायक को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

फूलपुर थाना क्षेत्र के अंबारी चौक पर 17 फरवरी 98 की शाम लगभग छह बजे लोकसभा प्रत्याशी अकबर अहमद डंपी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और रमाकांत यादव व उमाकांत यादव को भद्दी भद्दी गाली देने लगे। इसी बीच रमाकांत यादव तथा उमाकांत यादव भी अपने समर्थकों के साथ वहीं आ पहुंचे। दोनों तरफ से गाली गलौज तथा क्रास फायरिंग होने लगी। जिससे अफरातफरी मच गई। गनीमत यह रही कि किसी को गोली नहीं लगी। इस मामले में फूलपुर थाने के सब इंस्पेक्टर वेद प्रकाश सिंह ने रमाकांत यादव तथा अकबर अहमद डंपी समेत कई अन्य पर मुकदमा दर्ज कराया था।

पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद अक्टूबर 1998 में रमाकांत यादव, उमाकांत यादव व अकबर अहमद डंपी समेत 79 लोगों के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में प्रेषित किया। रमाकांत यादव के अधिवक्ता आद्या शंकर दुबे ने जानकारी दी कि रमाकांत यादव की याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अधीनस्थ न्यायालय की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी।

दिसंबर 2021 में हाईकोर्ट ने याचिका निस्तारित करते हुए सांसद समेत सभी आरोपियों को न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रमाकांत यादव ने कोर्ट में सरेंडर नही किया। तब एमपी एमएलए की अधीनस्थ न्यायालय ने सभी आरोपियों के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। इसके बाद सोमवार को रमाकांत यादव ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

इसके अलावा चक्का जाम करने की छह वर्ष पुराने मुकदमें भी रमाकांत यादव ने इसी अदालत में सोमवार को ही सरेंडर किया। 3 फरवरी 2016 को फूलपुर कोतवाली के प्रभारी सुनील कुमार यादव वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी जयप्रकाश यादव के स्कॉर्पियो से 2 लाख 12 हजार रुपये बरामद किए। पुलिस की इस कार्रवाई से नाराज रमाकांत यादव तथा उनके दो ढाई सौ समर्थकों ने अंबारी चौक पर चक्का जाम कर दिया। जिस में आगजनी



भी हुई। इस मुकदमे में भी रमाकांत समेत पांच लोगों को के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत की गई। मुकदमे की जानकारी होने पर रमाकांत यादव ने सोमवार को आत्मसमर्पण कर दिया। इस मामले में एक अन्य आरोपी रमेश यादव जो जहरीली शराब कांड का मुख्य आरोपी है पहले से ही जेल में बंद है।

# बम निरोधक दस्ते ने निरीक्षण कर की निगरानी

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। शिवभक्त कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट है। कांवड़ मर्ग को छवनी में तब्दील किया हुआ है। इस सबके बीच आज बम निरोधक दस्ते ने यमुना घाट पहुँचकर निरीक्षण किया और कांवड़ियों की निगरानी की। सोमवार को डाक कांवड़ियों का जनसैलाब उमड़ा। कांवड़ मार्ग पूरी तरह से शिवमय नजर आया। पूरे मार्ग पर पुलिस की पैनी नजर रही। कहीं कोई चूक बड़ा बवाल न करा दे इसे लेकर प्रशासन के हाथ पैर फूले रहे। उच्चाधिकारी लगातार कांवड़ मर्ग पर निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश देते रहे। जोनल व सेक्टर प्रभारियों को अलर्ट पर रखा गया। इसी बीच बम निरोधक दस्ते की चार सदस्य टीम विनोद के नेतृत्व में कैराना पहुँची, जहाँ उन्होंने पब्लिक इंटर कॉलिज व भारत मैरिज होम में स्थित कांवड़ शिविरों व यमुना घाट पर कांवड़ियों की सुरक्षा का जायजा लिया और उनकी निगरानी भी की। इस दौरान खुफिया विभाग भी अलर्ट रहा। पल–पल की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी।







कांवड़िए की बाइक से टकराई साइकिल,भोला घायल

कैराना। तेजगति से आ रहा बाइक सवार कांवड़िया अचानक साइकिल से टकराकर घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। सोमवार को धर्मनगरी हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर बाइक से वापस लौट रहे कांवड़िए की नगर का कांधला रोड़ पर बाइक के सामने अचानक साइकिल सवार आ गया, जिससे दोनों में भिड़ंत हो गई। इस दौरान टक्कर लगने से पानीपत निवासी गोविंद गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर तुरन्त घायल भोले को सीएचसी पर भर्ती कराया,जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

मुस्लिम वृद्ध ने पेश की एकता मिसाल, लाया चौथी कांवड़

कैराना।श्रावण मास में चल रही कांवड़ यात्रा में हिन्दू मुस्लिमों के बीच अनोखा नजारा देखने को मिला, जहां एक मुस्लिम हिन्दू भाइयों के साथ चौथी झिलमिल कांवड़ लेकर कैराना पहुँचा। सोमवार को एक मुस्लिम बुजुर्ग ने साम्प्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की अनोखी मिसाल पेश की है। तहसील समालखा के गाँव कलागढी निवासी सादा पुत्र ममुदीन ने बताया कि जहां एक ओर देश में धर्म के नाम पर साम्प्रदायिक लोगों द्वारा नफरत व जहर फैलाया जा रहा है, वहीं मैं नरफ्त फैलाने वालों को कड़ा जवाब देने के लिए आने गाँव के राजा व मोनू के साथ चौथी झिलमिल कांवड़ लेकर निकला हूँ,जो हिन्दू–मुस्लिम के बीच खाई पैदा करने वालों के मुंह पर करारा तमांचा है।मैं देश की उन्नति व आपसी सौहार्द के लिए कांवड़ ला रहा हूँ।

# संक्षिप्त समाचार

## एसपी के आदेश पर मारपीट व छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

**०पीड़िता का आरोप पुलिस नही कर रही किसी भी आरोपी को गिरफ्तार ,आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं,बना रहे समझौते का दबाव**

कंचौसी,औरैया। थाना दिबियापुर क्षेत्र के एक गांव निवासी एक नाबालिग लड़की ने पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थनापत्र मे बताया कि पिछले मंगलवार को दोपहर में वह घर पर अकेली थी। तभी गांव के शिवम पुत्र विश्राम सिंह, तिलक पुत्र चिरौंजी लाल, सुनील पुत्र मरदान, गोविंद पुत्र दरोगा सिंह घर मे घुसकर छेड़छाड़ करने लगे। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया व चीख पुकार मचाई तब आवाज सुनकर पड़ोसी व स्वजन मौके पर आ गये। तब उक्त दबंगो ने पीड़िता व स्वजनो के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गये। पीड़िता ने इसकी शिकायत चौकी व थाना पुलिस को दी , लेकिन चौकी व थाना पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की, तब पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक चारु निगम से गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर उक्त आरोपियों पर थाना दिबियापुर में छेड़छाड़ ,मारपीट व पास्को एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पीड़िता के पिता ने बताया किसी भी आरोपी की अभी तक गिरफ्तारी नही की गई है। उक्त आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं।इस संबंध में कंचौसी चौकी इंचार्ज अविनाश चंद्र ने बताया आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है, आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## वैदिक इंटर कालेज के मेधावी को मिलेंगे 48 हजार

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

दिबियापुर,औरैया। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के घोषित परिणाम में वैदिक इण्टर कालेज दिबियापुर के छात्र यश कुमार ने सफलता प्राप्त की है। इस परीक्षा में जिले में 1320 प्रतिभागी शामिल



हुए थे, जिसमें से 147 सफल घोषित किये गए है। कक्षा 8 में पढ़ने वाले बच्चों की तैयारी के लिए विज्ञान शिक्षक मोहित सिंह सहित शिक्षक सुरेन्द्र कुमार और सौरभ शर्मा ने अपना योगदान दिया। प्रधानाचार्य डॉ संतोष कुमार शुक्ला ने छात्र एवं उसके पिता राम कुमार को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। बताया कि अब इस छात्र को कक्षा 9 से 12 तक अपनी पढ़ाई के लिए एक हजार/– प्रति माह के हिसाब से 4 साल में कुल 48 हजार रु– छात्रवृत्ति मिलेगी। प्रवक्ता जितेन्द्र सिंह, अजय मिश्र सहित सभी शिक्षकों व् छात्रों ने छात्र यश को बधाई और शुभकामनाएं दीं। छात्र यश की सफलता से विद्यालय में खुशी की लहर है।

## नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी का किया गया स्वागत

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

सहार,औरैया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई सहार द्वारा नवागत



खण्ड शिक्षा अधिकारी दाताराम का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक अध्यक्ष गौरव सक्सेना ब्लॉक मंत्री आशुतोष शुक्ला, ब्लॉक उपाध्यक्ष आशीष, प्रीती त्रिपाठी, विजय सचान के नेतृत्व में बी आर सी सहार में स्वागत कार्यक्रम चला।

खण्ड शिक्षा अधिकारी से संगठन के पदाधिकारियों ने शिक्षक समस्याओं पर चर्चा की। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही शिक्षकों की सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इस के लिए सभी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री पंकज तिवारी, सतेंद्र अग्निहोत्री, अतुल त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## करेन्ट से युवक की मौत परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

**ई रिक्शा को चार्ज करने के दौरान हुई मौत**

बिधूना,औरैया। जिले के बिधूना से है। बतादें घर मे ई–रिक्शा को जब युवक चार्जिंग पर लगा रहा था तभी वह करेन्ट की चपेट में आ गया। परिजनों के द्वारा सीएचसी बिधूना में उपचार के लिए लाया गया। जहां



डॉक्टरों ने उसे म्रत घोषित कर दिया। आपको बतादें औरैया जिले थाना एरवाकटरा क्षेत्र के हरचन्दापुर गांव में दु:खद घटना घटित हुई है। जहां घर पर गांव निवासी अजय राठौर पुत्र राजू उम्र तकरीबन 25 वर्ष ई–रिक्शा को चार्जिंग पर लगा रहा था उसी दौरान वह करेन्ट की चपेट में आ गया। परिजनों के द्वारा उपचार के लिये सीएचसी बिधूना लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही म्रत घोषित कर दिया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। बताते चलें म्रतक अजय की 4 बर्ष पूर्व औरैया के नसीराबाद निवासी अनीता के साथ शादी हुई थी। म्रतक के डेढ़ वर्ष का पुत्र अभिषेक है। जब कि परिजनों ने बताया कि म्रतक की पत्नी गर्भ से है। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच हुआ है। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

## थम सी गयी है जिंदगी

अश्क आंखों से गिरे, थम सी गयी है जिंदगी।
हाल ये दिल का हुआ कम सी गयी है जिंदगी।।

और सा फिर क्या खबर तुझको यहां जीना नही।
उमर लग जाए तुझे सब जम सी गयी है जिंदगी।।

नाम लेकर फिर किनारे कर सुधर तबियत गयी।
ख्वाब में ढ़ह सब बिखर थम सी गयी है जिंदगी।।

जानकर अनजान अब बन ही गये वो जब से गए।
सांस लेना कब किसे अब रम सी गयी है जिंदगी।।

जिंदगी का क्या कहना जिस दिन विरासत मिली।
सोच कर 'केएल' खुद नम सी गयी है जिंदगी।।

लेखनः के एल महोबिया

## बाल संरक्षण समिति की बैठक हुई संपन्न

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स अजीतमल/औरैया सोमवार को ब्लॉक अजीतमल में खंड विकास अधिकारी महोदय की



अध्यक्षता में ब्लॉक बाल संरक्षण समिति एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह की बैठक संपन्न हुई बैठक में स्पॉन्सरशिप, बाल सेवा योजना एवं बाल सेवा योजना सामान्य, बाल विवाह रोकथाम,कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन एवम् सभी टोल फ्री नंबर जैसे 1098 181 1090 आदि पर विशेष चर्चा की गई बैठक में उपस्थित खंड विकास अधिकारी राज बहादुर सिंह सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी सपना सिंह, सहायक पंचायत अधिकारी , महिला कल्याण अधिकारी वंदना शर्मा,संरक्षण अधिकारी रीना चौहान, एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रही।

## बीएससी की छात्रा ने लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को मारी गोली,गंभीर हालत में रेफर

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया। शहर के मोहल्ला सत्तेश्वर निवासी अधिवक्ता की पुत्री बीएससी की छात्रा ने अज्ञात कारणों के चलते पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। गोली लगने से छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गयी। परिजन उपचार हेतु उसे जिला अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने छात्रा की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि



शहर के मोहल्ला सत्तेश्वर के पाल कॉलोनी निवासी अधिवक्ता राजपाल की 19 वर्षीय पुत्री शिवांगी पाल राजस्थान के एक विद्यालय में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा है। हाल ही में वह अपने घर पर आई हुई थी। शिवांगी सोमवार की सुबह घर का काम निपटा रही थी उसी दौरान किसी कारण बस उसने अपने पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से कनपटी में गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर घरवालों ने दौड़कर देखा तो वह खून से लथपथ जमीन पर पड़ी हुई थी। वही मौके पर आसपास के लोग भी आ गए थे। सूत्रों से जानकारी मिली है कि शिवांगी का पिछले छह माह से डिप्रेशन का उपचार चल रहा था। शायद इसी के चलते उसने गोली मार ली है। फिलहाल उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर रेफर कर दिया गया है। छात्रा की हालत नाजुक बताई जा रही है। मामले की जानकारी पाकर कोतवाली प्रभारी अस्पताल में पहुंच गई थी और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई श्रमबंधु बैठक आयोजित

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया 25 जुलाई 2022 – जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला श्रम बन्धु की बैठक आयोजित हुई। बैठक में



जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी पात्र श्रमिकों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड योजना से आच्छादित किया जाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि अतिमहत्वाकांक्षी योजना से श्रमिकों को जोड़ने के लिए आरोग्य मित्र, जन सुविधा केन्द्रों के संचालकों, उचित दर विक्रेताओं, श्रम विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा इस क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों तथा स्वैच्छिक संस्थाओं से सहयोग प्राप्त किया जाये।जिलाधिकारी ने श्रम विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि कार्यदायी संस्थाओं एवं सम्बन्धित विभागों की बोर्ड पोर्टल आईडी जनरेट कर लेबर सेस समय से जमा करवायें तथा उसकी फीडिंग का कार्य भी समय अन्तर्गत पूर्ण किया जाये। बैठक के अन्त में आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के सफल आयोजन के उद्देश्य से सभागार में मौजूद अधिकारियों, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं व्यापारी बन्धुओं के साथ हर घर तिरंगा फहराया जाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक अब्दुल बासित , मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अर्चना श्रीवास्तव , परियोजना निदेशक हरेंद्र सिंह , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी , ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर व अन्य अधिकारी, विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा जिला श्रम बन्धु के सदस्यगण मौजूद रहे।

## द्रौपदी मुर्मू की जीत पर भाजपाइयों ने तिरंगा यात्रा निकाली

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

०महामहिम का किया अभिनंदन

दिबियापुर,औरैया। देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर प्रथम महिला आदिवासी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सम्मान में मण्डल दिबियापुर के सौजन्य से सैकड़ों की संख्या में भाजपाइयों ने तिरंगा यात्रा निकाली ।मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कमल सिंह दोहरे ने कहा कि आदिवासी वर्ग की महिला का राष्ट्रपति बनना सपना लगता था ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उस कुर्सी पर आज आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू बैठी हैं। डा. भीमराव अंबेडकर भी चाहते थे कि इस कुर्सी पर एक दिन कोई आदिवासी महिला बैठेगी तो निश्चित रूप से भारत का संविधान का मतलब पूरा होगा। कार्यकम मे मण्डल अध्यक्ष जगमोहन सिंह चौहान, मण्डल उपाध्यक्ष व संयोजक सौरभ राज्यूत, नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद पोरवाल,जिला महामंत्री शिव सिंह भारतीय, श्रद्धा चौहान,साधना पोरवाल ,नरायण सिंह, पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष माधव राजपूत, मनू राजपूत ,अनुराग दीक्षित, श्याम कुशवाहा , अनीता गौतम ,रानी देवी, रामू पांडे सहित बहुत से कार्यकता मौजूद रहे। यह तिरंगा यात्रा फफूंद रेलवे स्टेशन से नगर पंचायत तक निकाली गई ।

**भारत की 15 वी राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की जीत पर ग्राम मुंशीपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा**



फफूंद,औरैया। आज सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष गोविंद मिश्रा के नेतृत्व में मंडल फफूंद के अंतर्गत ग्राम मुंशीपुर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भारत की 15वीं राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को विजय श्री मिलने पर तिरंगा यात्रा निकाली इस दौरान मंडल फफूंद के अध्यक्ष गोविंद मिश्रा के अलावा मंडल महामंत्री धर्मपाल राजपूत जिला कार्यसमिति सदस्य विमल चौहान मंडल मंत्री मंगल नायक मंडल उपाध्यक्ष विकास दिवाकर एवं कार्यकर्ता लज्जाराम उपस्थित रहे।

## इण्डियन आयल कारपोरेशन के चेयरमैन ने किया दौरा

## बुरे वक्त में भी लोगो के साथ हैं इण्डियन आयल

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया। इण्डियन ऑयल के चौयरमैन श्री श्रीकान्त माधव वैद्य कार्यकारी निदेशक श्री राज कुमार दुबे एवम मुख्य महा प्रबंधक श्री उदय कुमार फर्रुखाबाद बॉटलिंग प्लांट के 25 वर्ष पूर्ण होने पर प्लान्ट का निरीक्षण करने हेतु आये, प्लान्ट का निरीक्षण उपरान्त वे इटावा बॉटलिंग प्लांट में भी उपलब्ध सुविधाओ को बढ़ाने हेतु इटावा प्लान्ट आये एवम इस दौरान चौयरमैन साहब ने अतिरिक्त सिलेण्डर को भरने हेतु सुविधाओं को बढाने हेतु मशीनों का अनावरण किया, इस अवसर पर उन्होंने इण्डियन आयल के हल्के एवम पारदर्शी सिलेण्डर जिसको कंपोजिट सिलेण्डर कहते हैं, उसको भरने की सुविधा इटावा बॉटलिंग प्लान्ट में उपलब्ध कराई.! ये पहला मौका है कि जब इण्डियन ऑयल या किसी विश्वस्तरीय कम्पनी के मुखिया इटावा जिले के डीजल पेट्रोल एवं एलपीजी की सुविधाओं का निरीक्षण करने आये,



इटावा बॉटलिंग प्लांट के निरीक्षण उपरान्त इटावा औरैया फर्रुखाबाद एवम आगरा के चुनींदा एलपीजी वितरक एवम पेट्रोलपंप डीलर से मिलकर उनका उत्त्साह वर्धन एवम उनको निर्देशित किया कि वे ग्राहक सेवाओ का पूर्ण ख्याल रखे एव एवं बताया कि आमतौर पर रोज 22 लाख सिलेण्डर रिफिल बांटी जाती है किन्तु आपलोगो ने कॅरोना जैसी महामारी के समय जो देश हित मे सेवा की प्रतिदिन 33 लाख सिलेण्डर रिफील वितरण का कार्य किया ये बहुत ही अपने कार्य के प्रति सजगता का प्रतीक है, हम सभी के लिए देश पहले ऑयल बाद में इसी प्रकार हमारे आउटलेट्स पर प्रतिदिन लगभग साढ़े तीन मिलयन लोग पेट्रोल डीजल लेते है, एवं वितरक डीलरों को सजग किया कि पेट्रोल उत्पादों की कमी किसी भी स्तिथि में न होने दे.! इण्डियन ऑयल अपने ग्राहकों के प्रति पूर्ण समर्पित हैं एवं पेट्रोलियम उत्पादों की पूर्ण उपलब्धता हैं, इस अवसर पर उन्होंने अच्छा कार्य करने बाले चुनिदा वितरकों एव डीलरों को सम्मानित भी किया, इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक श्री राज कुमार दुबे जी ने भी उपस्थित वितरकों एवं डीलरों को संबोधित किया एवं बताया बीते दिनों असम के सिलचर में आई बाढ़ के दौरान भी लोग घरों में फस गये वहाँ पर भी इण्डियन ऑयल के कर्मचारियों ने पानी मे गर्दन तक डूब कर लोगो के घरों में निर्बाध्य सिलेण्डर की आपूर्ति जारी रखी, इस अवसर पर श्री केके मिश्रा जी महाप्रबन्धक, श्री मति गीतिका मेहरा महाप्रबंधक, श्री श्यामलदेवनाथ उपमहाप्रबंधक, श्री शिवेन्द्र कुमार वरिष्ठ प्रबन्धक वितरकगण अजित मिश्रा अभिषेक मिश्रा संदीप पोरवाल तरनपाल जी संतोष चौधरी जी सेल्स ऑफिसर कौशल कुमार जी, डीलर बन्धु राघव मिश्रा इण्डियन ऑयल आगरा एरिया ऑफिस के समस्त अधिकारी आदि गड़मान्य व्यक्ति मौजूद रहे.!

## दुकानदारों ने अतिक्रमण हटाने का किया विरोध प्रदर्शन

### अतिक्रमण हटने से नहरपुल पर लगने वाले जाम से लोगों को मिली है राहत

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

कंचौसी,औरैया। दोनो जिलों की सीमा कंचौसी नहरपुल पर पिछले सप्ताह कानपुर देहात डेरापुर तहसील प्रशासन व नगर पंचायत कंचौसी के अधिकारियों द्वारा नहरपुल पर अतिक्रमण किये ठेले, टट्टर आदि लगाकर रोड पर अतिक्रमण किये दुकानदारों को हटवाया गया था, जिसका सोमवार को दुकानदारों ने एकजुट होकर नहरपुल कंचौसी दिबियापुर कैनाल रोड पर विरोध प्रदर्शन किया, सूत्रों के अनुसार सिचाई विभाग की भूमि पर कुछ दुकानदार अतिक्रमण किये थे। जिनसे वही के लोगो द्वारा किराए की अवैध वसूली की जाती थी।

दुकानदार ने समीर ,अजय सविता , सुभाष राठौर, रिंकू , दिलीप, सलीम, संजू गुप्ता, छक्की, जोकर, भगवानदास, पुच्ची, राकेश , मजीद, राशिद खान, आजाद खान, बीनू, आदि तीन दर्जन दुकानदारों ने बताया कि दुकाने हटने से हम सभी दुकानदार बेरोजगार हो गये हैं , रोजी रोटी पर संकट पैदा हो गया है।

बच्चो के स्कूल की फीस जमा करने के लिए रुपये नही है, तहसील प्रशासन व नगर पंचायत के अधिकारियों ने बिना नोटिस दिए दुकानों को हटवा दिया है, वही कुछ दबंग दुकानदारों ने अभीतक अपनी दुकानों को नही हटाया है। व्यापारी भाजपा नेता रामचंद्र तिवारी ने बताया कि कस्बे की कुछ सत्ता पक्ष के राजनीतिक लोग अपना वर्चस्व दिखाने के लिए तहसील प्रशासन व नगर पंचायत के कर्मचारियों को दबाद में लेकर अतिक्रमण के नाम पर दुकानदारों को हटाकर दूसरी जगह व स्थापित कर अपने लोगो द्वारा वसूली करने की साजिश कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि छोटे दुकानदारों के इस उत्पीड़न को किसी कीमत पर बर्दाश्त नही किया



जाएगा, जरूरत पड़ने पर पुरजोर तरीके से धरना व प्रदर्शन भी किया जाएगा।उन्होंने बताया इस मामले को सांसद कन्नौज सुब्रत पाठक, विधायक किदवईनगर महेश त्रिवेदी, रसूलाबाद विधायक पूनम संखवार को भी अवगत करवाया गया है, जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि छोटे दुकानदारों के साथ उत्पीड़न नही होने नही दिया जाएगा। इस संबंध में उपजिलाधिकारी डेरापुर साक्षी शर्मा ने बताया दुकानदारों को दस दिनों का समय दिया गया है , जल्द नोटिस देकर अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

## उत्पीड़न को लेकर ग्राम प्रधानों ने जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक को दिया ज्ञापन

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स फफूंद (औरैया)

विकास खण्ड भाग्यनगर में ग्राम प्रधानों की एक बैठक सोमवार को ब्लाक अध्यक्ष राजू यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पुलिस द्वारा ग्राम प्रधानों के ऊपर झूठे मुकदमा लिख कर उनसे रुपये मागते है। तथा गांव में बने मिनी सचिवालय में सचिव के नही जाने व क्लस्टर के विरुद्ध एक ज्ञापन जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक को दिया है।

सोमवार को दिए ज्ञापन में ब्लॉक भाग्यनगर की ग्राम पंचायतों में तैनात सचिव पंचायत भवनों मे नही आते है। जिससे ग्रामीणों के कागजी कार्य व ग्राम पंचायत की खुली बैठक समय पर नही हो पाती। ग्राम पंचायतों में तैनात लेखपाल पंचायत की सरकारी जमीन की गाटा संख्या की ग्राम प्रधानों को जानकारियां उपलब्ध कराने में आनाकानी करते है। और लोगों से रुपया लेकर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कराते हैं। जिससे गांव में विवाद की स्थिति पैदा होती है। ग्राम प्रधानों पर थाना पुलिस द्वारा बिना जांच करें झूठा मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। मुकदमा दर्ज करने के बाद थाना पुलिस प्रधानों पर दबाव बनाकर उन्हें भयभीत करती है। और पैसों की मांग करती है ग्राम प्रधानों से बिना कोई सुझाव लिए थानाध्यक्ष, हलका इंचार्ज व सिपाही हल्के फुल्के जगहों में जनता को उठा लाते हैं।

जब प्रधान दोनों पक्षों का समझौता करा देते हैं तो भी पुलिस उन गरीबों को बिना पैसे लिए नहीं छोड़ती है। ग्राम पंचायत की सभी सरकारी जमीनों का सीमांकन किया जाए और उसकी जानकारी ग्राम प्रधानों को उपलब्ध कराई जाए ग्राम पंचायत में वितरित होने वाले राशन



वितरण उसकी उठान की तारीख सभी ग्राम प्रधानों को उपलब्ध कराई जाए और ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में ही राशन का वितरण किया जाए। ब्लॉक भाग्यनगर व अन्य ब्लाकों में क्लस्टर लागू किया जा रहा है। जिसने तमाम ऐसे पंचायत सचिव है। जिनको पंचायतो में तैनात हुये 5 से 7 वर्ष हो चुके हैं। क्लस्टर प्रक्रिया में उन्हीं सचिवों को फिर से वही पंचायतों दे दी गई हैं जिससे निष्पक्ष कार्य नहीं हो पाएंगे इन पंचायत सचिवों को हटाया जाए।

## अलग अलग क्षेत्रों मे नाजायज तमंचे के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया। पुलिस अधीक्षक चारू निगम व अपर पुलिस अधीक्षक शिष्यपाल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व क्षेत्राधिकारी अजीतमल प्रदीप कुमार के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष अयाना जितेन्द्र यादव के नेतृत्व में थाना अयाना पुलिस टीम ने बीती रात्रि को रात्रिगश्त चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मुकेश पुत्र ओम प्रकाश दुबे निवासी केथोली थाना अयाना जनपद औरैया को मय एक अदद देसी तमंचा 315 बोर 02 जिंदा कारतूस के साथ तिवरीलालपुर सामुदायिक शौचालय से करीब 50 मीटर की दूरी पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अयाना थाने के उप निरीक्षक रजनीश कुमार रहे।। उधर अजीतमल थाना प्रभारी अजीतमल सत्यप्रकाश के नेतृत्व में थाना अजीतमल पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मुबारक हुसैन उर्फ राजा पुत्र सादिक इस्लाम निवासी इस्लामनगर थाना अजीतमल जनपद औरैया को मय एक अदद देसी तमंचा 315 बोर 02 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।



गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना अजीतमल के उप0नि0 अवनीश कुमार रहे।

## अभाविप के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्व. प्रो. सोम कुमार जैन की श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

रिपोर्ट– राज पलिया फिरोजाबाद

फिरोजाबाद– अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फिरोजाबाद महानगर द्वारा विद्यार्थी परिषद के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे पूर्व प्रोफेसर सीएल जैन डिग्री कॉलेज स्वर्गीय प्रोफेसर सोम कुमार जैन की श्रद्धांजलि सभा सरस्वती शिशु मंदिर गौशाला पर आयोजित की गई। विद्यार्थी परिषद के प्रान्त कार्यकारिणी (विशेष आमंत्रित सदस्य) सुधाकर शर्मा ने प्रोफेसर साहब के जीवन का अनुभव बताते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद के लिए अभूतपूर्ण क्षति है कुछ दिन पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. डॉ रामस्नेही लाल के निधन के बाद जब आज प्रोफेसर साहब का हम सब के बीच से चले जाना बहुत दुख का क्षण है। विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रभास्कर राय उनके समय के विताये क्षण को सभी के समक्ष रखते हुए नम आंखों से श्रद्धासुमन अर्पित किए।प्रान्त संगठन मंत्री मनीष राय ने कहा कि प्रोफेसर साहब हमारे परिवार के सदस्य थे प्रोफेसर साहब एक सदस्य नही एक विचार थे प्रोफेसर साहब को नम आंखों से नमन किया वही प्रान्त सम्पर्क प्रमुख तेजवंत जी, विभाग प्रमुख मनोज गर्ग जी, जिला प्रमुख डॉ नितिन मिश्रा जी, नगर अध्यक्ष जसराना कमलकांत पालीवाल जी, महानगर अध्यक्ष अनिल सागर व प्रोफेसर साहब के सभी शिष्यों ने अपने अपने जीवन का अनुभव प्रोफेसर साहब के साथ रहा कैसा रहा सभी के बीच अपने अपने विचार रखे। श्रद्धांजलि सुमन अर्पित करने में मुख्य रूप से प्रान्त संगठन मंत्री मनीष राय , प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य विशेष



आमंत्रित सदस्य सुधाकर शर्मा , प्रान्त संगठन मंत्री मनीष राय, प्रान्त सम्पर्क प्रमुख तेजवंत , प्रान्त सह मंत्री रजत जैन , विभाग प्रमुख मनोज गर्ग , विभाग संगठन मंत्री विश्वेन्द्र , जिला प्रमुख नितिन मिश्रा, महानगर अध्यक्ष अनिल सागर , नगर अध्यक्ष जसराना कमलकांत पालीवाल, अजीत अग्रवाल , अरुण श्रोतीय , विद्यार्थी परिषद के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य राज पलिया, प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य अतुल चौधरी , जिला सह सयोजक नेहा सिंह , महानगर सह मंत्री आदर्श भारद्वाज , महानगर सह सुजल राठौर, कुशाग्र गुप्ता, कंचन ठाकुर,अंजली सिंह, आदि रहे

# संक्षिप्त समाचार

## छावनी क्षेत्र में मिले तेंदुए के पैरों के निशान

पवन कुमार/अयोध्या। छावनी क्षेत्र में तेंदुए के पदचिन्ह पाए गए हैं, जिसे लेकर लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की गई है। खास तौर पर स्कूल जाने वाले बच्चों और सुबह टहलने वाले लोगों के लिए एहतियात बरतने को कहा गया है। इस संबंध में वन विभाग को सूचित कर दिया गया है। वन विभाग की एक टीम तेंदुए की तलाश में जुटी हुई है।छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी यशपाल सिंह की ओर से इस बारे में सोमवार को एक पत्र भी जारी किया गया है। जारी पत्र के अनुसार छावनी क्षेत्र फैजाबाद में महात्मा गांधी मार्ग मीरनघाट के समीप किसी जंगली जानवर जिसे लेकर तेंदुए की सम्भावना जताई जा रही है के पदचिन्हों के निशान मिले है। इसके अलावा छावनी क्षेत्र में रहने वाले कुछ लोगों ने भी इलाके में तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि की है। इसे लेकर सतर्कता की अपील जारी की गई है।

मुख्य अधिशासी अधिकारी ने बताया कि वन प्रभाग द्वारा जंगली जानवर को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए जब तक वह पकड़ा नहीं जाता तब तक कोई भी अकेले व पैदल छावनी क्षेत्र में टहलने एवं आने जाने से परहेज करें। इसके अलावा स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि वन विभाग और छावनी परिषद द्वारा जंगली पशु को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। पूरे क्षेत्र में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि स्थानीय निवासियों को भी रात को बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। वहीं तेंदुए की इलाके में मौजूदगी से लोगों में खौफ छाया है। वार्ड नम्बर एक से पांच और सात तक रहने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। कैंट थाना पुलिस भी इसे लेकर एलर्ट हो गई है।

## बीकापुर में शीघ्र महापंचायत का होगा ऐलान

बीकापुर–अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के द्वारा पूर्व समस्याओं के निदान को लेकर बीकापुर तहसील परिसर में स्थित शहीद स्मारक स्थल पर 1 दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं के द्वारा चौथे दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। धरने पर उपस्थित ब्लॉक अध्यक्ष दृगपाल वर्मा, सत्य नारायण यादव, अब्दुल वहीद, हरी राम ,राम भवन, श्याम किशोर श्रीवास्तव लव कुश श्रीवास्तव श्रवण पांडे ,अरुण कुमार श्रीवास्तव, आदि लोग मौजूद रहे।

भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष श्याम किशोर श्रीवास्तव ने कहा कि 4 दिन से पूर्व समस्याओं को लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा धरना चलाया जा रहा है अभी तक धरनाकारियों से स्थानीय प्रशासन बातचीत की पहल न किए जाने से कार्यकर्ताओं में और रोष व्याप्त है समय रहते यदि प्रशासन द्वारा वार्ता कर समस्या का निस्तारण नहीं किया जाता है तो भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति शीघ्र ही तहसील परिसर में महापंचायत करने के लिए विवश होगी जिसकी तिथि शीघ्र ही घोषित की जाएगी। महापंचायत को लेकर जनपद के सभी ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक बुलाई गई है जिसमें रणजीत तैयार की जाएगी।

## हत्यारोपियों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़, पुलिस ने किया तीन आरोपियों को गिरफ्तार, एक आरोपी हुआ भागने में सफल

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ। मैनपुरी के दन्नाहार क्षेत्र में गरगई मार्ग पर सोमवार की दोपहर स्वाट टीम और पुलिस ने ग्राहक सेवा केंद्र संचालक के हत्यारोपियों की घेराबंदी की। इस दौरान आरोपियों ने फायरिंग करना शुरू कर दिया। मुठभेड़ में एक आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे और उसके दो अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर भाग गया।



कस्बा घिरोर के गांव बादशाहपुर निवासी ग्राहक सेवा केंद्र संचालक अमीर सिंह की गुरुवार को हत्या कर दी गई थी। एसपी के निर्देशन में स्वाट टीम और दन्नाहार पुलिस ने खुलासा करते हुए चार हत्यारोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। सोमवार की दोपहर स्वाट टीम प्रभारी विक्रम सिंह को सूचना मिली कि अमीर सिंह की हत्या करने वाले राजू यादव निवासी मोहल्ला शाक्यान घिरोर, सोनू निवासी नगला इंद्र, रतनवीर निवासी कस्बा घिरोर और विनय शाक्य नगला निर्भय गरगई मार्ग के पास मौजूद हैं।

सूचना पर स्वाट टीम प्रभारी, थानाध्यक्ष विनोद कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हत्यारोपियों की घेराबंदी की। पुलिस से खुद को घिरता देख राजू और उसके साथियों ने टीम पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। अचानक हुए हमला से संभलते हुए पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। एक गोली राजू यादव के पैर में लगी और वह गिर गया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। अन्य साथियों की करीब एक घंटा तक तलाश की जाती रही।

पुलिस ने उसके दो साथी सोनू और रतनवीर को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्यारोपियों से तमंचा, कारतूस और अमीर सिंह से लूटे गए करीब डेढ़ लाख रुपये बरामद किए हैं। एसपी कमलेश दीक्षित ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। वहीं खुलासे व हत्यारोपियों की गिरफ्तारी पर टीम का हौसला बढ़ाया। घायल हत्यारोपी राजू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

एसपी कमलेश दीक्षित ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपियों और फरार हुए एक साथी ने ही ग्राहक सेवा केंद्र संचालक की हत्या की थी। मुठभेड़ में राजू के पैर में गोली लगी है। तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार हुए आरोपी की तलाश में पुलिस की टीम लगी हुई है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## फर्जी एटीएस सिपाही बने युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ । मैनपुरी जनपद में एटीएस का सिपाही बनकर लोगों पर रौब झाड़ना एक युवक को महंगा पड़ गया। कोतवाली पुलिस से इस युवक की शिकायत हुई तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।



आरोपी के कब्जे से एक एटीएस का परिचय पत्र भी बरामद किया गया है। पकड़े गए आरोपी ने स्वीकार किया कि वह लोगों पर रौब झाड़ने के लिए एटीएस का सिपाही बनकर घूमता था। मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा गया है। कोतवाली प्रभारी विक्रम सिंह को सूचना दी गई कि करहल चौराहे पर एक युवक एटीएस का सिपाही बनकर लोगों पर रौब झाड़ रहा है। सूचना पर कोतवाली प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम राहुल पुत्र जगतपाल निवासी यादव नगर कोतवाली मैनपुरी बताया। उसने जानकारी दी कि उसने फर्जी एटीएस सिपाही का कार्ड बनवा लिया था। धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के बाद उसे जेल भेजा गया है।

## जनपद में चिन्हित ओषधियों व मुनक्का वटी की बिक्री तत्काल प्रभाव से बन्द कराई जाए- डा. श्वेता वैश्य

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ ।मैनपुरी 25 जुलाई, 2022– क्षेत्रीय आयुवेर्दिक एवं यूनानी अधिकारी डा. श्वेता वैश्य ने बताया कि आयुवेर्दिक औषधि निमार्ताओं द्वारा भांगयुक्त अनुभूत आयुवेर्दिक योगों का अनुमोदन निदेशालय द्वारा प्राप्त करने के उपरांत इन औषधियों के आस–पास स्थित परचून व पान की दुकानों पर खुले आम गोलियों, मुनक्का वटी के रूप में बिक्री की जा रही है, युवाओं के साथ–साथ छोटे–छोटे बच्चे व स्कूली छात्र भी इन गोलियों का सेवन कर नशे के आदी होकर अपना भविष्य बबार्द कर रहे है, आसानी से पान–परचून की दुकानों पर मिलने वाली इन गोलियों का सेवन करने से किसी प्रकार की गंध न आने के कारण परिजनों को भी इसका आभास नहीं हो पाता, जनपद में अगर किसी पान–परचून की दुकान पर गोलियों, मुनक्का वटी की बिक्री की जा रही है, तो उसे तत्काल प्रभाव से बन्द करें, अन्यथा की दशा में पकड़े जाने पर आवश्यक एवं दण्डात्मक कार्यवाही होगी।

## बरसात न होने के कारण किसानों की फसल बर्बाद होने की कगार पर



रुदौली /अयोध्या।जैसा कि सभी लोग जानते हैं लगभग सही वक्त से बारिश ना होने की वजह से किसान ग्रामीण लोग बहुत ही परेशान हैं। क्योंकि लगभग 21 जून से बारिश होने का आंकड़ा था। फिर भी आज लगभग 25 जुलाई हो गया है बारिश होने का नाम नहीं इस वजह से ग्रामीण किसान लोग जनपद के बहुत ही हैं परेशान यहां तक की खेत , मैदानों के दूब घास भी बारिश ना होने की वजह से सूख गए हैं। तालाबों में पास पड़ोस की गड्ढों में पानी ना होने से जानवरों को पानी पीने में बहुत बड़ी समस्या हो गई है। इस तरह से सभी किसानों का निगाह इस समय ऊपर बादलों पर है कि कब बारिश होगी जिससे यह लोग अपने खेतों में धान की रोपाई कर सकें। पिछले कई दिनों से बारिश की बाट जोहते किसानों का हाल बेहाल हो गया है। सूखे की मार से गन्ने और धान की फसल सूखने की कगार पर पहुंच चुकी हैं। फिर भी फसलों को सूखे से बचाने के लिए किसान वैकल्पिक साधनों से सिंचाई कर फसलों को बर्बाद होने से बचाने का प्रयास कर रहे हैं। किसान पवन त्यागी पवन कुमार डा अंगद कुमार राजपूत अजय कुमार शिव कुमार ने बताया कि धान की रोपाई कैसे की जाए। बारिश समय से ना होने की वजह से हम लोग बहुत परेशान है। उन्होंने कहा कि नहरों में पानी नहीं आने के कारण पंपिंग सेटों से सिंचाई की जा रही है। जो डीजल की महंगाई के कारण बेहद महंगी पड़ रही है। अगर एक या दो दिन में बारिश ना हुई तो धान रोपाई करने में काफी विलंब हो जाएगा। जिन किसान भाइयों ने रोपाई कर लिया है उनके धान के खेतों में दरारें पड़ गई जिससे किसान भाई बहुत ही परेशान नजर आ रहे। बरसात ना होने की वजह से रुदौली विधानसभा के क्षेत्र में सैकड़ों एकड़ धान की फसलें सूख रहे हैं।

## बाबा मौलेश्वर नाथ मंदिर पर 551 दीप जलाकर मनाया गया दीप उत्सव

मिल्कीपुर–अयोध्या। तहसील क्षेत्र की सीमा पर स्थित प्राचीन बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर पर पाराधनथुआ पूरबा गांव के शिवदीप तिवारी समेत दर्जनों लोगों की अगुवाई में लोगों ने रविवार की देर शाम मंदिर परिसर पहुंचकर 551 दीप जलाकर दीप उत्सव मनाया। बाबा मलेश्वरनाथ के दर्शन के लिए सुबह से ही मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी–लंबी कतारें लग जाती है। सावन माह में पुरुष एवं महिला श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के भी इंतजाम किए गए हैं। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य हिस्सों से भी मौजूद भगवान शिव के मंदिरों पर जलाभिषेक हो रहा है। मान्यता है कि पूर्व में हुई खुदाई के बाद भी स्थित ज्योतिर्लिंग की ताह नहीं मिल सकी है। यह ज्योतिर्लिंग खुद प्रकट हुआ था। कालांतर में इस मंदिर का जीर्णोद्धार वर्ष 1940 में कराया गया था। जीर्णोद्धारकर्ता श्रीपाल गोकुला रियासत से संबंध रखते थे। लोगों का कहना है कि यहां स्थित सगरा (तालाब) में स्नान करने से चर्मरोग स्वतः खत्म हो जाते हैं। यह स्थान मधुवन के नाम से भी जाना जाता था। यहां मंदिर में चतुर्भुज की मूर्ति है। हनुमान जी व देवी काली की भव्य मूर्ति स्थापित है। इसके अलावा गणेश, नंदी, ब्रह्मा, राम–सीता, माता गौरी विराजमान है। यहां पर दो प्राचीन कुएं भी स्थापित हैं। निकट ही मंदिर के महंथों और पुजारियों रामपाल दास, जगवंतदास, मनोहरदास, रामदास की समाधि बनी है।



यहां पर स्थित सगरा में सभी तीर्थों का जल निहित है। मंदिर में स्थित ज्योर्तिलिंग '108' ज्योर्तिलिंगों में एक मानी जाती है। बड़े–बुजुर्ग बताते हैं कि जीर्णोद्धार के समय करीब 30 फीट की खुदाई के बाद भी मंदिर में स्थित ज्योर्तिलिंग का दूसरा सिरा नहीं खोजा जा सका था। जो भक्त यहां सच्चे मन से दर्शन व परिक्रमा करता है व जल चढ़ाता है, भगवान शिव उसकी मुरादें जरूर पूरी करते हैं। दीप उत्सव कार्यक्रम में ग्राम प्रधान डी पी तिवारी, अभिषेक निर्मल, प्रभु नाथ मिश्रा भूपेंद्र सिंह, प्रवेश मौर्या, ओपी तिवारी, दिनेश जायसवाल, अजय तिवारी, बीपी मौर्या समेत बड़ी संख्या में लोग दीप उत्सव में शामिल हुए।

## पुलिस के लिए कमाऊ पूत बने कांस्टेबल जितेंद्र कुमार राय

रुदौली अयोध्या ।रुदौली मवई थाना के दबंग सिपाही को नही दिख रहा अधिकारियों का आदेश। बीते 31 मई को सैकड़ों की संख्या में सिपाहियो का ट्रांसफर किया गया था ।जिसमे एक नाम शामिल हुआ जितेंद्र कुमार रॉय का जो यूपी 112 में जाना था ।जितेंद्र रॉय का ट्रांसफर तो 31 मई को एसएसपी शैलेश पांडेय ने तो कर दिया लेकिन चौकी पर तैनात सिपाही एसएसपी के आदेश को दरकिनार कर दिया ।और अपनी हनक और धमक से सैदपुर चौकी पर अंगद की तरह पांव जमाए हुए है ।यही नहीं अब तो जितेंद्र कुमार रॉय पुलिस के कमाऊ पूत साबित होने लगे ।और यही वजह है की उनका यहां से रिलीव नही किया जा रहा है ।सिपाही जितेंद्र रॉय की वो छवि बन चुकी है की घर में व भाई भाई में फुट डालने के लिए इनको अवार्ड देना चाहिए ।अक्सर मामले में जितेंद्र रॉय वकीलों की भूमिका भी निभाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है ।ऐसे में यूपी पुलिस की साफ सुथरी छवि पर कालिक भी लगाने का कार्य जितेंद्र कुमार रॉय अपनी अहम जिम्मेदारी समझ रहे ।लोगो से जबरदस्ती एक दूसरे के खिलाफ प्रार्थना लेकर आम इंसान को प्रताड़ित कर पैसा वसूलना पेशा बन चुका है।

## 26 जुलाई को कारगिल दिवस के उपलक्ष्य में एक आयोजन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनवार्स कायार्लय पर आयोजित होगा

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ ।मैनपुरी 25 जुलाई, कमान्डर नवीन कटियार अ.प्रा. जिला सैनिक कल्याण एवं पुनवार्स अधिकारी ने कारगिल शहीद के आश्रितों व वीर नारियों और पूर्व सैनिकों को सूचित किया है कि दि. 26 जुलाई को प्रातः 11 बजे कारगिल दिवस के उपलक्ष्य में एक आयोजन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनवार्स कायार्लय पर आयोजित होगा। उन्होने सभी कारगिल शहीद के आश्रित व वीर नारियों और पूर्व सेनिकों से दि. 26 जुलाई को प्रातः 11 बजे उपस्थित होने को कहा है।

## कृषि विवि वाहन चालक संघ का हुआ शपथ ग्रहण

पवन कुमार/अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज की चालक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता



राजकीय वाहन चालक महासंघ अयोध्या के अध्यक्ष रविंद्र प्रताप सिंह ने की। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों अध्यक्ष साजिद अली, मंत्री दीनानाथ, उपाध्यक्ष जय प्रकाश यादव, उप मंत्री अजय श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री योगेंद्र सिंह, प्रचार मंत्री विक्रम सिंह यादव, संगठन मंत्री बृजेश सिंह, कोषाध्यक्ष सल्लूक अहमद खान, ऑडिटर वीरेंद्र कुमार यादव एवं कार्यालय सचिव कपिंद्र सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अपने संबोधन में भाजपा विधायक रुदौली रामचंद्र यादव ने कहा कि हमारा अनुभव है कि चाहे जिस क्षेत्र में लोग संगठित होकर कार्य करते हैं तो वह कार्य आगे ही बढ़ता जाता है चाहे वाहन चालक ही क्यों न हो, समाज एवं संस्थान के निर्माण में अमलीजामा पहनाने में एकजुटता ही काम आती है। शपथ ग्रहण समापन होने के बाद विधायक रामचंद्र यादव, कुमारगंज बाजार मालिक विजय कुमार उपाध्याय, पूर्व ब्लाक प्रमुख मिल्कीपुर कमलेश यादव ने पशुपालन महाविद्यालय के गौशाला(दूध डेयरी) पर पहुंचकर मौके पर मौजूद डॉ एस पी सिंह से गायों की नस्ल के बारे में जानकारी लेते हुए अपने हाथों से गुण भी गायों को खिलाया। इस मौके पर संगठन के संरक्षक विजय कुमार उपाध्याय उर्फ अग्गू उपाध्याय, चालक महासंघ अयोध्या के मंत्री अनिल कुमार गिरी विनोद कुमार, जयप्रकाश यादव, ज्ञानेंद्र तिवारी, राज बक्श सिंह , जगदम्बा,कमल उपाध्याय एवं अनिल द्विवेदी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## सावन के दूसरे सोमवार को रामनगरी में उमड़े श्रद्धालु
### एडीजी जोन सहित आलाधिकारियों ने मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। सावन के दूसरे सोमवार को रामनगरी अयोध्या के शिवालयों में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा, भक्तों ने पावन सलिला सरयू में डुबकी लगाई। शिवालयों में हर–हर महादेव शिव शंभू के जयकारे लगे। नागेश्वरनाथ व क्षीरेश्वानाथ मंदिर समेत अन्य शिव मंदिरों में श्रदलु कतारबद्ध होकर बारी–बारी से अभिषेक किया। कांवड़ियों से राम की पैड़ी केसरिया रंग में रंगी नजर आई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के भी व्यापक प्रबंध दिखे।



एडीजी जोन बृज भूषण, डीएम नितिश कुमार व एसएसपी प्रशांत वर्मा ने सरयू स्नान घाट, हनुमानगढ़ी सहित प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया।श्रद्धालुओं से सुबह से ही सरयू के घाट गुलजार दिखे। स्नान के बाद श्रद्धालु नागेश्वरनाथ व क्षीरेश्वनाथ पहुंचे। नागेश्वरनाथ में जलाभिषेक करने के लिए लंबी–लंबी लाइनें देखी गइं। शाम तक मंदिरों में श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा। आस्था के इस सागर हर वर्ग के श्रद्धालुओं ने गोते लगाए।एडीजी लखनऊ जोन बृज भूषण शर्मा ने कहा कि अयोध्या, बाराबंकी और खीरी में श्रद्धालु लाखों की संख्या में पहुंचते हैं। कावड़ियों की सुविधाओं के लिए लखनऊ से ही भारी वाहनों को शनिवार सुबह से बंद किया गया है। बस्ती जाने वाले मार्ग को कावड़ यात्रा के लिए आरक्षित किया गया है। कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। कावड़ यात्रा मार्ग में बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती गई है।

फिलहाल अयोध्या में 31 जुलाई से भीड़ बढ़ेगी। इस दिन से सावन झूला मेला शुरू होकर 12 अगस्त तक रहेगा। इस बार मेले में 12 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। इसे देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मेला क्षेत्र की सुरक्षा में 6 एसपी 25 डीएसपी और 1200 सिपाहियों को लगाया गया है। संपूर्ण मेला क्षेत्र में एटीएस कमांडो की तैनाती भी की जा रही है। 10 कंपनी सीआरपीएफ और पीएसी तैनात की गई है। एक कंपनी फ्लड और एक कंपनी जल पुलिस की सरयू में लगाया गया है।

## अविवि में एलएलबी, बीफार्मा, डीफार्मा, एमएड व एलएलएम की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के चार परीक्षा केन्द्रों पर सोमवार को बीफार्मा, डीफार्मा, एमएड, एलएलएम व एलएलबी त्रि–वर्षीय पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा सकुशल सम्पन्न हो गई। दोनों पालियों की परीक्षा में 4631 के सापेक्ष 1,091 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की परीक्षा में एलएलबी त्रि–वर्षीय व डीफार्मा की परीक्षा हुई जिसमें 2936 परीक्षार्थियों में से 776 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा में बीफार्मा, एलएलएम व एमएड की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। इसमें 1695 के सापेक्ष 315 अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों की प्रवेश परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय के आला अधिकारियों ने परिसर के केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। विवि सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने परिसर के प्रचेता, दीक्षा भवन, आईईटी व प्रबंधन भवन के परीक्षा केन्द्रों का जायजा लिया। प्रो0 सिंह ने परीक्षा केन्द्रों पर व्यवस्था की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किया। वहीं दूसरी ओर परीक्षा नियंत्रक उमानाथ व प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो0 एसएस मिश्र ने भी परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।



मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि विवि के कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह के दिशा–निर्देशन में विश्वविद्यालय में पांच पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा सकुशल सम्पन्न हो गई। पारदर्शी परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय के आला अधिकारियों ने दोनों पालियों के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

केन्द्रों के परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिए 13 पर्यवेक्षक तैनात रहे। इसके अतिरिक्त सभी केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के मोबाइल व इलेक्ट्रानिक्स गैजेट्स पूर्णतः प्रतिबन्धित रहे। इसके साथ ही सुरक्षा कर्मी मुस्तैद रहे व परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा को सम्पन्न कराने में प्रवेश समन्वयक प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 जसवंत सिंह, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, डॉ0 शशिकला सिंह, डॉ0 मोहन चन्द्र तिवारी सहित अन्य का विशेष योगदान रहा।

## मैनपुरी की कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने किया बढ़ा फेरबदल

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी पुलिस अधीक्षक कमलेश दीक्षित ने किया देर रात बड़ा फेरबदल 6 निरीक्षक सहित 23 उपनिरीक्षकों की तैनाती में किये फेरबदल

इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह किशनी, राजीत वर्मा औंछा, पहलवान सिंह कुर्रा, कुशलपाल सिंह बने प्रभारी निरीक्षक करहल

उपनिरीक्षक जैकब फर्नाडीज को बनाया थानाध्यक्ष बरनाहल

उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार बने सर्विलांस प्रभारी

उपनिरीक्षक अमित कुमार बने पीआरओध्प्रभारी व्यापारी प्रकोष्ठ

उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र शर्मा बने प्रभारी वीआईपी

उपनिरीक्षक भूपेंद्र कुमार बने कोतवाली मैनपुरी के आगरा गेट चौकी प्रभारी



उपनिरीक्षक राजेश कुमार चौकी प्रभारी कस्बा करहल, उपनिरीक्षक राजकुमार चौकी प्रभारी असरोही करहल

उपनिरीक्षक राजेश कुमार चौकी प्रभारी कस्बा कुरावली, उपनिरीक्षक सतेंद्र कुमार चौकी प्रभारी जमालापुर कुरावली

उपनिरीक्षक कपिल वशिष्ठ चौकी प्रभारी औंछा गेट कोतवाली, उपनिरीक्षक विकास भारती चौकी प्रभारी कस्बा घिरोर उपनिरीक्षक सुधीर कुमार चौकी प्रभारी बुझिया करहल, उपनिरीक्षक अजय प्रताप चौकी प्रभारी दिहुली बरनाहल

उपनिरीक्षक राजकुआर गोस्वामी चौकी प्रभारी कुसमरा, उपनिरीक्षक सैय्यद अहमद एसएसआई कुर्रा,उपनिरीक्षक अरुण कुमार बरनाहल, उपनिरीक्षक सतेन्द्र कुमार सोनकर करहल, उपनिरीक्षक मुकुल कुमार कुर्रा, उपनिरीक्षक अमर दीप सिंह लाइन से बेबर, उपनिरीक्षक जमुना प्रसाद लाइन से भोगांव, उपनिरीक्षक देवदत्त लाइन से बिछवां, उपनिरीक्षक सतीश चंद्र लाइन से करहल, उपनिरीक्षक अतिवीर सिंह हुए लाइन हाजिर।

## अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी 25 जुलाई, 2022– जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा पाण्डेय ने बताया कि केन्द्रीय अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजनाओं के कायार्न्यन वित्तीय वर्ष 2022–23 में नेशनल स्कालरशिप पोटर्ल पर संचालित प्री.–मैट्रिक, पोस्ट–मैट्रिक एवं मेरिट कम–मीन्स अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजनाओं में फ्रेश, रिनीवल पात्र अल्पसंख्यक छात्र, छात्राओं के आवेदन पत्र आनलाइल करने एवं शिक्षण संस्था, मदरसा द्वारा अग्रसारित करने की समयसीमा निगर्त की गई है। उन्होने बताया कि ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर, शिक्षण संस्थाओं के नोडल अधिकारी द्वारा वैरिफीकेशन करने की तिथि 16 अक्टूबर 2022, वैरिफीकेशन करने की तिथि 31 अक्टूबर निधार्रित है, पोस्ट–मैट्रिक, मेरिट–कम–मीन्स स्कॉलरशिप वष 2022–23 हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, शिक्षण संस्थाओं के नोडल अधिकारी द्वारा वैरिफीकेशन करने की तिथि 15 नवम्बर एवं कायार्लय द्वारा वैरिफीकेशन करने की तिथि 30 नवम्बर 2022 निधार्रित की गयी है। उन्होने सभी शिक्षण संस्थाओं, मदरसों के प्रबन्धक, प्रधानाचार्य से कहा है कि एन.एस.पी. पोटर्ल पर रजिस्ट्रेशन फार्म भरते हुए रजिस्ट्रशन फार्म की हार्ड कॉपी मय संलग्लकों सहित अधोहस्ताक्षरी कायार्लय में जमा करते हुये आपकी शिक्षण संस्थाओं, मदरसों में अध्यनरत् पात्र छात्र, छात्राओं के ऑनलाइन आवेदन पत्रों को सत्यापनोपरान्त ऑनलाइन अग्रसारित करते हुये उसकी



हाडकॉपी मय संलग्नकों सहित ससमय से अधोहस्ताक्षरी कायार्लय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि अधोहस्ताक्षरी द्वारा सत्यापनोपरान्त उन छात्र–छात्राओं के आवेदन पत्र ऑनलाइन अग्रसारित किये जा सकें। उन्होने बताया कि प्रबन्धक, प्रधानाचार्य शिक्षण संस्था, मदरसें में अध्यनरत् पात्र अल्पसंख्यक छात्र–छात्राओं के आवेदन पत्र ऑनलाइन अग्रसारित करने से पूर्व यह भी सुनिश्चित कर लें, कि उक्त छात्र–छात्राओं द्वारा राज्य सरकार द्वारा संचालित छात्रवृत्ति में भी ऑनलाइन आवेदन न किया गया हो, अगर उक्त छात्र–छात्राओं द्वारा दोनों छात्रवृत्तियों में ऑनलाइन आवेदन किया गया है तो उसका एक ही आवेदन अग्रसारित किया जायें।

## पंजीकृत निमार्ण श्रमिकों के बनेंगे आयुष्मान कार्ड

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी

मैनपुरी 25 जुलाई, 2022– श्रम प्रवतर्न अधिकारी आर. एम. मिश्रा ने बताया कि उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निमार्ण कमर्कार कल्याण बोर्ड द्वारा श्रम विभाग में पंजीकृत निमार्ण श्रमिकों के लिए आयुष्मान भारत के अंतगर्त प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना लागू करने का निणर्य लिया गया, जिसके अंतगर्त पंजीकृत निमार्ण श्रमिकों का आयुष्मान भारत के अंतगर्त रू. 05 लाख तक के मुफ्त इलाज हेतु गोल्डन कार्ड बनाए जाने के लिए 14 अगस्त 2022 तक अभियान चलाकर श्रमिकों के गोल्डन कार्ड बनाए जाएंगे, कार्ड बनने के बाद पंजीकृत निमार्ण श्रमिक अपने, स्वयं व अपने परिजनों का रू. 05 लाख तक निःशुल्क इलाज करा सकेगें। उन्होने बताया कि जनपद में 23530 पंजीकृत निमार्ण श्रमिकों के गोल्डन कार्ड बनाए जायेंगे, श्रम विभाग में पंजीकृत निमार्ण श्रमिक अपना गोल्डन कार्ड अपने निकटतम जन – सुविधा केंद्र से बनवा सकते हैं।



## कारगिल विजय दिवस पर आयोजित किया जाएगा रक्तदान शिविर



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा। ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति (रजि) उत्तर प्रदेश के द्वारा लाइफ केयर चौरिटेबल ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वधान में दिनांक 26 जुलाई 2022 दिन मंगलवार सुबह 9रू00 बजे बजे से कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन लाइफ केयर चौरिटेबल ब्लड बैंक नेशनल हाईवे नंबर 2 हाईवे प्लाजा के सामने मथुरा पर किया जा रहा है स ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति के प्रदेश संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने बताया जिंदगी अनमोल है। इससे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है इसी टैगलाइन को लेकर हमारी समिति पिछले 10 साल से काम कर रही है स इन 10 सालों में हमने अब तक 5115 लोगों को रक्त वीरों की मदद से रक्त उपलब्ध करवाया है द्य जो रक्तदाता इस रक्तदान शिविर में अपना रक्त दान करेगा उसको हम लोग प्रशस्ति पत्र के साथ हेलमेट देंगे क्योंकि उस व्यक्ति के द्वारा किसी की जिंदगी बचाने के लिए अपना रक्त दिया है और हम हेलमेट देकर उसकी जिंदगी बचाने का काम करने के साथ हेलमेट लगाने के लिए दूसरों को प्रेरित करने के लिए कहेंगे स क्योंकि सड़क हादसों में टू व्हीलर चलाते समय 80: लोगों की मृत्यु सिर की चोट से होती है स हमारे द्वारा इस साल दूसरा रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है स इस शिविर के माध्यम से उन लोगों को जो गंभीर बीमारी या फिर किसी दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को जरूरत पड़ने पर यह रक्त उनको दिया जाएगा स लाइफ केयर चौरिटेबल ब्लड बैंक के निर्देशक बृजेश शर्मा ने बताया कि हमारी बैंक ऐसे जरूरतमंद लोगों के साथ हमेशा सहयोग के लिए खड़ी रहती है जिनको कहीं भी रक्त उपलब्ध नहीं हो पाता है अपने डोनर या फिर अपनी मुहिम चलाकर उस जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने में अग्रिम भूमिका निभाती है स ऐसे व्यक्ति हमारे पास समय समय तक आते हैं स गरीब लोगों को हम लोग समय पर समय पर अपनी टेस्ट फीस नहीं लेते हैं।

## मथुरा नगर निगम ने डोर टू डोर कलैक्शन के वाहनों के माध्यम से प्रसारित होगा स्वच्छता का संदेश : मा0 मंत्री जी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा। नगर के समस्त वार्डों में जन जन तक पहुंचेगा मा0 प्रधानमंत्री जी और मा0 मुख्यमंत्री जी का स्वच्छता का संदेश– मा0 नगर विकास मंत्री जी 25.07.2022। नगर निगम मथुरा–वृन्दावन क्षेत्र के वार्डों में डोर टू डोर कलैक्शन का कार्य कराया नगर निगम द्वारा प्रतिदिन कराया जा रहा है। डोर टू डोर वेस्ट कलैक्शन कार्य में कार्यरत वाहनों के लिए स्वच्छता का संदेश देने वाले नवीन ऑडियो जिंगल का शुभारम्भ श्री ए.के. शर्मा जी, मा. मत्री, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत, उ0प्र0 के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।





नवीन ऑडियो जिंगल का शुभारम्भ पर मा0 मंत्री जी द्वारा कहा गया कि, सम्पूर्ण प्रदेश में पहले के मुकाबले सफाई व्यवस्था काफी बेहतर हुयी है।

इसी क्रम में डोर टू डोर वेस्ट कलैक्शन व्यवस्था के अर्न्तगत प्रातः काल घरों से निकलने वाले कूडे के उचित निस्तारण हेतु स्थानीय नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से नवीन ऑडियो जिंगल तैयार करायी गयी है, जिससे मा. प्रधानमंत्री जी एवं मा. मुख्यमंत्री जी का स्वच्छता का संदेश हर घर–घर तक पहुंच सके। इसके अतिरिक्त क्षेत्रवासियों को जिंगल के माध्यम से ही पता लग सके कि, उनके गली या क्षेत्र में डोर टू डोर कलैक्शन का वाहन आ गया है। नगर आयुक्त महोदय श्री अनुनय झा जी द्वारा अवगत कराया गया कि, प्रथम चरण में नगर निगम के 10 डोर टू डोर कूडा कलैक्शन वाहनों पर नवीन ऑडियो जिंगल का शुभारम्भ किया गया है, शीघ्र ही समस्त वाहनों पर ऑडियो जिंगल प्रारम्भ करायी जायेगी।

## ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में पूजा अर्चना की



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा,वृन्दावन । सोमवार की सुबह उत्तर प्रदेश के ऊर्जा स्त्रोत मंत्री ए के शर्मा ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के श्री चरणों में अपना माथा टेकने पहुंचे। जहां पर उन्होंने सर्वप्रथम ठाकुर बाँके बिहारीं लाल के श्री चरणों मे अपना माथा टेका। जिसके मन्दिर के सेवायतों ने ऊर्जा मंत्री से मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से पूजन अर्चन कराया। वही श्री शर्मा ने ठाकुर जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आशीर्वाद मांगा। वही मन्दिर के सेवायतों ने श्री शर्मा का पटका व ओढ़नी ओढ़ाकर उनका भव्य स्वागत किया। साथ ही उनको ठाकुर जी का प्रसाद भेंट किया। वही इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह पहले भी ठाकुर जी के श्री चरणों मे अपनी हाजरी लगा चुके है। लेकिन यह ठाकुर जी का मनमोहक रूप हमेशा ही अपनी ओर खींच लेता है। इसी के चलते उन्हें जब भी मौका मिलता है वह ठाकुर जी के श्री चरणों मे अपनी हाजरी लगाने पहुच जाते है। वही इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मधु शर्मा व गोवर्धन विधायक मेघश्याम व अन्य वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उनके साथ मौजूद रहे।

## नियामतपुर के रेलवे टानेल में ट्रेलर संग एक 4 पहिया वाहन की टक्कर, चालक बाल बाल बचे

नियामतपुर। कुल्टी के नियामतपुर क्षेत्र में डैडी ग्राउंड के पास रेल सुरंग में सोमवार सुबह अलमारी ले जा रही एक छोटी कार ट्रेलर से टकरा गई।जहां चालक बाल बाल बच गए। हालांकि टक्कर में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के सूत्रधार के अनुसार ददय मोड़ पर रेलवे टनल में लंबे समय से है। ज्यादातर दिन ट्रैफिक जाम रहता है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार चित्तरंजन की ओर से आ रहा एक ट्रेलर आज सुबह तेज गति से रेलवे टानेल में घुस गया, इसलिए अलमारी से भरी छोटी कार को टानेल में चलने के लिए कोई जगह नहीं मिली। नतीजतन, वे आमने–सामने टकरा गए।



जीर्णोद्धार का काम चल रहा है। नतीजतन, चित्तरंजन और कुल्टी आसनसोल से वाहनों को टानेल के केवल एक तरफ से गुजरना पड़ता नियामतपुर फांड़ी पुलिस और कुल्टी ट्रैफिक गार्ड पुलिस मौके पर पहुंच गई। चालक को रेस्क्यू कर मेडिकल सेंटर भेज दिया गया।

## यूपी में विघुत उत्पादन क्षमता में अप्रत्याशित वृद्धि पहली बार हुई दरों में कटौती : ऊर्जा मंत्री एके शर्मा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

☒ प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते ऊर्जा मंत्री एके शर्मा।

मथुरा। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दावा किया है कि उनके कार्यकाल में विघुत उत्पादन क्षमता में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है बिजली की दरों को सदैव राज्य सरकार वृद्धि करती रही है परंतु इस बार पहली बार ऐसा हुआ है कि 50 पैसे से लेकर 1 तक की दरों में कटौती की गई है इससे जनता काफी लाभान्वित होगी। वही एकमुश्त समाधान योजना में लाखों उपभोक्ताओं को लाभ हुआ और विभाग को कई हजार करोड रुपए राजस्व के रूप में प्राप्त हुए।

पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने जानकारी दी कि विघुत उत्पादन क्षमता में इस वर्ष उम्मीद से अधिक वृद्धि हुई है जहां पहले 66: क्षमता थी वह अब 80: हो गई है। इसके अलावा प्रदेश में ट्रांसफर जलने की रफ्तार गत वर्ष के मुकाबले कम हुई है। ओटीएस योजना के बारे में उन्होंने बताया कि यूपी के इतिहास में यह अब तक की सबसे सफल योजना रही है। उन्होंने कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे ब्रज रज अपने माथे पर लगाने को मिल रही है मथुरा आकर में भारी प्रफुल्लित और प्रसन्न चित्त हूं। इस बीच सोमवार पूर्वान्ह में उन्होंने बिहारी जी के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। दोपहर में उन्होंने भाजपा महानगर द्वारा आयोजित मुकुंद विहार मसानी पर प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने कहा

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ए.के. शर्मा जी ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का भारत के पुनर्निर्माण में भागीरथ योगदान है। मोदी जी एक व्यक्ति नहीं बल्कि राष्ट्रीय विचारधारा के कुशल नेतृत्व करने वाले व्यक्तित्व है। उनकी कार्यशैली साधारण नहीं अद्वितीय रही है उनके राष्ट्र निर्माण के गत बीस वर्षों में मैंने उन्हें नजदीक से देखा है। उनकी कार्य को संपादित करने की क्षमता सदैव मेरे हृदय को छूकर गयी है।

वह एक दार्शनिक के रूप में कार्य योजना का निर्माण करते हुए जन जन को लाभान्वित करने का उद्देश्य सर्वोपरि रखते हैं और अधिकारियों को अपने अधिकार देकर कार्य पूर्ण करने की शक्ति देते हैं। यह शैली उनकी अपने सहयोगियों और अधिनस्थ अधिकारियों से कार्य लेने की अद्वितीय क्षमता का प्रर्दशन है, यह एक सामान्य व्यक्ति में नहीं होती यह एक व्यक्तित्व की शैली है जिन्हें हम मोदी कहते हैं। उनकी हर कार्य योजना आगामी समय में निरंतर निर्विवाद निर्विध्न चलने वाली होती है। आज हमें गर्व है कि नरेंद्र मोदी जी जैसे दार्शनिक व्यक्तित्व के सहयोगी के रूप में आज हमें अपनी क्षमताओं को पूर्ण रूप से प्रयोग करने का अवसर मिलते हुए कार्य करने का अवसर मिला है। आज आप जैसे कार्यकर्ताओं के स्नेह से ही मोदी जी देश के पुनर्निर्माण में एक कुशल नेतृत्वकर्ता के रूप में रात दिन लगे हुए हैं। वास्तव में आज पूरा विश्व मोदी जी के विकास के मॉडल को देख रहा है कि उन्होंने कैसे किस प्रकार विषय परिस्थितियों में विकास का मॉडल खड़ा किया है।



आज अमेरिका जैसे देश भारत की समृद्धि की सराहना करते हैं और आज मोदी जी का व्यक्तित्व विश्व के कुशल नेतृत्वकर्ता के रूप में उभर रहा है। आज देश का भविष्य उज्जवल है उसको उज्जवल रखने का दायित्व हम सभी के पास है हमारे सामने 2024 का चुनाव है जिसमें आपकी जिम्मेदारी बढ़ रही है कि हम और आप जन जन तक घर घर गांव गांव गली गली जाकर मोदी जी के राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के संकल्प को सिद्ध करने के लिए कमर कस कर लग जाये। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मधु शर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन महानगर अध्यक्ष विनोद अग्रवाल व संचालन भाजपा महामंत्री प्रदीप गोस्वामी ने किया। इस मौके पर उपस्थित रहे विधान परिषद सदस्य ठा. ओमप्रकाश सिंह, गोवर्धन विधायक ठा. मेघश्याम सिंह, बल्देव विधायक पूरन प्रकाश, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, महापौर डॉ. मुकेश आर्यबी, व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रविकांत गर्ग, पूर्व विधायक ठा. कारिन्दा सिंह, जनार्दन शर्मा, प्रमोद कसेरे, राजू यादव, चन्द्रपाल कुंतल, चिन्ताहरण चतुर्वेदी, पन्ना लाल गौतम, ज्ञानेंद्र राणा, नितिन शर्मा, श्याम शर्मा , विजय शर्मा पार्षद मूलचंद गर्ग ,हेमंत अग्रवाल ,बलराम शर्मा सहित सौकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मोदी जी एक व्यक्तिनहीं बल्कि राष्ट्रीय विचारधारा के कुशल नेतृत्व करने वाले व्यक्तित्व है

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा। भारत के युग पुरुष के रूप में विश्व विख्यात और अपनी सुशासन शैली से जन जन के हृदय तल तक अपनी पकड़ मजबूत करने वाले माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के ष्सुशासन के २० वर्षष पूर्ण करने पर पूरे देश व प्रदेश में डव्क्५/20 के उपलक्ष्य में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आयोजित हो रहे हैं उसी क्रम आज भारतीय जनता पार्टी मथुरा महानगर द्वारा मसानी स्थित मुकुंद बिहार में महानगर अध्यक्ष विनोद अग्रवाल जी की अध्यक्षता में सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उ.प्र. सरकार के ऊर्जा व नगर विकास मंत्री माननीय अरविंद कुमार शर्मा जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रोफेसर डॉ. रोशन लाल जी, राष्ट्र कवि रमाशंकर पाण्डेय जी और जिलाध्यक्ष श्रीमती मधु शर्मा जी रहे। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ए.के. शर्मा जी ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का भारत के पुनर्निर्माण में भागीरथ योगदान है। मोदी जी एक व्यक्ति नहीं बल्कि राष्ट्रीय विचारधारा के कुशल नेतृत्व करने वाले व्यक्तित्व है। उनकी कार्यशैली साधारण नहीं अद्वितीय रही है उनके राष्ट्र निर्माण के गत बीस वर्षों में मैंने उन्हें नजदीक से देखा है। उनकी कार्य को संपादित करने की क्षमता सदैव मेरे हृदय को छूकर गयी है। वह एक दार्शनिक के रूप में कार्य योजना का निर्माण करते हुए जन जन को लाभान्वित करने का उद्देश्य सर्वोपरि रखते हैं और अधिकारियों को अपने अधिकार देकर कार्य पूर्ण करने की शक्ति देते हैं। यह शैली उनकी अपने सहयोगियों और अधिनस्थ अधिकारियों से कार्य लेने की अद्वितीय क्षमता का प्रर्दशन है, यह एक सामान्य व्यक्ति में नहीं होती यह एक व्यक्तित्व की शैली है जिन्हें हम मोदी कहते हैं। उनकी हर कार्य योजना आगामी समय में निरंतर निर्विवाद निर्विध्न चलने वाली होती है। आज हमें गर्व है कि नरेंद्र मोदी जी जैसे दार्शनिक व्यक्तित्व के सहयोगी के रूप में आज हमें अपनी क्षमताओं को पूर्ण रूप से प्रयोग करने का अवसर मिलते हुए कार्य करने का अवसर मिला है। आज आप जैसे कार्यकर्ताओं के स्नेह से ही मोदी जी देश के पुनर्निर्माण में एक कुशल नेतृत्वकर्ता के रूप में रात दिन लगे हुए हैं। वास्तव में आज पूरा विश्व मोदी जी के विकास के मॉडल को देख रहा है कि उन्होंने कैसे किस प्रकार विषय परिस्थितियों में विकास का मॉडल खड़ा किया है। आज अमेरिका जैसे देश भारत की समृद्धि की सराहना करते हैं और आज मोदी जी का व्यक्तित्व विश्व के कुशल नेतृत्वकर्ता के रूप में उभर रहा है। आज देश का भविष्य उज्जवल है उसको उज्जवल रखने का दायित्व हम सभी के पास है हमारे सामने 2024 का चुनाव है जिसमें आपकी जिम्मेदारी बढ़ रही है कि हम और आप जन जन तक घर घर गांव गांव गली गली जाकर मोदी जी के राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के संकल्प को सिद्ध करने के लिए कमर कस कर लग जाये। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री विनोद अग्रवाल जी ने कहा कि आजाद भारत के 75वें वर्ष में जब आज पूरा देश अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है उस महोत्सव में माननीय नरेन्द्र मोदी जी के सुशासन के २० बर्ष वास्तव में स्वर्णिम युग का आभास करा रहे हैं। छोटे से परिवार से आने वाला व्यक्ति आज राष्ट्र नायक के रूप में प्रतिष्ठित हैं और उनकी नेतृत्व शैली को आज सम्पूर्ण विश्व देख रहा है। स्वतंत्र भारत के राजनैतिक इतिहास में जो मार्गदर्शन आज से 70 वर्ष पूर्व हमारे मार्गदर्शक पं.दीनदयाल उपाध्याय एवं डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दिया आज वह मोदी जी के नेतृत्व में धरातल पर अंतिम पंक्ति के दरवाजे तक सम्पूर्ण अन्तोदय विकास के रूप में पहुंच रहा है। जिसका सम्पूर्ण श्रेय माननीय नरेन्द्र मोदी जी को ही जाता है जिन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं में सेवा का भाव जागृत कर जन जन में राष्ट्र सेवा का भाव जागृत किया है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा महामंत्री प्रदीप गोस्वामी ने किया इस मौके पर उपस्थित रहे विधान परिषद सदस्य ठा. ओमप्रकाश सिंह, गोवर्धन विधायक ठा. मेघश्याम सिंह, बल्देव विधायक पूरन प्रकाश, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, महापौर डॉ. मुकेश आर्यबी, व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रविकांत गर्ग, पूर्व विधायक ठा. कारिन्दा सिंह, जनार्दन शर्मा, प्रमोद कसेरे, राजू यादव, चन्द्रपाल कुंतल, चिन्ताहरण चतुर्वेदी, पन्ना लाल गौतम, ज्ञानेंद्र राणा, नितिन शर्मा, श्याम शर्मा , विजय शर्मा पार्षद मूलचंद गर्ग ,हेमंत अग्रवाल , लोकेश तायल , कृष्णमणि सूबेदार , बलराम शर्मा सहित सौकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## बांग्लादेशी हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के संबंध में क्यो चुप है सरकार



अधिवक्ता रवींद्र घोष

☒ संपूर्ण विश्व के देश, संयुक्त राष्ट्र एवं भारत बांग्लादेश के हिन्दुओं की रक्षा के लिए आगे आएं

☒ अधिवक्ता (पू.) रविंद्र घोष, अध्यक्ष, बांग्लादेश मायनॉरिटी वॉच

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा। वर्तमान में बांग्लादेश में हजारों की संख्या में अपराधी प्रवृत्ति के मुसलमानों द्वारा हिन्दुओं को लक्ष्य किया जा रहा है । कुरान अथवा मोहम्मद पैगंबर का अपमान करने का झूठा आरोप लगाते हुए हिन्दुओं के मंदिर तोडना, देवताओं की मूर्तियां तोडना, हिन्दुओं की बस्तियां जलाना, हिन्दुओं की हत्या करना तथा महिला–लडकियों पर बलात्कार किए जा रहे हैं । ये घटनाएं दिन–प्रतिदिन बढती जा रही हैं । बांग्लादेश सरकार और पुलिस हिन्दुओं की रक्षा के लिए कुछ नहीं करते । इसलिए अब बांग्लादेश में हिन्दू सुरक्षित नहीं रह सकते । हिन्दुओं की रक्षा के लिए वहां कोई नहीं है । यह यदि ऐसे ही चलता रहा, तो पहले के समान परिस्थिति उत्पन्न होकर बांग्लादेश में हिन्दू शेष नहीं रहेंगे । इसलिए संपूर्ण विश्व के देश, संयुक्त राष्ट्र संघ और भारत को यह विषय संज्ञान में लेकर हिन्दुओं की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए, ऐसा आवाहन हिन्दुओं के मानवाधिकार के लिए संघर्ष करनेवाले 'बांग्लादेश मायनॉरिटी वॉच' के अध्यक्ष अधिवक्ता (पूज्य) रविंद्र घोष ने किया । हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित ऑनलाइन विशेष संवाद 'बांग्लादेशी हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के संबंध में क्यों चुप है सरकार?' में वे बोल रहे थे ।

इस समय बांग्लादेश के 'रिसर्च एंड एम्पावरमेंट ऑर्गेनाइजेशन' के अध्यक्ष प्रा. चंदन सरकार ने कहा कि, वर्ष 2012 से 2022 में बांग्लादेश में योजना बनाकर हिन्दुओं की बस्तियों पर आक्रमण कर हिन्दुओं को लक्ष्य किया जा रहा है । जिससे हिन्दू बांग्लादेश छोडकर भाग जाएं । इसलिए हिन्दुओं की जनसंख्या निरंतर घट रही है । पहले यह जनसंख्या 28 प्रतिशत थी, वह अब 6 प्रतिशत रह गई है। बांग्लादेश के 'वर्ल्ड हिन्दू फेडरेशन' के प्रधान सचिव श्री. दिपेन मित्रा ने कहा कि, गत कुछ महीनों में 325 से अधिक हिन्दुओं के मंदिर, श्री दुर्गापूजा पंडाल तोडे गए । हिन्दुओं की हत्या कर महिलाओं का अपहरण किया जा रहा है । हिन्दुओं को किसी प्रकार के अधिकार नहीं रह गए हैंय परंतु संपूर्ण विश्व और पडोसी देश भारत शांति से यह देख रहा है । हिन्दुओं की प्रताडना रोकने के लिए हमें सहायता की आवश्यकता है ।

इस समय हिन्दू जनजागृति समिति के पूर्व और पूर्वोत्तर भारत समन्वयक श्री. शंभू गवारे ने कहा कि, कहीं मुसलमानों पर अत्याचार होने पर संसार के 57 इस्लामी देश एकत्रित आकर उसके विरोध में आवाज उठाते हैं । 'संयुक्त राष्ट्र संघ' और 'यूरोपीय यूनियन' भी मुसलमानों के पक्ष में बोलते हैं, फिर 30 वर्षों से चल रहा कश्मीरी हिन्दुओं का नरसंहार और बांग्लादेश के हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के संबंध में वे क्यों नहीं बोलते ? इसलिए समस्त हिन्दुओं को अब एकत्रित आना चाहिए । बांग्लादेश के हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में 'नीदरलैंड' के सांसद गिर्ट विल्डर्स 13 प्रश्न पूछकर संसार में आवाज उठाते हैं । वैसे ही भारत में स्थित बांग्लादेशी दूतावास के बाहर हिन्दुओं को एकत्रित आकर आंदोलन करना चाहिए तथा उन पर दबाव बनाना चाहिए। 'मानवाधिकार संगठन' और 'संयुक्त राष्ट्र संघ' से स्पष्टीकरण मांगना चाहिए । (श्री. रमेश शिंदे, राष्ट्रीय प्रवक्ता, हिन्दू जनजागृति समिति)।

## अब आर.बी.कॉलेज में होगी कॉमर्स की पढ़ाई

दलसिंगसराय (विकास कुमार पाण्डेय) ! दलसिंहसराय अनुमंडल मुख्यालय स्थित आरबी कॉलेज में कॉमर्स की पढ़ाई की व्यवस्था नहीं थी जिससे सैकड़ों छात्रों को हर वर्ष किसी अन्य कॉलेज या विद्यालय में अपना नामांकन करना पड़ता था ! छात्रों की चिर प्रतिक्षित मांग पर आज बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने अपनी मुहर लगा दी ! सोमवार को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी पत्र में आरबी कॉलेज दलसिंगसराय में कॉमर्स विषय की पढ़ाई की अनुमति दे दी गई है , इससे दलसिंहसराय शहर तथा आस–पास के छात्रों को अब कॉमर्स की पढ़ाई के लिए कहीं बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी ! कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर संजय कुमार झा ने बताया कि बिहार बोर्ड द्वारा आज जारी पत्र में महाविद्यालय को कॉमर्स विषय में 160 छात्रों के नामांकन की अनुमति दी गई है, यह अनुमति इसी सत्र 2022 –24 से लागू होगी ! इसके साथ ही महाविद्यालय कोड भी बिहार बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराया गया , यह महाविद्यालय के लिए खुशी की बात है अब छात्रों को कॉमर्स संकाय में भी नामांकन मिल सकता है !



# संक्षिप्त समाचार

## मथुरा-वृंदावन में कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों पर बजेगी साफ सफाई को लेकर नई ट्यून, मंत्री ने दिखाई गाड़ियों को हरी झंडी

मथुरा। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सोमवार को रिफाइनरी गेस्ट हाउस में मथुरा वृंदावन नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों पर बजने वाले जनहित संदेश की एक नई आडियो ट्यून का उद्धघाटन किया। हरी झंडी दिखाकर बजती हुई नई ट्यून वाली कई छोटी गाडियों को रवाना किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में नगर विकास मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में पहले के मुकाबले सफाई व्यवस्था काफी बेहतर हुई है। लोगो को घर से प्रातः काल कूड़ा निकलने के लिए एक नई ऑडियो ट्यून आज से लगवाई गई है। मथुरा वृंदावन में नगर निगम के कर्मचारी साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। मेने ब्रज में आने वाले त्योहारों को लेकर नगर आयुक्त से कहा हैं कि वह साफ–सफाई पेयजल व्यवस्था को पहले समय के मुकाबले और अच्छा बनाने की कवायद करें ताकि नागरिकों के अलावा बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं पर अच्छा संदेश जा सके। नगर आयुक्त अनुनय झा ने बताया कि आज मंत्री जी ने निगम की 10 गाडियों पर नई ट्यून का शुभारंभ किया है। अगले 3 दिन में नगर निगम की सभी गाड़ियों पर यह ट्यून चलना शुरू हो जाएगी। कार्यक्रम में मेयर डॉ मुकेश आर्य बंधु महानगर भाजपा अध्यक्ष विनोद अग्रवाल कुञ्ज बिहारी चतुर्वेदी आदि पार्टी कार्यकर्ता सहित नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

## खेलकूद प्रतियोगिताओं से होता है शारीरिक व मानसिक विकास खेलगुरु बृजरत्न अशोकशेखर पहलवान

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। पांचवी उत्तर प्रदेश बॉडी लिफ्टिंग चौंपियनशिप का आयोजन 24 जुलाई 2022 को प्रातः 11:00 बजे से राम जिम सिहोरा मोड़ सुखदेव पुर मथुरा पर किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खेलगुरु ब्रजरत्न अशोकशेखर पहलवान द्वारा प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ किया गया आयोजक डॉक्टर श्यामवीर सिंह वाइस प्रेसिडेंट यूपी बॉडी लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा खेलगुरु ब्रजरत्न अशोकशेखर पहलवान जी का पटूका , माला स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया इस अवसर पर खेलगुरु बृजरत्न अशोकशेखर पहलवान जी ने कहा की खेलकूद प्रतियोगिताओं से खिलाड़ी का शारीरिक व मानसिक विकास होता है इसलिए खेलकूद प्रतियोगिताओं में हर व्यक्ति को हिस्सा लेना चाहिए इस मौके पर उत्तर प्रदेश यूपी बॉडी लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री राजेश सिंह जी व महासचिव सुशील कुमार, अंकित पहलवान , जयभगवान पहलवान ,लक्ष्य पहलवान आदि उपस्थित थे ।



## कोरोना के दो साल बाद सावन में शिव की पूजा कर भक्तो में अपार खुशी

आसनसोल। श्रावण के दूसरे सोमवार को भक्त भगवान शिव की पूजा



करते हैं। पुराणों के अनुसार श्रावण मास में शिव की पूजा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। उसी आधार पर देश भर के साथ–साथ आसनसोल के श्रद्धालु चंद्रचूड़ मंदिर में एकत्रित हुए। आज सुबह मंदिर में दर्शन देखा गया कि दूर–दूर से श्रद्धालु झुक कर पैदल ही पानी लेकर आते हैं। हालांकि, कोरोना महामारी फैलने के कारण पिछले दो वर्षों से मंदिर में जनसभा पर रोक लगा दी गई थी। तब से, दो साल बाद, श्रावण के सोमवार को, भक्त खुशी के उन्माद में थे क्योंकि उन्होंने मंदिर में भाग लिया और शिव की पूजा की।

## हादसे के कारण टाटा सूमो और चालक पत्थर के गड्ढे में गिरे

आसनसोल। हादसे के कारण टाटा सूमो और चालक पत्थर के गड्ढे में गिर गए। घटना आसनसोल नार्थ थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 बुलु फैक्ट्री क्षेत्र की है। सुनील हांसदा रात में किराया लेने आसनसोल स्टेशन आ रहे थे। अचानक नियंत्रण खोते हुए, सूमो कार के साथ पत्थर के परित्यक्त गड्ढे में घुस गई। घरवालों ने कार के कागज पानी में तैरते देखा तो समझ गए कि सुनील हांसदा कार के साथ खाई में पानी में डूब गए हैं। आसनसोल नॉर्थ स्टेशन की पुलिस को तुरंत सूचना दी गई। नार्थ



पुलिस मौके पर पहुंची और तलाशी शुरू की। जांच जारी है। घंटो तलासी के बाद वाहन को निकाला गया। वहीं सुनील हांसदा की तलासी जारी है। दर्दनाक हादसे से क्षेत्र में मातम का साया छाया रहा।

## बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण खाली कराया गया

(ओमप्रकाश सिंह संवाददाता, दैनिक अयोध्या टाईम्स, चिरैया। अनुमडंलीय लोक शिकायत के आदेश पर सोमवार को कपुरपकडी गांव में बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण खाली कराया गया है ।मामला उक्त गांव निवासी मु0 मंजू देवी व चन्द्रकिशोर सिंह के बीच रास्ता अतिक्रमण करने का मामला बर्षो से चल रहा था। जिसे सीओ आनंद कुमार गुप्ता व शिकारगंज थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार की उपस्थिति में बुलडोजर चलाकर



अतिक्रमण को खाली करा दिया गया। प्रतिवादी मु0 मंजू देवी के आवासीय मकान के सामने गैरमजरूआ आम रास्ता को अवरुद्ध कर घर बना लिया था ।जिसे आने जाने में काफी कठिनाईयां हो रही थीं ।मौके पर राजस्व अधिकारी नेहा कुमारी, अंचल अमीन विनोद कुमार मिश्रा,राजस्व कर्मचारी प्रेमकिशोर सिंह, बच्चाबिहारी सिंह एवं भारी मात्रा में पुलिसबल उपस्थित थे।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## औलाद से परेशान होकर बुजुर्ग दम्पत्ति ने किया औलाद को बेदखल

अछनेरा। मोहल्ला शेखान अछनेरा के निवासी इस्लाम और उनकी पत्नी मख्तूल बुजुर्ग दम्पत्ति ने अपने तीनों पुत्रोंऔर अपनी दो पुत्र वधुओं से तंग आकर उन्हें अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है बुजुर्ग



दम्पत्ति का कहना है कि हमारे बड़े पुत्र राजेश उसकी पत्नी रानी और दूसरे पुत्र इकराम और उसकी पत्नी सुल्ताना और तीसरे पुत्र अकरम उर्फ सेठ से हमारा किसी भी प्रकार का कोई रिश्ता नहीं है बुजुर्ग दम्पत्ति ने अपने तीनों पुत्र और दोनों पुत्र वधुओं को अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए यह बात भी बताई कि मेरा इन लोगों के गैरकानूनी कृत्य से कोई लेना देना नहीं है अगर इनसे कोई भी किसी प्रकार का लेन देन करता है तो उस लेन देन का जिम्मेदार खुद होगा हमने अपने तीनों पुत्र और दोनों पुत्र वधुओं को अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है।

## सामाजिक न्याय नवलोक पार्टी कार्यालय पर बहिन फूलन देवी को उनकी शहादत दिवस के अवसर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई



संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक डा लेखराज सिंह जी ने कहा हर व्यक्ति जन्म से साधारण होता है हम अपने कार्यों से असाधारण बनते है बहिन फूलन देवी आज पूरे विश्व में विख्यात अपने असाधारण प्रतिभा के कारण है हमें अपने गौरवशाली पूर्वजों पर हमेशा गर्व करना चाहिए एवम अपने बच्चों को उनके बारे में बताना चाहिए,लोग काल्पनिक लोगों को अपना पूर्वज मानकर सालों से उन्हें पूज रहे है एवम हमें भी उन्हें पूजने को बाध्य कर रहे है ,और उन्हे हमारे महान पूर्वजों जन्म दिन, शहादत दिन मनाने से समस्या है। ऐसे लोगों को समझना होगा एवम उनकी भाषा में समझाना भी होगा।

## पवित्र तपोभूमि श्री हेमकुंड साहिब गुरु गोविंद सिंह जी महाराज जी का पावन पवित्र तपो स्थान का सौभाग्य आगरा के कीर्तनीय जत्थे का कीर्तनी जत्थे का वापसी आगरा कैंट स्टेशन पर आगरा की संगत द्वारा भव्य स्वागत



संवादाता सभाजीत वर्मा फतेहाबाद आगरा। पवित्र तपोभूमि श्री हेमकुंड साहिब गुरु गोविंद सिंह जी महाराज जी का पावन पवित्र तपो स्थान का सौभाग्य आगरा के कीर्तनीय जत्थे का कीर्तनी जत्थे का वापसी आगरा कैंट स्टेशन पर आगरा की संगत द्वारा भव्य स्वागत आगरा के जत्थे भाई हरपाल सिंह जी,भाई हरप्रीत सिंह जी सौभाग्य प्राप्त हुआ। धन धन श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की रहमत का सदका दास भाई हरपाल सिंह जी के कीर्तनी जत्थे को श्री हेमकुंड साहिब जी के मुख्य सेवादार सरदार सेवा सिंह जी ने अति सम्मान के साथ विशेष स्वागत किया

श्री हेमकुंड साहिब जो कि गुरु गोविंद सिंह जी महाराज जी का पावन पवित्र तपो स्थान है,

वहां ,उनके कीर्तन जत्थे को लगभग 1 महीने की कीर्तन सेवा के लिए पिछले महीने की 25 जून तारीख को बुलाया गया गुरु साहब ने अपनी गोद में बिठाकर कीर्तन की सेवा ली जोकि पीटीसी सिमरन के साथ देश एवम् संसार भर में लाइव रोजाना प्रस्तुत किया गया था। आगरा के कीर्तनीय जत्थे द्वारा गुरु रूप गुरु प्यारी संगतो के दर्शन कर गुरबाणी शबद कीर्तन शब्द गायन

1. अब मैं अपनी कथा बखानो। 2. हेमकुंट पर्वत है जहां। 3. चरण चलो मार्ग गोविंद। 4. सतगुरु पूरक अगम है निरवैर निराला। 5. कोई आन मिलावे मेरा प्रीतम प्यारा। 6. देह शिवा वर मोहे यह है। 7. चोजी जी मेरे गोविंदा जो जी मेरे प्यारे। देश विदेश से आए संगतो ने कीर्तन का सरवन किया। कीर्तनी जत्थे में भाई हरपाल सिंह ,भाई अमनदीप सिंह ,भाई किस्मईत सिंह भाई साहिब सिंह ने सेवा निभाई स स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से गगनदीप सिंह,सतपाल सिंह बत्रा,मदन गोपाल जुनेजा,जसबीर सिंह धनजल, हरजीत सिंह भंबरा, मनोज नोतनानी, कुलदीप कांडला पत्नी गुरमीत कौर मेहर ,जसप्रीत सिंह सनी जी प्रमुख थे। श्री हेमकुंड साहिब जी के मुख्य सेवादार सरदार सेवा सिंह जी ने प्यार एवम् अति सम्मान के साथ भाई हरपाल सिंह के जत्थे का विशेष स्वागत किया।

# आगरा कैंट स्टेशन पर संगत द्वारा भव्य स्वागत

- पवित्र तपोभूमि श्री हेमकुंड साहिब गुरु गोविंद सिंह जी महाराज जी का पावन पवित्र तपो स्थान का सौभाग्य आगरा के कीर्तनीय जत्थे का

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। के जत्थे भाई हरपाल सिंह जी ,भाई हरप्रीत सिंह जी सौभाग्य प्राप्त हुआ। धन धन श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की रहमत का सदका दास भाई हरपाल सिंह जी के कीर्तनी जत्थे को श्री हेमकुंड साहिब जी के मुख्य सेवादार सरदार सेवा सिंह जी ने अति सम्मान के साथ विशेष स्वागत किया।

श्री हेमकुंड साहिब जो कि गुरु गोविंद सिंह जी महाराज जी का पावन पवित्र तपो स्थान है, वहां ,उनके कीर्तन जत्थे को लगभग 1 महीने की कीर्तन सेवा के लिए पिछले महीने की 25 जून तारीख को बुलाया गया गुरु साहब ने अपनी गोद में बिठाकर कीर्तन की सेवा ली जोकि पीटीसी सिमरन के साथ देश एवम् संसार भर में लाइव रोजाना प्रस्तुत किया गया था।

आगरा के कीर्तनीय जत्थे द्वारा गुरु रूप गुरु प्यारी संगतो के दर्शन कर गुरबाणी शबद कीर्तन शब्द गायन

1,अब मैं अपनी कथा बखानो, 2, हेमकुंट पर्वत है जहां,3, चरण चलो मार्ग गोविंद,4 सतगुरु पूरक अगम है निरवैर निराला, 5, कोई आन मिलावे मेरा प्रीतम प्यारा, 6,देह शिवा वर मोहे यह है, 7, चोजी जी मेरे गोविंदा जो जी मेरे प्यारे, देश विदेश से आए संगतो ने कीर्तन का सरवन किया। कीर्तनी जत्थे में भाई हरपाल सिंह ,भाई अमनदीप सिंह ,भाई किस्मईत सिंह भाई साहिब सिंह ने सेवा निभाई स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से गगनदीप सिंह,सतपाल सिंह बत्रा,मदन गोपाल जुनेजा, जस बीर सिंह धनजल, हरजीत सिंह भंबरा, मनोज नोतनानी, कुलदीप कांडला पत्नी गुरमीत कौर मेहर, जसप्रीत सिंह सनी जी प्रमुख थे स श्री हेमकुंड







साहिब जी के मुख्य सेवादार सरदार सेवा सिंह जी ने प्यार एवम् अति सम्मान के साथ भाई हरपाल सिंह के जत्थे का विशेष स्वागत किया।

## सात अगस्त को होगा नेशनल पेनमैन चैम्पियनशिप का पुरस्कार वितरण समारोह

- हिन्दी व अंग्रेजी हैंडराइटिंग की विभिन्न विधाओं के लिए सात वर्गों में प्रतियोगिता का ऑनलाइन हुआ आयोजन

दै. अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। स्वास्तिक हैंडराइटिंग रिसर्च सेंटर, आगरा टीचर्स क्लब व ग्लोबल स्पोर्ट्स एंड स्किल डवलपमेंट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में नेशनल पेनमैन चौम्पियनशिप के रिजल्ट आज घोषित किया गया। जिसमें आगरा के लगभग 35 व अन्य स्थानों के लगभग 30 विद्यार्थियों ने बाजी मारी। पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन सिटी स्क्वायर होटल, खंदारी में किया जाएगा। स्वास्तिक हैंडराइटिंग रिसर्च सेंटर की निदेशक विनीता मित्तल ने बताया कि पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि मेरठ के अशोक बत्रा (अमेरिका से वर्ड हैंडराइटिंग कॉन्टेस्ट के लाइफ टाइम विनर) व अप्सा के अध्यक्ष सुशील गुप्ता रहेंगे। इस अवसर पर स्वास्तिक अद्यात्मिक पुस्तकालय का भी शुभारम्भ किया जाएगा। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां व शहर के समाजसेवियों का सम्मान किया जाएगा। निर्णायक मंडल में मेरठ के अशोक बत्रा, पंजाब की आर्टिस्टिक हैंडराइटिंग एक्सपर्ट गीता, आगरा की कैलीग्राफी एक्सपर्ट रूपाली खन्ना व नोयडा से हिन्दी हैंडराइटिंग एक्सपर्ट अनु गर्ग भी शामिल थीं। विनीता मित्तल ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन एक से 15 जुलाई तक ऑनलाइन किया गया। जिसमें विश्व भर से लगभग 800 से अधिक लोगों (7 वर्ष से लेकर 65 वर्ष तक) ने भाग लिया। रजल्ट फेसबुक पेज पर अपलोड कर दिए गए हैं। इंग्लिश में प्रिंटेड, थॉट, कर्सिव, पैराग्राफ हैंडराइटिंग व हिन्दी में सिम्पल हिन्दी, श्लोक व कविता (पोइम) हैंडराइटिंग की प्रतियोगिता चार–चार वर्गों में आयोजित की गई।

## भाविप संस्कार के सदस्यों ने चारा खिला कर की गौ सेवा



दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। भारत विकास परिषद् संस्कार शाखा की ओर से फाउंड्री नगर स्थित श्री राधा कृष्ण गौशाला में सोमवार को संस्था के पदाधिकारियो ने गौ सेवा की द्य सर्वप्रथम गौ माता की पूजा के उपरांत चोकर, हरा चारा, हरी सब्जी, चना, दाल, गुड़ आदि खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र गुप्ता ने गौ संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए गाय से जैविक उत्पाद जैसे गौ धूपबत्ती, फिनायल और जैविक उर्वरक के उत्पादकों को बढ़ाने को प्रेरित किया। सचिव जितेंद्र बंसल ने कहा कि गोवंश जिसमे गाय और बैल दोनो ही शामिल है इन पर कभी भी क्रोध नही करना चाहिए द्य गौ में 33 कोटि देवी–देवताओं का वास है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष संजय बंसल, महिला संयोजिका सारिका गोयल, उमेश बंसल, दीपक जैन, जतिन अग्रवाल, उर्मिला बंसल, सुनंदा जैन, रूबी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## पीएमएसएमए दिवस पर गर्भवतियों ने कराया कोविड टीकाकरण

- गर्भवती महिलाओं की हुई प्रसव पूर्व जांच जनपद के सभी एफआरयू पर मनाया गया प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। जनपद में सोमवार को सभी प्रथम संदर्भण इकाई (एफआरयू) पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) दिवस का आयोजन किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांचें की गईं और उनका कोविड टीकाकरण भी किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि पीएमएसएमए दिवस मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए अब माह में दो बार ( प्रत्येक माह की नौ तारीख और 24 तारीख को) मनाया जाता है। इस बार 24 तारीख को रविवार होने के चलते इसे 25 तारीख को सभी एफआरयू पर मनाया गया। एसीएमओ आरसीएच डॉ. संजीव वर्मन ने बताया कि सोमवार को जिला महिला चिकित्सालय आगरा, एसएन मेडिकल कॉलेज की एमसीएच विंग, बाह सीएचसी, खेरागढ़ सीएचसी, अछनेरा सीएचसी, एत्मादपुर सीएचसी और शमसाबाद सीएचसी पर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। एसीएमओ ने बताया कि इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को कोविड का टीका भी लगाया गया। गर्भवती की प्रसव पूर्व हीमोग्लोबिन, शुगर, यूरिन जांच, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, सिफलिस, वजन, ब्लड प्रेशर एवं अन्य जांच की निरूशुल्क की गई। एचआरपी युक्त महिलाओं की पहचान की गई। डॉ. संजीव वर्मन और जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता संगीता भारती ने बाह सीएचसी पर सपोर्टिव सुपरविजन किया। यहां 159 गर्भवतियों की प्रसव




पूर्व जांच की गई। पीएमएसएमए दिवस में आई लाभार्थी शशि ने बताया कि वे छह माह की गर्भवती हैं। यहां पर उनकी हीमोग्लोबिन, सिफलिस एचआईवी सहित अन्य जांचें हुई हैं। डॉक्टर ने उन्हें हरी सब्जियां और फल खाने की सलाह दी है। लाभार्थी पूजा ने बताया कि उनके खून की कमी थी, इस कारण उन्हें आयरन सुक्रोज लगाया गया है। डॉक्टर ने उन्हें खाने–पीने का विशेष ध्यान रखने और समय पर दवा खाने की सलाह दी है। लाभार्थी रेखा ने बताया कि उन्होंने प्रसव पूर्व जांच के साथ–साथ कोविड टीकाकरण भी करा लिया है।

# पीएम के प्रशस्ति पत्र से कोविड टीकावीरों को मिला उत्साह

- देश में 200 करोड़ कोविड टीके लगने पर पीएम मोदी ने कोविन पोर्टल पर भेजा प्रशस्ति–पत्र

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। आगरा में 200 करोड़ कोविड टीके डोज लगने पर कोविन पोर्टल पर कोविड टीकाकरण में जुटे लोगों को प्रशस्ति–पत्र भेजा है। प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी की ओर से मिली सराहना से कोविड टीकाकरण में लगे कर्मियों का उत्साह और बढ़ गया है। वह अब एहतियाती डोज अभियान में भी उत्साह के साथ टीकाकरण कर रहे हैं।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में 73 लाख से अधिक कोरोना टीके की डोज लग चुकी हैं। कोविड टीकाकरण अभियान जनपद में बनाए गए टीकाकरण केंद्रों पर जारी है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. संजीव वर्मन ने बताया कि जनपद में 16 जनवरी 2021 से कोविड टीकाकरण शुरू हुआ, जो अब तक जारी हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में 24 जुलाई तक 38 लाख 81 हजार 781 पहली डोज, 34 लाख 25 हजार 971 दूसरी डोज और 90 हजार से अधिक एहतियाती डोज लग चुकी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा अभियान में जुटे कर्मियों को मिली सराहना हम सभी के लिए उत्साहवर्धक है। कोविड टीकाकरण अभियान में सभी कर्मियों ने दिल से काम किया है। हमने एक दिन में एक लाख टीके भी लगाए हैं।

जिला अस्पताल में कोविड टीकाकरण प्रभारी प्रकाश शर्मा बताते हैं कि उन्हें कोविन पोर्टल के माध्यम से पीएम मोदी द्वारा प्रशंसा पत्र भेजा गया है। इसे पाकर वे उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि कोविड से लड़ाई के लिए हमें कोविड का टीका मिला। इसे जनता ने भी बढ़–चढ़कर लगवाया। उन्होंने कहा कि अभी भी लोग हमसे कोविड टीकाकरण के बारे में फोन करके पूछते हैं तो हम उन्हें इसके बारे में जानकारी देतें हैं। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में एक लाख 35 हजार से अधिक टीके चल चुके हैं और चार हजार से अधिक एहतियाती डोज लग चुकी हैं। उन्होंने कहा कि पीएम द्वारा मिले पत्र के बाद हम एहतियाती डोज लगाने के लिए भी उत्साह के साथ जुटे हुए हैं।

## आगरा ग्वालियर हाईवे पर डिवाइडर से टकराकर पलटी अनियंत्रित स्कॉर्पियो

- धौलपुर की महिला अधिवक्ता की मौत चालक घायल शॉपिंग करके घर लौट रही थी महिला

दैनिक अयोध्या टाइम संवाददाता धर्मेंद्र पचौरी आगरा। क्षेत्र खेरागढ़, सैंया थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात्रि ग्वालियर हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें एक स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पलट गई स्कॉर्पियो में बैठी महिला अधिवक्ता की मौके पर ही मौत हो गई ।



हादसे की जानकारी पर पहुंची सैंया थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटना बीती रात्रि करीब 9 बजे के ग्वालियर हाईवे पर पहरा के पास की है जहां काले रंग की स्कार्पियो कार में धौलपुर राजस्थान की महिला अधिवक्ता दीप्ति माहौर उम्र 35 वर्ष शॉपिंग करके घर वापस लौट रही थी कार को चालक हरेंद्र चला रहा था बताया जा रहा है कि सामने की ओर से किसी अन्य वाहन की लाइट चालक की आंखों में पड़ी जिससे तेज रफ्तार कार असंतुलित होकर अचानक डिवाइडर से टकराते हुए उसे पार करके दूसरी ओर बने बस स्टॉप में जाकर टकरा गई।हादसा इतना भीषण था कि उस में बैठी महिला अधिवक्ता ने मौके पर ही दम तोड़ दिया और चालक को हल्की–फुल्की चोटें आई।थाना प्रभारी सैया योगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि हादसे की जानकारी पर चालक के परिजन आ गए और उसे उपचार के लिए धौलपुर ले गए वहीं मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया बताया जा रहा है कि महिला अधिवक्ता के छोटे–छोटे बच्चे हैं उसकी मौत से घर में कोहराम मच गया है ।

## स्काउट व एनसीसी के कैडेटों ने बल्केश्वर मेले में व्यवस्थाएं संभाली

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। सरस्वती विद्या मंदिर कमला नगर आगरा के स्काउट दल और एनसीसी के कैडेटों द्वारा बल्केश्वर मेले में जन सहयोग की भावना से व्यवस्थाएं



संभाली स्काउट के छात्रों द्वारा जल व बिस्किट का वितरण किया गया तथा एनसीसी कैडेटों द्वारा महादेव मंदिर परिसर में श्रद्धालु व्यवस्था के अनुसार दर्शन कर सकें इसकी व्यवस्था की गई इस व्यवस्था में एनसीसी के कैप्टन के सी दुबे व स्काउट दल के शिवेंद्र प्रताप सिंह, विनय त्रिपाठी, सुजीत मैलोनिया, शिवकांत लवानिया उपस्थित रहे। इनके उत्साहवर्धन के लिए प्रबंधक विजय गोयल ,कोषाध्यक्ष श्री मुरारी प्रसाद अग्रवाल, प्रधानाचार्य श्री कृष्ण कांत द्विवेदी ,श्री अरुण गर्ग ने सहयोग किया।

## मिढ़ाकुर एमएस गार्डन में हरियाली तीज का उत्सव धूम-धाम से मनाया

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। अखिल भारतीय पालीवाल जैन महासभा ग्रामीण अंचल शाखा आगरा के महिला मंडल द्वारा एमएस गार्डन मिढ़ाकुर में दिन रविवार को हरियाली तीज का उत्सव मनाया गया जिसमें ग्रामीण अंचल की 26 गांवों की महिलाएं उपस्थित रही । कार्यक्रम के अंतर्गत खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिताएं तथा पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम हुआ तथा समाज के उत्थान के लिए आगामी कार्यों की योजना बनाई गई तथा पर्वों के महत्व के बारे में भी बताया गया। वही स्वादिष्ट लजीज व्यंजनों का उत्सव में सभी महिलाओं ने जमकर लुफ्त उठाया इस मौके पर महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती पूनम जैन मंत्री श्रीमती कामिनी जैन तथा अर्थमंत्री श्री मधु जैन तथा समस्त ग्रामीण अंचल की महिलाएं उपस्थित रहे।



## सामाजिक न्याय नवलोक पार्टी कार्यालय पर बहिन फूलन देवी को उनकी शहादत दिवस के अवसर पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

आगरा। सोमवार को बाह और फतेहाबाद में पूर्व सांसद फूलन देवी का उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। सामाजिक न्याय नवलोक पार्टी के बाह और फतेहाबाद कार्यालय पर बहिन फूलन देवी को उनकी शहादत दिवस के अवसर पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक डा लेखराज सिंह जी ने फूलन देवी के चित्र पर पुष्प श्रद्धांजलि दी। डॉ लेखराज सिंह ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कहा हर व्यक्ति जन्म से साधारण होता है।हम अपने कार्यों से असाधारण बनते है।बहिन फूलन देवी आज पूरे विश्व में विख्यात अपने असाधारण प्रतिभा के कारण है। हमें अपने गौरवशाली पूर्वजों पर हमेशा गर्व करना चाहिए।एवम अपने बच्चों को उनके बारे में बताना चाहिए, लोग काल्पनिक लोगों को अपना पूर्वज मानकर सालों से उन्हें पूज रहे है एवम हमें भी उन्हें पूजने को बाध्य कर रहे है ,और उन्हे हमारे महान पूर्वजों जन्म दिन, शहादत दिन मनाने से समस्या है। इस मौके पर प्रशांत एडवोकेट, शिव शंकर राजपूत, चंद्रप्रकाश आदि लोग मौजूद रहे।



## आगरा महापौर की पुस्तक नवीनता के चार साल, भव्य 'पुस्तक विमोचन' का हुआ कार्यक्रम

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। आगरा के महापौर नवीन जैन जी के चार साल के विकास को एक पुस्तक में पिरो कर नवीनता के 4 साल बेमिसाल पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में रहना हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मा० प्रदेश सह संगठन महामंत्री श्री कर्मवीर सिंह



जी, ब्रज प्रदेश अध्यक्ष श्री रजनीकांत जी, ब्रज प्रदेश उपाध्यक्ष श्री टी. एन. अग्रवाल जी ,आगरा के मा० विधायकगण, विधायक डॉ. जी. एस.धर्मेश जी, विधायक डॉक्टर धर्मपाल जी, विधायक चौधरी उदयभान सिंह जी, विधायक रामावतार जी, एम एल सी विजय शिवहरे जी, नगर आयुक्त श्री निखिल फूंडे जी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर मंजू भदौरिया जी एवं आगरा व्यापार मंडल के मंत्री राजेश अग्रवाल जी सभी मोर्चों के अध्यक्ष,पार्षद एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिवरात्रि पर्व पर धूम-धाम से की सेवा बाटी मिठाई आइसक्रीम फल

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। में महाशिवरात्रि पर्व लोगों में हर्षोल्लास के साथ रात्रि से ही शिव भक्तों के लिए हर जगह भंडारे का आयोजन किया गया मुख्य रूप से दयालबाग कृष्णा नगर कॉलोनी में शनि भक्तों ने हर्ष उल्लास के साथ महाशिवरात्रि पर्व पर लोगों को मिठाई व आइसक्रीम पकोड़े और सुबह चाय का बंदोबस्त किया। सभी लोगों में ईश्वर के प्रति श्रद्धा भाग्य साथ परिक्रमा में शिव भक्त बम बम भोले के नाम से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया और जगह–जगह भक्ति संगीत के साथ लोग धूमधाम से नाच गाने के साथ आगे बढ़ते गए। आने वाले भक्तों की सेवा भाव से सेवा संगीत के साथ खानपान के लिए हर एक चीज के व्यवस्था करते हुए जय भोले जय भोले करते हुए। भक्तजन जाते हुए दिखाई दिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी काफी तादाद में लोगों ने पैदल



चलकर भगवान भोले शंकर से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए सभी भक्तों आगे बढ़ते गए और वही डॉ० विशेष राजपूत उनके भाई दिनेश राजपूत ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। काफी तादाद में सेवा करने वालों में कपूरचंद, ललित चंद्र, मुंशीलाल, प्रह्लाद, राम, महेश, नरेश, रिंकू, नवीन, दिनेश, रवि, ने श्रद्धा भाव के साथ भोले भक्तों का स्वागत किया।

इस वर्ष भी ढोल नगाड़े के साथ में हर्षोल्लास से शिवरात्रि पर्व मनाया गया। जलवा क्षेत्र में टैगोर नगर में शनि मंदिर के सभी भक्तों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## बाह पुलिस की बड़ी सफलता 8 सटोरिए गिरफ्तार

बाह। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में सट्टे की खाई बाड़ी का काम बड़े पैमाने पर फल फूल रहा था। प्रभारी निरीक्षक संजीव शर्मा को जब इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने अपना मुखबिर तंत्र मजबूत कर सटोरियों की जानकारी जुटाई और अपना जाल बिछाया। रविवार को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव चौरंगा बीहड़ में सट्टे की खाई गाड़ी का काम बड़े पैमाने पर हो रहा है। प्रभारी निरीक्षक संजीव शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सटोरियों के खिलाफ जाल बिछाया। मुखबिर द्वारा दी गई सूचना के आधार पर चौरंगा बीहड़ स्थित राहुल शर्मा के यहां पुलिस टीम ने दबिश दी उसी दौरान मौजूद सटोरियों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने मौके से आठ सटोरियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर व दो कारतूस तीन सौ पन्द्रह बोर एवं सट्टे की पर्ची व पेंतीस हजार एक सौ पचास रुपए व 7 मोबाइल मौके से बरामद किए। गिरफ्तार सटोरियों से पूछताछ के दौरान करीब आठ अन्य व्यक्तियों के नाम मोबाइल चौट के माध्यम से प्रकाश में आए हैं। सटोरियों के खिलाफ बाह पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है। वही सटोरियों को छुड़ाने के लिए रात भर नेताओं के फोन घन घनाते रहे प्रभारी निरीक्षक ने सटोरियों को छोड़ने से स्पष्ट मना कर दिया।पूछताछ के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्तों के यहां भी पुलिस दबिश दे रही है मगर उक्त लोग भूमिगत हो गए हैं। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के खिलाफ जुआ सट्टा अधिनियम तीन/चार के तहत कार्यवाही की गई है। एसएसपी आगरा प्रभाकर चौधरी के निर्देशन में पूरे जिले में अपराधियों एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किए गए अभियुक्त राहुल शर्मा पुत्र राम अवतार शर्मा निवासी चौरंगा बीहड़, सुभाष पुत्र गौरीशंकर निवासी गंज, संजीव पुत्र कृष्णा गुप्ता कल्याण सागर गली, योजित गुप्ता पुत्र अवधेश गली गोपाल जी, हर्ष पेंगोरिया पुत्र भरत पैंगोरिया सदर बाजार, गौरव पुत्र हरिकिशन निवासी कांदरपुरा जैतपुर, शशि कुमार पुत्र सियाराम निवासी महुआ साला थाना खेड़ा राठौर, गिरीश पुत्र विनोद कुमार निवासी प्यारम पूरा थाना जैतपुर, आठ अन्य नाम प्रकाश में आए हैं गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रमुख रूप से, वरिष्ठ उपनिरीक्षक नीरज मिश्रा, उपनिरीक्षक अमरदीप शर्मा, निरीक्षक अजय कुमार, कांस्टेबल पंकज कुमार, नौशाद, गौरव कुमार, अनिरुद्ध यादव, देवेंद्र सिंह, मनीष कुमार रहे।



# नवदंपति शगुन किट अपनाएँ, परिवार को खुशहाल बनाएं

अल्ताब अहमद, रायबरेली। शादी के मौके पर मिलने वाले तमाम तोहफों में से उसी दौरान मिलने वाला एक विशेष तोहफा नवदंपति के पूरे जीवन को खुशहाल बना सकता है। बस जरूरत है उसकी खासियत को समझते हुए सही मायने में जीवन में अपनाने की । यह जानकारी देते हुए परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. आर.के.चौधरी बताते है कि इस किट में कई जरूरी सामग्री के साथ ही परिवार नियोजन के अस्थायी साधन कंडोम व गर्भ निरोधक गोलियों को भी शामिल किया गया है। परिवार नियोजन के इन अस्थायी साधनों को अपनाकर पति–पत्नी को एक–दूसरे को समझने और आर्थिक रूप से मजबूती लाने का पर्याप्त समय मिल सकता है। इस तरह यह किट महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के साथ ही परिवार के हर सदस्य की खुशहाली का जरिया भी बन सकता है। नोडल अधिकारी के अनुसार – विवाह के बाद बहू के ससुराल में कदम रखते ही आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुभ शगुन के रूप में नई पहल किट का तोहफा देती हैं। इसका उद्देश्य नवविवाहित दम्पति को पारिवारिक और वैवाहिक जीवन के दायित्वों के लिए तैयार करना है ताकि वह अपना आगे का जीवन बिना संकोच और झिझक के खुशहाल, सुरक्षित और सुंदर बना सकें। सेहत के साथ ही आर्थिक बेहतरी के लिए जरूरी है कि बच्चे की योजना शादी के दो साल बाद ही बनाएं और दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर जरूर रखें। परिवार नियोजन प्रबंधक हिमांशु श्रीवास्तव का कहना है कि जनपद में पिछले वित्तीय वर्ष में 10492 शगुन किट ( नई पहल ) का वितरण किया जा चुका है।

शगुन किट की खासियत : शगुन किट 12 से 13 इंच के चौकोर लाल रंग के साथ प्राकृतिक जूट के रंग में बना एक बॉक्स है, इसे स्वास्थ्य विभाग की ओर से नवदंपति को भेंट किया जाता है। बॉक्स में "नया उपहार शगुन बेमिसाल, नई जोड़ी परिवार खुशहाल" का स्लोगन भी लिखा होता है।

शगुन किट में क्या है – उत्तर प्रदेश तकनीक सहायक इकाई (यूपीटीएसयू) के जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ ने बताया – शगुन के इस किट में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से एक पत्र भी होता है,



जिसमें परिवार नियोजन के फायदों के बारे में लिखा होता है। इस पत्र का उद्देश्य नवविवाहित दम्पति को जनसंख्या नियंत्रण के लिए सचेत करने के साथ दो बच्चों तक ही परिवार को सीमित रखने के लिए प्रोत्साहित करना है।

किट में पति और पत्नी के लिए आपातकाल में प्रयोग की जाने वाली गर्भनिरोधक गोलियां, सामान्य गर्भनिरोधक गोलियां और कंडोम होते हैं ।" किट में स्वास्थ्य और सफाई के लिए जरूरी कुछ सामान भी होता है। उन्होंने कहा "किट में एक शीशा, कंघी, कुछ रुमाल और तौलिये के साथ ही सामान्य भाषा में गर्भनिरोधक से जुड़े सवाल–जवाब भी होते हैं।" उन्होंने कहा –आशा कार्यकर्ता शगुन किट नवविवाहिता को देती हैं। ऐसे जोड़े जो पढ़–लिख नहीं सकते, उन्हें आशा कार्यकर्ता उनके घर जाकर पूरी जानकारी बातचीत के जरिये उपलब्ध कराती हैं ।

# जीआरपी ने एक व्यक्ति का गुम हुआ मोबाइल लौटाया

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया,भटनी। थाना जीआरपी भटनी पुलिस ने नेक कार्य किया।खोया हुआ मोबाइल वापस दिया सोनू प्रजापति पुत्र सुरेश प्रजापति निवासी कुंडौली थाना मईल जिला देवरिया सोनू का मोबाइल कही खो गया था जिसकी सीडीआर रिपोर्ट के आधार पर मोबाइल बरामद कर आवेदक के भाई पन्नालाल प्रजापति पुत्र सुरेश प्रजापति पता उपरोक्त को बुलाकर सुपुर्द किया गया जिसकी सुचना दुरभाष से सोनू को दिया गया। सुचना के उपरांत सोनी का भाई भटनी जीआरपी ।थाने पर आये मोबाइल सुपुर्द किया।



# एकता जनसेवा समिति के द्वारा किया गया कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन

रिपोर्ट सदर तहसील प्रभारी कुर्बान मलिक दैनिक अयोध्या टाइम्स उत्तर प्रदेश

सहारनपुर। सोमवार 25 जुलाई को हरिद्वार से जल लेकर लौट रहे कावड़ियों के लिए एकता जन सेवा समिति के द्वारा शिविर लगाया गया जिसमें कावड़ियों के लिए मेडिकल कैंप,भोजन व आराम करने की व्यवस्था की गई आपको बता दें कि पिछले कुछ दिनों से कावड़ यात्रा लगातार चल रही है जिसमें शासन प्रशासन द्वारा,संगठनों द्वारा व जिम्मेदार लोगों के द्वारा जगह जगह पर कावड़ियों की सेवा के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं जिसमें सभी शिव भक्त जो कावड़ लेकर आ रहे हैं या जा रहे हैं उनके लिए चिकित्सा भोजन स्नान और आराम करने की व्यवस्था की गई है एकता जनसेवा समिति लगातार लोगों के लिए सेवा करने का कार्य कर रही है लोगों के लिए सेवा की संभवत कोशिश कर रही है समिति कांवड़ियों को सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित कर रही है उनका मानना है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है शिविर में जयनाथ शर्मा, थाना प्रभारी चिलकाना सत्येंद्र कुमार राय, विधायक मुकेश चौधरी, नवाब चौधरी अतिथि के रूप में पहुंचे एकता जनसेवा समिति के पदाधिकारी श्याम कुमार सैनी, बाल कृष्ण शर्मा,



चमन लाल सैनी, सुरेश सैनी, सीताराम सैनी, राजकुमार, बसंत गुप्ता, नरेंद्र कश्यप, डॉक्टर सुशील मोगा, अमित उपाध्याय, आकाश अरोरा, शक्ति चौधरी, सागर पाल, डॉक्टर दीपक सैनी, विशु सैनी, निशांक जैन, शिव कुमार सैनी, मनोज सैनी, बालेश, विकास सैनी, पवन गुम्बर, यूसुफ कुरेशी आदि कावड़ियों की सेवा में मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पंजीयन जागरूकता एवं टी0डी0एस0 कटौती की बैठक हुई आयोजित

अमेठी। सरकारी विभागों, संस्थानों व निकायों जो आपूर्ति प्राप्त करते है, के आपूर्ति पर टी0डी0एस0 कटौती (श्रोत पर कर की कटौती) के पश्चात् जी0एस0टी0 पोर्टल पर रिटर्न जी0एस0टी0आर0–07 दाखिल करने के सम्बन्ध में जनपद के समस्त आहरण वितरण अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जी0एस0टी0 विभाग के उपायुक्त अनुराग चौधरी द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप राजस्व वृद्धि हेतु अधिक से अधिक व्यापारिक संस्थानों, विभागों व निकायों के जी0एस0टी0 पंजीयन हेतु पोर्टल (.हेज.हवअ.पद) के माध्यम से पंजीकृत कराने हेतु अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि विकास एवं लोक कल्याणकारी कार्यो हेतु राजस्व की आवश्यकता होती है, जिसके लिये प्रत्येक सरकारी विभाग जो आपूर्ति प्राप्त करते है, को आयकर व्यवस्था की भांति ही आपूर्ति के सापेक्ष देय भुगतान पर 2 प्रतिशत टी0डी0एस0 कटौती अनिवार्य है, जिसे सम्बन्धित विभागधनिकाय के आहरण वितरण अधिकारी द्वारा किया जाना है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि जिस माह में भुगतान प्रदान किया गया है उसके अगले माह की 10 तारीख तक जी0एस0टी0 पोर्टल पर जी0एस0टी0आर0–07 के रूप में रिटर्न दाखिल किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि टी0डी0एस0 कटौती के पश्चात् रिटर्न दाखिल करने पर इसकी सूचना व्यापारी व जी0एस0टी0 विभाग दोनों को हो जाती है। व्यापारी प्राप्त भुगतान के अनुसार कटौती की गयी टी0डी0एस0 को समायोजित करते हुए अपना समस्त कर व रिटर्न दाखिल करते है तथा जी0एस0टी0 विभाग भी यह सुनिश्चित कर लेता है कि भुगतान पर संदेय कर नियमानुसार सरकारी राजस्व खाते में जमा हो गया है। उन्होंने जी0एस0टी0 एक्ट में निहित धाराओं को स्पष्ट करते हुए यह भी बताया गया कि टी0डी0एस0 कटौती न करने या कम कटौती करने की दशा में रू0 10000 (सी0जी0एस0टी0) व रू0 10000 (एस0जी0एस0टी0) अथवा टी0डी0एस0 के मद में नहीं काटी गयी धनराशि (जो अधिक हो)



अर्थदण्ड के रूप में देय है। उपायुक्त द्वारा बैठक में जी0एस0टी0 पोर्टल पर पंजीयन करने हेतु प्रक्रिया व आवश्यक प्रपत्रों से अवगत कराया गया एवं बैठक में उपस्थित अधिकारियों द्वारा इस बिन्दु पर उठाये गये प्रश्नों का निराकरण जी0एस0टी0 उपायुक्त धनेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा दिया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा टी0डी0एस0 कटौती की गम्भीरता को बताते हुए सभी आहरण वितरण अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को नियमानुसार प्रत्येक माह टी0डी0एस0 कटौती करने एवं रिटर्न जी0एस0टी0आर0–07 दाखिल करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. अंकुर लाठर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी आलोक राजवंशी, सहित जनपद के समस्त विभागों के आहरण वितरण अधिकारीध्कार्यालयाध्यक्ष व राज्य कर विभाग के उपायुक्त धनेन्द्र कुमार पाण्डेय, सहायक आयुक्त संघमित्रा गौतम व राज्य कर अधिकारी अभिषेक मिश्रा व बीरेन्द्र बहादुर सिंह उपस्थित रहे।

# रायबरेली इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में हुआ अभ्यार्थियों का ट्रेनिंग की शुरुआत

रायबरेली ब्यूरो। इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण



संस्थान द्वारा अभ्यर्थियों जाहिदा बानो मास्टर ट्रेनर के द्वारा अभ्यार्थियों को सिखाया जा रहा काष्ठ कला संबंधित हुनर सिखाया जा रहे हैंअब अभ्यार्थियों को निशुल्क ट्रेनिंग दी जा रही है 50 प्रशिक्षणओ को संस्थान द्वारा निशुल्क खानपान व भोजन की व्यवस्था दी जा रही है जिससे लोगों को प्रधानमंत्रीकौशल विकास योजना के तहत लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा हूं निदेशक रामखेलावन ने बताया कि यह योजना सेलोगों का रोजगार के माध्यम से जीवन जीवन यापन हो सके संकाय सदस्य मनोज कुमार संकाय सदस्य सर्वेश कुमार आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ब्रह्मदेव जागरण मंच धरती हरा भरा बनाओ अभियान की हुई शुरुआत

अंकित पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांददाता आसपुर देवसरा पट्टी प्रतापगढ़।

- हर व्यक्ति को कम से कम एक वृक्ष का रोपण कर संरक्षण करना होगा : सत्येन्द्र तिवारी

ब्रह्मदेव जागरण मंच के तत्वाधान मे दिनांक 25.07. 2022 को बाबागंज ब्लाक के झींगुर ग्राम स्थित स्व. मिश्रीलाल लघु माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण मे वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया,इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष पंडित सत्येन्द्र नारायण तिवारी के नेतृत्व मे 25 पौधो को लगाकर वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत हुई । इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष पंडित सत्येन्द्र नारायण तिवारी एडवोकेट ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के



लिए हर व्यक्ति को कम से कम एक वृक्ष का रोपण कर वृक्ष बनने तक उसका संरक्षण करना होगा तभी वृक्षारोपण अभियान सार्थक होगा । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पंडित श्री प्रकाश दुबे ने कहा कि धरा को सुन्दर बनाने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है । इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक काशी प्रसाद द्विवेदी, वज्रघोष ओझा ,जयप्रकाश मिश्र, नगर उपाध्यक्ष पंडित पुष्पराज मिश्र, ब्लॉक अध्यक्ष ललित कुमार पाण्डेय ,विजय कुमार मिश्र , ब्लाक उपाध्यक्ष हंसराज मिश्र , शिव शंकर पाण्डेय ,हीरालाल मिस सोमदत्त पांडे लव कुश शुकुल झींगुर ग्राम पंचायत प्रधान चंदेश्वर प्रसाद तिवारी , विनोद मिश्र , रूद्र प्रसाद मिश्र , विश्वामित्र पवन मिश्र भूपति पांडे सचिन तिवारी ,सुशील पाण्डेय ,उमेश कुमार तिवारी , राहुल पाण्डेय,कमलेश कुमार शुक्ल,गौरव द्विवेदी , सुशील मिश्र ,प्रशांत द्विवेदी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।।

# गौशाला ग्राम पंचायत महमूदपुर जनपद अमेठी हुई जलमग्न संबंधित बेखबर

अमेठी संवाददाता रवि भूषण मिश्र

अमेठी। उत्तर प्रदेश आज ग्राम पंचायत महमूदपुर विकासखंड व जनपद अमेठी के तमाम ग्रामीणों ने बताया कि महज कुछ ही बरसात के चलते गौ शाला में जल भराव हो गया है। जिससे गौ वंशो को एवं नियुक्त चौकीदारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है संबंधित खंड विकास अधिकारी अमेठी से बात करने पर उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं था अब प्रकरण आया है सामने तत्काल इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य करवाए जाने की बात कही है। ग्राम प्रधान श्रीमती मीनाक्षी यादव के प्रतिनिधि महेंद्र कुमार यादव उर्फ वीरू यादव ने बताया कि हमारे यहां तमाम जद्दोजहद के चलते आज आपसी सामंजस्य व सौहार्द पूर्वक अरसो,पूर्वजों से अटकी रास्ता लगभग 110 मीटर इंटरलॉकिंग का कार्य हम सब मिलकर पवन यादव के घर से कल्पनाथ मौर्य के घर तक बनवाया गया है जिस मार्ग से लगभग 200 ग्रामीण परिवारों को सहूलियत मिल रही है ।पंचायत भवन निर्माण कार्य तकरीबन पूरा हो चुका है शेष कार्य युद्ध स्तर पर जारी है पंचायत भवन के सारे उपकरण उपलब्ध हैं।गौशाला में जलभराव हो गया है ,संरक्षित गोवंशो के लिए 200 कुंटल भूसा उपलब्ध है जैसे ही धन आवंटित होगा तत्काल कार्य करवाया जाएगा। सामुदायिक शौचालय चालू है केयर टेकर स्वयं सहायता समूह की श्रीमती जी की नियुक्ति हुई है महिला केयरटेकर ने बताया कि सामुदायिक शौचालय नियमित चालू है जिन का मानदेय अभी तक नहीं मिला जिसकी शिकायत संबंधितो से की है प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र कुमार उर्फ वीरू यादव ने बताया कि 10 पात्र परिवारों को मत्स्य पालन का पट्टा भी आवंटित कर दिया गया है महमूदपुर अस्थाई गौशाला में 240 मीटर बाउंड्री वाल का निर्माण कार्य करवाया गया है ।

जिससे कि गोवंश किसानों की फसलों को नुकसान ना कर सके एवं प्रदेश सरकार का सपना साकार हो सके।एवं सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का सदैव अनुपालन करने का दावा ठोकते हुए जनता जनार्दन के प्रत्येक पहलू पर हमेशा खरा उतरने की बात कही अंत्येष्टि स्थल व खेल मैदान एवं लगभग साढे 4000 जनसंख्या आबादी होने के चलते मानक के अनुरूप बारात घर बनवाए जाने की मांग शासन प्रशासन से किया है।

# कांवरियों पर फूलों की वर्षा कर पुलिस प्रशासन ने पेश की मिसाल

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य, रायबरेली। सावन के दूसरे सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस ने कांवरियों पर पुष्प वर्षा करने के साथ ही पैदल चलने से उनके पैरों में पड़े छालो पर दवा भी लगाई। सोमवार को ये नजारा दिखा रायबरेली जिले के सलोन इलाके में और मानवीय संवेदना का ये उदाहरण प्रस्तुत किया सलोन पुलिस ने दरअसल सावन के दूसरे सोमवार को कांवड़िया प्रतापगढ़ जिले के घुमेश्वरनाथ धाम से जलाभिषेक करके लौट रहे थे। सलोन पहुंचने पर



कावड़ियो के ऊपर सीओ सलोन अमित सिंह व कोतवाली प्रभारी सजंय त्यागी ने पुलिस टीम के साथ पुष्प वर्षा की। इतना ही नहीं, पैदल यात्रा के दौरान जिन कांवड़ियों के पॉव में छाले निकले आए थे उनकी सलोन कोतवाल और पुलिस कर्मियों ने मरहम पट्टी भी की। पुलिस द्वारा कांवड़ियों को जलपान भी कराया गया। सलोन पुलिस के स्वागत से अभिभूत कावड़िया श्रद्धालुओ ने बम बम भोले के साथ सलोन पुलिस जिंदाबाद का नारा भी लगाया।

# चोरी की फिराक में आया युवक हुआ असफल

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य, महराजगंज रायबरेली। थाना क्षेत्र के भटपुरावा मजरे डोमापुर निवासी औशान पुत्र बाबू द्वारा बताया गया की रात्रि लगभग 8 बजे दुकान बंद करके बगल के कमरे में टीवी रहा था। लगभग 11:30 बजे प्रार्थी दुकान से लगे हुए अपने घर के अंदर गया तो देखा की इजहार पुत्र इसाद निवासी इमामगंज मजरे ज्योना जो प्रार्थी के घर के अंदर चोरी की फिराक से खड़ा था जब प्रार्थी ने जोर जोर चिल्ला कर आवाज किया तभी आस पास के लोगो को इकट्ठा होता देख जीने की रास्ते से भागने में सफल रहा और साथ में जान माल की भी धमकी भी दिया।पीड़ित परिवार पुलिस दिया तहरीर लगाया जान माल की सुरक्षा की गुहार वहीं थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि तहरीर मिली है जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

# बैसवारे की लोक संस्कृति शौर्य साहित्य और आध्यात्म बन रही फिल्म : पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह

जिला ब्यूरो विजय सिंह रायबरेली

लालगंज (रायबरेली)। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में बैसवारा जनपद अभियान समिति की ओर से बैसवारी संस्कृति, शौर्य, साहित्य और अध्यात्म को संरक्षण प्रदान करने के क्रम में बैसवारा विभूति एवं विरासत नामक डॉक्यू ड्रामा फिल्म का निर्माण कराया जा रहा है। तेजगांव काम्प्लेक्स में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी देते हुए बैसवारा जनपद अभियान के संरक्षक पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि पूरा देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ धूमधाम से मना रहा है। उसी क्रम में बैसवारी संस्कृति, शौर्य, साहित्य और अध्यात्म को संरक्षण प्रदान करने के लिए बैसवारा विभूति एवं विरासत नामक डॉक्यूड्रामा फिल्म का निर्माण करवाया जा रहा है।




श्री सिंह ने बताया कि हमारे अमर सपूतों के बलिदानों से सिंचित बैसवारा भूमि जिसे अंग्रेजों ने चालाकी पूर्वक रायबरेली और उन्नाव दो भागों में विभक्त कर दिया था, अंग्रेजियत की निशानी और गुलामी का प्रतीक रायबरेली शब्द उसी तरह कचोट रहा है जिस तरह मुगलसराय इलाहाबाद, अलीगढ़, आजमगढ़ और फैजाबाद आदि कचोट रहे थे।

बैसवारा के उन अमर सपूतों के सम्मान में जो गुमनामी के अंधेरे में खो गए हैं। उन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर तो किया लेकिन उन्हें वह सम्मान नहीं प्राप्त हुआ। जिसके वे वास्तविक हकदार हैं। संपूर्ण बैसवारा के खोए स्वाभिमान को पुनः प्राप्त करने के लिए इस फिल्म का निर्माण करवाया जा रहा है। जिसे देश और विदेश में प्रदर्शित किया जाएगा. प्रेस वार्ता में समिति के सचिव राघवेंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि बैसवारा विभूति एवं विरासत फिल्म में 1194 से लेकर अबतक के ऐतिहासिक विरासत का प्रदर्शन किया जा रहा है। फिल्म की शूटिंग के लिए कृष्णा फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले प्रोड्यूसर इंदल सिंह डायरेक्टर धर्मेंद्र बघेल सहायक डायरेक्टर चित्रांश सहित कई लोग बैसवारा की सरजमी का पिछले कई महीनों से गहन अध्ययन और भ्रमण कर जानकारी जुटा रहे हैं कोलकाता की मशहूर सेलिब्रिटी पायल मुखर्जी भी अपनी अदाकारी के जलवे बिखेरने पधार चुकी है।

# रायबरेली द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय मे एक दिवसीय धरना आयोजित कर ज्ञापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपा

जिला ब्यूरो विजय सिंह रायबरेली

रायबरेली। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राजेश कुमार सिंह अध्यक्ष राज्यकर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद शाखा रायबरेली के नेतृत्व में कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्साधिकारी रायबरेली कार्यालय पर दिया धरना राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, उ0प्र0 के प्रान्तीय पदाधिकारियों द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किये जाने का अनुरोध सरकार व शासन स्तर पर अनेकों बार किया गया। आप भिज्ञ हैं कि परिषद का रवैया सरकार के प्रति हमेशा सहयोगात्मक रहा है और हमेशा यही प्रयास करते हैं कि समस्याओं का निराकरण वार्ता के माध्यम से ही किया जाये परन्तु विगत कई माह व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी संवादहीनता की स्थिति बनी हुई है, जिसके कारण कर्मचारियों में रोष व असंतोष व्याप्त होना स्वाभाविक है। आज दिनांक 25 जुलाई, 2022 को परिषद् की जनपद शाखा–रायबरेली द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय मे एक दिवसीय धरना आयोजित कर ज्ञापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से आपको प्रेषित किया जा रहा है, जिसमें जनपद के हजारों कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। प्रान्तीय पदाधिकारियों द्वारा सरकार का ध्यानाकर्षण के लिए दिनांक 14 जुलाई, 2022 को महानिदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ सेवाएं पर धरना उसके बाद दिनांक 21 जुलाई से 24 जुलाई, 2022 तक प्रदेश का समस्त कर्मचारी काला फीता बांधकर कार्य कर चुका है। उसके उपरान्त यदि सरकार द्वारा कर्मचारियों के नीतिविरूद्ध स्थानान्तरणध्पटल परिवर्तन को निरस्त नही किया जाता या समस्याओं के प्रति कोई सकारात्मक पहल न की गई तो दिनांक 14 जुलाई, 2022 को प्रान्तीय पदाधिकारियों द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में 26 जुलाई से 30 जुलाई, 2022 तक जनपद शाखा रायबरेली द्वारा सभी चिकित्सालयों में 02 घण्टे कार्य बहिष्कार किया जायेगा। सभा में उपस्थित समस्त कर्मियों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि परिषद के हाईकमान द्वारा घोषित दिनांक 26 जुलाई 2022 से 30 जुलाई, 2022 तक 02 घण्टे कार्यबहिष्कार को जनपद शाखा–रायबरेली पूर्ण मनायोग से सफल बनायेगा। परिषद का सदैव यही प्रयास रहा है कि सरकार का ध्यान कर्मचारियों की समस्याओं की ओर आकर्षित कर निराकरण कराया जाये, हमारी मंशा कभी भी ऐसी कोई विषम परिस्थिति उत्पन्न करने की नहीं है, जिससे कर्मचारियों को सड़क पर उतारना पड़े, परन्तु सरकार की समस्याओं के प्रति संवेदनहीनता हमें इस प्रकार के आन्दोलन करने पर विवश कर रही है।

अतः आज यह सभा आपसे मांग करती है कि महानिदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ सेवाएं द्वारा शासन द्वारा जारी स्थानान्तरण नीति के विपरीत पैरामेडिकल व अन्य संवर्ग के किये गये नीयम विरूद्ध स्थानान्तरण को निरस्त प्राथमिकता



के आधार पर करने हेतु परिषद के प्रान्तीय पदाधिकारियों के साथ यथाशीघ्र बैठक आहूत कर समस्याओं का निराकरण करने की कृपा करें, जिससे शासन व कर्मचारियों के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न न हो। धरने के संचालन राजकुमार मंत्री परिषद ने किया डॉ वीरेन्द्र सिंह मुख्य चिकित्साधिकारी रायबरेली ने ज्ञापन प्राप्त किया धरने पर मुख्य रूप से निम्न ने भागीदारी की सुरेश चौधरी एस के राय अनिल श्रीवास्तव राजेश चौरसिया प्रमोद कुमार अतुल कुमार जावेद अहमद वृन्दाबन मिश्रा राजकुमार संजय मधेशिया बी एन सिंह राजेन्द्र अवधेश सिंह ए के जैसवाल आर के पांडेय अशोक दुबे प्रशांत शुक्ला अनिल मिश्रा आदि के साथ जनपद के करंचरियो ने भागी दारी की ।

# पूर्व ग्राम प्रधान स्वर्गीय कौशल्या देवी के आकस्मिक निधन पर प्रत्याशी रिक्त प्रधान पद हेतु ईश्वर प्रसाद यादव को जनता जनार्दन की अपार सहानुभूति के चलते जीत के आसार साफ जाहिर



अमेठी संवाददाता रवि भूषण मिश्र

अमेठी। उत्तर प्रदेश आज स्वर्गीय कौशल्या देवी के हुए आकस्मिक निधन के चलते प्रत्याशी रिक्त प्रधान पद हेतु हो रहे उपचुनाव में ईश्वर प्रसाद यादव निवासी ग्राम पंचायत नौगिरवा विकासखंड भेंटुवा जनपद अमेठी को जनता जनार्दन के अपार सहानुभूति एवं ग्रामीणों के अटूट विश्वास पर उनके प्रत्येक पहलू पर हमेशा खरा उतरने के चलते जीत के आसार साफ जाहिर हैं प्रतिष्ठित संभ्रांति की लगभग 900 वोटरों वाली ग्राम पंचायत के तमाम ग्रामीणों समेत जागेश्वर प्रसाद यादव ने बताया कि इस दुँख की घड़ी में किसी भी प्रत्याशी को प्रधान पद हेतु दावेदारी का नामांकन ही नहीं दाखिल करना था। एक बार इनका कार्यकाल पूरा होने पर ही चुनावी मैदान में उतरना था वक्त का तकाजा है। पैसा,दारु, शराब,मुर्गा हो रहा बेअसर सम्मानित जनता इस उप चुनाव का करारा जवाब देगी। ग्रामीणों से अपना बहुमूल्य मत प्रदान कर चुनाव निशान अनाज ओसाता हुआ किसान पर मोहर लगाकर भारी मतों से विजई बनानें की लोगों से अपील किया है।

ईश्वर प्रसाद यादव की लोकप्रियता एवं सहानुभूति के चलते जीत के आसार साफ जाहिर हैं पैसा दारू मुर्गा होगा बेअसर।

# वक्फ बड़ा इमामबाड़ा जाफर नवाज सहारनपुर द्वारा सब्जी मंडी पुल के निर्माण को लेकर एक प्रार्थना पत्र कमिश्नर को सौंपा

रिपोर्ट महानगर कैमरामैन अब्बास काजमी दैनिक अयोध्या टाइम सहारनपुर उत्तर प्रदेश। वक्फ बड़ा इमामबाड़ा जाफर नवाज सहारनपुर श्रीमान जनाब कमिश्नर महोदय सहारनपुर आज शिया समुदाये के मुतावल्ली व प्रबन्दक 31–07–2022 से मोहर्रम शुरू होने वाला है मोहर्रम में तीन जलूस सब्जी मंडी के पुल के ऊपर से जाते हैं जो कि अभी तक 1 साल से ज्यादा हो गया है नहीं तैयार हुआ है जबकि हम आज से 3 महीने पहले नगर आयुक्त से एप्लीकेशन के साथ मिले थे और नगर आयुक्त ने हमारे सामने ही जिस एजेंसी के जरिए पुल का ठेका है उस ठेकेदार से बात करें और 1 महीने में पुल तैयार होने का आश्वासन दिया फिर हम कुछ दिन बाद सब्जी मंडी के पुल के इंचार्ज दानिश हैदर नकवी साहब से मिले उन्होंने भी एक महीने में पुल तैयार होने का आश्वासन दिया सब्जी मंडी पुल के लिए हर अधिकारी से मिले कर हमने मोहर्रम के जुलूस ओ के बारे में बताया कि 31 जुलाई से शुरू होने वाला है लेकिन अब आप देखें आज 25 जुलाई है और अभी तक कुल तैयार नहीं है जिसकी वजह से शिया समुदाय में बहुत रोष है और पुल बनने की वजह से धरना प्रदर्शन करने को हम मजबूर हैं। अंत आपसे निवेदन है के पुल का निर्माण जल्द से जल्द कराने का आदेश पारित करें जिसमें मोहर्रम के जुलूस सही तरह से निकले आपका




धन्यवाद डॉक्टर अथर अब्बास जैदी समस्त शिया समुदाय इफ्तेखार हुसैन जैदी, फरहत हुसैन ,जरी हैदर, समाजसेवी मोहम्मद आरिफ बिन अब्दुल हनीफ, इमरान अंसारी ,रजा जाफरी, कमाल अंसारी ,अब्बास काजमी , कमर काजमी, रईस हैदर, बिलाल, रियासत, रहमान, शहजाद।

# तीन बजे भोर से श्रद्धालुओं की लंबी कतार घंटों खड़े रहकर बाबा को जलाभिषेक किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया,भटनी। क्षेत्र के एकला आम बनकटा तिवारी गांव में स्थित बाबा जंगली नाथ विराजमान है श्रावण मास के दूसरे सोमवार को गॉव गॉव से सुबह तीन बजे भोर में से ही श्रद्धालुओं की लम्बी कतार में खड़े होकर जलाभिषेक चढ़ाने का इंतजार कर रहे हैं उसके बाद बाबा को जलाभिषेक अर्पित कर श्रद्धा पूर्वक प्रार्थना की बताते चले कि छोटी गंडक नदी के किनारे सावन के दूसरे दिन भक्तों का जनसैलाब देखने को मिला 3:00 बजे भोर से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार घंटों



खड़े रहकर बाबा को जलाभिषेक के लिए इंतजार कर रहे हैं तो वही नगर पंचायत स्थित ठाकुर जी की कुटी में प्राचीन शिवलिंग नारदेश्वर महादेव विराजमान है ।

नगर के श्रद्धालुओं ने बाबा नारदेश्वर महादेव के शिवलिंग पर पुष्प व दूध अर्पित कर श्रद्धा पूर्ण बाबा के नारे के साथ बाबा को जलाभिषेक किया। हिंदू धर्म में सावन माह का विशेष महत्व है। सावन का महीना भगवान शिव को अति प्रिय है। सावन का महीना भगवान शिव के भक्तों के लिए भी काफी महत्वपूर्ण होता है जहाँ श्रद्धालुओं की भीड़ हजारों में देखने को मिलती है।

# सर्वे के मुताबिक मुसलमान बहुत ही पिछड़

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। इंडियन मुस्लिम्स फार प्रोग्रेस एंड रिफार्म के अध्यक्ष एम जे खान ने बताया कि भारत में मुस्लिम 15 प्रतिशत हैं और रंगनाथ मिश्रा की रिपोर्ट व सर्वे के मुताबिक मुसलमान बहुत ही पिछड़ गया हैं हमें हालात से मुकाबला करना हैं और हर मैदान में आगे आना हैं। इसके लिए अच्छी शिक्षा लेना हैं और आईएएस, आईपीएस, पीसीएस, चिकित्सक, इंजीनियर, वकील आदि जितने भी तरक्की के जरिये हैं उसमें आगे आना हैं। इसमें आईएमपीएपी मदद करने को हर वक्त तैयार हैं और रहेगी। हमे अपने मसाइल शांति से हल कराना हैं हमारे मुल्क में कानून बहुत मुस्तैदी से अपना काम कर रहा हैं। इस मौके पर नासिर अली खां अलीग, नोमान गाजी, शाहिद अली खां, बाबर अली खां, आमिर मियां, सुल्तान जौहर सैफी, रिजवान सिद्दीकी, बाबू खां आफरीदी, माज खां, अन्ना खां, डा. महफूज, महमूद अली खां आदि मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## चेयरमैन ने विधायक को मिठाई खिलाकर राष्ट्रपति की जीत पर मनाई खुशी

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम जलालाबाद,शाहजहांपुर। नगर के भारत टैंट हाउस जलालाबाद में राष्ट्रपति की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक हरि प्रकाश वर्मा को मिठाई खिला कर हर्षजताया, और वही चेयरमैन ने स्मृति चिन्ह देकर खुशी जाहिर की! नगर जलालाबाद में नगर चेयरमैन के भारत टैंट हाउस पर भाजपा के कार्य कर्ताओ ने एनडीए की राष्ट्रपति पद की उम्मीद बार द्रोपदी मुर्मू के राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर खुशी जाहिर कर विधायक हरि प्रकाश वर्मा सहित सभी ने हर्ष और उल्लास के साथ एक दूसरे का मुंह मीठा कराया,इस शुभअवसर पर



चेयरमैन मुनेंद्र बाबू गुप्ता ,विश्वास गुप्ता ,आशुतोष गुप्ता , अनन्त राम सागर, महिला मोर्चा की कुसुम देबी एवं सत्रोहन गुप्ता, और नगर क्षेत्र के दर्जनों कार्यकर्ता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने भगबान परुशुराम के किये दर्शन व राम ताल का किया निरीक्षण

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहांपुर। जनपद के नगर जलालाबाद में आज लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद परुशुराम मंदिर पर पहुचे और सबसे पहले मंदिर पर पहुच कर भगबान परुशुराम के



दर्शन किये और पूजा पाठ कर मंदिर के महंत सत्यदेव पांडेय से आशिर्बाद लिया उसके बाद मंदिर में होने बाले निर्माण के बारे में जानकारी ली उसके बाद समर्थकों के साथ राम ताल का निरीक्षण किया और मंदिर तक बनने बालमार्ग के बारे में जानकारी ली इस मौके पर बिधायक हरि प्रकाश बर्मा एडीएम प्रशासन राम सेवक द्विवेदी, एसडीएम बरखा सिंह , तहसीलदार चमन सिंह राणा , परुशुराम जन्म भूमि सीमित के अध्यक्ष गोपाल मोहन द्विवेदी भूपेंद्र सिंह उर्फ भन्नू संजय पाठक, पूर्व चेयर मैन नगरपालिका , रामु अगिनहोत्री , आदि मौजूद रहे।

# तिलहर थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर चौकी पुलिस कर्मचारियों की दबंगई

- दबंगों से मिलकर प्लाट पर अवैध कब्जा करवाने के लिए कर रहे भरकम प्रयास,पुलिस ने प्लाट पर हो रहे निर्माण कार्य को रुकवाया
- दबंगों ने गाली गलौज के साथ दी जान से मारने की धमकी

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहांपुर। योगी सरकार अवैध कब्जे को हटवा रही है साथ ही गरीबों के साथ कोई अन्याय ना हो इसके लिए लगातार दिशा निर्देश जारी करती रहती है लेकिन पुलिस की सह पर दबंग अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं जो दबंगई की दम पर किसी के भी प्लाट पर पुलिस के सहयोग से सांठगांठ करके कब्जा जमाने का दम रखते हैं ऐसा ही एक मामला थाना तिलहर क्षेत्र के बिरसिंहपुर चौकी क्षेत्र का सामने आया है जहां बिरसिंहपुर चौकी पुलिस खुलेआम दबंगों के साथ प्लाट को अवैध रूप से कब्जा करवाने में जुटी हुई है बताया जाता है महमदपुर निवासी सेवाराम की गाटा संख्या 144ध्1 संक्रमणीय भूमिधर श्रेणी एक की जमीन है जिस पर वह मकान बना रहा है जो आधा अधूरा बन चुका है जिस पर पूर्व विधायक के करीबी दबंग किस्म के व्यक्ति मुनेंद्र उर्फ मुन्ना सिंह व मदन गोपाल ,भानु सिंह, प्रमोद सिंह आदि निवासी चकबरैचा अवैध रूप से कब्जा करना चाहते हैं जिन्होंने पुलिस से सांठगांठ कर रखी है पीड़ित ने बताया वह अपना मकान बनवा रहा था तो दबंग स्वयं नहीं आए और उन्होंने बिरसिंहपुर पुलिस चौकी से कुछ पुलिस कर्मचारियों को भेजकर मेरे प्लाट पर हो रहा है निर्माण को रुकवा दिया और पुलिस कर्मचारी ने कहा अगर तूने मकान बनाया तो यहां कोई बड़ी घटना घट सकती है जिससे वह



घबरा गया और उसने निर्माण कार्य बंद कर दिया और उसकी थोड़ी देर बाद दबंग प्लाट पर आए और उन्होंने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मकान बनाने पर जान से मार देने की धमकी दी पीड़ित ने बताया इससे पहले भी दबंग उसके ऊपर हवाई फायर कर चुके हैं और उन्हें अब बिरसिंहपुर पुलिस कर्मचारियों का पूरा संरक्षण प्राप्त है पीड़ित ने इस संबंध में 22 जुलाई को पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर को प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की थी जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है जिसके चलते दबंगों के हौसले बुलंद हैं और वह उसके प्लाट को नहीं बनने दे रहे हैं।

# गाय नहीं कटने देंगे, देश नहीं बँटने देंगे : डॉ. यशवंत मैथिल

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
शाहजहाँपुर। राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ यशवंत मैथिल ने गोवंश संरक्षण के मुद्दे पर जहां नाकारा अधिकारियों को आड़े हाथों लिया वही गाय काटने वालों को स्वयं काट डालने की बात कह डाली। जिसकी चर्चा पूरे जिले में आग की तरह फैल गई सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में डॉ. यशवंत मैथिल स्पष्ट रूप से एक पत्रकार को सम्बोधित करते हुए हुए कह रहे हैं कि,ष यदि कोई मेरे सामने गाय काटता है तो उसे मैं स्वयं काट डालूँगा।उन्होंने यह भी कहा कि,ष हिंदुस्तान सिर्फ हिंदुओं का देश है।उन्होंने यह भी कहा कि, ष्मैं गाय नहीं कटने दूंगा देश नहीं मिटने दूंगा। उन्होंने आगे कहा कि सरकारों के लाख प्रयास के बावजूद भी वर्तमान में गाय की दुर्दशा किसी से छिपी हुई नहीं है भ्रष्ट अधिकारी गोवंश को गौशालाओं में चारे पानी के अभाव में मरने पर मजबूर कर रहे हैं। किसानों को भी सहृदयता का परिचय देना चाहिए जिससे गोवंश की पुनः घर वापसी हो।उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में गोवंश सड़कों पर दम तोड़ रहा है।या तो वह रोड एक्सीडेंट में मारा जा रहा है या ट्रेन की चपेट में आने से मर रहा है।ऐसे में जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को आगे आकर गो संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रयास करना चाहिए।डॉ. यशवंत मैथिल चतुर्मास में एक स्थानीय होटल में संगठन के पदाधिकारियों की मीटिंग में बोल रहे थे।उन्होंने गोवंश की दुर्दशा और अधिकारियों की लापरवाही पर गहरी चिंता व्यक्त की



।उन्होंने कहा कि अगर अधिकारियों की लापरवाही पाई जाती है तो प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनकी शिकायत करेंगे ।
उन्होंने सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि सरकार की मंशा ठीक है और सरकार गौ संरक्षण पूर्ण रूप से करना चाहती है लेकिन भ्रष्ट अधिकारी इसे पलीता लगा रहे हैं।बैठक में संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप वैरागी, प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना जन जागरूकता अभियान के जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा, राजेंद्र वर्मा, मनोज विश्वकर्मा, उत्तम त्रिपाठी शिवम तिवारी ,हरिओम वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अध्यापकों द्वारा बिना रजिस्ट्रेशन कोचिंग चलाना, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहाँपुर। आदर्श पब्लिक सोशल समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन और ग्राम सिसौआ गजरानी इंटर कॉलेज में कॉलेज के अध्यापकों द्वारा ही बिना रजिस्ट्रेशन कोचिंग के विरुद्ध में, कोचिंग के लिए बच्चों को विवश करना व वही प्रकाशन की किताबें चलाना जो सिर्फ एक ही शॉप पर उपलब्ध हो किताबों के साथ कॉपियां अभिभावकों पर जबरदस्ती थोपना बोर्ड फीस मनमानी बसूल करना व कई समस्याओं को लेकर जिला विद्यालय शिक्षा निरीक्षक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा इसी बीच प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष एस पाल सिंह, श्रीनिवास माथुर, विजय मोहन, सुधाकर गौतम,रोहित जाटव,दुर्विजय सिंह अभिषेक कश्यप, विपिन वर्मा, राम शंकर लाल, विकास यादव आशीष यादव, संजीव राठौर, व तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोतवाल जयशंकर सिंह ने कावंड़ियों पर की पुष्प वर्षा तिलक लगाकर कराया जलपान

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहाँपुर। जलालाबाद पुलिस विभाग की छवि लगातार बेहतर कर रहे जलालाबाद कोतवाली के इंस्पेक्टर जयशंकर सिंह द्वारा याकूबपुर स्थित नवयुवक कांवड़िया सेवा दल के सहयोग से कावंड़ियों के ऊपर पुष्प वर्षा कर उनके तिलक



लगाकर सम्मान सहित जलपान कराया गया। पुलिस का यह चेहरा देखकर लोगो ने हर हर महादेव के जयघोष से समां बांध दिया। कोतवाल जयशंकर सिंह ने जब से कोतवाली का चार्ज संभाला है तब से कोतवाली में कई बार सुन्दरकांड का पाठ करवा चुके हैं।जिससे क्षेत्र में ही नही बल्कि जनपद में पुलिस की छवि अलग ही निखर कर आई है।क्षेत्र का हर फरियादी कोतवाल जयशंकर की प्रसंसा कर रहा है।भक्ति की तरफ अधिक झुकाव रखने बाले पहले इंस्पेक्टर है,जिन्होंने जलालाबाद कोतवाली को पूर्ण तरह से शुद्ध करने का कार्य किया है।

# जिला कराटे संघ रायबरेली के तत्वाधान में कराटे कलर बेल्ट प्रतियोगिता का आयोजन बछरावां कराटे एकेडमी में हुआ संपन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य, बछरावां रायबरेली। जिला कराटे संघ रायबरेली के तत्वधान में बछरावां स्थित ज्योति बाल विद्या मंदिर स्कूल (गल्ला मंडी) में कलर बेल्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें 30 बच्चे सफल हुए प्रतियोगिता चार चरणों में कराई गई थी जिसमें प्रथम चरण में बच्चों की फिजिकल फिटनेस , दूसरे चरण में कराटे का बेसिक नालेज, तीसरे वा चौथे चरण में कराटे का एडवांस नॉलेज का निरीक्षण किया गया था। प्रतियोगिता का परिणाम कराटे एसोसिएशन के माध्यम से बच्चों का मूल्यांकन करने के पश्चात घोषित किया गया कलर बेल्ट की परीक्षा जिला कराटे संघ के संस्थापक कराटे मास्टर राकेश कुमार गुप्ता कराटे एसोसिएशन के महासचिव राहुल



कुमार पटेल के समझ संपन्न हुई प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संपन्न कराने में रितिका गुप्ता रितिक गुप्ता अल्ताफ खान का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बछरावां कराटे एकेडमी की महिला कोच शंशाई शिवानी साहू ने बताया कि इस बार का टेस्ट बच्चों के लिए कठिनाई से कम नहीं था बहुत मेहनत के बाद बच्चों का परिणाम अच्छा दिखाई पड़ता है लेकिन फिर भी बच्चों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया इस बार के टेस्ट में टॉप आने वाले छात्र और छात्राओं में सनाया चौधरी, यस, आदर्श मिश्रा, ईशित्व, प्रियांशी ,अमिश पटेल ,अनमोल द्विवेदी ,शुभम सोनकर, महिमा रही जिला कराटे संघ के संस्थापक कराटे मास्टर राकेश कुमार गुप्ता ने बछरावां कोच शिवानी साहू को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि शिवानी के मार्गदर्शन में बछरावां टीम अपना बेहतरीन प्रदर्शन दे रही है हम आगे भी बछरावां टीम से ऐसी ही उम्मीद करते हैं कि वह अपने प्रदर्शन को बेहतरीन रखें। जिला कराटे संघ के महासचिव राहुल कुमार पटेल ने बताया कि बच्चों के अच्छे प्रदर्शन के पीछे कोच शिवानी साहू का बहुत बड़ा योगदान है बीते दिनों इन्हें के नेतृत्व में बच्चों ने डिस्ट्रिक्ट और स्टेट लेवल पर बछरावां को गोल्ड, सिल्वर और ब्रांच मेडल भी दिलाया था। बच्चों ने बताया कि हमारी कोच शिवानी साहू ने हमें बड़े ही आधुनिक और नए–नए टेक्निक्स के माध्यम से प्रशिक्षण देती हैं मैंम हमेशा कहती हैं 100 टेक्निक्स सीखने से अच्छा है एक टेक्निक्स को 100 बार प्रैक्टिस करो तो तुम अपने आप को सबसे बेहतर बना सकते हो मैम के इसी नियम को फॉलो करके हम लोग प्रैक्टिस करते हैं।

# नौकरी करने गए युवक के बाइक सवार ने मारी टक्कर, हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहांपुर। जनपद की कोतवाली जलालाबाद क्षेत्र के गांव ढका ताल्लुक उजेरा निवासी लाला,उर्फ दुर्वेश, सोबरन, गेंदालाल, रामभजन व बलबीर बस से सफीपुर उन्नाव बाजार जा रहे थे।
सफीपुर कस्बे में वह बस से उतरे और रोड पार करने लगे,रोड क्रॉस करते समय तेज रफ्तार आ रहे बाइक चालक ने लाला उर्फ दुर्बेश कुमार को टक्कर मार दी, तेज रफ्तार बाइक की टक्कर लगने से युवक दुर्बेश बुरी तरीके से घायल हो गया, मौके पर साथियों ने पुलिस को सूचना दी ,सूचना पर आई चौकी सफीपुर की पुलिस ने घायल युवक को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया, हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने घायल युवक को उन्नाव के जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जिला अस्पताल में बीते दिनों देर रात इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई, सफीपुर चौकी पुलिस ने युवक का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया, शव को घर लेकर परिजनों के पहुंचते ही कोहराम मच गया, मां और भाई बहनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था, एक्सीडेंटल मृत हुए युवक के शव को परिजनों ने आज कोलाघाट के गंगा पर अंतिम संस्कार किया,दरअसल आपको बता दें मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा था कि युवक दुर्वेश अपने गांव के लोगों के साथ में मिर्जापुर गांव में संचालित सीमेंट उपकरण बनाने वाले कारखाने में मजदूरी का काम करने के लिए गया हुआ था, कारखाने में पहुंचने से पहले ही यह हादसा हो गया और युवक की मौत हो गई,गांव ढका ताल्लुक फुलेरा निवासी दुर्गेश सात भाई बहनों में से छठे नंबर का है जो बहुत ही होनहार लड़का था जिसकी दुर्घटना में इलाज के दौरान मौत हो गई।

# लूट की योजना बनाते हुए दो टॉप टेन बदमाश गिरफ्तार अवैध असलहा बरामद

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक एस आनंद के निर्देशानुसार अपराध की रोकथाम अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मदनापुर पुलिस ने लूट की योजना बनाते हुए दो टॉप टेन गैंगस्टर बदमाशों को अवैध असलाह।श सहित गिरफ्तार किया गया। उप निरीक्षक राम किशोर सिंह थाना मदनापुर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बेटा मोर के सामने सड़क के किनारे बने



खाली पड़े ढाबे के पास से चोरी व लूट की योजना बनाते हुए दो टॉप टेन बदमाश राजेश उर्फ झंडू बाल्मीकि पुत्र विश्राम बाल्मीकि निवासी गांव चाहरपुर थाना मदनापुर अवधेश जाटव पुत्र गंगाराम जाटव निवासी गांव बंधी चक थाना तिलहर को गिरफ्तार किया गया जिनसे एक देशी राइफल 315वकारतूस एक प्लास्टिक की टॉर्च बरामद की गई पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# भ्रष्टाचारी वीडीओ और प्रधान की सांठगांठ से तालाब में धड़ाके से चल रही जेसीबी मशीन

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता, स्वदेश कुमार मौर्य, बछरावा रायबरेली। अवैध मिट्टी खनन के कारोबार को लेकर एक तरफ प्रदेश सरकार और राजस्व विभाग सख्त है । वहीं दूसरी ओर बछरावां विकासखंड के ग्राम सभा बिशुनपुर में सरकारी तालाब की मिट्टी को रात्रि में जेसीबी खुदवाने को लेकर हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश महासचिव अंकुर चौधरी ने खंड विकास अधिकारी को लिखित शिकायत में अवगत कराया कि मेरी ग्राम सभा में बछरावा मौरावा मार्ग स्थित तालाब को ग्राम पंचायत अधिकारी और प्रधान के मिलीभगत से रात्रि में नरेगा से खोदे गए तीन तालाबों की कई हजार घन फिट मिट्टी जेसीबी मशीन से ट्रैक्टर ट्राली और डंपर से खुदवा कर करोड़ों की बेच डाली गई । शिकायतकर्ता ने अपनी लिखित शिकायत में कहा है कि जो तीन तालाब थे उनकी तीनों जगह पर 50 वर्ष पुराने सैकड़ों पेड़ आम जामुन महुआ बबूल आदि के पेड़ भी काटकर रातो रात गायब कर डाले गए।
शिकायत कर्ता ने खंड विकास अधिकारी से मांग की है कि इन तालाबों में जो अवैध खनन मिट्टी का हुआ है वह किसके आदेश पर हुआ है और यह पेड़ों को किसके आदेश पर कटवा कर बेचा गया। इनकी जांच करा कर सरकारी संपत्ति को हड़पने वालों के खिलाफ जांच की लगातार मांग की जा रही है लेकिन आलम तो यह है कि खंड विकास अधिकारी फोन तक भी नहीं उठाते हैं शिकायत के बावजूद भी अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई इस बारे में जब संवाददाता ने ग्राम पंचायत अधिकारी अमन चौधरी से जानकारी लेना चाहा तो ग्राम पंचायत अधिकारी ने समय न



होने का हवाला दिया। अभी हम व्यस्त हैं हम जानकारी पता करके बताएंगे ।
इस तरह से गोल मोल जवाब देना ग्राम पंचायत अधिकारी की संलिप्तता एकदम साफ जाहिर है । करोड़ों रुपए के इस सरकारी संपत्ति के हेरफेर में इन्हीं का संरक्षण प्राप्त है । वही आलम तो यह है कि शिकायतकर्ता ने ट्विटर के माध्यम से मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक को भी शिकायत दर्ज कराई लेकिन कई सप्ताह बीत जाने के बावजूद अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है इससे लगता है कि पूरे कुएं में भांग पड़ी हुई है।

# शिव भक्तों ने कांवरियों के लिए करवाया भव्य भंडारे का आयोजन

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो शाहजहांपुर। जनपद के जलालाबाद परशुराम पुरी के याकूबपुर तिराहे पर जलालाबाद के समस्त व्यापारियों ने एकत्र होकर कांवरियों के लिए भक्त भंडारे का आयोजन किया भंडारे में छोले आलू की सब्जी और खस्ता कचौड़ी की व्यवस्था की गई,घटियाघाट और ढाई घाट फर्रुखाबाद से जल भरकर गोला गोकरननाथ जाने वाले शिव भक्तों के लिए जलपान एवं भोजन भंडारे की व्यवस्था की गई, कांवर ले जाने वाले शिव भक्त ठंडा शीतल जल पीते हैं और भंडारे का आनंद उठा रहे हैंभंडारे में विश्वास गुप्ता,



अनिल गुप्ता ,अजय गुप्ता ट्रक वाले, राजू भारद्वाज ,वीरेंद्र शर्मा ,सुमित गुप्ता, सचिन गुप्ता,और जलालाबाद के सभासद अजय गुप्ता सहित तमाम लोगों ने एकत्र होकर भंडारे का आयोजन करवा रहे हैं।

# थाना निगोही पुलिस ने 02 करोड की चरस व गांजा सहित तस्कर को किया गिरफ्तार

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहाँपुर। पुलिस अधीक्षक एस आनन्द, के निर्देशानुसार जनपद मे मादक पदार्थो की रोकथाम व मादक पदार्थ तस्करो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना निगोही की पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थ तस्कर जितेन्द्र कुमार उर्फ छोटू को चरस व गांजा व एक इलेक्ट्रिक वेट मशीन(छोटी) एक मोबाइल विवो कम्पनी का नीले रंग के साथ अवस्थी पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार किया! प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह थाना निगोही के नेतृत्व मे थाना निगोही की पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थ तस्कर जितेन्द्र कुमार उर्फ छोटू को 01 किग्रा



चरस व करीब 500 ग्राम गांजा व एक इलेक्ट्रिक वेट मशीन(छोटी) , एक मोबाइल विवो कम्पनी का नीले रंग के साथ अवस्थी पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार किया गया । पूछताछ मे गिरफ्तार शुदा अभियुक्त जितेंद्र ने बताया कि वह फतेहगंज पूर्वी का रहने वाला है वह नेपाल से चरस मंगाता है तथा जनपद बदायूं बरेली शाहजहांपुर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छे दामों में विक्रय कर देता है आज भी चरस बेचने के लिए जनपद शाहजहांपुर आया था । पूछताछ के दौरान आधार पर चरस बेचने वाले गिरोह का पता लगाया जा रहा अभियुक्तो के विरुद्ध थाना निगोही पर सुसंगत धाराओ मे अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

### कांवड़ भरने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं का ढाई के घाट के लिए प्रस्थान

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम
बंडा–शाहजहांपुर। बंडा क्षेत्र के ग्राम नवदिया में कावड़ भरने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने ढाई घाट के लिए प्रस्थान किया,आपको बताते चलें थाना क्षेत्र के ग्राम नवदिया में श्रद्धालुओं ने एकत्रित होकर बाजा डीजे नगाड़े के साथ धूमधाम से यात्रा निकालीजिसमें भक्त जनों ने भारी संख्या में ढोल नगाड़ों का आनंद लिया और वही श्रद्धालुओं को ग्राम



वासियों ने ढाई घाट के लिए विदा किया ,कांवरियों ने बताया कि हम लोग पहले ढाई घाट जाकर गंगा में स्नान करेंगे और वही गंगा मैया का जल भरकर गोला गोकरण नाथ पर चढ़ाएंगे कांवरियों नेगांव के बीच प्राचीन काल मंदिर में शिव जी का आशीर्वाद लेकर ढोल नगाड़ा डीजे के साथ हर हर महादेव का जयकारों के साथ प्रस्थान किया।

# शाहजहांपुर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने घर घर तिरंगा योजाना में दिया योग दान

- जिलाअधिकारी को सौंपा चेक

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहांपुर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन शाहजहाँपुर द्वारा 75वें स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष मे, भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही हर घर तिरंगा योजना में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अर्न्तगत इंडियन मेडिकल एसोसिएशन शाहजहाँपुर के अध्यक्ष डा0 पी0के0 अग्रवाल सहित, डा0 आनंद अग्रवाल, डा0 योगी कपूर, डा0 परविन्दर सिंह, डा0 संजीव कन्नौजिया एवं डा0 विजेन्द्र सक्सेना ने 20,000 तिरंगे देकर इस मुहिम को सफल बनाने हेतु जिला अधिकारी महोदय श्री उमेश प्रताप सिंह को रू0



2,85,000/– का चेक सौंपा।हर एक देशवासी के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना और राष्ट्राभिमान पैदा हो इसके लिए केंद्र सरकार ने आजादी के अमृत महोत्सव साल में पूरे देश में 'हर घर तिरंगा' अभियान शुरू करने का फैसला लिया है।
ये अभियान 11 से 17 अगस्त तक पूरे देश में चलेगा. आगामी 15 अगस्त को देश अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाएगा जिसको देखते हुए भारत सरकार ने ये फैसला लिया है।

# रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण, कब चलेगा बुलडोजर

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–
शाहजहांपुर। प्रदेश की योगी सरकार भले ही अतिक्रमण अभियान की सफलता पर अपनी बाहवही लूट रहे हो किंतु यदि जनपद शाहजहांपुर के स्थलीय जांच कराई जाए तो रेलवे की भूमि पर कई वर्षों से अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है जिसे रेलवे विभाग तथा नगर निगम भी देखाकर इस अतिक्रमण को प्रोत्साहित करने में लगा हुआ है ब्रिटिश कॉल से अक्षरधाम कॉलोनी बहादुरपुर से होकर गुजरी रेलवे स्टेशन से शहर के अंदर से निकली रेलवे लाइन पर रेल का संचालन काफी अरसे से बंद कर दिया गया था इस रेलवे लाइन की भूमि पर रेलवे का संचालन बंद होने की वजह से शहर के लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर स्थाई रूप से भवन टीन शेड छप्पर डालकर रहने लगे रेलवे विभाग तथा नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी इस अतिक्रमण को खुलेआम अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई न करके छूट देते रहे जिसका परिणाम यह हुआ किस शहर के अंदर जिन जिन स्थानों से होकर रेलवे लाइन गुजरती थी वह सभी स्थानों पर अतिक्रमण कर लिया गया प्रशासन द्वारा अभी तक ना तो इस अतिक्रमण को हटाने का प्रयास किया गया और ना ही इन अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही गई नागरिकों ने उत्तर प्रदेश सरकार से तत्काल इस अतिक्रमण को हटाए जाने की मांग की है और कहां है की योगी सरकार का इस रेल लाइन पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों पर कब चलेगा बुलडोजर हालांक इस अतिक्रमण कोजनपद के सभी जनप्रतिनिधि समाजसेवी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को भली–भांति पता है फिर भी चुप्पी साधे हुए हैं यदि इस



रेलवे लाइन पर अतिक्रमण हटा दिया जाए तो इस स्थान से नागरिकों को यातायात के लिए बरेली मोड़ से रेलवे स्टेशन तक ओवरब्रिज बनाकर नागरिकों को लाभ दिलाया जा सकता है । जिससे रोजाना लग रही जानते नागरिकों को मुक्ति मिल सकती है अब देखना यह है कि विभागीय अधिकारी इस रेलवे लाइन की भूमि थे कितनी जल्दी अतिक्रमण हटाने का प्रयास करेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## जैतपुर के पीयूष ने हासिल की क्लैट में 898 ऑल इंडिया रैंक



जैतपुर। जैतपुर के अधिवक्ता राजीव कुमार सिंह के बेटे पीयूष ने क्लैट में 898 ऑल इंडिया रैंक हासिल कर बाह क्षेत्र का गौरव बढाया है। उन्हें एनएलयू पटियाला पंजाब आवंटित किया गया है। पीयूष की उपलब्धी पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ वीरेश राज शर्मा, सीताराम शर्मा, अश्वनी श्रीवास्तव, डॉ मदन गोपाल सिंह भदौरिया आदि ने पीयूष को बधाई दी है। जैतपुर में ठाकुर भरत सिंह (राजीव कुमार सिंह के पिता) के घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया है।

## चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

चित्रकूट। चोरी के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने दो आरोपियों को पांच–पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थ दण्ड से भी दण्डित किया है। अभियोजन अधिकारी घनष्याम दास ने बताया कि राजापुर थाने में वर्ष 2007 में राजापुर कस्बे के निवासी बउवा उर्फ प्रभाकर पुत्र दिनेष गौतम, बल्लू पुत्र श्रीपाल उर्फ मिटठू पाण्डेय के विरूद्ध धारा 454/380 के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद इस मामले में आरोपियों के विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। साथ पुलिस अधिक्षक अतुल शर्मा के निर्देष पर न्यायालयों में लम्बित चल रहे मामलों में की जा रही प्रभावी पैरवी के क्रम में राजापुर थाना प्रभारी दीपेन्द्र कुमार सिंह और पैरोकार आरक्षी आकाष कुमार यादव ने समय से गवाहों को पेष कराया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सोमवार को मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी संजय कुमार ने निर्णय सुनाया, जिसमें चोरी के मामले का दोष सिद्ध होने पर आरोपी बउवा उर्फ प्रभाकर और बल्लू को पांच–पांच वर्ष कारावास के साथ दो–दो हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### गौशाला के नाम पर कसहाई में हुआ भ्रष्टाचार

चित्रकूट। ग्राम पंचायत कसहाई में गो बंश के लिए बने गौशाला में एक भी गो वंश सुरक्षित व संरक्षित नहीं है, जबकि आज भी ग्राम पंचायत कसहाई में लगातार सरकारी टैग लगा कर अवारा पशु अन्ना प्रथा को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे सरकार व किसान दोनों कि अपूर्णीय क्षति हो रही है, जबकि सरकार के द्वारा इनके चारा भूसा व पानी के लिए सम्पूर्ण व्यवस्था के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर बजट दिए गए हैं। जिस पैसे का ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी द्वारा बंदरबांट कर दुरपयोग किया जाता है। अतः जिलाधिकारी से प्रार्थना है कि सक्षम स्तर से जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही कराने कि कृपा करें। जिससे मानक अनुसार सरकार के लक्ष्य कि पूर्ति कि जा सके व गौ वंश गौशालाओं में सुरक्षित व संरक्षित रह सके, श्री मान् जी कि महान दया होगी ।

## रूट डायवर्जन व यातायात को सुगम बनाने के लिए ड्यूटी पर लगे पुलिस बल को चौक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। श्रावण मास के द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ सोमवार तथा महाशिवरात्रि के पर्व पर श्रद्धालुओं एवं कांवडियों द्वारा पवित्र नदियों से जल लाकर शिवालयों में जलाभिषेक किया जाता है। रामपुर पुलिस शिवभक्तों, कांवडियों की सुरक्षा, सहायता के लिए तत्परता से कार्यवाही कर रही हैं।

कांवडियों की सहायता के लिए रामपुर बाईपास जीरो प्वाइंट थाना सिविल लाइन पर बनाये गये पुलिस कन्ट्रोल रूम, सहायता शिविर पर पहुँचकर अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन राजकुमार तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक शलभ माथुर एवं पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला द्वारा मूलभूत सुविधाओं को चौक किया गया एवं रूट डायवर्जन व यातायात को सुगम बनाने के लिए डयूटी पर लगे पुलिस बल को चौक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इसके अलावा एडीजी राज कुमार तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक शलभ माथुर एवं एसपी अशोक कुमार शुक्ला द्वारा श्रद्धालुओं, कांवडियों को सूक्षम जलपान कराया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक डा. संसार सिंह, सीओ सिटी अनुज कुमार



चौधरी, सीओ पुलिस लाइन रवि खोखर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## रामदास आठवले से मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के क्षेतीय सेवा प्रमुख फैसल मुमताज के नेतृत्व में मंच के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले से मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के क्षेत्रीय सेवा प्रमुख फैसल मुमताज के नेतृत्व में मंच के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। आगामी नगर निकाय चुनाव सहित सामाजिक एवं राजनैतिक मुद्दो पर चर्चा की। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले ने कहा एनडीए सरकार द्वारा देश के सभी वर्गों के लोगों के उत्थान बगैर किसी भेदभाव के किया जा रहा हैं। जिसमें वंचित, दलित, मुस्लिम और पिछड़ों वर्ग के लोगों को बराबर की हिस्सेदारी मिल रही हैं। उन्होंने शीघ्र ही रामपुर आने का वायदा किया और जनसंवाद के माध्यम से लोगों तक पार्टी की नितियों एवं योजनाओ के बारे में जानकारी देने की बात कही।

उन्होने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं का दायित्व हैं कि वह आगामी नगर निकाय चुनाव में पार्टी के लिए प्रत्याशी का प्रचार प्रसार एवं आमजन को पार्टी के हित में मतदान करने के लिए प्रेरित करें। योगी–मोदी सरकार ने जनहित की सैकड़ों योजनाओं पर काम किया हैं एवं निरंतर जन सामान्य की चिंता एवं उनके विकास एवं हित की योजनाएं बनाई जा रही है। रामपुर के विकास के लिए जनता को बहुत सोच समझकर निर्णय लेना हैं।

भाजपा डबल इंजन की सरकार हैं विकास के भागीदार बनें देश को मजबूत करने के भागीदार बनें। भाजपा और अल्पसंख्यकों के बीच संबंधों के बारे में बहुत सारी गलत धारणाएं बनाई गई हैं। जिन्हें दूर किया जाना चाहिए। दलित और



अल्पसंख्यक एनडीए के प्रमुख अंग हैं। दलित और अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं ने पार्टी के विकास और विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। इस मौके पर मोहम्मद कय्यूम खान, फैसल मुमताज, हाजी दुलेहजान अल्वी, मुजम्मिल हुसैन, फसाहत अली खान राजू आदि मौजूद थे।

## चेकिंग के दौरान यातायात प्रभारी ने 2 ट्रैक्टर व 4 टैम्पो को किया सीज

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अतुल शर्मा के निर्देश पर सोमवार को क्षेत्राधिकारी नगर, यातायात शीतला प्रसाद पाण्डेय के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव एवं यातायात पुलिस द्वारा ट्राफिक चौराहा, रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर, ईटा मण्डी पर वाहनों की चेकिंग की गयी । चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरलोड, हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट, ओवरस्पीड वाहनों की चेकिंग की गयी । यातायात प्रभारी द्वारा चेकिंग के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले वाहन चालकों को हिदायत दी गयी कि भविष्य में वाहन चालते समय कभी भी



मोबाइल फोन का प्रयोग न करें तथा वाहन धीमी गति से सतर्कता पूर्वक चलाए । चेकिंग के दौरान ईटा मण्डी में ओवरलोड पाए गए 2 ट्रैक्टरों को तथा रेलवे स्टेशन एवं ट्राफिक चौराहा पर अवैध तरीके से पार्क किये गये 4 टैम्पो वाहनों को सीज किया गया। टैम्पों चालकों को निर्देश दिये गये कि अवैध रूप से सड़क पर पार्किंग न करें।

## अस्पताल के बाहर से सपा नेता की बाइक चोरी, सीसीटीवी फुटेज में चोर हुआ कैद

संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। फतेहाबाद कस्बे के बाह रोड पर स्थित सनराइज हॉस्पिटल बाहर अपने एक रिश्तेदार को खाना देने गए सपा नेता की बाइक अज्ञात बाइक चोर ने पार कर दी। बाइक चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है ।पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है ।



प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहाबाद के अंबेडकर चौक निवासी सपा नेता सुनील कुमार नीलम रविवार रात अपने बीमार रिश्तेदार को खाना देने के लिए फतेहाबाद के बाह रोड स्थित सनराइज हॉस्पिटल पहुंचे। जहां उन्होंने रात करीब 9:30 बजे गेट पर बाइक खड़ी की और अस्पताल के अंदर चले गए। थोड़ी देर बाद बाहर लौटे तो उनकी बाइक गायब थी। पीड़ित ने तत्काल सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए जहां एक युवक पहले बाइक के पास खड़ा हुआ। उसके बाद अपनी जेब से चाबी निकाली तथा मास्टर की के जरिए को चुरा कर ले गया। पूरा मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। घटना की जानकारी 112 पर पुलिस को दी । मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की है।

# बैकलाग पूरा करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

चित्रकूट। एससी–एसटी बेसिक टीचर वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गया प्रसाद बौद्ध के नेतृत्व में एससी, एसटी की पदोन्नति में आरक्षण देने व बहुत बड़े स्तरवाले पदों पर खाली पड़े पदोन्नति पदों का बैकलाग पूर्ण करने के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह को ज्ञापन सौंपा। एससी, एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन उ.प्र. मांग करता है कि तत्काल केन्द्र व राज्य सरकार की सभी सेवाओं में पदोन्नति में आरक्षण का शासनादेश तत्काल निर्गत कर अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्गों में संवैधानिक अधिकार दिया जाये, जिससे इन वर्गों का हर स्तर पर प्रतिनिधित्व पूरा किया जा सके। उत्तर प्रदेश में जिन शिक्षकों, सरकारी सेवकों की पदावनति की गयी, तत्काल उनके पदावनति के आदेश निरस्त करके पदावनति से पूर्व के पद पर पदावनति के दिनांक से पदस्थापित करते हुए मूल पद के सभी लाभ प्रदान किए जाये। उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जाति जनजाति के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों की बड़े पैमाने पूर्णतया गलत व्याख्या कर पदावनतियां की गई है। वर्तमान सर्वोच्च न्यायालय ने अनुसूचित जाति जनजाति की प्रमोशन में आरक्षण को विधिसम्मत एवं वैद्य बताया है तथा इसके बाद मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन का आदेश प्रभावहीन हो गया, फिर भी शासनादेश का सहारा लेते हुए प्रदेश में बडे पैमाने पर पदावनतियां की गई।

पदावनतियां करने वाले अधिकारियों पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी पदावनतियां करने के विरोध में एससी–एसटी उत्पीड़न की संगत



धाराओं में मुकदमा कर जेल भेजा जाये और बर्खास्त किया जाए। पदावनतियो पर तत्काल रोक लगाई जाए और पदोन्नति में आरक्षण का शासनादेश निर्गत किया जाये।

संघ के पदाधिकारी विनोद कुमार उपाध्यक्ष, मुन्नी लाल, महामंत्री जाहर सिंह, कोषाध्यक्ष विजय कुमार, दिनेश कुमार, ज्ञानचंद बौद्ध, जितेंद्र कुमार, विजय कुमार भौंरी, आनन्द कुमार, भैयालाल, गणेश शंकर, कपिल गौतम, रामलखन, मतगंजनप्रसाद, अभिषेक कुमार, सूरजभान, आदि न अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा ।

# नीति आयोग की केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा

चित्रकूट। केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी नीति आयोग भारत सरकार लीना जौहरी आईएएस की अध्यक्षता में नीति आयोग के सूचकांकों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। केंद्रीय प्रभारी अधिकारी नीति आयोग भारत सरकार ने स्वास्थ्य एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों के कायाकल्प में पेयजल, पोषण पुनर्वास केन्द्र, शौचालय, पोषण वाटिका, सैम मैम बच्चों की स्थिति, गर्भवती महिलाओं, किशोरियों, पोषण पुनर्वास केन्द्र, शिक्षा, कृषि, पशु, दूरभाष, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास, अमृत सरोवर निर्माण कार्य आदि विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नीति आयोग के जिन बिंदुओं पर प्रगति कम है, संबंधित विभाग उसमें प्रगति बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि सैम मैम जो बच्चे उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्रों पर बाल विकास विभाग भर्ती कराकर स्वास्थ्य लाभ दिलाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि इसमें आरबीएसके की टीम को भी लगाये तथा जो दवा उपलब्ध कराएं, उन्हें खाने की मात्रा तथा समय को भी बताया जाए। जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास से कहा कि पोषाहार का वितरण समय से कराएं तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान दें। पोषण ट्रैकर, ई कवच एप पर फीडिंग कराएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि शहर में जो गर्भवती महिलाएं रजिस्ट्रेशन से छूट रही है, इसको अभियान चलाकर कराएं, कोई भी गर्भवती महिला एनीमिक न रहे, समय से जांच तथा दवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके लिए प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश भी जारी किया जाए कि वह फॉलोअप करें। मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी से कहा कि जो धनराशि विकास कार्यों के लिए नीति आयोग में रुकी है, उसके लिए एक पत्र भेजें।



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर कायाकल्प के कार्य कराया जा रहा है तथा सैम मैम बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति कार्य हो रहा है। बीएचएसएनडी के अंतर्गत बच्चों का वजन टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण जांच आदि कराया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा, एएनएम को स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास विभाग को प्रशिक्षित भी किया गया है तथा सभी विभागों द्वारा नीति आयोग के बिंदुओं पर कार्य प्रगति पर कराए जा रहे हैं।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, परियोजना निदेशक ऋषि मुनि उपाध्याय, जिला पंचायत राज अधिकारी तुलसीराम, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम को दिया अंतिम रूप



चित्रकूट : गायत्री शक्तिपीठ चित्रकूट में महिला सशक्तिकरण के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण उप जोन स्तरीय आयोजित किया जा रहा है। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज से ब्रह्म वादिनी बहनों की टोली आ रही है। 28 जुलाई से 1 अगस्त तक प्रातः से सायं तक शिक्षण प्रशिक्षण का क्रम चलेगा। इसी क्रम में प्रयागराज, कौशांबी, बांदा, चित्रकूट जनपदों की निर्धारित बहने कार्यक्रम में लगभग एक सैकड़ा की संख्या में भाग लेगी।

31 जुलाई को सायं 4 बजे सार्वजनिक कार्यकर्ताओं बहनों तथा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की व्यवस्था तथा महत्वपूर्ण विचार विमर्श भी होगा, जिसमे उपजोन के सभी जनपदों के जिला संयोजक और भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक गण भी उपस्थित रहेंगे।

## आइसक्रीम के बहाने पड़ोसी युवक ने किया 7 वर्षीय बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य, मामला दर्ज

संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद 25 जुलाई। फतेहाबाद कस्बे के एक मोहल्ले में एक युवक ने आइसक्रीम दिलाने का लालच देकर एक 7 वर्षीय बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य किया। इसके बाद बालक ने घटना की जानकारी अपने घर पर दे दी। पीड़ित के पिता ने इसकी सूचना थाना फतेहाबाद पुलिस को दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रविवार शाम की है जब एक 7 वर्षीय बालक अपने घर के बाहर खेल रहा था ।तभी पड़ोसी युवक बालक को घर से थोड़ी दूरी पर ले जाकर उसे आइसक्रीम का लालच दिया और उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया। घटना की जानकारी बालक ने अपने परिजनों को दे दी। पिता ने थाना फतेहाबाद में नामजद मामला दर्ज करवाया है।

# अमित यादव फिर से बने भाकपा के जिला सचिव



चित्रकूट। 25 जुलाई भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 24 वां जिला सम्मेलन कामरेड रामलाल सभागार कर्वी चित्रकूट में कामरेड राम प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि कामरेड रामचंद्र सरस भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य अध्यक्ष मंडल, कॉमरेड बद्री विशाल सिंह, रामस्वरूप पाल व अनीता देवी रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में पार्टी का ध्वजारोहण कर झंडा गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद कार्य सम्मेलन की शुरुआत में पार्टी नेता का. प्रहलाद, बद्री प्रसाद सिंह, का. रामलाल नेताजी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कॉमरेड सरस ने कहा कि आज भारत देश की आवाम मंहगाई, बेरोजगारी, बढ़ते हुए अपराधों, भ्रष्टाचार से परेशान हैं। जिसका कारण भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियां हैं। भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ केवल वामपंथी दल ही लड़ने में सक्षम हैं क्योंकि उन्हें सीबीआई ईडी आदि का कोई डर नहीं है। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी हमेशा गरीबों, महिलाओं, दलितों, पिछडो, अल्पसंख्यकों, नौजवानों, छात्रों के हितों के लिए सड़क से लेकर संसद तक लडती है और लडती रहेगी।

नवनिर्वाचित जिला सचिव का. अमित यादव ने कहा आज रोजगार के अवसर और रोजगार दोनों ही घट रहे हैं। सरकार की नीतियाँ मुट्ठी भर कार्पोरेटों को लाभ पहुंचाने वाली और शेष को कंगाल बनाने वाली हैं। इससे गरीबों और अमीरों के बीच की खाई निरंतर गहरी हो रही है। तमाम अध्ययन इस तथ्य की पुष्टि करते हैं। ऐसे तमाम घटनाक्रम सामाजिक न्याय के लक्ष्य को हासिल करने में बड़ी बाधा हैं। का. रामप्रसाद सिंह ने कहा कि अब तक तो उत्तर भारतीय राज्यों में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण या जातीय गोलबंदी के कारण अनेक समस्याएं पैदा होती रही हैं और यह उनके पिछड़ेपन की बड़ी वजह भी हैं। लेकिन संघ की वैचारिक विस्तार की कारगुजारियों के चलते इस तरह की प्रवृत्तियाँ अब केरल जैसे राज्य में भी बढ़ने लगी हैं, जहां तरक्कीपसंद ताकतें पर्याप्त दमदार हैं।

सम्मेलन को जिला सचिव बांदा श्याम सुंदर सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष बांदा वकार खां, किसान नेता का. सत्यहरन, बद्री विशाल सिंह, का. अनीता वर्मा, रामस्वरूप पाल, उदयभान सिंह, विनोद पाल, आदि ने संबोधित किया। सम्मेलन का संचालन का. चंद्रपाल पाल ने किया। सम्मेलन में 60 डेलीगेटों ने जिला सचिव में अमित यादव को व सहसचिव में संदीप पांडेय को चुना गया। ग्यारह सदस्यीय कार्यकारिणी व इक्कीस जिला कौंसिल के सदस्य चुने गए तथा सात सदस्य राज्य सम्मेलन के डेलीगेट चुने गए।

## द्रौपदी मुर्मू की जीत का जश्न जारी, जैतपुर में बटी मिठाई

जैतपुर । आदिवासी तबके से आने वाली द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर मिठाई बांटकर जैतपुर के भाजपाईयों ने जीत का जश्न मनाया। भाजपाइयों ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी ने आदिवासी और महिलाओं के सम्मान की मिशाल पेश की है। मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाने वालों में रविन्द्र भदौरिया, सोनू प्रधान, डीएस राजावत, राजू विधौलिया, सुनील भदौरिया, प्रवेश भदौरिया, हरिज्ञान सिंह, दिव्यांश दौनेरिया, ऊदल सिंह, भूपेन्द्र सिंह, गौरव राजावत, पंकज भदौरिया, प्रधान राजेश उर्फ बड़े भदौरिया अनिल नरवरिया, ध्रुव भदौरिया, सुभाष पुरवंशी, राकेश दौनेरिया, जयकरन सिंह, जगदीश सिंह आदि रहे।

# रजनीश ने बढ़ाया चनहट का सम्मान

चित्रकूट – जनपद के राजापुर तहसील अंतर्गत ग्रामसभा चनहट निवासी रजनीश पाण्डेय पुत्र रामसुमिरन पाण्डेय मात्र 24 वर्ष की उम्र में असिस्टेंट प्रोफेसर पद (राजनीति विज्ञान) पर चयन होने से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

बताया गया कि रजनीश ने 10वी की परीक्षा 2013 में जितेंद्र इंटर कॉलेज राजापुर से, इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 2018 में बीए उत्तीर्ण तथा 2020 में एमए किया तथा वर्तमान में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से ही पीएचडी कर रहे हैं। इसके पूर्व रजनीश ने 2020 में जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपना परचम लहराया था। रजनीश ने अपनी



सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, गुरुजनों तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सभी सीनियरों को दिया।

## द्रोपति मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर चौक पर बाटी मिठाई

संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। अम्बेडकर चौक फतेहाबाद पर भाजपा मंडल फतेहाबाद देहात के समस्त भाजपा पदाधिकारियों द्वारा देश की 15वी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के शपथ लेने के बाद डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर मिष्ठान वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप मण्डल अध्यक्ष मयंक जादौन , नगर अध्यक्ष नितिन गुप्ता , अजय जादौन , पंचम सिंह , श्री निवास चौहान , पंचम सिंह गुर्जर , राहुल परिहार , नवाब सिंह भदोरिया, रामकेश वर्मा , अनिल भारद्वाज , रवि कुमार शल्या , संकेत वर्मा , गजेंद्र जादौन , शिवम माथुर आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सफाई कर्मचारी पड़ रहा भारी

चित्रकूट। ग्राम पंचायत में बनी नाली की सफाई के लिए एक पूर्व सैनिक को कितनी बड़ी जद्दोजहद करनी पड़ रही है कि खण्ड विकास अधिकारी रामनगर से लेकर जिलाधिकारी चित्रकूट एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से मुख्यमंत्री उप्र तक को पत्र लिखकर सफाई कर्मी की शिकायत करनी पड़ी। इसके बावजूद भी पूर्व सैनिक को नाली सफाई की समस्या से अब तक कोई निजात नहीं मिल सकी है।

परेशान पूर्व सैनिक ने एक बार फिर खण्ड विकास अधिकारी रामनगर को पत्र लिखकर ठेके पर सफाई कर्मचारी रखे जाने की जाँच करने एवं नाली की सफाई करवाने की गुहार लगायी है।

विकास खण्ड रामनगर के ग्राम पंचायत पियरिया माफी के एक्स सूबेदार सन्तोष कुमार शुक्ला ने बताया कि मई माह से गांव की नाली की सफाई के लिए पत्र लिखकर खण्ड विकास अधिकारी रामनगर से लेकर जनता दिवस पर जिलाधिकारी चित्रकूट समेत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर गुहार लगायी, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव में नियुक्त सफाई कर्मी रमेश कुमार काम पर नहीं आता है और उसने अपनी जगह पर 5 हजार रुपए मासिक पर सन्त कुमार उर्फ सन्त राम निवासी गोबरौल को रखा हुआ है जो गाँव के रसूखदारों के घर के समीप सफाई करता है

उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी रामनगर रामजी मिश्रा को पत्र लिखकर मामले की जाँच कराने एवं नाली की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है।

# पियरिया माफी के ग्रामीणों पर शिक्षा मित्रों ने मनाया काला दिन, शहीद शिक्षा मित्रों को दी श्रद्धांजलि

– काली पट्टी बांध जताया विरोध

चित्रकूट : शिक्षा मित्रों के इतिहास का आज काला दिन है। 25 जुलाई 2017 को देश की सबसे बड़ी अदालत ने 17 साल काम कराने के बाद शिक्षा मित्रों को अयोग्य करार देते हुये समायोजन निरस्त कर दिया था। इसी 25 जुलाई 2017 को प्रदेश के पौने दो लाख परिवारों की रोजी रोटी छीनकर आजाद भारत में गुलाम बनाने का राजनीतिक कुचक्र रचा गया था ,इसी दिन कानून अन्धा हो गया मानवता मर गई राजनीति तुच्छता में सबसे नीचे आ गई जब उत्तर प्रदेश सरकार और कानून ने मिलकर योग्य टापर्स पर अयोग्यता का ठप्पा लगा दिया! इसी दिन जाने कितने नवनिहालो के मुंह से निवाला छीना गया था, कितनी बहनो का सुहाग उजड़ गया था, कितनी माँओं की गोद सूनी हो गई थी, कितने बच्चों के सर से मां बाप का सहारा छीन लिया गया था तब से लेकर आज 25 जुलाई 2022 को समायोजन रद्द हुये 5 साल पूरा होने के बाद भी शिक्षा मित्रों के लिए सरकार ने कोई ठोस कदम नही उठाया उठाया, जिसके कारण शिक्षा मित्रों की आर्थिक ,सामाजिक स्थिति बिगड़ती जा रही है।

वरिष्ठ शिक्षामित्र नेता पर्यावरण सामाजिक चिंतक सर्वेश यादव "विद्रोही " ने बताया कि 5 साल से मात्र 10 हजार (वो भी मात्र 11 माह) के न्यूनतम मानदेय पर जीवन जीने के लिए यूपी सरकार ने छोड़ दिया है, जबकि महंगाई आज चरम सीमा पर पहुँच गयी है !

केंद्र व राज्य स्थायी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता 34 प्रतिशत बढ़ा दिया जबकी इन कर्मचारियों को भारी भरकम वेतन भत्ते दिये जाते हैं, परन्तु शिक्षा मित्रों के लिए कोई आदेश जारी नही हुवा है, जबकि शिक्षा मित्र पूरे प्रदेश में एक पूर्ण शिक्षक की तरह शासन के सभी कार्यों को कर रहे हैं, जब हर जगह शिक्षा मित्र स्थायी कर्मचारियों के बराबर अपना योगदान दे रहे हैं तो फिर सरकार उनको स्थाई करने में देरी क्यों कर रही है,शिक्षा मित्र आज घुट घुट कर जीवन जीने को मजबूर हैं। 25 जुलाई 2017 से अब तक समायोजन निरस्त होने से अवसाद ग्रस्त होकर लगभग 8000 हजार से अधिक शिक्षा मित्रों ने अपनी जान गवा दिया है।परन्तु सरकार ने उनकी मौत पर आज तक सांत्वना तक नही व्यक्त किया । आज उनके आश्रितों के जीवन जीने का कोई सहारा नही है , उनकी बूढ़े माँ बाप, बीबी, बच्चे दर दर की ठोकरें खा रहे हैं ! यूपी सरकार अपने संकल्प पत्र में किये वादे को पूरा करे, जिससे एक बार पुनः प्रदेश के 1लाख 53 हजार शिक्षा मित्रों का अपना अपने आश्रित परिवारके साथ सम्मान से जीवन यापन करने की नई शुरुआत कर सकें। सरकार उत्तराखंड एवँ अन्य राज्यों के भांति यूपी में भी नई नियमावली बनाकर शिक्षा मित्रों के भविष्य को सुरक्षित करे !

प्रदेश की लोकप्रिय भारतीय जनता पार्टी से अपील है कि राजनीतिक द्वेष न रखते हुए हम शिक्षा मित्रों का जीवन सुरक्षित और संरक्षित करने का ऐतिहासिक कार्य करे क्योंकि आज से 22साल पहले इसी लोकप्रिय सरकार ने गाँव के गरीब दलित किसान युवा बेरोजगार युवकों को अच्छे दिनों का प्रलोभन देकर शिक्षा मित्र में भर्ती किया था और आज जब राज्य और केन्द्र दोनों जगह लोकप्रिय सरकार है तो शिक्षा मित्रों के जीवन में अंधेरा क्यों है? इस पर सरकार को चिन्तन की आवश्यकता है!आज 25 जुलाई को प्रदेश के आह्वान पर काली पट्टी बांधकर शिक्षा मित्रों ने विरोध भी जताया और एक मिनट का मौन रख शहीद शिक्षा मित्रों की आत्म शांति के लिए प्रार्थना किया!

## आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में 27 से 30 जुलाई तक बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा आजादी से अब तक ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विकास एवं भविष्य में प्राप्त होने वाले विकास की संभावनाओं का प्रदर्शन करने के उद्देश्य से शासन द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों में आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में 27 से 30 जुलाई तक बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस का आयोजन कराया जा रहा हैं। एक्सईन प्रथम भीष्म कुमार तोमर ने बताया कि रामपुर में भी शासन के निर्देश पर एवं डीएम रविन्द्र कुमार माँदड़ के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस पर उज्जवल भारत, उज्जवल भविष्य ऊर्जा 2047 के रूप में आगामी 27 जुलाई को जिला सहकारी बैंक के सभागार एवं 28 जुलाई को विकासखंड कार्यालय चमरव्वा में कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि सुबह 11 से एक बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक एवं ऊर्जा क्षेत्र में भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा आजादी से अब तक ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विकास एवं भविष्य में प्राप्त होने वाली विकास की संभावनाओं का प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विभाग से संबंधित योजनाओं जैसे सौभाग्य योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, कुसुम योजना, वन नेशन वन ग्रिड, उपभोक्ता अधिकार, सोलर रूफ टॉप आदि योजनाओं का प्रदर्शन एवं ग्राम विद्युतिकरण, विद्युत उत्पादन व ट्रांसमिशन विषयों पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित उपरोक्त योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा। एक्सईन भीषम कुमार तोमर ने बताया कि इस मौके पर प्रत्येक आयोजन स्थल पर लगभग दो सौ लोगों के सम्मिलित होने की व्यवस्था की जाएगी। आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पिछले 75 वर्षों में राज्य द्वारा ऊर्जा के क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए आगामी 25 वर्षों के लिए रोड मैप पर भी विस्तृत चर्चा की जाएगी।

## शातिर अपराधी 2 किलो नाजायज चरस के साथ चढ़ा पुलिस के हत्थे



दैनिक अयोध्या टाइम्स नानपारा बहराइच। नानपारा में नशा तस्करी रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। कोतवाली क्षेत्र में आए दिन कोई न कोई मामला सामने आता रहता है। रविवार को एक पुराने तस्कर को 2 किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया।पुलिस ने पकड़े गए आरोपी चरस तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है.। रविवार को नानपारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रुपईडीहा रोड पर स्थित रेलवे क्रासिंग पर दबिश देकर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर अपरपुलिस अधीक्षक अशोक कुमार के निर्देशन पर पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ जंगबहादुर यादव के नेतृत्व उपनिरीक्षक राकेश कुमार सिंह, आरक्षी निरुपम, शिशिर, सुनील कुमार ने दबिश दी। तभी रुपईडीहा के तरफ से एक मोटरसाइकिल सवार आता दिखाई दिया जिसपर पुलिस ने उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से दो किलो चरस बरामद हुई। अभियुक्त पर व अभियुक्त के परिवार पर दर्ज है एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर ने बताया कि अभियुक्त पर व उसके तीन पुत्रियों पर पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के तहट दर्ज है कई मुकदमे जिसमे अभियुक्त पर मुकदमा संख्या 625/17 में 308, 323, 327, 352, 452, 506, मुकदमा संख्या 2520/17 में एनडीपीएस एक्ट उनकी पुत्री मैनाज, हिना व मुस्कान पर दर्ज है मुकदमे। पकड़े गए अभियुक्त की लम्बे समय से थी तलाश। पकड़े गए अभियुक्त वकील अहमद पुत्र मुमताज निवासी कसाई टोला कोतवाली नानपारा की लम्बे से पुलिस की तलाश कर रही थी। काफी समय से अभियुक्त पुलिस को चकमा दे रहा था।

## टूल्लू मोटर (पानी का मोटर) चोरी करने वाले 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार



दैनिक अयोध्या टाइम्स जरवल बहराइच। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी द्वारा क्षेत्र में घटित चोरी व चोरो पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) कुँवर ज्ञानन्जय सिंह व क्षेत्राधिकारी महोदय कैसरगंज कमलेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में मुझ प्रभारी निरीक्षक द्वारा प्राप्त आदेश निर्देश के क्रम में थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 177/2022 धारा 380 भादवि0 में नामित अभियुक्तगण 1. संजय राव पुत्र अजय उर्फ पप्पू 2. ज्ञान पुत्र शोभाराम निवासीगण पाण्डेयपुरवा बम्भौरा थाना जरवल रोड जनपद बहराइच द्वारा मिल कर किये गये चोरी पानी का मोटर (टूल्लू पम्प) की बरामदगी के सम्बन्ध में गाठित टीम द्वारा आज दिनांक 25.07.2022 को अभियुक्त संजय व ज्ञान उपरोक्त के पास से मोटर सहित समय करीब 11.50 बजे ग्राम पाण्डेयपुरवा दा0 बम्भौरा से हिरासत पुलिसम लिया गया तथा बरामदगी के आधार पर धारा 411 भादवि0 की बृद्धि कर अभियुक्तगण को विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय बहराइच रवाना किया गया।

## केडीसी में शिक्षकों की संख्या बढ़ने से जिले की उच्च शिक्षा को लगेंगे पंख : मेजर डॉ. एस.पी. सिंह



दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच। किसान पी.जी. कॉलेज में उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग ,प्रयागराज से चयनित अनेक शिक्षकों ने अभी हाल में ही कार्यभार ग्रहण किया है। इनके आगमन से न केवल महाविद्यालय बल्कि जिले की उच्च शिक्षा के विकास को गति मिलेगी।अब हम ऊंची छलांग लगाने के लिए तैयार हैं। नए सत्र के प्रारंभ में ही महाविद्यालय के अनेक विभागों में नए शिक्षकों ने कार्यभार संभाला है। इनके आने से शिक्षकों की कमी पूरी हुई है। हमें आशा है कि इनके मार्गदर्शन में कॉलेज के छात्र–छात्राएं अपनी प्रतिभा दिखाने का भरपूर अवसर प्राप्त कर सकेंगे।ये विचार किसान पी.जी. कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ. एस.पी. सिंह ने गणित विभाग में उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज से चयनित असिस्टेंट प्रोफेसर शिवा चौधरी को कार्यभार ग्रहण कराते हुए व्यक्त किए।शिवा चौधरी ने बीएचयू से बीएससी और आईआईटी मुंबई से एमएससी की शिक्षा प्राप्त की है। वे मूल रूप से इसी जनपद के निवासी हैं। उनके कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सदस्य अशोक कुमार श्रीवास्तव, समाजशास्त्र विभाग के प्रभारी प्रोफेसर सूर्यभान रावत, समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अजय त्रिपाठी,महाविद्यालय के मध्यकालीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सत्यभूषण सिंह व धर्मवीर सिंह सहित अनेक शिक्षक व शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

## भारी सुरक्षा के बीच रवाना हुआ महन्त जागेश्वर पुरी काँवरिया संघ नंदवल का जत्था

- सी0ओ0 महसी व थाना अध्यक्ष बौंडी ने खुद सम्भाली सुरक्षा की कमान
- सड़क पर पड़े बड़े बड़े पत्थर ने रुलाया कावरियों को
- पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा व ब्लाक प्रमुख रणवीर सिंह(मुन्ना सिंह), गौरव वर्मा, ने रवाना किया कावरियों का जत्था
- जहाँ योगी सरकार कांवरियों के ऊपर पुष्प वर्षा करवाती है, वहीं सड़क के ठेकेदार व प्रशासन की लापरवाही से कांवरियों को भारी दिक्कतों का करना पड़ा सामना
- बोलोरो ने मारी मंत्री जी की गाड़ी में टक्कर, बड़ी दुर्घटना होने से बची
- मन्दिर के महंत डा0 चौतन्य पुरी जी महराज कावरियों को तिलक लगाकर दिया आशीर्वाद





दैनिक अयोध्या टाइम्स बौंडी बहराइच
फखरपुर(बहराइच)। थाना बौंडी क्षेत्र के नंदवल बाजार व क्षेत्र के कावरिया पैदल पद यात्रा कर विगत ग्यारह वर्षों से महन्त जागेश्वर पुरी मठ नंदवल के सरोवर से जल भरकर महादेवा लोधेश्वर भगवान को जल चढ़ाते चले आ रहे हैं, वहीं इस बार बारहवीं पद यात्रा नंदवल से वाया वजीरगंज, कुंडासर होते हुए महादेवा के लिए आज दि0 25 –7–2022 दिन सोमवार को सुबह दस बजे प्रस्थान किया।
कावरियों का सैलाब देखते ही बनता था, भगवा रंग के सैलाब में बच्चे महिलाएं बुजुर्ग युवा सभी लोग डीजे पर नाचते गाते बम भोले के जयकारों के साथ आस्था की यात्रा करते नजर आए।जगह जगह लोग भंडारे में शरबत मिष्ठान पानी की पाउच खिलाकर कावरियों का स्वागत किया। वहीं पुलिस प्रशासन के लोग सुरक्षा में दृढ़ मुस्तैद दिखे। इस बार कुंडासर,जैतापुर मार्ग का निर्माण लगभग तीन वर्षों से हो रहा है।कई बार समाचार पत्रों में प्रकासन के बाद चन्द महीने पहले पहले वजीरगंज से बेदौरी तक पेंटिंग का कार्य करके बन्द कर दिया, शेष रोड कुंडासर तक लगभग चार कि0मी0 पर बड़े बड़े रोड़े पड़े हैं,उस पर पेंटिंग का कार्य नहीं किया गया। कई बार लोग इसकी वजह से चोटिल भी हुए हैं व कुछ को जान गवानी भी पड़ी है।रोड खराब होने के कारण बड़ी दुर्घटना होने से बची।
कावरियों को रवाना कराने आ रहे पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा के गाड़ी में मोटर साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बोलोरो ने ठोकर मार दी। मंत्री जी ने खुद एम्बुलेंस को फोन कर मोटर साइकिल सवार घायलों को निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया। कावरिया संघ के अध्यक्ष प्रेम चन्द पटेल ने बताया कि संघ की तरफ से 1076 मुख्यमंत्री कार्यालय पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। लेकिन प्रशासन व ठेकेदार की लापरवाही से कावरियों को रोड पर पड़े पत्थरों ने रूलाया।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी महसी जय प्रकाश त्रिपाठी, थानाध्यक्ष बौंडी गड़नाथ प्रसाद एस0आइ0विकास वर्मा,पूर्व मंत्री मुकुट विहारी वर्मा,ब्लाक प्रमुख रणवीर सिंह, वि0सभा सयोंजक गौरव वर्मा, पूर्व जिला पंचायत विशाल सिंह, मैन कुमार सिंह, अध्यापक सुरेन्द्र गौड़, बृजेश गुप्ता (बाबू जी)राम बचन सोनी, आलोक गौड़,डा0 शुभकरण यादव, सोनू गुप्ता,अजीत वर्मा, आदि भारी संख्या में लोग कावरियों को रवाना किया।

## जंगली पिक्चर्स ने जय भीम डायरेक्टर टीजे ज्ञानवेल के साथ किया अपनी अगली फिल्म डोसा किंग का एलान



दैनिक अयोध्या टाइम्स
सुशिलाजीत साहनी मुंबई। जंगली पिक्चर्स ने तलवार और राजी जैसी दमदार फिल्में दर्शकों के सामने पेश की हैं। हाल ही में जगंली पिक्चर्स ने अपनी एक और अगली फिल्म का एलान किया है। इस एपिक ड्रामा थ्रिलर का नाम डोसा किंग है। ये फिल्म जीवजोती संतकुमार की लाइफ और उनके दुखों से प्रेरित हैं जिन पर एक अपराध का आरोप लगाया गया था जिसने देश को झकझोर कर रख दिया था, जिसके परिणामस्वरूप अठारह साल तक चले मुकदमे के बाद उन्हें दोषी ठहराया गया था – पी. राजागोपाल बनाम स्टेट ऑफ तमिलनाडु। इसके राइट्स जंगली पिक्चर्स ने हासिल कर लिए है। ये फिल्म अकल्पनीय धैर्य और महत्वाकांक्षा की कहानी होने का वादा करती है। इस फिल्म के निर्देशन के लिए जंगली पिक्चर्स ने ऐस डायरेक्टर टीजे ज्ञानवेल का नाम फाइनल किया हैं। बता दें डोसा किंग के साथ टीजे ज्ञानवेल हिन्दी सिनेमा में बतौर निर्देशक अपनी शुरूआत करने जा रहे हैं। इससे पहले उन्होंने नेशनल अवॉर्ड विनर सूर्या के साथ अपने नेक्स्ट प्रोजेक्ट की घोषणा की थीं। टीजे ज्ञानवेल को भाषा और संस्कृति से परे रिलेवेंट किरदारों को बनाने के लिए और व्यापक रूप से संबंधित स्टोरीटेलिंग के लिए जाना जाता हैं। टीजे ज्ञानवेल की लास्ट रिलीज तमिल फिल्म जय भीम को दर्शकों और समीक्षकों द्वारा खूब सरहा गया था। इस फिल्म को टीजे द्वारा लिखा और निर्देशित किया गया हैं। इसके साथ ही पायनाम और कूटहिल ओरुथन जैसी फिल्मों के लिए भी उन्हें जाना जाता है। डोसा किंग एक शक्तिशाली प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जीवाजोती की लड़ाई को दर्शाएगी, जो दुनिया में सबसे बड़े साउथ इंडियन रेस्तरां सीरीज में से एक के मालिक है। एक इंडियन रेस्तरां के मालिक, जिन्हें एक पारिवारिक व्यक्ति के रूप में जाना जाता है और जिनकी उदारता के लिए न सिर्फ उनके कर्मचारियों द्वारा, बल्कि भोजन करने वालों के द्वारा भी उनकी पूजा की जाती थी और कैसे अनिच्छुक जीवज्योति की उनकी तलाश– उस समय उनकी आधी से भी कम उम्र के कारण हुई और उन पर आरोप लगाया गया और आखिरकार जीवाजोती संतकुमार के पति की हत्या के लिए दोषी ठहराया गया जिसका फैसला सुप्रीम कोर्ट ने लगभग दो दशक के बाद सुनाया। फिल्म के अपने उत्साह को साझा करते हुए, टीजे ज्ञानवेल ने कहा, "जब मैं पत्रकार हुआ करता था तो उस दौरान मैंने इस मामले को बारीकी से देखा है। मैं स्क्रीन पर जीवाजोती की कानूनी लड़ाई के जरिए नए आयाम लाने की उम्मीद करता हूं। आज, इस परियोजना का निर्देशन करना और इसके किरदारों पर काम करना वास्तविक लगता है। मैं जंगली पिक्चर्स के साथ इस सफर की शुरुआत करने के लिए उत्साहित हूं, जो कंटेंपरेरी इंडियन सिनेमा में कुछ सबसे प्रतिष्ठित फिल्मों को बनाने के लिए जाने जाते हैं। जंगली पिक्चर्स की सीईओ अमृता पांडे ने कहा, ष्डोसा किंग एक दिलचस्प कहानी है, जिसमें किरदारों और कहानी को विस्तार से बताते हुए गहरी नजर रखने की जरूरत होगी। पत्रकारिता का उनका अनुभव उन्हें बैलेंस फिल्ममेकर बनाया हैं जिन्हें डिटेल्स और प्रामाणिकता का जुनून हैं। हम उनके साथ साझेदारी कर के इस मनोरम, अविश्वसनीय और प्रेरक कहानी को सबके सामने पेश करने के लिए काफी उत्साहित है। बता दे, जंगली पिक्चर्स डॉक्टर जी, वो लड़की है कहां?, डोसा किंग, उलज और क्लिक शंकर जैसी दिलचस्प फिल्मों के साथ 2022 में रॉक करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## दोस्त के साथ जाने वाले युवक की तीन दिन बाद मिली थी लाश, एक माह से ऊपर बीत जाने के बाद नही दर्ज हुआ एफआईआर



दैनिक अयोध्या टाइम्स गोंडा उत्तर प्रदेश
गोंडा। जनपद से जहां पर बीते दिनों थाना नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बड़गांव चौकी इमिलिया गुरदयाल गांव के युवक सनी कश्यप को दोस्त ने मोटरसाइकिल पर बैठ कर अपने साथ लेकर चले। शाम तक यवक वापस घर नहीं आया। परिजनों ने इसकी सूचना थाने व चौकी पर दी। गायब होने के तीसरे दिन इटियाथोक थाना क्षेत्र के अंतर्गत बलरामपुर रोड बहलोलपुर के पास झाड़ी में सुनसान जगह पर युवक का शव पड़ा मिला। वहां के लोग ने पुलिस को सूचना दी लावारिस लाश को पुलिस ने पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। परिजनो ने चप्पल कपड़े से युवक की पहचान कर पाई थी। मृतक लड़के के पिता रामचंद्र ने एसपी को प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमे एसपी ने सीओ सदर लक्ष्मीकांत गौतम को जांच सौंपी थी। पीड़ित पिता रामचंद्र ने मुख्यमंत्री, डीजीपी, डीआईजी, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य जगहों पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। लेकिन एक माह से ऊपर हो जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नही हुई है।
पीड़ित परिवार दर दर भटक रहा है। एसपी व सीओ कार्यालय का चक्कर काट रहा है। मृतक लड़के के पिता ने बताया कि हमारे लड़के की हत्या दोस्त संदीप गुप्ता व उनके तीन चार अन्य साथी ने करवाई है। सनी कश्यप ने मोहल्ले की एक लड़की से कोर्ट मैरिज कराई थी जिसका मुकदमा भी न्यायालय में चल रहा था। हमें आशंका है मेरे लड़की की हत्या करवाई गई है। मुख्यमंत्री की प्रार्थना पत्र में पिता ने आरोप लगाया था कि डॉक्टर पोस्टमार्टम में हार्ड अटैक दिखा दिए। लेकिन लड़के के शरीर में चोट के निशान थे। सीओ सदर के यहां पीड़ित पिता ने अपना बयान दर्ज कराया था।

## अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना के क्रियान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है 20 से

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना के क्रियान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया 20 से शुरू हो चुकी हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो0 जीशान मलिक ने बताया कि प्रीमैट्रिक (कक्षा 1 से 10 तक) के नवीन एवं नवीनीकरण छात्र–छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर तथा संस्था स्तर से अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर निर्धारित हैं। पोस्टमैट्रिक (कक्षा 11 से पीजी कोर्स तक) तथा मेरिट–कम–मीन्स (प्रोफेशनल कोर्स) के नवीन एवं नवीनीकरण छात्र–छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तथा संस्था स्तर से अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 15 नवम्बर निर्धारित हैं। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक वर्ग के मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, पारसी एवं जैन समुदाय के छात्र–छात्राओं जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय प्रीमैट्रिक रूपए एक लाख, पोस्टमैट्रिक रूपए दो लाख एवं मेरिट–कम–मीन्स रूपए ढाई लाख से अधिक न हो एवं आय प्रमाण पत्र तहसील से निर्गत किया गया हो।

# संक्षिप्त समाचार

## पयागपुर नगर पंचायत के पयागपुर गांव में पानी का निकास न होने से सड़क के ऊपर भरा

दैनिक अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। पयागपुर नगर पंचायत के पयागपुर गांव में पानी का निकास न होने से सड़क के ऊपर भरा रहता है गंदा पानी जिससे नगर वासियों को नारकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ रहा है।छेदी राम पटवा के घर से राम कुमार गुप्ता के घर तक करीब 100 मीटर सड़क जो पयागपुर मुख्य मार्ग बहराइच गोंडा मार्ग को जोड़ती है। जिसकी नाली क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण गांव का कचरा मुख्य मार्ग पर भरा रहने से लोगों को परेशानी में डाल रखा है। राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी शिकायत कई बार ग्रामीणों ने नगर पंचायत विभाग से की है परंतु कोई



संतोषजनक परिणाम सामने नहीं आया। मजबूर होकर गांव के दर्जनों लोग पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव के आवास पहुंचे और अपनी दुर्दशा को बयां किया। उन्होंने अपने छोटे भाई विपिन श्रीवास्तव को भेज कर मौके का जायजा लिया तथा नगर पंचायत को शिकायती पत्र भेज कर नगर वासियों को आश्वासन दिया। गांव के, के के कश्यप राजू तिवारी रजनीश रावत हनुमान प्रसाद अनूप रामबाबू पटवा संदीप सिंह देवराज अनुपम सिंह आदि लोगों ने सड़क का निर्माण के साथ टूटी नाली ठीक कराए जाने की मांग की है। इस बाबत में उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार ने बताया कि अभी तक इस प्रकार का प्रार्थना पत्र नहीं मिला है प्रार्थना पत्र मिलते ही समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।

## योगी सरकार द्वारा प्रदेश में बिजली यूनिट की दरों में की गई कटौती का अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार एसोसिएशन ने स्वागत किया



दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। योगी सरकार द्वारा प्रदेश में बिजली यूनिट की दरों में की गई कटौती का अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार एसोसिएशन ने स्वागत किया हैं। जिलाध्यक्ष मो. शुऐब खान ने कहा कि हमारा एसोसिएशन लगातार प्रदेश सरकार से समय–समय पर किसानों, अन्नदाताओं को फ्री बिजली व अन्य उपभोक्ताओं के बिजली बिलों की यूनिट दरो में कमी करने की अपील करता आ रहा था जोकि प्रदेश सरकार ने शनिवार को बिजली यूनिट की दरों में कमी का आदेश जारी कर जनहित में एक बेहतरीन फैसला लेकर यह साबित किया हैं कि प्रदेश सरकार भविष्य में भी जनहित के कार्यों को प्राथमिकता पर लेकर फैसले लेती रहेगी और आम जनमानस को लाभ पहुंचाती रहेगी। अब बिजली चोरी की घटनाओं में कमी तथा बिजली के बिल जमा करने में भी तेजी देखने को मिलेगी। उन्होने प्रदेशभर में अन्नदाताओं को फ्री बिजली का तोहफा देने व शहरी तथा ग्रामीण बिजली उपभोक्ताओं को 100 से 200 यूनिट बिजली प्रतिमाह फ्री करने का सराहनीय फैसला लेते हुए महंगाई से टूट रही जनता की कमर को बल देने का साहसिक आदेश जारी करने की भी मांग की हैं।

## धूमधाम से मना विधायक सभाकुवंर कुशवाहा का जन्मदिन पर हुआ रक्तदान एवं पौध रोपण





दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता चंदन कुमार गुप्ता
भाटपार रानी देवरिया। भाटपार रानी क्षेत्रीय विधायक सभाकुवंर कुशवाहा का जन्मदिन भाटपार रानी उपनगर स्थित निर्मल मैरिज हॉल में मनाया गया। विधायक के जन्मदिन के अवसर अनिरुद्ध कुशवाहा, हरिकेश कुशवाहा, शैलेश सहाय, अमरेन्द्र मौर्या,पंकज कुमार शाही, सईद अहमद,राजू कुशवाहा सहित लगभग डेढ़ दर्जन भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रहित में रक्तदान किया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आए हुए लोगों को कोविड–19 का बूस्टर डोज लगाया गया। क्षेत्रीय विधायक ने भिंगारी बाजार स्थित बाबा दिगंबर नाथ के मंदिर में पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में आए भाजपा कार्यकर्ताओं को क्षेत्रीय विधायक ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया तथा कार्यकर्ताओं एवं अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। विधायक के जन्मदिन कार्यक्रम में देवरिया सदर के विधायक डॉक्टर मणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना के विधायक सुरेंद्र चौरसिया, पूर्वांचल विकास बोर्ड के राजकुमार शाही, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे, भाजपा नेता राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह, सुशील कुमार शाही, डॉ अरविंद सहाय, उमेश प्रसाद शाही, डॉ पवन कुमार राय, सुरेश तिवारी राजेंद्र जयसवाल अनिल शाही, संजय पटेल सत्येंद्र पांडे जगदीश नारायण मिश्रा, दुर्गा शाही, अनिरुद्ध गुप्ता, बब्बन सागर, संतोष पटेल, रामविलास आर्य, सुशील मिश्रा, गुड्डू गोस्वामी, शशि रंजन तिवारी, राजन कुशवाहा, जयप्रकाश तिवारी, संतोष शाही, विनोद सिंह बघेल, हनुमान जयसवाल, लक्ष्मण सिंह कुशवाहा राहुल प्रताप सिंह, अजय पांडे, अवधेश पांडे सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने, एवं होकर बधाई दी।

## छपिया थाने की पुलिस ने शातिर चोर को गिरफ्तार कर की कार्यवाही चोरी की पंप सेट इंजन बरामद




हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स से ब्यूरो चीफ रंजीत तिवारी गोंडा। जिले के पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जिले के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थाना अध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे जो गिफ्ट दिए गए निर्देश के क्रम में दिनांक 25,7,2022 को छपिया थाने की पुलिस ने राजा बाबू उर्फ शैलेंद्र प्रताप सिंह पुत्र टि कोरी सिंह निवासी खजूरी थाना छपिया को चोरी की पंप सेट इंजन के साथ गिरफ्तार किया है जानकारी के मुताबिक यह आरोपी क्षेत्र के रहने वाले मंसाराम मिश्रा के घर से पंपिंग सेट इंजन चोरी की थी जिस के संबंध में मंसाराम ने थाना छपिया में अभियोग पंजीकृत कराया था बता दे पकड़े गए आरोपी पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है गिरफ्तार कर दा टीम में उप निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा सहित मय पुलिस बल मौजूद रही।

## पयागपुर नगर पंचायत वासी को नारकीय जीवन जीने को मजबूर

- नाली क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण गांव का कचरा मुख्य मार्ग पर डंप



शास्त्र तिवारी ब्लॉक रिपोर्टर अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। पयागपुर नगर पंचायत के पयागपुर गांव में पानी का निकास न होने से सड़क के ऊपर भरा रहता है गंदा पानी जिससे नगर वासियों को नारकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ रहा है।छेदी राम पटवा के घर से राम कुमार गुप्ता के घर तक करीब 100 मीटर सड़क जो पयागपुर मुख्य मार्ग बहराइच गोंडा मार्ग को जोड़ती है। जिसकी नाली क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण गांव का कचरा मुख्य मार्ग पर भरा रहने से लोगों को परेशानी में डाल रखा है। राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी शिकायत कई बार ग्रामीणों ने नगर पंचायत विभाग से की है परंतु कोई संतोषजनक परिणाम सामने नहीं आया। मजबूर होकर गांव के दर्जनों लोग पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव के आवास पहुंचे और अपनी दुर्दशा को बयां किया।
उन्होंने अपने छोटे भाई विपिन श्रीवास्तव को भेज कर मौके का जायजा लिया तथा नगर पंचायत को शिकायती पत्र भेज कर नगर वासियों को आश्वासन दिया। गांव के के. के. कश्यप , राजू तिवारी, रजनीश रावत ,हनुमान प्रसाद ,अनूप, रामबाबू पटवा ,संदीप सिंह, देवराज ,अनुपम सिंह आदि लोगों ने सड़क का निर्माण के साथ टूटी नाली ठीक कराए जाने की मांग की है। इस बाबत में उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार ने बताया कि अभी तक इस प्रकार का प्रार्थना पत्र नहीं मिला है प्रार्थना पत्र मिलते ही समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।

## माननीय न्यायालय जनपद गोण्डा द्वारा जारी वारण्ट के क्रम में 01 नफर वारण्टी गिरफ्तार



दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी द्वारा माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्ट में गिरफ्तारी हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) कुँवर ज्ञानन्जय सिंह व क्षेत्राधिकारी महोदय कैसरगंज श्री कमलेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में मुझ प्रभारी निरीक्षक द्वारा प्राप्त आदेश निर्देश के क्रम में थाना स्थानीय पर गठित टीम उ0नि0 श्री पवन कुमार सिंह थाना जरवल रोड जनपद बहराइच द्वारा आज दिनांक 25.07.2022 को माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्ट न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)एफ0टी0सी0द्वितीय जनपद न्यायालय गोण्डा अ0सं0 215ध1988 थाना करनैलगंज धारा 323 भादवि0 जनपद गोण्डा से जारी वारन्ट अभियुक्त कृपाल सिंह पुत्र विन्देश्वरी सिंह निवासी रडहनपुरवा दा0 जतौरा थाना जरवल रोड जनपद बहराइच को ब्रह्मचारी परिसर बहद ग्राम जतौरा से समय करीब 10.10 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय जनपद गोण्डा के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु पुलिस सुरक्षा में भेजा गया।

## डीएम ने की जनसुनवाई

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सोमवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में जन सुनवाई करते हुए फरियादियों की जन समस्याएं सुनी एवं संबंधित विभागों से संबंधित समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप त्वरित निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

## पप्पू यादव पहुचे मोतिहारी अटैक में घायल व्यवसायी से की मुलाकात, बिहार सरकार पर साधा जमकर निशाना

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी के कुंडवा चौनपुर में मंदिर के पुजारी सुरेश मस्तान की निर्मम हत्या के बाद आज जाप सुप्रीमो पप्पू यादव चंपारण पहुँचे। जहां के एक निजी अस्पताल में घायल दवा व्यवसायी मनीष कुमार से मुलाकात कर हालचाल जाना। बता दें कि अज्ञात अपराधियों द्वारा दवा व्यवसायी मनीष कुमार को गोली मार घायल कर दी गई थी।

जिसको लेकर पप्पू यादव ने कहा कि अपराधियों किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इसको लेकर एसपी से लेकर मुख्यमंत्री तक बात करूंगा और न्याय दिला कर रहूंगा। इसके बाद जाप सुप्रीमो पप्पू यादव कुंडवा चौनपुर पहुंचकर मृतक मंदिर के पुजारी सुरेश मस्तान के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और यादव ने सरकार से मांग की है कि मृतक के परिवार को बीस लाख रुपया मुआवजा मिले। एक सदस्य की सरकारी नौकरी, हत्यारों को आजीवन कारावास एवं मृतक के परिजनों की सुरक्षा की गारंटी ले सरकार अन्यथा आगे की आंदोलन की रुपरेखा तैयार किया जायेगा। जाप सुप्रीमो पप्पू यादव ने घोड़ासहन स्थित जाप के प्रदेश महासचिव अभिजीत सिंह के निवास पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि चम्पारण क्राईम का यूनिवर्सिटी बनता जा रहा है।



पप्पू यादव ने कहा कि चम्पारण के घटनाओं में ज्यादातर सत्ताधारी नेता की संलिप्तता है जिसके कारण आए दिन आपराधिक घटनाये होती है , यहां के सांसदों व विधायकों की संपत्ति की जांच होनी चाहिये। लेकिन सरकार का इस विषय पर कोई ध्यान नही दे रही है। चम्पारण में अपराधियों का मनोबल बहुत हीं बढ़ा हुआ है। पप्पू यादव ने आगे कहा कि एक समय चम्पारण बापू के नाम से जाना जाता था,आज वही चम्पारण अपराधियों का विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाता है। अपराधिक ग्राफ बहुत काफी बढ़ा है। उन्होंने बिहार सरकार के मुखिया नीतीश कुमार से लेकर जिले के राजनेताओं और पुलिस पदाधिकारियों तक को अपराध व अपराधियो के संरक्षक के रूप में बताया और बहुत सारी बातें कही।

## एसएसबी 21वीं वाहिनी के द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल अंतर्गत मंगलपुर बगहा 21वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन सभी संदीक्षा सदस्यों के बीच किया गया। जिसमे तिरंगा झण्डा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई । उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत वाहिनी मुख्यालय परिसर मे सभी संदीक्षा सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया। मद्देनजर देश मे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत देश के समस्त नागरिकों से यह अनुरोध किया गया है कि वो भारतीय झण्डा संहिता 2002 के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए अपने अपने घरों, सरकारी तथा गैर सरकारी भवनों, स्कूलों–कॉलेजों इत्यादि जगहों पर झंडोत्तोलन करें ।इसी क्रम मे 21वीं वाहिनी के द्वारा अपने कार्य क्षेत्र के अंतर्गत लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम मे श्री प्रकाश कमांडेंट 21वीं वाहिनी, श्री के अंगों सिंह उप कमांडेंट 21वीं वाहिनी श्री अंशुमान मुखोपाध्याय, सहायक कमांडेंट, समस्त संदीक्षा तथा समस्त बालकर्मी सदस्य उपस्थित रहे । उक्त कार्यक्रम श्री प्रकाश कमांडेंट ६ कमांडेंट के नेतृत्व मे तथा मार्गदर्शन मे किया जा रहा है जिसमे सभी को



इस कार्यक्रम मे सम्मिलित होने के लिए आह्वान किया गया । श्री प्रकाश कमांडेंट 21वी वाहिनी के द्वारा संदीक्षा सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा गया की इस प्रकार के कार्यक्रम से देश की एकता अखंडता को बल मिलेगा साथ ही एक साथ काम करने की प्रेरणा भी मिलेगी।

## महीने में साढ़े पांच फीट नीचे गिर गया भू-जलस्तर

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। जिले में पीने के पानी की समस्या गहराती जा रही है। पिछले 3 माह में साडे 5 फीट भू–जलस्तर नीचे खिसक गया। अधौरा के कई जगहों पर पीने की पानी टैंकर से पहुंचाई जा रही है। कमोबेश यही हालात अन्य प्रखंडों में भी बनी है। ज्यादातर गांवो में अब चापाकल भी जवाब देने लगे हैं। भभुआ और अधौरा में सर्वाधिक



गिरावट देखी गई है। अधौरा में अप्रैल माह के मध्य में 45 फीट 8 इंच पर जलस्तर था। 15 जुलाई को 52 फीट 2 इंच जलस्तर की रिपोर्ट तैयार की गई है। यही हालात मैदानी हिस्से में भी बनी है। पिछले साल की तुलना करें तो इस हिसाब से भी साढ़े 6 फिट भूजल स्तर नीचे गिरा है।पिछले साल समय से अच्छी मानसून के चलते भूजल स्तर में भी बढ़ोतरी हुई थी।लेकिन इस साल बारिश नहीं होने के चलते, जहां–तहां पटवन के लिए भूजल दोहन भी तेजी से हो रहा है। इसके चलते भी भूजल स्तर तेजी से गिर रही है। अब भी रामपुर में 36 फीट के करीब जलस्तर बना है। मसलन जिले के विभिन्न प्रखंडों में अलग–अलग जलस्तर देखा गया है। सदर प्रखंड भभुआ में भी बीते तीन माह में 3 फीट 2 इंच भूजल स्तर में गिरावट पाई गई है। भगवानपुर, चौनपुर, चांद, दुर्गावती, कुदरा, मोहनिया, रामगढ़, रामपुर में भी कमोबेश यही हालात बने हैं।

## वन विभाग ने रात्रि गश्त के दौरान तीन लकड़ी गुल्ली के साथ एक नाव किया बरामद

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा पुलिस जिला के वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुसहरवा घाट समीप वन कछ संख्या–उ/30 में रविवार की शाम नियमित गश्त के दौरान वन विभाग ने छापेमारी कर 03 अदद



मिलोर के गुल्ली के साथ 01अदद नाव एवं 01 अदद हाथ आरा बरामद किया गया। वही वन विभाग के रेंजर रॉबिन आनंद ने बताया कि रविवार के दिन नियमित गाश्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली।सूचना मिलते ही वनपाल आजाद कुमार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम के द्वारा उक्त स्थल पर पहुंचकर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान सामान बरामद किया गया। हालांकि आरोपी मौका पाकर भाग निकलने में कामयाब हुए। बाल्मिकीनगर वन क्षेत्र के रेंजर रॉबिन आनंद ने बताया कि बरामद सभी संपत्तियों को विभागीय ट्रैक्टर के द्वारा वन परिसर कोत्रहा लाया गया। वन विभाग की टीम वन अपराधियों की पहचान में जुटी हुई हैं, उनकी पहचान कर वन अधिनियम के तहत अग्रतर कार्यवाई की जाएगी।

## शिक्षा विभाग सुपौल को दीमक की तरह खोखला कर रहे हैं अयोग्य बीआरपी : मनोज कुमार यादव

आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल। टीईटी एसटीईटी उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ गोपगुट सुपौल के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने जिला पदाधिकारी सुपौल,जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सुपौल, प्राथमिक शिक्षा निदेशक बिहार पटना,अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग बिहार पटना,शिक्षा मंत्री बिहार सरकार पटना,माननीय मुख्यमंत्री बिहार सरकार पटना,महामहिम राज्यपाल बिहार सरकार पटना,मानव संसाधन विकास विभाग भारत सरकार नई दिल्ली,प्रधानमंत्री महोदय भारत सरकार नई दिल्ली, महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार नई दिल्ली को इमेल से पत्राचार कर कहा है कि बिहार बीआरपी– सीआरसीसी चयन कार्य एवं दायित्व से संबंधित मार्गदर्शिका–2017 की नियम का अनदेखी कर तत्कालीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुपौल" । के द्वारा व्यक्तिगत हित की पूर्ति कर विभागीय नियम कानून को ताक पर रखकर अवैध रूप से अयोग्य बीआरपी का चयन किया गया है ।जबकि

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद राज्य कार्यालय बिहार पटना के ज्ञापांक–फनंसपजलध्म्थ्म्332६201 5–16६5498 दिनांक– 18.09.2018 के आदेशालोक में

सुपौल जिला के कुल ग्यारह प्रखंड में बिहार ठत्च – ब्ब चयन कार्य एवं दायित्व से संबंधित मार्गदर्शिका 2017 की कंडिका 1,2,3 एवं 5 की नियम का अक्षरश पालन करते हुए चयन करना था, तत्कालीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान सुपौल ने उक्त कंडिका का अक्षरश अवहेलना कर सुपौल जिला के त्रिवेणीगंज,छातापुर,पिपरा,सुपौल, राघोपुर,बसंतपुर, प्रतापगंज,निर्मली, सरायगढ़,किशनपुरमें वैध आवेदक को नजर अंदाज कर 12 वर्ष से कार्यरत अयोग्य बीआरपी को पुनः पद पर बहाल कर दिया है,जबकि बिहार ठत्च–ब्ब चयन एवं कार्य से संबंधित मार्गदर्शिका–2017 के भाग–3 कंडिका 2•3 के उप कंडिका (च) में स्पष्ट उल्लेख था कि पूर्व से कार्यरत बीआरपी को दोबारा बीआरपी नहीं बनाया जाना है फिर भी तत्कालीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी"(।) सुपौल के द्वारा व्यक्तिगत हितों की पूर्ति करते हुए नियम कानून को ताक पर रखकर अपने चहेते लोगों को बीआरपी बना दिया गया है,जो विभागीय नियम की अनदेखी एवं अवहेलना है ।वहीं संघ के जिला प्रतिनिधि पवन कुमार पासवान ने ने कहा की विभागीय पत्रांक Quality/EFE/332/2015–16/5498 दिनांक 18.09.2018 के कंडिका 1,2,3 एवं 5 का शिक्षा विभाग को अवलोकन करना चाहिए और पूर्व से पदस्थापित



बीआरपी की नियुक्ति प्रक्रिया की जांच कर गलत पाए जाने पर अवैध रूप से कार्यरत बीआरपी को मूल विद्यालय में शिक्षण कार्य हेतु अविलंब विरमित किया जाना चाहिए और आवश्यक हों तो योग्य आवेदक को ही बीआरपी बनाया जाना चाहिए।

## भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक का आयोजन




देवेन्द्र कुमार दैनिक अयोध्या टाइम्स बाढ़। संगठन जिला बाढ़ भाजपा के जिला कार्यसमिति की बैठक बाढ़ डाकबंगला स्थित हॉल में जिला अध्यक्ष डॉ सियाराम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बैकुंठपुर के पूर्व विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तिवारी उपस्थित हुए । उन्होंने अपने संबोधन में संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया 28 एवं 29 जुलाई को प्रवासी कार्यकर्ताओं के बाढ़ , बख्तियारपुर एवं फतुहा विधानसभाओं में होने वाले प्रवास एवं कार्यक्रम के बारे में युवा मोर्चा , महिला मोर्चा एवं किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं प्रभारी से जानकारी लिया । ज्ञात हो कि पूरे बिहार के 200 विधानसभा में 28 एवं 29 जुलाई को पटना आने वाले सभी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति में भाग लेने वाले दो दो पदाधिकारियों को प्रवास पर भेजा जा रहा है , इसी के तहत बाढ़ विधानसभा में युवा मोर्चा को बख्तियारपुर विधानसभा में किसान मोर्चा को तथा महिला मोर्चा को फतुहा विधानसभा में कार्यक्रम दिया गया है । मिथलेश तिवारी ने सभी मंडल अध्यक्षों एवं जिला के सभी पदाधिकारियों से पन्ना प्रमुख यथाशीघ्र बनाने का भी आग्रह किया । उन्होंने 31 जुलाई को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के द्वारा नवनिर्मित जिला कार्यालय का पटना से रिमोट के द्वारा उद्घाटन के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया । उन्होंने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि केंद्र सरकार के किए हुए कार्यों को जन जन तक बताने एवं पहुंचाने की जरूरत है । बहुत सारे उदाहरण लेकर उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया । उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को आजादी के अमृत महोत्सव समाप्त होने के बाद भारत किस प्रकार अमृत काल में प्रवेश करेगा एवं आने वाले समय में भारत किस प्रकार विश्व गुरु की ओर अग्रसर होगा । बैठक में बख्तियारपुर के पूर्व विधायक रणविजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू मुखिया , जिला प्रभारी सीताराम पांडे , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश सिंह , नरेश महतो , मनोज कुमार , पप्पू कुंवर , विजय पासवान , धर्मवीर सिंह , प्रियरंजन कुमार , सत्यनारायण प्रसाद , अरविंद यादव , हेमंत सिंह , निलेश रंजन , दिलीप टुनटुन , आकाश यादव , रोशन भारद्वाज , किरण गुप्ता , प्रीति रानी , सुषमा गुप्ता , संजीव कुमार मुन्ना , राजू कुमार मुन्ना , अवधेश सिंह , प्रमोद कुमार सिंह , उमेश सिंह , बैकुंठ नारायण झा , संजय कुमार शाह , राधे विश्वकर्मा , केशव कांत प्रसाद , संजय गिरी सहित काफी संख्या में जिला के पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष महामंत्री कार्यसमिति सदस्य उपस्थित थे ।

## शिवलिंग के ऐसे करें अभिषेक, मिलेगा लाभ

धर्म अध्यात्म

विकास कुमार पाण्डेय। सावन में शिव अराधना का विरोध महत्व है, यदि भगवान भोलेनाथ को खुश करना है तो इसका सबसे उत्तम तरीका शिवलिंग पर जलाभिषेक को माना जाता है! बहुत ऐसे लोग हैं जिन्हें ये पता नहीं है कि अभिषेक कैसे करें और किस चीज से करें ताकि भगवान शंकर की कृपा पूरे परिवार पर हो ! आज हम आपको अभिषेक का तरीका और उसमें लगने वाली सामग्री के बारे में बताएंगे ! 'जल से रुद्राभिषेक करने पर वृष्टि होती है। 'कुशा जल से अभिषेक करने पर रोग व दुरूख से छुटकारा मिलता है। 'दही से अभिषेक करने पर पशु, भवन तथा वाहन की प्राप्ति होती है।

'गन्ने के रस से अभिषेक करने पर लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

'मधुयुक्त जल से अभिषेक करने पर धनवृद्धि होती है।

'तीर्थ जल से अभिषेक करने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है।

'इत्र मिले जल से अभिषेक करने से रोग नष्ट होते हैं।

'दूध से अभिषेक करने से पुत्र प्राप्ति होगी। प्रमेह रोग की शांति तथा मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

'गंगा जल से अभिषेक करने से ज्वर ठीक हो जाता है।

'दूध–शर्करा मिश्रित अभिषेक करने से सद्बुद्धि की प्राप्ति होती है।

'घी से अभिषेक करने से वंश विस्तार होता है।

'सरसों के तेल से अभिषेक करने से रोग तथा शत्रुओं का नाश होता है।

'शुद्ध शहद से रुद्राभिषेक करने से पाप क्षय होते हैं।

'ये भी जानें'

1. शिवलिंग पर कच्चे चावल चढ़ाने से धन–संपत्ति की प्राप्ति होती है।
2. तिल चढ़ाने से समस्त पापों का नाश होता है।
3. शिवलिंग पर जौ चढ़ाने से लंबे समय से चली रही परेशानी दूर होती है।
4. शिवलिंग पर गेहूं चढ़ाने से सुयोग्य पुत्र की प्राप्ति होती है।
5. शिवलिंग पर जल चढ़ाने से परिवार के किसी सदस्य का तेज बुखार कम हो जाने की मान्यता है।
6. शिवलिंग पर दूध में चीनी मिलाकर चढ़ाने से बच्चों का मस्तिष्क तेज होता है।
7. शिवलिंग पर गन्ने का रस चढ़ाने से सभी सांसारिक सुखों की प्राप्ति होती है।
8. शिवलिंग पर गंगा जल चढ़ाने से मनुष्य को भौतिक सुखों के साथ–साथ मोक्ष की प्राप्ति भी होती है।
9. शिवलिंग पर शहद अर्पित करना करने से टीबी या मधुमेह की समस्या में राहत मिलती है।
10. शिवलिंग पर गाय के दूध से बना शुद्ध देसी घी चढ़ाने से शारीरिक दुर्बलता से मुक्ति मिलती है। 11. शिवलिंग पर आंकड़े के फूल चढ़ाने से सांसारिक बाधाओं से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।
12. शिवलिंग पर शमी के पेड़ के पत्तों को चढ़ाने से सभी तरह के दुरूखों से मुक्ति प्राप्त होती है।

## शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराएं महावीरी झंडा एवं मुहर्रम : जिलाधिकारी

☒ गड़बड़ी करने वालों पर होगी कड़ी से कड़ी कार्रवाई : पुलिस अधीक्षक

☒ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को सजग एवं सतर्क रहने का निर्देश

☒ जुलूस रूट वेरिफिकेशन, रोको–टोको अभियान, फूट एवं फ्लैग मार्च, ड्रोन से छतों पर निगरानी, 107 एवं 110 की कार्रवाई, क्यूआरटी का गठन आदि करने का निर्देश

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बेतिया जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि आगामी 02 अगस्त को महावीरी झंडाध्अखाड़ा तथा 09 जुलाई को मुहर्रम त्योहारध्पर्व मनाया जाना है। उक्त त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को सजग एवं सतर्क रहकर अपने–अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का निवर्हन करना है।उन्होंने कहा कि बिना अनुज्ञप्ति के किसी भी प्रकार का जुलूस नहीं निकलना चाहिए। अनुज्ञप्ति में आयोजकों का पूरा डिटेल् रखें, ग्रुप फोटोग्राफ लें। सभी से शपथ पत्र ले कि किसी भी तरह की विधि व्यस्वस्था की समस्या होती है तो उनकी जिम्मेवारी होगी। उन्होंने कहा कि यह भी ध्यान रखें कि अगर जुलूस में बाईक शामिल होता है तो इसका भी पूरा डिटेल रखें तथा वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी कराना सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी समाहरणालय सभाकक्ष में आगामी पर्व–त्यौहारों के अवसर पर विधि–व्यवस्था संधारित करने हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निदेशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जुलूस हेतु रूट वेरिफिकेशन कर ली जाय। आयोजक जुलूस निकालने के पूर्व वोलेंटियर तैनात करेंगे, उन्हें पहचान पत्र निर्गत करेंगे तथा शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस आदि निकालना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि संवेदनशील गलियों, मुहल्लों, रास्तों में ड्रोन के माध्यम से रूफ टॉप की जांच करा लिया जाय। आवश्यकतानुसार रूफ टॉपों पर आवश्यक संसाधनों के साथ मजिस्ट्रेट एवं पुलिस फोर्स को तैनात किया जाय।उन्होंने निदेश दिया कि डीजे संचालन पर पूरी तरह प्रतिबंध है। इस हेतु डीजे संचालकों के साथ मिटिंग करते हुए उन्हें सख्त हिदायत दिया जाय। साथ ही भड़काउं नारा एवं गाना आदि का प्रसारण भी नहीं होने पाएं, इसका विशेष ख्याल रखा जाय। इसके साथ सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों की सतत निगरानी भी की जाय। इस हेतु साईबर सेल को पूरी तरह एक्टिव रहना है। जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि ड्रॉप गेट का निर्माण कर रोको–टोको अभियान चलाया जाय। प्रत्येक आने जाने वाले वाहनों, व्यक्तियों की गहन तलाशी ली जाय। जांच का प्रॉपर वीडियोग्राफी कराना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि विधि–व्यवस्था प्रभावित करने वाले संदेहास्पद व्यक्तियों सहित असमाजजिक एवं अपराधिक तत्वों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। इस हेतु धारा–107 एवं 110 के तहत



तीव्र गति से कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थलों तथा जुलूस निकलने वाले रूटों पर नियमित फ्लैग मार्च एवं फुट मार्च किया जाय। इस दौरान भी रोको टोको अभियान सख्ती के साथ सुनिश्चित किया जाय। फ्लैग एवं फुट मार्च में एसएसबी की भी सहायता ली जाय। उन्होंने कहा कि होटलों, लॉजों, धर्मशालाओं की नियमित रूप से जांच करायी जाय तथा औचक छापेमारी कराना सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि आपतिजनक सामग्रियों को लेकर सभी को विशेष सावधानी बरतनी है। संवेदनशील धार्मिक स्थलों पर निगरानी के लिए कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाय। अतिसंवदेन शील स्थलों में एक्जिट एवं एंट्री प्वाइंट पर गहन जांच कराना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही ऐसे स्थलों पर मजिस्ट्रेट, पुलिस दंडाधिकारी सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स की प्रतिनियुक्ति की जाय। उन्होंने कहा कि सूचना तंत्र को पूरी तरह एक्टिव रखना है। आ–सूचना संग्रह के माध्यम से प्रत्येक छोटी–छोटी गतिविधियों पर निगरानी रखनी है तथा त्वरित गति से निरोधात्मक कार्रवाई करनी है। उन्होंने निदेश दिया कि जिलास्तर से लेकर पंचायत स्तर तक के सभी सूचना तंत्रों को जिम्मेदारी सौंपी जाय।उन्होंने कहा कि जिलास्तर से लेकर प्रखंडस्तर तक कंट्रोल रूम फंक्शनल रखना है। साथ ही क्यूआरटी का गठन करते हुए आवश्यक संसाधनों के साथ हमेशा अलर्ट मोड में रखना है ताकि विषम परिस्थिति में त्वरित गति से कार्रवाई करते हुए विधि–व्यवस्था का संधारण किया जा सके। पुलिस अधीक्षक बेतिया उपेन्द्र नाथ वर्मा ने कहा कि उक्त पर्व, त्यौहारों के मद्देनजर सभी पुलिस अधिकारियों को पूरी तरह अलर्ट रहना है। लगातार पेट्रोलिंग करें तथा असामाजिक एवं अपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों के विरूद्ध विधि सम्मत निरोधात्मक कार्रवाई करें। किसी भी सूरत में असामाजिक तत्वों एवं सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों को बख्शें नहीं, सख्त कार्रवाई करें।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनिल कुमार, अपर समाहर्ता नंदकिशोर साह, अनिल राय सहित सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी, सभी एसडीएम, सभी एसडीपीओ,सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## सावन माह की दूसरी सोमवारी को सभी शिवालयों में देखा गया शिव भक्तों का जनसैलाब

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक (सारण)। मशरक प्रखंड के सभी शिवालयों पर सावन महीना की दूसरी सोमवारी पर शिव भक्तों का जन सैलाब देखने को मिला। काफी संख्या में शिवभक्त माताएं, बहनें एवं पुरुष युवा साथी जय शिव जय शिव के उद्घोष के साथ शिवालयों में जलाभिषेक करते दिखे। सारण जिला के मशरक प्रखंड अंतर्गत डूमदूमा अवस्थित शिव मंदिर के प्रांगण में हजारों हजारों की संख्या में शिव भक्तों को जलाभिषेक करते देखा गया, तो वही मशरक थाना से सटे उत्तर प्राचीन शिव मंदिर में भी हजारों हजार की संख्या में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। प्रखंड के सभी



शिवालयों में शिव भक्तों के द्वारा ओम नमः शिवाय की जाप करते हुए शिव भक्त काफी उत्साह के साथ जलाभिषेक करते दिखे। हिंदू आस्था के अनुसार सभी शिव भक्तों का मानना है कि सावन महीना में देवों के देव महादेव सभी शिवालयों में वास करते हैं। शिव भक्त देवों के देव महादेव को जलाभिषेक करते हुए शिवजी से का पूजा अर्चना कर काफी खुश नसीब समझते हैं कि भोले शंकर का दर्शन प्राप्त हो गया, सभी शिव भक्तों धन्य हो गए।

## मशरक थाना परिसर में 200 लीटर देशी शराब का हुआ विनष्टीकरण

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक थाना परिसर में भारी मात्रा में देशी शराब को विनष्ट किया गया। मशरक थाना में विभिन्न 2 काण्डों में जब्त की गई देशी शराब का विनष्टीकरण



न्यायालय के आदेश के दंडाधिकारी एवं उत्पाद अधिकारी की मौजूदगी में किया गया। डीएम द्वारा प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी के उपस्थिति में उत्पाद अधिकारी, मशरक थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा ,दारोगा प्रमोद कुमार, बृजनंदन प्रसाद की उपस्थिति में थाना परिसर में ही जब्त शराब को फोड़ कर बहाने के बाद जमींदोज कर दिया गया। थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के आलोक में मशरक थाना के विभिन्न 2 कांडों में जब्त किए गए 200 लीटर कच्चा स्प्रीट देशी शराब का विनष्टीकरण किया गया।

## श्री मुकेश कुमार उप विकास आयुक्त, सुपौल की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित टी.सी.पी. भवन, सुपौल में सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स सुपौल। आज 10 बजे पूर्वाहन में जिला पदाधिकारी, सुपौल के निदेशानुसार श्री मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त, सुपौल की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित टी०सी०पी० भवन, सुपौल में सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता, सुपौल, सिविल सर्जन, सुपौल, निदेशक, डी०आर०सी०ए०, सुपौल, अनुमंडल पदाधिकारी, सुपौल, समाहरणालय सुपौल के सभी शाखाओं के प्रभारी पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे। साथ ही उन्त समीक्षात्मक बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी अंचलाधिकारी, सुपौल जिला विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे। बैठक में मुख्य रूप से एम०जे०सी०. सी0डब्लू0जे0सी0 से संबंधित मामले, मुख्यमंत्री जनता दरबार से संबंधित परिवाद, ई–डेस बोर्ड निष्पादन की स्थिति CPGRAM से संबंधित परिवाद की जाँच की स्थिति एवं निष्पादन की स्थिति, जिला जनता दरबार में प्राप्त परिवाद की अद्यतन स्थिति विभागवार समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त, सुपौल द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी को माननीय उच्च न्यायालय में दायर बाद मे समय पर ओथ लेने तथा उपरोक्त अन्य मामले में प्राप्त शिकायतों/परिवादों को निर्धारित समय के अन्दर जाँच कर प्रतिवेदन जिला को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

## कैमूर में गहराया पेयजल संकट, नाप नापकर दिया जा रहा लोगों को पीने का पानी

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। कैमूर से हैरान कर देने वाली तस्वीर सामने आ रही है, जहां शहर से लेकर गांव तक पीने के पानी को लेकर हाहाकार की स्थिति है महिलाओं और युवतियों को सुबह–शाम हैंडपंप और टैंकरों के सामने एक घड़ा पानी भरने के लिए लाइन लगानी पड़ रही है उनके साथ छोटे बच्चे भी धूप में तप रहे हैं तब कहीं जाकर



परिवार का कंठ तर हो पा रहा है. जिनपर पानी की व्यवस्था का दायित्व है, वे ओवरहेड टंकी, टैंक टाइप स्टैंड पोस्ट (टीटीएसपी) और हैंडपंप तक ठीक नहीं करा रहे हैं कहीं मोटर खराब हैं, तो कहीं हैंडपंपों से पानी नहीं निकल रहा है हालांकि सरकार की महत्त्वाकांक्षी नल जल योजना भी इस सूखे में लोगों का गला तर नहीं कर पा रहा है बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे कैमूर के सलथुआ पंचायत स्थित रतिचक गांव के लोगों ने जब टैंकर से पानी मंगाया तो काफी तादाद में महिलाएं, बुजुर्ग, छोटे–छोटे बच्चे घर से बर्तन लेकर पानी के टैंकर तक पहुंचे ऐसी स्थिति में गांव के लोगों को नाप–नाप कर पानी दिया गया, ताकि सभी घरों तक पीने का पानी पहुंच जाए।

## भाभी के प्यार में पागल शख्स को रास नहीं आई पत्नी, शादी के 21 दिन बाद ही कर दिया कत्ल

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। भाभी से अवैध सबंध रखने वाले पति ने ही अपनी पत्नी की हत्या कर दी घटना का दर्दनाक पहलू ये रहा कि जिस महिला की हत्या की गई उसकी शादी महज 21 दिन पहले ही हुई थी मामला पुलिस तक पहुंचा तो पुलिस ने बगैर किसी देरी के त्वरित कार्रवाई की और हत्याकांड का 24 घंटे में ही खुलासा कर लिया अवैध संबंध में पत्नी की हत्या का ये मामला बिहार के कैमूर जिले से जुड़ा हुआ है. पुलिस ने चौनपुर के सिकंदरपुर गांव में हुए नवविवाहिता हत्याकांड का 24 घंटे में ही खुलासा करते हुए पति और भाभी को गिरफ्तार कर लिया पुलिस के मुताबिक अवैध संबंध में नव विवाहिता की हत्या गले को दुपट्टे से दबाकर कर दी गई थी पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी करने के साथ ही हत्या में प्रयुक्त किया गया दुपट्टा भी बरामद कर लिया है मृतका की बहन सलमा ने बताया था कि रुकसाना खातून की हत्या दहेज की वजह से कर दी गई है क्योंकि नियाज खान की तरफ से बार–बार एक अपाचे मोटरसाइकिल की मांग की जा रही थी हमारे माता–पिता का निधन हो चुका है, जिस कारण हम इतनी जल्दी मोटरसाइकिल देने के लिए सक्षम नहीं थे और नियाज खान मेरी बहन को हमेशा दहेज के लिए प्रताड़ित करता था।

## द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण पर आदिवासी समाज ने निकाली शोभा यात्रा

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। देश के महामहीम राष्ट्रपति पद की आज सोमवार को 10.15 बजे द्रौपदी मुर्मू द्वारा शपथ ग्रहण ली गई।जो श्रीमती मुर्मू देश के दुसरी महिला राष्ट्रपति और आदिवासी समाज से पहली राष्ट्रपति बनीं। शपथ ग्रहण अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं और



आदिवासी समाज के नवयुवक यूवा संघ के द्वारा हर्षोल्लास के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में भारी संख्या में आदिवासी समाज के पुरूष एवं महिलाओं ने भाग लिया।शोभायात्रा में बगहा अनुमंडल के प्रखंड बगहा दो के विभिन्न गांवों सेमरा, डढ़िया,चरहिया, कदमहवा, मिश्रौली, धगड़हिया, चिउटाहा, भितहाँ, बैरिया आदि आदिवासी क्षेत्र का भ्रमण किया गया। जिसमे बगहा विधायक राम सिंह, मनोज सिंह, रितु जयसवाल, अचिंत्य लला, मोहन साहु, दीपक राही समेत तमाम कार्यकर्ता एवं आदिवासी समाज के लोग शामिल रहे।

# बिहार के सभी जिलों में आज से मनेगा बिजली महोत्सव अमृत महोत्सव के तहत 30 जुलाई तक चलेगा यह कार्यक्रम

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार शरीफ (नालंदा)। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत बिहार के सभी 38 जिलों में बिजली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरुआत आज 25 जुलाई से शुरु होगा और 30 जुलाई तक चलेगा। उज्ज्वल भारत, उज्ज्वल भविष्य–पावर 2047 कार्यक्रम के तहत कई आयोजन होंगे। 30 जुलाई को इस कार्यक्रम का




समापन प्रधानमंत्री के द्वारा देश में कार्यान्वित विद्युत क्षेत्र के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया जाना प्रस्तावित है। इसमें पटना जिले के स्मार्ट मीटर के लाभार्थी से पीएम संवाद करेंगे।विद्युत मंत्रलाय ने इस कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन के लिए एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र–एक पटना के कार्यकारी निदेशक, शीतल कुमार को बिहार के लिए राज्य नोडल अधिकारी नामित किया है। राज्य के सभी 38 में से 25 जिलों में एनटीपीसी, 12 जिलों में पावरग्रिड और एक जिले में सतलज जल विद्युत निगम के पदाधिकारियों को जिला नोडल पदाधिकारी की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

नोडल अधिकारी संबंधित जिलों के जिला पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर इस कार्यक्रम को संयुक्त रूप से आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। विद्युत मंत्रालय ने बिजली महोत्सव के तहत बिहार के हर जिले में दो–दो कार्यक्रम आयोजित करने को कहा है। पटना में इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु अधिवेशन भवन एवं बिहार म्यूजियम को आयोजन स्थल के तौर पर चयनित किया गया है। जिसमें 26 व 27 जुलाई 2022 को इन दोनों स्थलों पर बिजली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसमें अन्य गणमान्य अतिथियों के अलावा बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन और युवा,कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. आलोक रंजन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में केंद्र एवं राज्य द्वारा विद्युत तथा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्रों में किए गए विभिन्न उपलब्धियों को जनता के लिये प्रदर्शित किया जाएगा।

# सावन के पावन महीना में सत्याग्रह सेवा संस्था मंदीर का किया साफ-सफाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स से नरकटियागंज संवाददाता दीपू साह नरकटियागंज प्रखंड के भेडिहरवा पंचायत अंतर्गत बैतापुर राम जानकी मंदिर का सत् याग्रह सेवा संस्थान द्वारा साफ सफाई कार्यक्रम किया गया मंदिर की दुर्दशा पर ग्रामीणों पुजारी एवं संस्था के सदस्य द्वारा चर्चा की गई की मंदिर का जीर्णोद्धार कैसे हो उसमें लगने वाले पैसों का कैसे व्यवस्था की जाए मंदिर के पुजारी राजेश झा ने बताया कि इस मंदिर का निर्माण 1969 मे हुआ और दाता द्वारा मंदिर में जो जमीन दिया गया है। उससे अधिकगृहत जमीन का बटाइदार द्वारा समय से बटाई का पैसा नहीं दिया जाता हैऔर कुछ जमीन इस पंचायत से दुर है मुझे मालूम नहीं है।और वहां कुछ मिलता भी नहीं है। जिसके कारण मंदिर का विकास नहीं हो पाता है और सरकार का भी ध्यान नहीं है उन्होंने सत्याग्रह सेवा संस्था से आग्रह किया कि अगर आप लोग सहयोग करें और देखरेख करें तो इस मंदिर का विकास संभव है मौके पर सत्याग्रह सेवा संस्था के संस्थापक संजय कुमार कोषाध्यक्ष राहुल कुमार वरनवाल सचिव रेहान नैयर राष्ट्रीय सदस्य अजीत राय रवि कुमार



मासूम राजा एवं समाजसेवी ग्रामीण रईस अंसारी कृष्णा शर्मा पुनदेव कुशवाहा मुन्ना महतो सुरेश राम विनय राय इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# सावन के दूसरी सोमवार को लगा भक्तों की भीड़

(सत्य नारायण कामत – अनुमंडल चीफ ब्यूरो निर्मली सुपौल) निर्मली अनुमंडल अंतर्गत मरौना प्रखंड के कदमाहा पंचायत में भाड़ी संख्या में भक्तों के द्वारा कोशी नदी में स्नान कर व जल भरकर शिवजी मंदिर में जल अर्पित कर पूजा अर्चना किया।

भक्तों का मानना है कि सावन महीने का दूसरा सोमवार, इस दिन प्रदोष व्रत का भी शुभ सयोंग बन रहा है।

शास्त्रों के अनुसार प्रदोष व्रत भगवान शंकर को समर्पित माना



गया है इसके साथ ही इस दिन सवार्थ सिद्ध व अमृत सिद्ध के साथ ध्रुव योग है। ज्योतिष के अनुसार स्वार्थ सिद्धि व अमृत सिद्धि योग में किये गए कार्यों का फल सिद्ध मिलता है इस योग में पूजा अर्चना करने से भगवान शिव एवं माता पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त होते हैं स सावन के दूसरे सोमवार को संध्या काल में त्रयोदशी लग जाने से इस दिन सोम प्रदोष व्रत हो गया है। इसी व्रत को ध्यान में रखते हुए भक्तों का भीड़ बढ़ा एवं शिव मंदिर में जल अर्पित कर पूजा अर्चना किया गया। वहीं ग्रामीणों के द्वारा मंदिर परिसर में भक्तों की सुख सुविधा के लिए पूर्ण व्यवस्था किया गया। भक्तों–फुल कुमार कामत, दुर्गानंद जी, अजीत कुमार, देवकांत जी, संजीत, रंजन कुमार, नवोद कुमार, अनिल कामत, नितीश कुमार, डोमी कामत एवं अन्य भक्तों का कहना है कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी हर्षोउल्लास के साथ बाबा शिव जी के मंदिर में जल अर्पित कर पूजा अर्चना किया गया है।

# एसडीएम एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों ने लिया देकुली धाम के सुरक्षा विधि व्यवस्था किया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स गोपाल कुमार ठाकुर शिवहर ब्यूरो चीफ। शिवहर,सीतामढ़ी। अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद इश्तियाक अली अंसारी ने जिले के ऐतिहासिक एवं पौराणिक धार्मिक स्थल बाबा भुवनेश्वर। नाथ धाम पर दूसरी सोमवारी को सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया है। दूसरी सोमवारी को अब तक मंदिर प्रबंधन समिति के द्वारा बताया गया है कि इस बार ज्यादा भीड़ नहीं है फिर भी तकरीबन 30,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर चुके हैं। एसडीएम के निरीक्षण के दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी लाल देवराम, पिपराही प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद बासिक हुसैन, पूरनहिया प्रखंड



विकास पदाधिकारी आशीष कुमार, डुमरी कसारी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार झा, स्थानीय थानाध्यक्ष सूरज कुमार गुप्ता आदि विधि व्यवस्था का जायजा लिया है।

# स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह महाराजा स्टेडियम बेतिया में मनाया जायेगा

☒ मुख्य समारोह स्थल पर माननीय प्रभारी मंत्री करेंगे झंडोत्तोलन

☒ जिले के महादलित टोलों सहित अमृत सरोवर स्थल पर भी होगा झंडोत्तोलन

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त 2022 को स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह स्थानीय महाराजा स्टेडियम में मनाया जायेगा। मुख्य समारोह स्थल पर झंडोत्तोलन माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग, बिहार–सह प्रभारी मंत्री, पश्चिम चम्पारण द्वारा किया जाना है। 15 अगस्त पर झंडोत्तोलन सहित अन्य कार्यक्रमों की तैयारी की समीक्षा आज जिलाधिकारी, श्री कुंदन कुमार द्वारा की गयी।उन्होंने कहा कि मुख्य समारोह स्थल सहित अन्य कार्यक्रम की सभी तैयारियां ससमय कर ली जाय। माननीय प्रभारी मंत्री को झंडोत्तोलन हेतु विधिवत आमंत्रित किया जाय। साथ ही जिले के अन्य माननीय जनप्रतिनिधियों को भी समारोह में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाय। उन्होंने कहा कि मुख्य समारोह स्थल पर जलजमाव की समस्या नहीं रहें, इसके लिए नगर निगम द्वारा कारगर उपाय किया जाय। परेड पूर्वाभ्यास के दौरान चूना आदि का प्रयोग किया जाय, मैदान में गड्ढ़ा नहीं किया जाय। सार्जेंट मेजर झंडा फहराने की सुव्यस्थित व्यवस्था करेंगे। झंडा सही तरीके से बंधा हो एवं सुगमतापूर्वक फहर जाय, इसे सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने कहा कि समारोह स्थल पर आगन्तुकों, वाहनों, स्टेज आदि के लिए सैनेटाईजेशन एवं थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था सिविल सर्जन अपने स्तर से करेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया को साफ–सफाई, जलनिकासी तथा अन्य सभी आवश्यक तैयारियां ससमय पूर्ण कर लेने का निदेश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया है। वहीं कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल को रंगाई–पुताई तथा कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग को आवागमन हेतु समुचित व्यवस्था ससमय कर लेने को कहा



गया है। उन्होंने कहा कि महाराजा स्टेडियम स्थित मुख्य समारोह के अतिरिक्त महादलित कस्बे में स्थानीय अधिकारी भाग लेंगे तथा स्थानीय बुजुर्ग महादलित सदस्यध्सदस्या के द्वारा झंडोत्तोलन कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस बार जिले के सभी अमृत सरोवर स्थलों पर भी झंडोत्तोलन कराया जाना है। डीपीएम, जीविका, ग्रामीण विकास अभिकरण से समन्वय स्थापित कर इसे सुनिश्चित करायेंगे। समीक्षा के क्रम में प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा द्वारा बताया गया कि मुख्य समारोह स्थल महाराजा स्टेडियम में 09.00 बजे पूर्वाह्न झंडोत्तोलन होगा। इसके साथ ही 09.30 बजे पूर्वाह्न समाहरणालय प्रांगण, 09.40 बजे पूर्वाह्न जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, 09.50 बजे पूर्वाह्न पुलिस अधीक्षक, बेतिया के कार्यालय प्रांगण, 10.00 बजे पूर्वाह्न अनुमंडल कार्यालय, बेतिया सदर, 10.05 बजे पूर्वाह्न गृह रक्षा वाहिणी कार्यालय, 10.15 बजे पूर्वाह्न पुलिस केन्द्र, बेतिया एवं 11.00 बजे पूर्वाह्न महादलित बस्ती तथा अमृत सरोवर स्थल पर झंडोत्तोलन सम्पन्न होगा।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बेतिया उपेन्द्र नाथ वर्मा, उप विकास आयुक्त अनिल कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंगलवार की शाम जिले को प्राप्त होगा 1924 मिट्रिक टन यूरिया



☒ यूरिया सहित अन्य उर्वरकों की कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध करें सख्त कार्रवाई : जिलाधिकारी

☒ किसानों को ससमय, सही वजन के साथ निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें यूरिया सहित अन्य उर्वरक

☒ सभी एसडीएम को उर्वरक दुकानों की औचक जांच कराने का निदेश

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बेतिया जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि यूरिया सहित अन्य उर्वरकों की कालाबाजारी करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जाय। खरीफ मौसम में जिले के किसानों को यूरिया की किल्लत नहीं होनी चाहिए, उन्हें सुगमतापूर्वक यूरिया सहित अन्य उर्वरक उपलब्ध हो सके, इसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में अधिकारियों को निदेशित कर रहे थे।जिलाधिकारी ने कहा जिले से यूरिया सहित अन्य उर्वरकों को नेपाल ना ले जाया जाय, इस पर तुरंत कारगर कार्रवाई की जाय और इस पर पूर्णतः रोक लगायी जाय। उन्होंने कहा कि नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस, प्रशासन के साथ–साथ एसएसबी को भी पूरी मुस्तैदी बरतनी है। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम एसएसबी के साथ समन्वय स्थापित कर इस पर पूर्णतः अंकुश लगाना सुनिश्चित करेंगे। एसएसबी के ऑफिसर्स को इस हेतु जिलाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा सभी एसडीएम को निदेश दिया गया कि क्षेत्रान्तर्गत यूरिया की कालाबाजारी को रोकने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही गड़बड़ी में शामिल कर्मियों एवं दुकानदारों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाय।

उन्होंने कहा कि यूरिया सहित अन्य उर्वरकों की बिक्री ससमय, सही वजन के साथ निर्धारित मूल्य पर कराना सुनिश्चित किया जाय। इस हेतु सभी एसडीएम टीम का गठन करें और औचक रूप से छापेमारी करायें। उर्वरक दुकानों की गहन जांच करायें। पॉस मशीनों से एक–एक डिटेल लें और किसानों से फीडबैक भी प्राप्त करें।जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उर्वरक विक्रेताओं पर किसान सलाहकार एवं कृषि समन्वयकों की प्रतिनियुक्ति की गयी है, जो उर्वरक की बिक्री पर नजर बनाये रखते हैं। सुबह तथा शाम में पॉस मशीनों की नियमित रूप से जांच करायी जा रही है।

उन्होंने बताया कि खरीफ मौसम में जिले को पर्याप्त मात्रा में यूरिया सहित अन्य उर्वरकों को उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार की शाम तक दो कंपनियों का 1924 मिट्रिक टन यूरिया जिले को और उपलब्ध हो पायेगा। जैसे ही जिले को यूरिया उपलब्ध होगा, उसे संबंधित दुकानदार को उपलब्ध करा दिया जायेगा।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनिल कुमार,अपर समाहर्ता नंदकिशोर साह,जिला कृषि पदाधिकारी विजय प्रकाश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नहरों में पानी की नियमित आपूर्ति के लिए माले विधायक ने जिला पदाधिकारी को लिखा पत्र

दैनिक अयोध्या टाइम्स से नरकटियागंज संवाददाता दीपू साह जलसंसाधन विभाग के भ्रष्ट अधिकिरीयो व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग। भाजपा ठेकेदार द्वरा अभीतक पूल बनाने के कारण लाखो किसानों के खेती हो रही है बर्बादरूविधायक नरकटिया गंज, भाकपा माले केन्द्रीय कमेटी सदस्य सह सिकटा विधायक विरेन्दर प्रसाद गुप्ता ने सिकटा, मैनाटाढ,रक्सौल, आदापूर आदि प्रखंडो मे त्रिवेणी नहर और दुसरी शाखा नहर में पानी आपूर्ति न होने व त्रिवेणी नहर की 182 आरडी से 472 आरडी तक सफाई व मरम्मती कार्य में हुई अनियमितता के विरोध में जिला पदाधिकारी को पत्र लिखा। जहां माले विधायक ने अपने पत्र मे कहा की उपयुक्त मामला जलसंसाधन विभाग के पदाधिकारियों और गैरजिम्मेदार भ्रष्ट आचरण से जुड़ा हुआ बताया है। आगे विधायक ने कहा की सुखे की मौसम मे त्रिवेणी नहर के मुख्य शाखा में ही पानी नही है।जबकी हाल ही मे 182 आरडी से 472 आरडी तक सफाई और मरम्मती का कार्य हुआ है। त्रिवेणी शाखा के कार्यपालक अभियंता के कथनानुसार वाल्मीकीनगर बराज से उचित मात्रा में पानी नही मिल रहा है।जबकी वहां के अधीक्षण अभियंता के कथनानुसार सेरहवा–भूसकी में 218 आरडी पर नहर पर पुल बनने के कारण पानी आपूर्ति बाधित है।जबकी सर्वविदित है की 15 जुन के बाद कार्य नही करना है।जिससे पानी की आपूर्ति वाधीत न हो।

लेकिन भाजपा से जुड़े ठेकेदार होने के कारण पुल को अभीतक बनाया जा रहा है जिससे लाखो किसानो की खेती को नष्ट किया जा रहा है। इसके साथ ही नहर की सफाई और मरम्मती कार्य को भी 15 जुन के बाद भी मशीन से कराया गया।जबकी उसके बहुत छोटे अंश को मशीन से कराना था और 26 दिनो तक 1750 मजदुरो को प्रतिदिन काम देना था।दोनो कार्य जलसंसाधन विभाग के पदाधिकारीयो के गैर जिम्मेदाराना और भ्रष्ट आचरण से जुड़ा हुआ है।आगे माले विधायक श्री गुप्ता ने पुरे मामले की जांच पड़ताल कर दोषी लोगो पर कार्रवाई करने की करने व नहर में पानी आपूर्ति की गरानटी के साथ 182 आरडी के बाद भी पानी की नियमीत आपूर्ति करने की मांग किया।

# आसमान में उमड़ रहे बादल, पर बारिश नहीं

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। दिन भर तीखी धूप के बीच शाम में आसमां में मेघ मंडराते देख किसान खुश हुए पर बूंदाबांदी से फिर किसानों में मायूसी छा गई।बादल उमड़ते–घुमड़ते रह गए पर झमाझम बारिश नही हुई।इस बीच अधिकतम तापमान 34 डिग्री रहा जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री।इधर, मौसम की बेरुखी को देखते हुए जिले के किसानों का कहना है कि यदि बारिश नहीं हुई तो खेती पिछड़ जाएगी। खेती पिछड़ने की स्थिति में फसल की पैदावार भी बेहतर नहीं मिलेगी।मौसम की माररूआसमान में उमड़ रहे बादल, पर बारिश नहींदिन भर तीखी धूप के बीच शाम में आसमां में मेघ मंडराते देख किसान खुश हुए पर बूंदाबांदी से फिर किसानों में मायूसी छा गई।बादल उमड़ते–घुमड़ते रह गए पर झमाझम बारिश नही हुई।इस बीच अधिकतम तापमान 34 डिग्री रहा जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री।इधर, मौसम की बेरुखी को देखते हुए जिले के किसानों का कहना है कि यदि बारिश नहीं हुई तो खेती पिछड़ जाएगी। खेती पिछड़ने की स्थिति में फसल की पैदावार भी बेहतर नहीं मिलेगी।

जिले के दर्जनों किसानों ने बताया कि वे खेतों में धान का बिचड़ा डाल दिए हैं और मोटर पंप के सहारे बिचड़े को बचाने में जुटे हुए थे।लेकिन अब समय पर मानसून की बारिश नही होने पर रोपनी कैसे हो सकेगी। जिले में मानसून की बारिश नही होने की स्थिति में



समय से बिचड़े तैयार नहीं होने के कारण रोपनी का कार्य समय से नहीं हो पाने की जिले के किसानों को फिक्र सताए जा रही है। हालांकि किसान बोरिंग चलाकर बिचड़ों को बचाने में और धान की रोपनी के कार्य में जुटे हुए हैं। बारिश नही होने के बावजूद जिले में छिटपुट जगहों पर रोपनी कार्य में भी तेजी किसानों की निजी संसाधनों की बदौलत शुरू हुई है।

# भाजपा के जिला कार्यसमिति की बैठक बाढ़ डाकबंगला स्थित हॉल में जिला अध्यक्ष डॉ सियाराम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ




नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार शरीफ (नालंदा)। संगठन जिला बाढ़ भाजपा के जिला कार्यसमिति की बैठक बाढ़ डाकबंगला स्थित हॉल में जिला अध्यक्ष डॉ सियाराम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बैकुंठपुर के पूर्व विधायक प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तिवारी उपस्थित हुए उन्होंने अपने संबोधन में संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया 28 एवं 29 जुलाई को प्रवासी कार्यकर्ताओं के बाढ़ बख्तियारपुर एवं फतवा विधानसभाओं में होने वाले प्रवास एवं कार्यक्रम के बारे में युवा मोर्चा महिला मोर्चा एवं किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं प्रभारी से जानकारी लिया ज्ञात हो कि पूरे बिहार के 200 विधानसभा में 28 एवं 29 जुलाई को पटना आने वाले सभी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति में भाग लेने वाले दो दो पदाधिकारियों को प्रवास पर भेजा जा रहा है इसी के तहत बाढ़ विधानसभा में युवा मोर्चा को बख्तियारपुर विधानसभा मैं किसान मोर्चा को तथा महिला मोर्चा को फतवा विधानसभा मैं कार्यक्रम दिया गया है मिथलेश तिवारी ने सभी मंडल अध्यक्षों एवं जिला के सभी पदाधिकारियों से पन्ना प्रमुख यथाशीघ्र बनाने का भी आग्रह किया उन्होंने31 जुलाई को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी के द्वारा नवनिर्मित जिला कार्यालय का पटना से रिमोट के द्वारा उद्घाटन के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया उन्होंने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि केंद्र की सरकार के किए हुए कार्यों को जन जन तक बताने एवं पहुंचाने की जरूरत है बहुत सारे उदाहरण लेकर उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को अमृत महोत्सव के समाप्त होने के बाद भारत किस प्रकार अमृत काल में प्रवेश करेगा एवं आने वाले समय में भारत किस प्रकार विश्व गुरु की ओर अग्रसर होगा बैठक में बख्तियारपुर के पूर्व विधायक रणविजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू मुखिया जिला प्रभारी सीताराम पांडे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश सिंह नरेश महतो मनोज कुमार पप्पू कुंवर विजय पासवान धर्मवीर सिंह प्रियरंजन कुमार सत्यनारायण प्रसाद अरविंद यादव हेमंत सिंह निलेश रंजन दिलीप टुनटुन आकाश यादव रोशन भारद्वाज किरण गुप्ता प्रीति रानी सुषमा गुप्ता संजीव कुमार मुन्ना राजू कुमार मुन्ना अवधेश सिंह प्रमोद कुमार सिंह उमेश सिंह बैकुंठ नारायण झा संजय कुमार शाह राधे विश्वकर्मा केशव कांत प्रसाद संजय गिरी सहित काफी संख्या में जिला के पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष महामंत्री कार्यसमिति सदस्य उपस्थित थे।

# सावन की दूसरी सोमवारी पर सभी शिव मंदिरों में उमड़ा शिव भक्तों का भीड

(संजय कुमार अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण)। रक्सौल अनुमंडल के सभी शिव मंदिरों में सावन की दूसरी सोमवारी को लेकर शिव भक्तों व श्रद्धालुओं का अत्याधिक संख्या में भीड़ देखने को मिला. छौड़ादानो अंतर्गत नरकटिया स्थित बैकुंठ धाम के शिव मंदिर में आज सुबह से ही शिव भक्तों के द्वारा कतारबद्ध होकर जलाभिषेक व पूजा अर्चना की गई . शिव भक्तों के हर हर महादेव के नारों से शिवालय मंदिर गूंज उठा. मंदिर के व्यवस्थापक ने बताया है कि इस शिव मंदिर को लेकर ऐसी मान्यता है कि यहां जो भी श्रद्धालु पूरी श्रद्धा से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करता है तो पूजा करने वाले केभक्तों के सभी मुरादें भगवान शिव पूर्ण करते हैं इसलिए इस शिव मंदिर के प्रति स्थानीय लोगों सहित नेपाल के लोगों का भी आस्था व श्रद्धा कई वर्षों से रहा हैं. नेपाल से आए सिकंदर कुशवाहा नाम के एक शिव भक्त ने बताया है कि इस मंदिर में आने पर किसी भी तरह के कोई भी परेशानी नहीं होती है. यहां के स्थानीय लोग सहित स्थानीय प्रशासन शिव भक्तों की काफी मदद करते हैं .सावन की दूसरी सोमवारी को लेकर स्थानीय प्रशासन पुलिस दल के साथ मुस्तैद रहीं. दर्पा थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया है कि मंदिर व मंदिर के आसपास के चौक चौराहे पर पुलिस की पैनी नजर है व मनचलों की खैर नहीं हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## गंगा घाट मोहना चांदपुर में स्नान करने श्रद्धालुओं का उमरा भीड़

साहिल कुमार सिंह( ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार)। कटिहार जिला अंतर्गत बरारी प्रखंड के दूसरी सोमवारी को मोहना चांदपुर गांव में गंगा नदी के किनारे श्रद्धालुओं का उमरा भीर गंगा स्नान कर कर यहां से जल लेकर बाबा भोलेनाथ पर चढ़ाते हैं यहां दूर–दूर से श्रद्धालु आते हैं काबर सेमापुर



मधुबनी गुंजरा वकिया जगदीशपुर सोनाखाल भवानीपुर इत्यादि यो जगह से आते हैं यहां स्नान कर यहां से जल लेकर बाबा भोला को सोना खाल मैं जाकर चलाते हैं यहां हर एक सोमवारी को लाखों की संख्या में भीड़ होती है यहां की समाजसेवी तत्पर लगी रहती है जिससे किसी को कोई परेशानी ना हो और गंगा में साफ–सफाई का भी व्यवस्था देखा गया इस मौके पर संध्या आरती का भी आयोजन होता आ रहा है।

## शोक सभा का किया गया आयोजन

राकेश कुमार सिंह दैनिक अयोध्या टाइम्स मधुबन पूर्वी चंपारण। फेनहारा के भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह के निधन पर मधुबन स्थित भाजपा विधानसभा कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया।



शोक सभा में उपस्थित गणमान्य ने 2 मिनट का मौन धारण कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।शोक सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सहकारिता मंत्री सह स्थानीय विधायक राणा रणधीर ने कहा कि फेनहारा प्रखंड के टेवसा ग्राम निवासी देवेंद्र सिंह के निधन पर मैं मर्माहत हूं।वे संगठन की गहरी समझ रखने वाले व्यक्ति थे। स्थापित मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जंग बहादुर कुशवाहा,प्रखंड प्रमुख महेश पासवान,उपप्रमुख गजेंद्र सिंह,चंद्रिका सिंह,अर्जुन सिंह,राम निहोरा सिंह, राम इकबाल कुशवाहा ,चंदा सिंह,रामस्वरूप राउत इत्यादि उपस्थित थे!

## अप्रशिक्षित शिक्षकों के मामले में अगली सुनवाई 28 अगस्त को होगी

☒ हाईकोर्ट ने सभी कार्यरत शिक्षकों के बकाया वेतन का भुगतान करने का सख्त आदेश दिया

(कैलाश चंद्र झा ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मधुबनी बिहार)। हाई कोर्ट पटना के माननीय न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा के कोर्ट में अप्रशिक्षित शिक्षकों के मामले मे आज फिर सुनवाई हुई। बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के विद्वान अधिवक्ता शशिभूषण कुमार ने कोर्ट को बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में आजतक अप्रशिक्षित शिक्षकों के बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया जा सका है। माननीय न्यायाधीश ने इस गहरी नराजगी व्यक्त किया तथा सरकार को अविलंब सभी जिलों में सभी शिक्षकों के बकाया वेतन भुगतान करने का सख्त आदेश दिया। मामले में अगली सुनवाई 28 अगस्त 2022 को होगी, जिसमें राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को शत – प्रतिशत शिक्षकों के बकाया वेतन का भुगतान करने का प्रतिशपथपत्र दाखिल करना होगा। आज राज्य सरकार तथा छप्ैं की ओर से प्रशिक्षण कराने के लिए हलफनामा दाखिल नहीं किया गया।

## भूजल स्तर के लगातार गिरने से रामगढ़ प्रखंड में पेयजल की स्थिति गंभीर

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)

इस समय प्रकृति की मार से हर कोई त्रस्त है। बारिश नहीं होने से सबसे अधिक संकट पेयजल का है। लगातार भूजल स्तर गिरने से पेयजल संकट दूर होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रतिदिन एक न एक गांव से हैंडपंप व सबमर्सिबल जवाब देने की सूचना मिल रही है। इस विषम



परिस्थिति में सात निश्चय योजना के अंतर्गत लगी जलापूर्ति योजना ही कारगर हो पा रही है। 320 फीट के लेयर पर लगी इस जलमीनार से ही अब लोगों की प्यास बुझती दिख रही है। जिन लोगों ने कनेक्शन नहीं लिया था वे लोग अब स्वयं मेकेनिकल को बुला टोंटी लगवा रहे हैं।

## पुलिस ने 9 शराबी को किया गिरफ्तार

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार छापेमारी कर रोक लगाने की कार्रवाई की जा रही है। बावजूद शराब पीकर हुड़दंग करने से भी लोग बाज नहीं आ रहे हैं। इसी क्रम में रविवार की देर शाम डालमियानगर थाना क्षेत्र के न्यू गंगोली सोन नहर के पास से शराब पीकर हुड़दंग कर रहे 9 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हंगामा कर रहे धीरज तिवारी ग्राम मधुरामपुर थाना अकोढ़ी गोला, चंदन गुप्ता ग्राम न्यू एरिया जोड़ा मंदिर, सोनू तिवारी ग्राम करसां थाना– बिक्रम पटना, धर्मेंद्र कुमार सिंह ग्राम गोविंद बिघा नासरीगंज, बिहारी सिंह ग्राम प्रयाग बिगहा, चंदन कुमार, अमित कुमार न्यू सिधौली सहित कुल 9 लोगों गिरफ्तार किया।

## कावड़ियों के लिए सेवा शिविर

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स। सावन के द्वितीय सोमवारी के अवसर पर मानसी प्रखंड वासियों ने विभिन्न जगह



डाक बम सेवा शिविर का आयोजन किया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा के भक्तों की सेवा के लिए मानसी प्रखंड वासी तत्पर दिखाई दिए मुंगेर घाट से जल भरकर दी–31एकनिया मटिहानी मानसी बाजार होते हुए छोटी बलहा के रास्ते बाबा बटेश्वर धाम पर जल अर्पण के लिए लाखों का बढ़िया जाते हैं ।जिस की सेवा के लिए रविवार को देर रात तक प्रखंड वासी लगे रहते हैं ।डाक बंद की सेवा के लिए विभिन्न जगहों पर ठंडे जल फलाहारी भोजन शरबत लेमन टी तथा स्वास्थ्य सेवा शिविर एवं नृत्य का आयोजन किया गया ।इतना ही नहीं इस सेवा के लिए बिहार पुलिस तथा जीआरपी पुलिस भी अपनी भागीदारी दिखाते हुए नजर आए।

## सड़क पर लगे पानी में आया करंट, भैंस की मौत

दलसिंहसराय (विकास कुमार पाण्डेय)! दलसिंहसराय नगर परिषद क्षेत्र के सिगरेट फैक्ट्री के समीप उस समय अफरा तफरी मच गई जब सड़क पर लगे वर्षा के पानी में अचानक करंट आ जाने से एक भैंस की मौत घटनास्थल पर ही हो गई ! घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि सोमवार को सड़क पर लगे बारिश के पानी मे करेंट आने से एक भैसी की मौत घटना स्थल पर ही हो गई, वही भैंस चराने वाले एक व्यक्ति भी करेंट के चपेट में आ गया ! जानकारी के अनुसार जजपत्ति निवासी अर्जुन साह प्रतिदिन की तरह आज भी अपनी दो भैसी को चराने सिगरेट फैक्ट्री के समीप गया था. बारिश के कारण मंसूरचक –रूसिगरेट फैक्टी जाने वाली सड़क पर रास्ते मे पानी जमा हो गया था। उसी क्रम में भैंस चरा कर वापस लौटते समय बिजली



पोल से पानी में अचानक करंट आ जाने से बस की चपेट में भैंस आ गई, साथी ही भैंस चराने वाला भी करंट की चपेट में आया गया! भैंस की मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर आक्रोश व्यक्त किया!

## नवयुग सृजन संस्थान द्वारा छात्रों के बीच निःशुल्क सेनेटरी पैड का किया गया वितरण



वीरेन्द्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। नवयुग सृजन संस्थान ने सूथ हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में सोनबरसा प्रखंड अन्तर्गत बेला मध्य विद्यालय हिंदी के सभागार में मेंस के समय में होने वाली बिमारी के विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका शीला कुमारी ने की। परिचर्चा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुखिया प्रतिनिधि मो ज्याउद्दीन उर्फ तन्नु ने कहा कि सेनिटरी नेपकीन (पैड) के प्रयोग से हम कई बिमारी से बच सकते हैं।

नवयुग सृजन के संयोजक एवं समाजिक कार्यकर्ता सन्नी कुमार भारती ने परिचर्चा को संबोधित करते हुए कहा कि जब लड़कीयों में मेंस के समय में काफी रक्त का प्रवाह होता है, उस समय लड़कियां अगर सेनिटरी पैड का इस्तेमाल करती हैं तो बिमारीयों से बचा जा सकता है। समाजिक कार्यकर्ता मो कमर अख्तर ने कहा कि मासिक धर्म के समय शरीर को संक्रमण से बचाने एवं कपड़े को दाग से बचाने के लिए नेपकिन का उपयोग करना चाहिए, नेपकिन रक्तस्राव को सोखने का कार्य करता है। अध्यक्षता करते हुए शीला कुमारी ने कहा कि मासिक धर्म के समय पहले महिला पुराने सूती कपड़ा का इस्तेमाल करती थी। अब महिलाओं में जागरूकता आई है अब महिला पैड का उपयोग करती है। परिचर्चा के पश्चात नवयुग सृजन संस्थान द्वारा सभी छात्राओं के बीच निःशुल्क सेनिटरी नेपकिन (पैड) का भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम में कंपनी के सेल्स रिप्रजेंटेटिव बंसत कुमार, शिक्षिका निलम कुमारी, बिभा कुमारी, शिक्षक सुरेश कुमार सुमन, संजय मंडल, प्रमोद महतो, रसोईयां किरण देवी, राम सोमारी देवी, निर्मला देवी समेत अन्य मौजूद थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य का जायजा लेते

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार। सहरसा जिला के पतरघट पीएचसी से उत्तर बीएमएसआईसीएल के द्वारा तीस शैय्या वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन पतरघट का निर्माण कार्य में हो रही जबकि छह करोड़ की लगभग



अधिक लागत से भवन निर्माण कार्य है। अनियमितता को लेकर ग्रामीणों की सूचना पर कार्य देखने सोमवार को पीएचसी प्रभारी डॉक्टर बबीता कुमारी, डॉक्टर बिनोद प्रशांत, स्वास्थ्य प्रबंधक रमन कुमार सहित अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से स्थलीय जायजा लिया गया। वहीं जायजा लेने क दौरान निमार्णधीण भवन में काफी अनियमितता देखने को मिला। कार्य स्थल पर जेइ के अनुपस्थिति में तीन नंबर,ईट एवं लोकल बालू से जोड़ाई कार्य किया जा रहा है। कार्य सही से नहीं हो रहा है। अधिकारियों ने कड़ी नाराजगी जाहिर किया। इस दौरान उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया की संवेदक द्वारा भवन निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रहीं हैं। वहीं मिली शिकायत पर पीएचसी प्रभारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर किए जब की बिहार सरकार की महत्वकांक्षी योजना से स्वास्थ्य केंद्र की निर्माण है। और काम को बंद करने का आदेश देते हुए। उच्चपदाधिकारी को इस बाबत अबगत कराने कि बात जाहिर किया।

## एसएसबी 21वीं वाहिनी के द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

साहिल कुमार सिंह (ब्योरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार)। कटिहार जिला अंतर्गत आई टी आई कॉलेज में 21वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन सभी छात्र ध्छात्रा सदस्यों के बीच किया गया। जिसमे तिरंगा झण्डा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत वाहिनी मुख्यालय परिसर मे सभी छात्रध्छात्रा सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया। मद्देनजर देश मे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत देश के समस्त नागरिकों से यह अनुरोध किया गया है कि वो भारतीय झण्डा संहिता 2002 के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए अपने अपने घरों, सरकारी तथा गैर सरकारी भवनों, स्कूलों—कॉलेजों इत्यादि जगहों पर झंडोत्तोलन करें।इसी क्रम मे 21वीं वाहिनी के द्वारा अपने कार्य क्षेत्र के अंतर्गत लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम मे समस्त संदीक्षा तथा समस्त बालकर्मी सदस्य उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम के नेतृत्व मे तथा मार्गदर्शन मे किया जा रहा है जिसमे सभी को इस कार्यक्रम मे



सम्मिलित होने के लिए आह्वान किया गया। के द्वारा सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा गया की इस प्रकार के कार्यक्रम से देश की एकता अखंडता को बल मिलेगा साथ ही एक साथ काम करने की प्रेरणा भी मिलेगी।

## राजधानी पटना में प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या, घर के अंदर नग्न मिली लाश

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या दैनिक टाइम्स बिहार सरीफ (नालंदा)। राजधानी पटना से एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां घर में घूसकर एक प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई है।




घटना शहर के राजीव नगर थाना क्षेत्र के आशियाना नगर की है। 30 वर्षीय प्रॉपर्टी डीलर आनंद कुमार का शव उनके घर के एक कमरे में नग्न अवस्था में पड़ा हुआ मिला। इस घटना के बाद से इलाके में सनसनी का माहौल व्याप्त है। वहीं इस घटना को लेकर परिजनों द्वारा अजय शुक्ला नामक व्यक्ति के भाई मुन्ना शुक्ला पर हत्या का आरोप लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है की किसी जमीन की खरीद बेच के मामले में कुछ रुपयों के लेन दें को लेकर मुन्ना शुक्ला आनंद को फोन किया करता था। मुन्ना शुक्ला ने पैसा नहीं देने पर आनंद को नंगा करके मारने की भी धमकी दी थी। वहीं आनंद भी जमीन की खरीद बिक्री के मामले में जेल जा चुका है। बताया जा रहा है की जब आनंद के पिता जब उसे खाना देने गए तो कमरा अंदर से बंद होने की वजह से वो वापस चले गए। लेकिन जब एक घंटे बाद वो आनंद के कमरे में गए तो आनंद का शव नग्न अवस्था में खून से लथपथ पड़ा हुआ था। यह देख उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई जिसके बाद उन्होंने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपराधियों द्वारा आनंद के सिर में गोली मारी गई है। जिस वजह से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक आनंद आशियाना इलाके में एक सेवानिवृत डीएसपी के आवास में रेंट पर रहता था।

जहां से उसकी लाश बरामद हुई। पुलिस को मृतक के कमरे से एक बैग भी बरामद हुआ है जिसमें लड़की के कपड़े भरे हुए थे।

## बाराबनी के पुछड़ा गाँव का पुरातत्व विभाग ने किया निरक्षण

बाराबनी। पश्चिम बर्धमान जिले के बाराबनी विधानसभा अन्तर्गत पुछड़ा पंचायत के राजपाड़ा गांव में पाये गाये प्रचीन काल के मूर्ति एंव अवशेषों की जांच एंव गाँव के निरक्षण के लिये शनिवार पुरातत्व विभाग की टीम पहुँची। बताते चले कि आज से करीब दो साल पहले गांव में प्राचीन काल के मूर्ति एंव अवशेष मिला था, जिसके बाद ग्रामीणों ने पुरातत्व विभाग को एक चिट्ठी लिख क्षेत्र में आकर जांच कर क्षेत्र में दबे इतिहास को सब के सामने रखने की अपील की थी। ग्रामीणों ने चिट्ठी में लिखा था कि गाँव में प्राचीन बौद्ध काल के कुछ चीजें पाई गई है, जो यहां मिट्टी के नीचे दबी हुई थी। शनिवार केंद्रीय सरकार के पुरातत्व विभाग के अधिकारी पूछड़ा गांव पहुँचे एंव क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस संदर्भ में गांव के एक वरिष्ठ व्यक्ति ने कहा कि यह गांव बहुत पुराना है, यहां बौद्ध धर्म का इतिहास हो सकता है, जो करीब 2 हजार साल पुराना है। क्षेत्र में प्राचीन जमाने की कई इमारतें थी जो उस समय की ईंटों से तैयार की गई थी। जो चोरी हो गई। इतना ही नहीं इस गांव की जमीन के नीचे सोने का खजाना है, यह सोच कर कुछ लोग यहां खुदाई कर रहे थे, खुदाई के दौरान दो सांपों को देखकर वे भाग गये। उन्होंने बताया कि यहां बौद्ध धर्म का बेहद प्राचीन इतिहास है, अनुमान है कि जमीन में 516 फुट की खुदाई करने पर ही बौद्ध धर्म से जुड़ी प्राचीन मुर्ति एंव अवशेष मिल जाएंगी। वहीं इस गांव के रहने वाले एक और व्यक्ति पार्थसारथी मुखर्जी ने कहा कि राजपाड़ा नामक इस गांव में बौद्ध धर्म से जुड़ा बेहद



प्राचीन इतिहास है। जो सब के सामने आना चाहिए। आज से 2 साल पहले केंद्रीय सरकार के पुरातत्व विभाग को ग्रामीणो ने चिट्ठी लिखी थी। आज उनको खुशी है कि पुरातत्व विभाग के अधिकारी यहां आए और उन्होंने यहां का निरीक्षण किया। उन्होंने राज्य सरकार से भी इस दिशा में पहल करने का अनुरोध किया था कि इस गांव का जो बेहद प्राचीन इतिहास है वह सबके सामने आये। उन्होंने कहा कि यहां बौद्ध धर्म से जुड़ी कई सामग्रियां और यहां बौद्ध कालीन सभ्यता के काफी सारे सबूत अब भी मौजूद हैं। जिनका निरक्षण पुरातात्विक विभाग द्वारा किया गया है।

## जन वितरण प्रणाली के द्वारा प्रति यूनिट पर 2 किलो अनाज काटा जा रहा है



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार। सहरसा जिला के कहरा प्रखंड अंतर्गत अमरपुर पंचायत के खड़कपुर गांव का है जहां डीलर परमेश्वर साह लाइसेंस नंबर 584ध्7के द्वारा गरीब लाभुकों को मिलने वाली अनाज से प्रत्येक यूनिट पर 2 किलो अनाज काटा जाता है और सरकार द्वारा निर्धारित मूल से प्रति किलो पर 2 रुपिया ज्यादा वसूला जाता है।

इस बात का खुलासा तब हुआ जब ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा सोशल ऑडिट के लिए स्वयं सहायता समूह (जीविका )दीदियों को जन वितरण प्रणाली (डीलर)एवं लाभुकों के बीच समन्वय को लेकर जांच करने को कहा गया।

स्वयं सहायता समूह (जीविका )की ओर से जिला संसाधन सेवी ,आशीष रंजन के द्वारा प्रत्येक पंचायत में जीविका दीदियों का एक टीम बनाया गया जो प्रत्येक डीलर के पास एवं सभी लाभुकों के पास पहुंचकर एक रिपोर्ट तैयार करना था जिसको लेकर अमरपुर पंचायत के खड़गपुर वार्ड नंबर —09 में डीलर परमेश्वरी शाह के यहां जीविका दीदियों का एक टीम पहुंचा जिसमें आस—पास के लाभुकों ने जीविका दीदी के सामने डीलर परमेश्वरी शाह पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि हम लोगों से मनमानी तरीका से डीलर के द्वारा प्रत्येक यूनिट पर 2 किलो अनाज काट लिया जाता है और हम लोगों से प्रत्येक किलो पर 2 रुपिया ज्यादा वसूला जाता है और हम लोगों को पची/रसिद भी नहीं दिया जाता है।

संवाददाता के द्वारा जीविका दीदियों से पूछे जाने पर कि क्या इसके ऊपर कोई कार्यवाही होगी उन्होंने बताया कि हम लोग कोई पदाधिकारी नहीं है हम लोग का जो टीम बनाया गया है हम लोग इस रिपोर्ट को जिला संसाधन सेबी(क्त्च्) आशीष रंजन के पास जमा करेंगे। डीलर पर क्या कार्रवाई होती है यह हम नहीं बता सकते। जिला संसाधन सेबी ,आशीष रंजन से बात करने पर पता चला कि इस रिपोर्ट को हम जिला पदाधिकारी महोदय के पास जमा करेंगे और विभाग द्वारा क्या कार्रवाई होती है वह विभाग ही बता सकते हैं।

इस तरह की वारदात को अंजाम देना डीलर के लिए कोई बड़ी बात नहीं है।

जीविका दीदियों के जांच टीम में अनोखा कुमारी (टीम लीडर),मनीषा देवी ,महारानी देवी, चंपा देवी, चंडिका देवी, लवली देवी शामिल थे।

## नशा के विरुद्ध व्यापक छापेमारी अभियान चलाई जाए : जिलाधिकारी वैशाली

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
हाजीपुर। जिलाधिकारी श्री यशपाल मीना के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय नारको समन्वय समिति की बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि रेलवे स्टेशन के आस पास वाले क्षेत्र रेलवे ट्रैक के पास होटल यह लोग नाइट हाल्ट करते हैं रोड साइड में स्थित गुमटी, केले के बागान टूरिस्ट प्लेस स्कूल कॉलेज के आसपास नियमित रूप से रेड किया जाए और नशा पान के धंधे में जुड़े लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया जाए और गांजा अफीम चरस स्मैक के बरे धंधेवाजों को पकड़ा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आजकल स्कूली बच्चों में इसकी गलत प्रवृत्ति बढ़ रही है। नशा न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य और परिवार को बर्बाद करता है बल्कि पूरे समाज को खोखला बनाता है। या गंभीर विषय है जिस पर आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की जरूरत है। बैठक में उपस्थित पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय श्री देवेंद्र प्रसाद ने बताया कि जिला में नारकोटिक्स 109 मामले अभी लंबित है। जिसमें चार सेट दाखिल किया जाना है। इस मामले में पकड़े गए प्रदर्शनी जांच के लिए मुजफ्फरपुर भेजा गया है। उनके द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 25 के विरुद्ध स्पीडी ट्रायल चल रही है। उन्होंने बताया कि जिला में गांजा की खेती नहीं हो रही है और इसकी कहीं से शिकायत प्राप्त नहीं है।

इस पर जिलाधिकारी के द्वारा कहा गया कि राघोपुर बिदुपुर सहित सस्पेक्टेड क्षेत्रों की चौकीदारों के माध्यम से जांच कराकर जानकारी प्राप्त की जाए। जिला अधिकारी के द्वारा थाना में पदस्थापित सभी पुलिस पदाधिकारियों को एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी के लिए प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को धड़क की पहचान हेतु नारकोटिक कीट वैशाली जिला के तीन और मंडल पदाधि कारी को उपलब्ध करा देने की बात कही गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पदाधिकारी ने बताया कि बिहार के 8 जिले मादक पदार्थों के अवैध धंधे के लिए चिन्हित किए गए हैं



जिसमें वैशाली जिला भी सम्मिलित है। उन्होंने कहा कि राघोपुर प्रखंड क्षेत्र में गंगा नदी के दोनों तरफ वृक्ष की अवैध तस्करी होने की सूचना है। जिला अधिकारी के द्वारा इन क्षेत्रों के अतिरिक्त गंगा ब्रिज थाना औद्योगिक क्षेत्र थाना सदर थाना सहित हाजीपुर शहरी क्षेत्र में चौकसी बरतने का निर्देश दिया गया।

सहायक औषधि नियंत्रक को मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधित कफ सिरप की जांच कर कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला अधिकारी के साथ अनुमंडल पदाधिकारी महनार श्री सुमित कुमार पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय श्री देवेंद्र प्रसाद एसडीपीओ श्री राघव दयाल एसडीपीओ महुआ पुलिस उपाधीक्षक विशेष शाखा मुजफ्फरपुर अधीक्षक सीजीएसटी वैशाली अधीक्षक मद्य निषेध सहायक औषधि नियंत्रक उपस्थित थे जबकि एसडीओ महुआ एवं एनसीबी के पदाधिकारी वीडियोकांफ्रेसिंग से जुड़े हुए थे।

## चम्पारण क्राईम का यूनिवर्सिटी बनता जा रहा है : पप्पू यादव



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

- ☒ अपने एकदिवसीय यात्रा पर मोतिहारी पहुंचे जाप नेता पप्पू यादव
- ☒ जिले में लगातार बढ़ रही आपराधिक वारदातों को लेकर केंद्र से लेकर राज्य सरकार पर जमकर किया प्रहार
- ☒ कुण्डवा चौनपुर में हुए महंत सुरेश मस्तान की हत्या व दवा ब्यवसाई की गोली मारने को घटना पर सरकार को घेरा
- ☒ अपराधियो की शीघ्र गिरफ्तारी करने व परिजनों को नौकरी व मुआवजा देने की भी की मांग

पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी जिले के कुंडवा चौनपुर में मंदिर के पुजारी सुरेश मस्तान की निर्मम हत्या के बाद आज जाप सुप्रीमो सह पूर्व सांसद पप्पू यादव पूर्वी चंपारण पहुँचे,जहां मोतिहारी के एक निजी अस्पताल में घायल दवा व्यवसाई मनीष कुमार से मुलाकात कर हालचाल जाना। बता दें कि अज्ञात अपराधियों के द्वारा दवा व्यवसाई मनीष कुमार को गोली मार घायल कर दी गई थी जिसको लेकर पप्पू यादव कहा कि अपराधियों किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इसको लेकर एसपी से लेकर मुख्यमंत्री तक बात करूंगा और न्याय दिला कर रहूंगा। इसके बाद जाप सुप्रीमो पप्पू यादव कुंडवा चौनपुर पहुंचकर मृतक मंदिर के पुजारी सुरेश मस्तान के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और श्री यादव ने सरकार से मांग की है कि मृतक के परिवार को बीस लाख रुपया मुआवजा मिले,एक सदस्य की सरकारी नौकरी,हत्यारों को आजीवन कारावास एवं मृतक के परिजनों की सुरक्षा की गारंटी ले सरकार अन्यथा आगे की आंदोलन की रुपरेखा तैयार किया जायेगा।

जाप सुप्रीमो पप्पू यादव ने घोड़ासहन स्थित जाप के प्रदेश महासचिव अभिजीत सिंह के निवास पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि चम्पारण क्राईम का यूनिवर्सिटी बनता जा रहा है।

पप्पू यादव ने कहा कि चम्पारण के घटनाओं में ज्यादातर सत्ताधारी नेता की संलिप्तता है जिसके कारण आए दिन आपराधिक घटनाये होती है , यहां के सांसदों व विधायकों की संपत्ति की जांच होनी चाहिये। लेकिन सरकार का इस विषय पर कोई ध्यान नही दे रही है।

चम्पारण में अपराधियों का मनोबल बहुत हीं बढ़ा हुआ है। पप्पू यादव ने आगे कहा कि एक समय चम्पारण बापू के नाम से जाना जाता था,आज वही चम्पारण अपराधियों का विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाता है। अपराधिक ग्राफ बहुत काफी बढ़ा है। आज चम्पारण हीं नहीं पूरे बिहार में अपराधियों का ताडंव है। इस विकट परिस्थितियों में शराबबंदी के नाम पर ढकोसला किया जा रहा है। वही पप्पू यादव आज अपने पूरे लय में थे और आज उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तक को अपने लपेटे में लिया और उनपर जमकर प्रहार किया।उन्होंने बिहार सरकार के मुखिया नीतीश कुमार से लेकर जिले के राजनेताओं और पुलिस पदाधिकारियों तक को अपराध व अपराधियो के संरक्षक के रूप में बताया और बहुत सारी बातें कही। मोतिहारी दौरे के दौरान पत्रकारों से पप्पू यादव ने बात की।

## अवैध और जबरन जमीन का कब्जा

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण। टुनटुन शर्मा पिता स्वर्गीय राजेश्वर ठाकुर के द्वारा रवि रंजन कुमार पाण्डेय पिता राम ललित पाण्डेय की जमीन पर टुनटुन शर्मा के द्वारा जबरन 5 डिसमिल जमीन पर अल्बेस्टर और फूस की झोपड़ी 8 महीना पहले बना लिया। रवि रंजन कुमार पाण्डेय को मारपीट कर भगा दिया गया। तब से आज तक गांव में पंचायती के माध्यम से, थाना प्रभारी के यहां निवेदन दे कर के ,अंचला अधिकारी के पास निवेदन करने के बाद ।आज दिनांक 25 जुलाई 2022 को अंचला अधिकारी के द्वारा सरकारी अमीन के माध्यम से रवि रंजन कुमार पाण्डेय पिता राम ललित पाण्डेय के जमीन का नापी किया गया ।इनका जमीन अंचल हरसिद्धि प्रखंड के हरपुर राय पंचायत ग्राम अहिर गामा वार्ड नंबर 3 का है जिस जमीन का खाता संख्या 38 है खेसरा 169 है रकबा 6 कट्ठा है जमीन पर आवेदक रवि रंजन कुमार पाण्डेय का कब्जा चला आ रहा है। 8 महीना पहले टुनटुन शर्मा पिता स्वर्गीय राजेश्वर ठाकुर के द्वारा उस जमीन पर दावा किया गया कि आपके जमीन में 5 डिसमिल का मेरे नाम से पर्चा है। जिस जमीन का खाता संख्या 38 खेसरा 179 रकबा 6 कट्ठा है। जिसमें 5 डिसमिल का पर्चा मेरे नाम से है ।इस पर आवेदक रवि रंजन पाण्डेय के द्वारा अंचला अधिकारी के पास जांच प्रतिवेदन के लिए निवेदन पत्र दिया गया। जिसके जांच करने के बाद में अंचला अधिकारी के द्वारा सत्यापन किया गया कि खाता संख्या 38 खेसरा 179 रखवा 6 कट्ठा रवि रंजन कुमार पाण्डेय पिता राम ललित पाण्डेय का हीं जमीन है ।और यह सत्य है टुनटुन शर्मा पिता स्वर्गीय राजेश्वर ठाकुर के द्वारा जो पर्चा का खाता संख्या खेसरा संख्या बताया गया है वह फर्जी है इसलिए यह आदेश दिया जाता है कि दोनों पक्ष से कागजात मांग कर अमीन के द्वारा नापी किया जाए।अमीन जाकर रवि रंजन पाण्डेय का जमीन का कागज मांग किया गया दस्तावेज रसीद और अंचला अधिकारी के द्वारा सत्यापित किया गया पर्चा भी अमीन साहब के सामने लाकर रखा गया।और टुनटुन शर्मा से जमीन का कागज मंगा गया तो टुनटुन शर्मा के पुत्र कागज देने से इनकार कर दिया ।टुनटुन शर्मा के पुत्र का कहना है कि कागज मेरे पिताजी रखे हैं पिताजी घर पर नहीं है आप जमीन का नापी कीजिए मैं हूं । देखने के लिए आप नापी कीजिए जबकि टुनटुन शर्मा घर में ही बैठे थे। टुनटुन शर्मा के पुत्र के कहने पर अंचला अधिकारी के द्वारा अमीन साहब ने कहां की आज आपके जमीन का नापी होने वाला है। इसका नोटिस आपके घर पर आ चुका है ।तो फिर आपके पिताजी घर पर क्यों नहीं है ।अहिर गामा के वर्तमान सरपंच वार्ड सदस्य और सैकड़ों ग्रामीणों के बीच नापी किया गया ।जिसके पश्चात रवि



रंजन कुमार पाण्डेय का जमीन 6 कट्ठा निकाला गया तो उस जमीन के अंदर ही जो टुनटुन शर्मा द्वारा बनाया गया फूस की झोपड़ी 6 कट्ठा जमीन के अंदर पाया गया ।जिसका सत्यापन करने के लिए अंचला अधिकारी के द्वारा जो अमीन साहब को गांव भेजा गया था। और गांव के सरपंच वार्ड सदस्य के द्वारा सत्यापन किया गया ।कि रवि रंजन कुमार पाण्डेय के जमीन में है टुनटुन शर्मा के द्वारा फूस का झोपड़ी बनाया गया है। जिसमें अहिर गामा के वर्तमान सरपंच और ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि अवैध है ।टुनटुन शर्मा पिता स्वर्गीय राजेश्वर ठाकुर के द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

### कैमूर में नाली-गली विवाद में 2 पक्षों के बीच जमकर फायरिंग महिला समेत 9 लोग गिरफ्तार

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। बिहार के कैमूर जिले में नाली—गली विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए उनके बीच जमकर गोलीबारी हुई जिसमें एक व्यक्ति को गोली लग गई घटना सोनहन थाना क्षेत्र के डिहरमा गांव की है. इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चौबीस घंटे के अंदर एक महिला समेत नौ



लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने इसके पास से अवैध हथियार, जिंदा कारतूस और खोखा बरामद किया है डीएसपी सुनीता कुमारी ने बताया कि सोमवार की शाम सोनहन थाना क्षेत्र के डिहरमा गांव में नली—गली अतिक्रमण को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर गोलीबारी हुई इसमें एक पक्ष के व्यक्ति को गोली लग गई थी जिसका भभुआ सदर अस्पताल में इलाज रहा हैमिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को नाली के ऊपर अतिक्रमण को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहसबाजी हुई और जमकर लाठी—डंडे चलने लगे इसके कुछ देर बाद पूरा गांव गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा फायरिंग में एक पक्ष के एक व्यक्ति को गोली लग गई घायल का भभुआ सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है. उसकी हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

### दूसरी सोमवारी पर सभी शिवालय मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का भीड़

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल अंतर्गत सभी शिवालय मंदिर मे दूसरी सोमवारी को लेकर शिव भक्तों का



जन सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह होते ही भक्तों की भारी भीड़ मन्दिर परिसर मे जमा हो गयी। जहां बच्चे ,बुढ़े, जवान और महिलाओं का तांता लगा रहा। भक्तों के द्वारा हर हर महादेव के नारों से सभी शिवालय मंदिर गुंज उठा आस पास के गावों के अलावा दुर दराज क्षेत्रों से भी भारी संख्या मे श्रद्धालु शिवालय मंदिर पहुंच कर बाबा भोले नाथ की पुजा अर्चना कर जलाभिषेक किया।वहीं दूसरी ओर रामनगर के शिवालय मंदिर मे भी दूसरी सोमवारी को लेकर श्रद्धालुओं का भीड़ लगा रहा।श्रद्धालु वाल्मीकि नगर से जल भरकर पुरे सावन मास तक यहां श्रद्धालुओं का तातां लगा रहता है। ऐसी मान्यता है कि भोले बाबा के द्वार पर आने वाला भक्त कभी खाली हाथ नही लौटता। महिला व पुरूष नगर के शिवालायों में भोले शंकर के उपर जलाभिषेक किये और उनका जयकारे लगाये।इन मंदिरों के बाहर मेला जैसा माहौल पुरे सावन मास तक बना है।आस पास के गावों के अलावा दुर दराज क्षेत्रों से भी भारी संख्या मे श्रद्धालु शिवालय मंदिर पहुंच कर बाबा भोले नाथ की पुजा अर्चना कर जलाभिषेक किया करते हैं।

### प्लान इंडिया द्वारा जागरूकत्ता रैली का आयोजन

वीरेन्द्र कुमार सिंह अयोघ्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढी। परिहार प्रखंड के गोरहारी ब्रह्म स्थान के प्रागंण में प्लान इंडिया द्वारा , विश्व मानव दुर्व्यपार (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) विरोधी सप्ताह 25 जुलाई से 30 जुलाई तक के अंतर्गत किशोरी लड़की एवं पंचायत के सामाजिक कार्यकर्ता के बीच जागरूकता कार्य—क्रम का आयोजन किया गया । जिसमे दर्जनों लड़कियो ने सलोगन लिख कर लोगो को जागरूक करने का निश्चय किया । आंचल कुमारी ने बताई की हमारे समाज में कोई व्यक्ति किसी प्रकार के तस्करी करने का प्रयास करते है तो उनका अच्छी तरह से जांच चाइल्ड लाइन समस्याएं से जुड़ी इस तरह का संस्था समाज लाइन 1098 या साइबर क्राइम के समस्या आने पर 1930 पर कॉल कर जानकारी देने प्लान इंडिया के एस बी भी एम रवि कुमार ने मानव तरस्करी से जुड़ी सभी समस्याओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया ।उपस्थित उप मुखिया विनय कुमार झा ने बताए की इस तरह कोई भी समस्या आए तो मुझे भी बताइए मैं हर दु:ख में आप लोगो के साथ हूं।इस कार्य —क्रम में उपस्थित खुशी ,श्रेया,अर्पण, मुस्कान,रौशनी,नीतू,मधु, सोमी,प्रियांशु,आरती,एवम् यहाँ उपस्थित सभी लड़की ने अपने समाज को जागरूक करने का निश्चय की। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप मुखिया विनय झा ,के एजेंट सुरेश कुमार,एस बी वी एम रवि कुमार पल्लवी कुमारी, सुदामा कुमारी एवम् दर्जनों लड़कियों का योगदान रहा।



### अनाजऔर कफन को टेक्स फ्री करे केन्द्र सरकार : भाजमो

वीरेन्द्र कु. सिंह अयोघ्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढी। भारतीय जन मोर्चा पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष मुनन झा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।



उन्होंने कहा है कि आजाद भारत में पहली बार अनाज और कफन पर टैक्स लगाया गया है, जिसका सबसे अधिक खामियाजा निम्न और मध्यम वर्ग को उठाना पड़ेगा। श्री मुनन झा ने कहा कि खाद्य पदार्थों गेंहू, अनाज, चावल, आटा, किताब, कफन, इलाज इत्यादि पर भी जीएसटी लगाकर सरकार गरीबी को नही बल्कि गरीबों को खत्म करने का प्लान बना रही है। उन्हीने कहा कि एक ओर सरकार मुफ्त राशन देने का ढोंग कर रही है और दूसरी तरफ सबसे ज्यादा जरूरी राशन के सामान पर टैक्स बढ़ा रही है और हद तो तब हो जाएगी जब कफन पर टैक्स लगेगा। सरकार को इसे तुरंत वापस लेना चाहिए, अनाज और कफन को टैक्स फ्री करना चाहिए। जानकारी के अनुसार आगामी एक जुलाई से बिना सिलाई के कपड़ों पर पांच फीसद जीएसटी लगाने का निर्णय किया गया है। बिना सिले कपड़ों पर अभी तक सेल्स टैक्स, वैट नहीं आदि नहीं लगते थे। इस कारण ऐसे कपड़े अब महंगे हो जाएंगे। इस दायरे में कफन भी आ जाएंगे, क्योंकि कफन की सिलाई भी नहीं होती है। अगर सरकार अभी से ध्यान देकर कफन को टैक्स मुक्त नहीं करती तो आजाद भारत के इतिहास में पहली बार उस पर टैक्स लगाया जाएगा। हालांकि इसके पहले 1956 में कपड़े पर एडिशनल एक्साइज ड्यूटी लगाई गई थी, जिसे केंद्र व राज्य सरकारों के समझौते के तहत हौजरी में बदल दिया गया था।

### दो बाइक की आमने सामने भीड़त मे दो पुरुष और एक महिला जख्मी

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल अंतर्गत रविवार की देर शाम वाल्मीकिनगर मे पेट्रोल पंप के समीप दो बाइक की आमने—सामने भिड़ंत हो गई। जहां दोनों बाइक सवार बुरी तरह जख्मी हो गए। दोनों बाइक सवार व्यक्ति बेतिया जिले के काली बाग निवासी शिव नारायण तिवारी एवं चेकपोस्ट निवासी रंजन कुमार सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष तथा उनकी पत्नी अनुप्रिया देवी उम्र लगभग 35 वर्ष के रूप में हुई है।जो बुरी तरह से जख्मी हो गए। घटना स्थल पर मौजूद राहगीरों एवं ग्रामीणों के द्वारा आनन फानन में वाल्मीकि नगर स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया।जहां उपचार के बाद स्थिति को चिंताजनक देखते हुए डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने बेहतर इलाज के लिए तीनों जख्मी को बगहा अनुमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया।



## नकली खाद्य दवाई बेचने वाले तीन लोग गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। शहर कोतवाली पुलिस ने कृषि अधिकारी की टीम के साथ एक बड़ा खुलासा किया हैं जिसमें नकली खाद्य दवाई बेचने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया हैं जबकि एक मुख्य आरोपी मुदित गुप्ता पुलिस की गिरफ्त से फरार बताया जा रहा हैं इसके अलावा पुलिस ने नकली खाद्य दवाई बेचने वाले तीन दुकानदारों को भी गिरफ्तार किया हैं। सीओ सिटी अनुज चौधरी ने बताया कि कोतवाली पुलिस व कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने कोतवाली क्षेत्र के चौकी हजियानी पर राजीव शर्मा के आवास पर छापामार कार्यवाही की तो उसके गोदाम से एक वाहन छोटा हाथी, कृभको कंपनी का जिंक सल्फेट 22.5 कुंतल, सफेद पाउडर एक कुंतल, आईपीएल कंपनी के एमओपी के खाली बैग 17, सिंजेटा कंपनी की वर्टिका 340 किलो ग्राम, जगन्नाथ साल्ट प्रा. लि. युक्त आयोडीन युक्त रिफाइनड के खाली पैकेट एक हजार, जगन्नाथ साल्ट प्रा. लि. युक्त



आयोडीन युक्त रिफाइनड के 13 पैकेट भरे हुए, बायोस्टेट कंपनी की थायोफिनेट मिथाइल 22 किलो ग्राम, कोलंबो कांप साइंस की कारटाप हाइड्रोक्लोराइड 22 किलो ग्राम, जीके केमि. एंड फर्टि. लि. का कार्बोफयूरान 525 किलो ग्राम, सीलिंग मशीन दो व एक वजन मशीन बरामद की हैं। पुलिस पूछताछ में राजीव शर्मा ने बताया कि वह ब्रांडेड कंपनियों के नाम से नकली खाद्य दवाईयां बनाते थे और उनकी पैकिंग करके खाद् दुकानों पर बेचते थे। सीओ ने बताया कि मोसिन व इमरान को भी मौके से रिफ्तार किया हैं। पूछताछ के के बाद कोतवाली पुलिस तीन दुकानदारों को गिरफ्तार किया हैं जिनसे पूछताछ की जा रहीं हैं। इसके अलावा पूरे गैंग का मुखिया मुदित गुप्ता पुलिस की गिरफ्तार फरार बताया जा रहा हैं। पुलिस लगातार उसके ठिकानों पर दबिशे देकर गिरफ्तारी में जुटी हुई हैं वहीं पुलिस की छापामार कार्यवाही के बाद नकली खाद सामान बेचने वालों में हड़कंप मचा हुआ हैं। पुलिस ऐसे दुकानदारों की तलाश में जुटी हुई जो दुकानदार इनसे नकली सामान खरीद कर किसानों को बेचते थे। जिसमें पुलिस ने तीन दुकानदारों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जा रहीं हैं ताकि पता चल सकें कि इस गैग का नेटवर्क कहां तक फैला हुआ हैं।

## एसपी के सख्त आदेशों के बाद सर्विलांस टीम पूरी तरह मुस्तैद

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला लगातार ऐसे कार्य करते रहते हैं जिससे रामपुरवासियों को कुछ राहत मिल सकें। वैसे तो यदि किसी का मोबाइल चोरी या गिर जाये तो पुलिस उसे बरामद करने



में कोई रूचि नहीं लेती हैं लेकिन एसपी के सख्त आदेशों के बाद सर्विलांस टीम पूरी तरह मुस्तैद हो चुकी हैं। आज एसपी ने पत्रकार वार्ता में 45 मोबाइल बरामद करने का दावा किया हैं। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला के नेतृत्व में रामपुर पुलिस पूरी तरह मुस्तैदी के साथ काम करती हुई नजर आ रहीं हैं। रामपुर में नागरिकों के खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किये जाने के लिए चलाये जा रहे अभियान में आज सर्विलांस व साइबर टीम को बडी सफलता हासिल हुई हैं। एसपी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा 45 मोबाइल फोन बरामद कर लिये गये हैं जिनकी अनुमानित लागत करीब सवा पांच लाख रूपये बताई जा रहीं हैं। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने खोये हुए मोबाइल फोनों को उनके स्वामियों को एसपी कार्यालय में पत्रकारों के समक्ष दिये। जिसपर लोगों ने एसपी का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि हम तो मोबाइल फोन मिलने की आस खो चुके थे लेकिन एसपी अशोक कुमार शुक्ला ने जो कारनामा कर दिखाया हैं उससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे हैं। एसपी अशोक कुमार शुक्ला रामपुर की अवाम के दिलों में अपनी अलग पहचान बनान का काम कर रहे हैं। वह अवाम की सूहलत के लिए हर मुमकिन कोशिश करते रहते हैं जिससे किसी को कोई परेशानी न हो। पिछले माह उन्होने रामपुर में एक अनोखी पहल करते हुए जनता व पुलिस के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए सद्भावना गोष्ठी का आयोजन किया था जो काफी सफल रहा था।

## वीर खालसा सेवा समिति के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन 28 तारीख को

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। वीर खालसा सेवा समिति के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन 28 तारीख को दोपहर दो बजे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में लगाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा इस रक्तदान शिविर में सिर्फ महिलाएं ही रक्तदान करेंगी। महिलाओं द्वारा रक्तदान करना यह बहुत ही बड़ा पुण्य का कार्य हैं खालसा सेवा समिति की ओर से ब्लड डोनेट करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। अवतार सिंह ने कहा रामपुर शहर में खून की कमी नहीं होने देंगे जहां भी जिस ब्लड बैंक में खून की कमी होगी उसको पूरा करने के लिए समिति हमेशा आगे रहती हैं। समिति द्वारा बड़ी संख्या में तहसीलों, ब्लॉकों में रक्तदान के शिविर लगाए जा चुके हैं



और लोगों को जागरूक किया जा चुका हैं। यह सेवा कार्य आगे भी जारी रहेगी। मेरा सभी से अनुरोध है रक्तदान करने के लिए आगे आएं ताकि इससे किसी की जान बचाई जा सके। इस मौके पर समिति के चेयरमैन निर्मल सिंह, सरदार मनमीत सिंह, गुलशन अरोड़ा, सनी कपूर, सेवा सिंह, सुरजीत जुब्बल, मनजीत सिंह, मोनू सिंह, दिलशाद अहमद, शिव वर्मा आदि मौजूद थे।

